3 राजधानी
बाढ़ के बाद डायरिया, दस्त व हैजा बढ़ने का खतरा

6 अभिमत
बाघ संरक्षण योजना का यथार्थ

10 विदेश
रूस ने यूक्रेन में अनाज गोदाम पर मिसाइल दागी

11 राष्ट्रीय
लुधियाना में अवैध कॉल सेंटर का भंडाफोड़



RNI NO.DELHIN/2012/48369
वर्ष 11 अंक 255
नई दिल्ली, शनिवार, 22 जुलाई, 2023
पृष्ठ 12 मूल्य ₹ 3
नगर संस्करण

नई दिल्ली, लखनऊ, रायपुर और फरीदाबाद से प्रकाशित

# पायनियर

www.dailypioneer.com




कोहली ने जड़ा 29वां टेस्ट शतक

स्पोर्ट्स-12

# मणिपुर में हुई थीं बर्बरता की और भी घटनाएं

## रिपोर्टों के मुताबिक तीन मई से छह मई के बीच एक के बाद एक दुराचार और हत्या की चार और घटनाएं हुईं थी

● दस कुकी-जोमी विधायकों के समूह ने किया खुलासा, महिला आयोग को 12 जून को जानकारी देने की बात कही, आयोग ने कहा- तुरंत कदम उठाया गया

**पायनियर समाचार सेवा।** इंफाल/नई दिल्ली

**मणिपुर** के मुख्यमंत्री बीरेन सिंह ने बृहस्पतिवार को चौंकाने वाली स्वीकारोक्ति की थी कि राज्य में कांगपोकपी जिले के फीनोम गांव की सड़कों पर एक महिला निर्वस्त्र को घुमाने जैसे कई और मामले हुए हैं।

उनके इस स्वीकारोक्ति के बाद ऐसी कुछ रिपोर्टें सामने आई हैं जिसमें बलात्कार और हत्या के चार और ऐसे मामलों का उल्लेख किया गया है, जो 3 मई से 6 मई के बीच एक के बाद एक हुईं। यह खुलासा दस कुकी–जोमी विधायकों के एक समूह ने किया था, जिनमें से सात भाजपा से थे, और बाद में दो आदिवासी समूहों द्वारा 12 जून को राष्ट्रीय महिला आयोग को बताया गया था। इन विधायकों ने एक बयान जारी कर चार अन्य घटनाओं की ओर ध्यान आकर्षित किया जहां 3 मई के बाद से समुदाय की महिलाओं के साथ या तो बलात्कार किया गया या उनकी हत्या कर दी गई। उनका बयान हाल ही में मणिपुर के कांगकोपी जिले में 4 मई को क्रूरतापूर्वक महिलाओं को निर्वस्त्र घुमाए जाने की घटना का वीडियो सामने आने के बाद आया है। बयान में मणिपुर में बलात्कार और हत्या की कुछ अन्य घटनाओं का भी उल्लेख किया गया है। बयान में कहा गया है, 'इंफाल के उरीपोक में कुकी–जो मां और उसकी दो बेटियों की उनके घर में हत्या; चेकोन से कुकी–जो महिला का अपहरण, लैंगोल ( शेष पेज 9 )

## चारों आरोपी 11 दिन की पुलिस हिरासत में

**एजेंसी।** इंफाल

**मणिपुर** में दो महिलाओं को निर्वस्त्र कर घुमाने के मामले में भीड़ में शामिल रहे गिरफ्तार चारों आरोपियों को शुक्रवार को 11 दिन की पुलिस हिरासत में भेज दिया गया। ये गिरफ्तारियां 19 जुलाई को घटना का 26 सेकंड का वीडियो सामने आने के एक दिन बाद बृहस्पतिवार को की गईं।

पुलिस ने बताया कि आक्रोशित भीड़ ने शुक्रवार दोपहर एक अन्य संदिग्ध के थोउबल जिले में वांगजिंग स्थित घर को जला दिया जिसे अभी तक गिरफ्तार नहीं किया जा सका है। इस संबंध में एक अधिकारी ने कहा कि संदिग्ध को अभी गिरफ्तार नहीं किया जा सका है। यह पता चलने पर कि पुलिस उसकी तलाश कर रही है, वह फरार हो गया। इस मामले के मुख्य आरोपी को पुलिस द्वारा गिरफ्तार किए जाने के कुछ घंटों बाद बृहस्पतिवार को उसका मकान आग के हवाले कर दिया गया था। पुलिस ने बताया कि वीडियो में वह बी फाइनोम गांव में भीड़ को निर्देश देते हुए स्पष्ट रूप से दिखाई देता है।



मणिपुर के थोउबल जिले में मामले में फरार एक अन्य संदिग्ध के घर को लोगों ने फूंक दिया।

वीडियो में दिखने वाली एक महिला एक पूर्व सैनिक की पत्नी है, जिन्होंने असम रेजीमेंट में सूबेदार के तौर पर सेवाएं दीं और करगिल युद्ध भी लड़ा था। घटना के संबंध में शिकायत करीब एक माह पहले 21 जून को कांगपोकपी जिले के सैकुल थाने में दर्ज कराई गई थी। इस मामले में दर्ज प्राथमिकी की एक प्रति पीटीआई–भाषा ने देखी। इसमें जनजातीय समुदाय की महिलाओं के अपहरण और उनसे शर्मनाक बर्ताव संबंधी जुल्म की दास्तां का उल्लेख है। प्राथमिकी ( शेष पेज 9 )

## दूसरे दिन भी संसद में मणिपुर के मुद्दे पर हंगामा

● दोनों सदनों में कोई भी विधायी कार्य नहीं हो सका

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

**संसद** के मानसून सत्र में लगातार दूसरे दिन शुक्रवार को भी मणिपुर हिंसा की प्रतिध्वनि सुनाई दी और इस मुद्दे पर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के बयान और चर्चा कराने की मांग को लेकर विपक्षी सदस्यों के भारी हंगामे के चलते लोकसभा और राज्यसभा में कोई विधाई कामकाज नहीं हो सका।

दोनों सदनों में प्रश्नकाल, शून्य काल के साथ साथ शुक्रवार को होने वाला गैर सरकार कामकाज भी हंगामे की भेंट चढ़ गया। लोकसभा की कार्यवाही एक बार के स्थगन के बाद दोपहर करीब सवा बारह बजे दिनभर के लिए स्थगित कर दी गई, वहीं राज्यसभा की कार्यवाही एक बार के स्थगन के बाद अपराह्न ढाई बजे पुनः शुरू होने के एक मिनट के भीतर पूरे दिन के लिए स्थगित कर दी गई। लोकसभा में सदन के उपनेता एवं रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने विपक्ष पर मणिपुर मुद्दे पर गंभीर नहीं होने का आरोप लगाते हुए कहा, हम चाहते हैं कि इस पर सदन में चर्चा हो, लेकिन यहां कुछ ऐसे राजनीतिक दल हैं जो ऐसी स्थिति पैदा करना चाहते हैं कि मणिपुर की घटना पर सदन में चर्चा न हो।

सदन की कार्यवाही शुरू होते ही विपक्षी दल मणिपुर हिंसा के मामले में अपनी मांग उठाने लगे। कांग्रेस, द्रमुक और वामदलों के सदस्य नारेबाजी करने लगे। कुछ सदस्यों के हाथों में तख्तियां थी जिन पर लिखा था, इंडिया चाहता है कि प्रधानमंत्री सदन में आएं। कुछ अन्य सदस्य जवाब दो, जवाब दो के नारे लगा रहे थे। लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने विपक्षी सदस्यों ( शेष पेज 9 )

# ज्ञानवापी-शृंगारगौरी मामले में एएसआई सर्वे को मंजूरी

● वजूखाने को छोड़कर पूरे परिसर का होगा पुरातात्विक और वैज्ञानिक सर्वेक्षण

**भाषा।** वाराणसी

**उत्तर** प्रदेश में वाराणसी की एक अदालत ने शुक्रवार को काशी विश्वनाथ मंदिर के निकट स्थित मां शृंगार गौरी–ज्ञानवापी मस्जिद मामले में हिंदू पक्ष की मांग को स्वीकार करते हुए वजूखाने को छोड़कर पूरे ज्ञानवापी परिसर की पुरातात्विक एवं वैज्ञानिक सर्वेक्षण कराने की अनुमति दी है। ज्ञानवापी और आदि विश्वेश्वर मामलों के विशेष अधिवक्ता राजेश मिश्रा ने बताया कि वाराणसी के जिला न्यायाधीश एके विश्वेश ने शुक्रवार को यह फैसला सुनाया।

राजेश मिश्रा ने बताया कि एके विश्वेश की अदालत ने हिंदू पक्ष की मांग को स्वीकार करते हुए ज्ञानवापी मस्जिद के वैज्ञानिक सर्वेक्षण की अनुमति दी है। मिश्रा ने कहा, अदालत ने सुनवाई की अगली तारीख चार अगस्त तय की है। वाराणसी की अदालत ने 14 जुलाई को हिंदू और मुस्लिम दोनों पक्षों को सुनने के बाद आज (21 जुलाई) के लिए फैसला सुरक्षित रख लिया था। इस महत्वपूर्ण मामले में हिंदू पक्ष द्वारा दायर याचिका में भारतीय पुरातत्व ( शेष पेज 9 )



फाइल चित्र

## सर्वोच्च न्यायालय ने श्रीकृष्ण जन्मभूमि मामले पर उच्च न्यायालय से रिपोर्ट मांगी

**नई दिल्ली( भाषा )।** सर्वोच्च अदालत ने इलाहाबाद उच्च न्यायालय के रजिस्ट्रार जनरल को शुक्रवार को श्रीकृष्ण जन्मभूमि–शाही ईदगाह विवाद से संबंधित मुकदमों का विवरण पेश करने का निर्देश दिया। उच्चतम न्यायालय के न्यायमूर्ति एसके कौल और न्यायमूर्ति सुधांशु धूलिया की पीठ उच्च न्यायालय द्वारा पारित उस आदेश को चुनौती देने वाली याचिका पर ( शेष पेज 9 )

# राहुल गांधी की अर्जी पर पूर्णेश मोदी, गुजरात सरकार को नोटिस

**भाषा।** नई दिल्ली

**उच्चतम** न्यायालय ने मोदी उपनाम को लेकर की गई विवादित टिप्पणी से जुड़े आपराधिक मानहानि मामले में गुजरात उच्च न्यायालय के फैसले को चुनौती देने वाली कांग्रेस नेता राहुल गांधी की अर्जी पर गुजरात के पूर्व मंत्री पूर्णेश मोदी और राज्य सरकार से शुक्रवार को जवाब मांगा।

उच्च न्यायालय ने मामले में राहुल की ओर से दायर उस याचिका को खारिज कर दिया था, जिसमें उनकी दोषसिद्धि पर रोक लगाने का अनुरोध किया गया था। न्यायमूर्ति बी आर गवई और न्यायमूर्ति पी के मिश्रा की पीठ ने राहुल की अर्जी पर सुनवाई करते हुए पूर्णेश मोदी और गुजरात सरकार को नोटिस जारी किए। पीठ ने मामले की अगली सुनवाई के लिए चार अगस्त की तारीख तय की। पूर्णेश मोदी ने 13 अप्रैल 2019 को कर्नाटक के कोलार में एक चुनावी जनसभा के दौरान मोदी उपनाम को लेकर की गई विवादित टिप्पणी को लेकर कांग्रेस



नेता के खिलाफ वर्ष 2019 में मानहानि का मामला दर्ज कराया था। पीठ ने कहा, इस स्तर पर सीमित सवाल यह है कि क्या दोषसिद्धि पर रोक लगाई जानी चाहिए।

राहुल की तरफ से पेश वरिष्ठ अधिवक्ता अभिषेक सिंघवी ने कहा कि कांग्रेस नेता ने 111 दिनों तक पीड़ा झेली है, एक संसद सत्र में हिस्सा लेने का अवसर गंवा दिया है और एक और सत्र में शामिल होने का मौका खोने वाले हैं। सिंघवी ने कहा कि मामले की तत्कालिकता की एकमात्र वजह यह है कि वायनाड लोकसभा सीट पर उपचुनाव की घोषणा किसी भी समय की जा सकती है। राहुल केरल की वायनाड सीट से सांसद थे, लेकिन मानहानि मामले में दोषसिद्धि और दो साल की सजा सुनाए जाने के बाद उन्हें संसद की सदस्यता से अयोग्य घोषित कर दिया गया था। इससे पहले, न्यायमूर्ति गवई ने सिंघवी और पूर्णेश मोदी की तरफ से पेश वरिष्ठ अधिवक्ता महेश जेठमलानी से कहा कि उनके दिवंगत पिता आर एस गवई भले ही कांग्रेस के सदस्य नहीं थे, लेकिन वह चार दशकों से अधिक समय तक पार्टी से जुड़े हुए थे और उसके समर्थन से संसद सदस्य और विधायक चुने गए थे।

न्यायमूर्ति गवई ने कहा कि उनके भाई भी एक राजनीतिक नेता हैं। उन्होंने सवाल किया, अगर किसी को मेरी (पारिवारिक) पृष्ठभूमि से कोई समस्या है, तो कृपया मुझे बताएं। इस पर सिंघवी और जेठमलानी ने कहा कि वे इस तथ्य से अवगत हैं और उन्हें न्यायमूर्ति गवई के इस मामले की सुनवाई करने पर कोई आपत्ति नहीं है। शीर्ष अदालत ने मामले की अगली सुनवाई के ( शेष पेज 9 )

# बगैर अनुमति यासीन मलिक के कोर्ट पहुंचने से मची सनसनी

● जेकेएलएफ प्रमुख को कुछ आदेश की गलत व्याख्या के कारण शीर्ष अदालत में लाया गया

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

**आतंकी** वित्तपोषण मामले में तिहाड़ जेल में उम्रकैद की सजा काट रहे जम्मू–कश्मीर लिबरेशन फ्रंट (जेकेएलएफ) के प्रमुख यासीन मलिक ने शुक्रवार को खचाखच भरे अदालत कक्ष में पहुंचकर उच्चतम न्यायालय में एक प्रकार से सनसनी मचा दी।

मलिक को अदालत की अनुमति के बिना कारागार के वाहन में उच्चतम न्यायालय परिसर में लाया गया था और इस वाहन को सशस्त्र सुरक्षाकर्मियों ने सुरक्षा दी हुई थी। मलिक के अदालत कक्ष में कदम रखते ही वहां मौजूद सभी लोग हैरान रह गए। मलिक की मौजूदगी पर आश्चर्य जताते हुए सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने न्यायमूर्ति सूर्यकांत तथा



न्यायमूर्ति दीपांकर दत्ता की पीठ से कहा कि उच्च जोखिम वाले दोषियों को अपने मामले की व्यक्तिगत तौर पर पैरवी करने के लिए अदालत कक्ष में आने की मंजूरी देने की एक प्रक्रिया है।

पीठ पूर्व केन्द्रीय गृह मंत्री दिवंगत मुफ्ती मोहम्मद सईद की बेटी रुबैया सईद के 1989 में हुए अपहरण के मामले में जम्मू की निचली अदालत द्वारा 20 सितंबर, 2022 को पारित आदेश के खिलाफ केन्द्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) की याचिका पर सुनवाई कर रही थी। इसी दौरान यासीन मलिक अदालत कक्ष में उपस्थित हुआ। सीबीआई ने अदालत को बताया कि जेकेएलएफ का शीर्ष नेता मलिक राष्ट्रीय सुरक्षा के लिए खतरा है ( शेष पेज 9 )

# मुख्यमंत्री गहलोत ने राज्य मंत्री राजेंद्र गुढ़ा को बर्खास्त किया

**भाषा।** जयपुर

**राजस्थान** के मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने शुक्रवार की रात प्रदेश के राज्य मंत्री राजेंद्र गुढ़ा को बर्खास्त कर दिया। राजभवन के प्रवक्ता ने यह जानकारी दी। गुढ़ा ने शुक्रवार को विधानसभा में महिला अत्याचार के मुद्दे पर अपनी ही सरकार को घेरा था, इसके कुछ ही घंटे बाद यह कार्रवाई हुई है। गुढ़ा उन छह विधायकों में से एक हैं जिन्होंने 2018 का विधानसभा चुनाव बहुजन समाज पार्टी (बसपा) की टिकट पर जीता था, लेकिन बाद में वे कांग्रेस में शामिल हो गए। गुढ़ा को अशोक गहलोत मंत्रिमंडल में शामिल किया गया। गुढ़ा उसके बाद खुलकर सचिन पायलट का समर्थन करते नजर आए और अपने कई बयानों से विवादों में रहे। राजभवन के प्रवक्ता ने बताया कि राज्य मंत्री गुढ़ा को बर्खास्त करने के बारे में मुख्यमंत्री की अनुशंसा को राज्यपाल ने तत्काल प्रभाव से स्वीकार कर लिया है। राजभवन के बयान के अनुसार मुख्यमंत्री अशोक ( शेष पेज 9 )

# मुंबई में 15 अगस्त के बाद होगी विपक्षी गठबंधन इंडिया की बैठक

● 11 सदस्यीय समन्वय समिति को अंतिम रूप दिए जाने और सीटों के बंटवारे के फॉर्मूले पर भी हो सकती है चर्चा

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

**विपक्षी** एकता गठबंधन इंडिया (इंडियन नेशनल डेवलपमेंटल इन्क्लूसिव एलायंस) की मुंबई में होने वाली अगली बैठक स्वतंत्रता दिवस यानी 15 अगस्त के बाद हो सकती है। इस बैठक में 11 सदस्यीय समन्वय समिति को अंतिम रूप दिए जाने की संभावना है। इसके अलावा सीटों के बंटवारे के फॉर्मूले पर भी चर्चा हो सकती है। गठबंधन के एक नेता ने शुक्रवार को यह जानकारी दी।


इससे पहले विपक्षी दलों की बैठक पटना और बेंगलुरु में हुई थी। सूत्रों के अनुसार गठबंधन के नेता चार–पांच अन्य समितियां गठित करने की भी योजना बना रहे हैं। यह प्रस्तावित बैठक इसलिए भी महत्वपूर्ण होगी क्योंकि इसमें इंडिया में शामिल 26 दलों के बीच सीट–बंटवारे, चुनाव की तैयारियों और प्रचार प्रबंधन को लेकर चर्चा होने की संभावना है। दिल्ली में गठबंधन के लिए मुख्य सचिवालय तय करने पर भी काम जारी है। अगले साल होने वाले लोकसभा चुनाव के लिए मुख्य अभियान शुरू होने से पहले देश के विभिन्न हिस्सों में कई बैठकें आयोजित करने की योजना बनाई जा रही है। हालांकि गठबंधन के सामने समस्याएं भी कम नहीं हैं।

केरल, पंजाब और पश्चिम बंगाल में सीट–बंटवारे को लेकर गठबंधन में टकराव होने की आशंका है। केरल में कांग्रेस और वामदलों, पश्चिम बंगाल में वामदलों तथा तृणमूल कांग्रेस और पंजाब एवं दिल्ली में आम आदमी पार्टी (आप) तथा कांग्रेस के बीच टकराव कम करने के लिए गठबंधन सहयोगियों को कड़ी मेहनत करनी होगी। विपक्षी गठबंधन में ( शेष पेज 9 )

## क्विक न्यूज

### भारत और श्रीलंका आर्थिक गठजोड़ को देंगे विस्तार

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने भारत की यात्रा पर आए श्रीलंका के राष्ट्रपति रानिल विक्रमसिंघे के साथ शुक्रवार को विविध विषयों पर विस्तृत चर्चा की और दोनों देशों ने आर्थिक गठजोड़ को विस्तार देने के लिए एक महत्वाकांक्षी दृष्टिपत्र अपनाया। श्रीलंका में यूपीआई आवेदन की स्वीकृति के लिए एनपीसीआई इंटरनेशनल पेमेंट्स लिमिटेड (एनआईपीएल) और लंका पे के बीच एक समझौता और नवीकरणीय ऊर्जा के क्षेत्र में सहयोग के लिए एक समझौता ज्ञापन दोनों पक्षों के बीच हुए पांच प्रमुख समझौतों में शुमार रहे। मोदी ने विक्रमसिंघे से बातचीत में श्रीलंका में तमिल समुदाय के लिए गरिमापूर्ण जीवन सुनिश्चित करने की जरूरत पर भी जोर दिया। मोदी और विक्रमसिंघे की व्यापक बातचीत के बाद दोनों पक्षों ने कई घोषणाएं की, जिनमें विद्युत ग्रिड को जोड़ने के काम को तेज करने, एक आर्थिक और प्रौद्योगिकी करार पर बातचीत शुरू करने, एक पेट्रोलियम पाइपलाइन के लिए व्यवहार्यता अध्ययन करने और दोनों पड़ोसी देशों के बीच संपर्क को मजबूत करने के लिए एक पुल की व्यवहार्यता की पड़ताल करना भी शामिल है।



नई दिल्ली में शुक्रवार को राजघाट स्थित महात्मा गांधी स्मारक से वाटर पंप लगाकर बाढ़ का पानी निकाल दिया गया।

# शर्तों के साथ गो फर्स्ट को सेवा बहाल करने की मंजूरी

● 15 विमानों और रोजाना 114 उड़ानों के साथ परिचालन फिर शुरू करने को डीजीसीए ने दी मंजूरी




**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

**विमानन** नियामक डीजीसीए ने कुछ शर्तों के साथ एयरलाइन गो फर्स्ट को विमान परिचालन फिर शुरू करने की शुक्रवार को अनुमति दे दी। नागर विमानन महानिदेशालय (डीजीसीए) ने शुक्रवार को कहा कि उसने कुछ शर्तों के साथ 15 विमानों और रोजाना 114 उड़ानें के साथ परिचालन फिर से शुरू करने की गो फर्स्ट की योजना को मंजूरी दे दी। गो फर्स्ट के खिलाफ दिवाला समाधान प्रक्रिया चल रही है। कंपनी ने तीन मई से अपनी विमान सेवाएं बंद कर दी थीं। डीजीसीए ने एक प्रेस विज्ञप्ति में कहा कि 15 विमानों और 114 दैनिक उड़ानों के संचालन के लिए एयरलाइन की परिचालन योजना फिर से शुरू करने की समीक्षा की गई है और इसे स्वीकार कर लिया गया है। डीजीसीए ने कहा, यह मंजूरी दिल्ली उच्च न्यायालय और एनसीएलटी (राष्ट्रीय कंपनी विधि अधिकरण) की दिल्ली पीठ के समक्ष लंबित रिट याचिकाओं/आवेदनों के नतीजों पर निर्भर है। प्रेस विज्ञप्ति के अनुसार, गो फर्स्ट अंतरिम वित्त पोषण और डीजीसीए से निर्धारित उड़ानों की अनुमति मिलने के बाद सेवाओं का परिचालन शुरू कर सकती है। नियामक ने गो फर्स्ट को सभी लागू नियामकीय जरूरतों को पूरा करने और विमानों के उड़ान भरने योग्य होने की भी नियमित जांच करने का निर्देश दिया। एयरलाइन के समाधान पेशेवर (आरपी) ने सेवाएं फिर बहाल करने की योजना 28 जून को डीजीसीए को सौंपी थी। उसके बाद डीजीसीए ने कंपनी की मुंबई और दिल्ली में उड़ानों से संबंधित विभिन्न सुविधाओं का विशेष ऑडिट किया था।

पायनियर
नई दिल्ली, शनिवार, 22 जुलाई , 2023



# सीमा बोली- जेल में जिंदगी गुजार दूंगी पर पाकिस्तान नहीं जाऊंगी

● राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू को 38 पेज की याचिका भेजी, सीमा ने बच्चों के साथ भारत में रहने की अनुमति मांगी

पायनियर समाचार सेवा। नोएडा



पाकिस्तान से भारत आई सीमा हैदर से 2 दिन तक पूछताछ की। इसके बाद सीमा ने शुक्रवार को मीडिया से बातचीत में कहा.-मेरी जिंदगी सचिन के लिए है। मैं भारत की जेल में जिंदगी गुजार दूंगी, लेकिन पाकिस्तान नहीं जाऊंगी। मैंने सिर्फ एक गुनाह किया, नेपाल से भारत आई।

पूछताछ के सवाल पर सीमा ने कहा. वहां बड़े लोग थे। इसलिए सारे सवाल भी बड़े थे। 6 पासपोर्ट में चार बच्चों के, एक पासपोर्ट खारिज हो चुका है। अगर मेरे मन में चोर होता, तो मैं उसे फेंक देती। मैंने कोई फर्जी पासपोर्ट नहीं बनाया। जिंदगी में क्या.क्या हुआ, मेरे बचपन से लेकर अब तक सारी जानकारी ली। इधर, सीमा हैदर ने राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू को 38 पेज की दया याचिका भेजी है। इसमें सीमा ने बच्चों के साथ भारत में रहने की परमिशन मांगी है। याचिका में उसने अपना नाम सीमा मीणा पत्नी सचिन मीणा लिखा है। इस पिटीशन के साथ उसने अपनी शादी की कुछ तस्वीरें भी लगाई हैं।

जब सीमा से सवाल किया गया कि एटीएस का सबसे ज्यादा शक किस पर था तो उसने जवाब दिया कि एटीएस को मेरे पर पूरा शक था। मैंने टीम को सब कुछ सच बता दिया। अपने जीवन के बारे में शुरू से अंत तक कब मिले और कैसे भारत पहुंची। पाकिस्तानी नागरिक सीमा से जब सवाल किया कि कानूनी पहचान छिपाकर भारत क्यों आई तो इस पर उसका जवाब था कि ये मेरी मजबूरी थी। मुझे वीजा नहीं मिल रहा था। इसलिए मोहब्बत के खातिर आना पड़ा। जब सीमा से उसकी उम्र के बारे में सवाल किया तो उसने गोलमोल जवाब दिया। उसने कहा कि पाकिस्तान में उम्र कम लिखवाई जाती है। इसमें मैंने कोई झूठ नहीं बोला है। सचिन की अभी उम्र 23 है। सीमा ने अपनी उम्र नहीं बताई। जब सीमा से नेपाल के विनायक होटल में खुद का नाम प्रीति लिखवाने के बारे में सवाल किया गया तो उसने साफ इनकार कर दिया। इस तरह के मामलों में 5 से 7 साल तक की सजा हो सकती है, लेकिन ऐसे मामलों में कार्रवाई करने की बजाय आरोपी को उसके देश वापस भेजा जाता है। अगर सीमा को वापस भेजा गया तो पाकिस्तान में वहां के लॉ के हिसाब से उस पर कार्रवाई हो सकती है।

उधर, नोएडा पुलिस कोर्ट में चार्जशीट लगाने के लिए दस्तावेज तैयार कर रही है। पुलिस के पास मुकदमा दर्ज होने के बाद चार्जशीट दाखिल करने के लिए 60 दिन का समय है। यूपी पुलिस एटीएस रिपोर्ट के आधार पर धाराओं में इजाफा कर सकती है। पुलिस ने पहले सीमा हैदर पर फॉरनर्स एक्ट सेक्शन-14 और 120-बी लगाया था।

इन धाराओं में पांच साल तक की सजा का प्रावधान है। इसलिए कोर्ट से सीमा और सचिन को आसानी से जमानत मिल गई। लेकिन अब इनकी आईपीसी की धाराओं में 420, 468 और 471 की बढ़ोतरी की जा सकती है।

# नोएडा में बनेगा शिकायत सेल, दो घंटे अधिकारी सुनेंगे समस्याएं



डॉक्टर लोकेश एम

● नई इंडस्ट्री को मिलेगा सहयोग

पायिनयर समाचार सेवा। नोएडा

डॉक्टर लोकेश एम ने गुरुवार शाम नोएडा प्राधिकरण में सीईओ का पद संभाल लिया। उनकी पहली प्राथमिकता पब्लिक समस्या और जनसुनवाई कर उनका निपटारा करना है। इसके लिए एक ग्रीवांस सेल बनाएंगे साथ ही एक ऐसा साफ्टवेयर डेवलप किया जाएगा जिससे पब्लिक सीधे उनसे या अधीनस्थ अधिकारियों से मिल सके। रोजाना 10 से 12 बजे तक अधिकारी पब्लिक की समस्याओं को सुनेंगे। क्योंकि ये शहर पब्लिक का है।

लोकेश एम ने बेंगलुरु के अनुभवों को साझा करते हुए कहा कि बेंगलुरु एक पुरानी सिटी है और नोएडा एक प्लांड सिटी है। इनवेस्टर्स समिट के दौरान यहां जितनी भी नई कंपनियां आ रही है। उनके लिए पूरा माहौल और वर्क आउट करके सहयोग दिया जाएगा। जिससे नोएडा वासियों की इनकम और रोजगार बढ़ेगा। उन्होंने कहा कि शहर की परियोजनाओं को समय से गुणवत्ता पूर्व पूरा करने हमारी प्राथमिकता रहेगी। बेहतर इन्फ्रास्ट्रक्चर के लिए काम किया जाएगा, जो भी केस कोर्ट में चल रहे है या जांच चल रही है उनका एग्जामिन किया जाएगा।

नोएडा में चल रहे किसान, बिल्डर बायर्स इशू को खुद एग्जामिन करके उसका निस्तारण किया जाएगा। यहां जो भी परियोजनाएं है उनका निरीक्षण किया जाएगा साथ ही लेट परियोजनाओं का कारण जानने के बाद उनको प्राथमिकता के आधार पर पूरा किया जाएगा।


कई ऐसे मामले जैसे डूब क्षेत्र में बाढ़ आना उसको भी देखकर वहां की समस्या का निस्तारण किया जाएगा। उन्होंने कहा कि एयरपोर्ट पर उतरने के बाद पहले दिल्ली को देखा फिर नोएडा में एंट्री की। रास्ते में नोएडा की सड़क, लैंड स्केपिंग और ग्रीनरी को देखा। काफी अच्छा और प्लान किया गया सिटी है।

## संक्षिप्त समाचार



सड़क सुरक्षा पखवाड़ा अभियान के अंतर्गत उमा पब्लिक स्कूल, सूरजपुर के विद्यार्थियों व अध्यापकों को यातायात नियमों के प्रति जागरूक किया गया।

### छह गोली लगे मरीज को मिली नई जिंदगी



**गाजियाबाद।** गांव पावला बेगमाबाद जिला बागपत के रहने राजकुमार को 6 जुलाई की रात यशोदा सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल, कौशांबी में इमरजेंसी में गम्भीर हालत में लाया गया था। राजकुमार शुक्रवार को स्वास्थ्यलाभ लेने के बाद यशोदा सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल कौशांबी से छुट्टी कर दी गई है। राजकुमार को जांघ,छाती,पेट, रीढ़ की हड्डी और जबड़े में गोली लगी थी। डॉक्टरों ने उनके दो ऑपरेशन किए। ऑपरेशन न्यूरोसर्जन डॉक्टर अमित सिंह मलिक एवं डॉक्टर दिव्य ज्योति, यूरोलॉजिस्ट डॉक्टर कुलदीप अग्रवाल, पेट एवं लिवर सर्जन डॉक्टर संजय सिंह नेगी, हृदय रोग सर्जन डॉक्टर आयुष गोयल, हड्डी रोग विशेषज्ञ डॉक्टर देवेंद्र दवे और डॉक्टर अवनीत सिंह सिसोदिया एवं प्लास्टिक सर्जन डॉक्टर मनोज बंसल शामिल थे। हॉस्पिटल के चेयरमैन एवं मैनेजिंग डायरेक्टर डॉ पीएन अरोड़ा ने डॉक्टरों की टीम को बधाई देते हुए समस्त नर्सिंग टीम की भी प्रशंसा की।

### बिरियानी की दुकान के बाहर मारपीट

**नोएडा।** नोएडा में एक वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है। इस वीडियो में एक बिरियानी की दुकान के बाहर कुछ युवकों ने दुकानदार के भाई को बुरी तरह पीटा है। यह घटना कोतवाली फेस 3 थाना क्षेत्र की है। वायरल वीडियो 33 सेकेंड का है। इसमें साफदिख रहा है कि कुछ युवक बिरियानी की दुकान के बाहर आकर खड़े होते हैं और उसके बाद बिरियानी की दुकान में बैठे मालिक के भाई को बाहर बुलाकर पीटना शुरू कर देते हैं।

### सपा महिला सभा की जिला कार्यकारिणी घोषित

**गाजियाबाद।** पूर्व एमएलसी जितेन्द्र यादव ने पार्टी कार्यालय पर समाजवादी महिला सभा की जिला कार्यकारिणी घोषित की। इस अवसर पर जितेन्द्र यादव ने कहा कि लोकसभा चुनाव के मद्देनजर समाजवादी पार्टी संगठन को लगातार मजबूत किए जाने का काम जारी है। उन्होंने कहा कि नवगठित कार्यकारिणी में पार्टी के प्रति समर्पित एवं कर्मठ महिलाओं को शामिल किया गया है। आने वाला लोकसभा चुनाव समाजवादी पार्टी मजबूती के साथ लड़ेगी। प्रेसवार्ता में पूर्व एमएलसी जितेन्द्र यादव, जिलाध्यक्ष फैसल हुसैन और महिला सभा की जिलाध्यक्ष रश्मि चौधरी ने जानकारी देते हुए बताया कि कमेटी में शशी कश्यप को महासचिव और संगीता पांड़े को कोषाध्यक्ष नियुक्त किया गया है। जिला महिला कमेटी में सीमा गुप्ता मीडिया प्रभारी होंगी। उपाध्यक्ष पद पर दुर्गेश, संजू, मालती चौहान, अमरीकन, इन्दिरा चौधरी, अनीता सिंह को नियुक्त किया गया है।

### सात अगस्त से शुरू होगा मिशन इंद्रधनुष

**गाजियाबाद।** जिले में एक बार फिर मिशन इंद्रधनुष शुरू होने वाला है। अभियान का पहला चरण सात से 12 अगस्त के बीच चलेगा। इस अभियान के तहत जीरो स पांच वर्ष तक के बच्चों व टीडी टीकों से छूटी हुई गर्भवती महिलाओं का टीकारण किया जाएगा। सीएमओ डॉ भवतोष शंखधर ने बताया कि मिशन इंद्रधनुष-5 के तीन चरण होंगे। पहला चरण सात से 12 अगस्त, दूसरा चरण 11 से 16 सितम्बर और तीसरा चरण 9 से 14 अक्टूबर 2023 को सचांलित किया जाएगा। इसके लिए डोर टू डोर सर्वे कराया जा रहा है जिसमें टीकाकरण के लिए बच्चों व गर्भवती महिलाओं को चिन्हित किया जा रहा है।

# फेसबुक पर नाम बदलकर की दोस्ती, धर्मांतरण का बनाया दबाव

● युवती बोली- जबरन मेरी कमर पर अपने नाम का टैटू बनवाया

पायनियर समाचार सेवा। गाजियाबाद

गाजियाबाद में एक युवती से फेसबुक पर नाम बदलकर दोस्ती और फिर रेप करने का मामला सामने आया है। इतना ही नहीं, आरोपी ने उसको इस्लाम धर्म कबूल करने के लिए कहा और कई तरह का दबाव बनाया। युवती का आरोप है कि उसको गोमांस भी खिलाया गया और धर्मांतरण करा दिया गया।

पुलिस ने गंभीर धाराओं में केस दर्ज कर लिया है। मामला विजयनगर थाना क्षेत्र का है। पीड़ित युवती गाजियाबाद में मिर्जापुर की रहने वाली है। युवती ने बताया. साल 2020 में मेरी दोस्ती फेसबुक पर दीपक नामक व्यक्ति से हुई। इस दोस्ती के करीब 6 महीने बाद मैं पहली बार दीपक से मिली। तब मुझे पता चला कि वह दीपक नहीं, बल्कि खालिद चौधरी है। इस दौरान कुछ अश्लील फोटो.वीडियो हासिल कर चुका था, पीड़िता ने बताया कि आरोपी ने कमर पर अपने नाम का टैटू भी बनवाया।

### वैशाली-इंदिरापुरम आवंटियों को देना होगा बढ़ा पैसा

**गाजियाबाद।** वैशाली और इंदिरापुरम योजना से प्रभावित किसानो को दिए जाने वाले अधिक मुआवजे को लेकर जीडीए अब नई रणनीति बनाने में जुटा है।

बोर्ड की बैठक में इसके लिए प्रस्ताव पेश करने की योजना पर कार्य कर रहा है। दरअसल मुआवजे को लेकर सुप्रीम कोर्ट से किसान केस जीत गए है। अब प्रभावित योजना के किसानों को जीडीए बढ़ा हुआ मुआवजा देगा। जीडीए प्लान कर रहा है कि वह आवंटियों से अतिरिक्त पैसा लेकर किसानों को अदा करेगा। इसके लिए जीडीए का भू अर्जन और नियोजन विभाग तथा प्रॉपर्टी विभाग मिलकर कार्य करने की योजना बना रहा है।

### डेटा वैज्ञानिक ने गोवा घूमने के लिए 6 लाख लूटे

**गाजियाबाद।** गाजियाबाद में चौंकाने वाला मामला सामने आया है। डेटा साइंटिस्ट ने गोवा घूमने के लिए मनी एक्सचेंज शॉप से 6 लाख रुपए लूट लिए। पुलिस ने डेटा साइंटिस्ट समेत चार आरोपियों को पकड़ लिया है। पूछताछ में पता चला कि आरोपियों ने लाइटर पिस्टल दिखाकर लूट की घटना को अंजाम दिया था। आरोपियों के पास से 1.15 लाख रुपए भारतीय करेंसी, 280 डॉलर और लूट में प्रयुक्त लाइटर पिस्टल और कार बरामद हुई है। लूट करके तीन बदमाश गोवा में मौज.मस्ती कर रहे थे, जहां से इन्हें दबोचा गया। वहां से ट्रांजिट रिमांड लेकर बदमाशों को गाजियाबाद लाया गया है।

विवेक चंद्र यादव ने बताया दिल्ली निवासी अमनदीप की गाजियाबाद के इंदिरापुरम क्षेत्र स्थित एक्सप्रेस गार्डन में मनी एक्सचेंज शॉप है। यहां पर 15 जुलाई को तीन बदमाश आए और हथियार दिखाकर करीब 6 लाख रुपए लूटकर फरार हो गए। इस वारदात के खुलासे के लिए चार पुलिस टीमें गठित की गई थीं।

प्रपत्र सं. 3
[विनियम-15 (1) (क) /16 (3) देखें]
ऋण वसूली न्यायाधिकरण
चंडीगढ़ (डीआरटी 2)
प्रथम तल एससीओ 33-34-35, सेक्टर-17 ए, चंडीगढ़ (तृतीय एवं चतुर्थ तल पर भी अतिरिक्त स्पेस आबंटित)
वाद सं. : ओ.ए./637/2020
ऋण वसूली न्यायाधिकरण (प्रक्रिया) नियमावली, 1993 के नियम 5 के उप-नियम (2क) के साथ पठित अधिनियम की धारा 19 की उप-धारा (4) के तहत सम्मन
ईएक्सएच. नंबर : 17536
आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड
बनाम
दानिश जमाल

सेवा में,
श्री दानिश जमाल
डी/डब्ल्यू/एस/ओ श्री खुर्शीद जमाल, निवासी मकान नंबर डब्ल्यू1सी, वेलिंगटन एस्टेट, डीएलएफ सिटी फेज-5, गुरूग्राम-122002, हरियाणा, गुरूग्राम, हरियाणा
अन्य पता
श्री दानिश जमाल
पुत्र श्री खुर्शीद जमाल, निवासी बी-00-0094, एंथिया लोर्स, वाइल्ड फ्लोर कंट्री, गुरूग्राम-122005, हरियाणा, गुरूग्राम, हरियाणा-122005
(2) श्री अख्तर जमाल
पुत्र श्री खुर्शीद जमाल, निवासी मकान नंबर डब्ल्यू1सी, वेलिंगटन एस्टेट, डीएलएफ सिटी फेज-5, गुरूग्राम-122002, हरियाणा,
अन्य पता
श्री अख्तर जमाल
पुत्र श्री खुर्शीद जमाल, निवासी बी-00-0094, एंथिया फ्लोर्स, वाइल्ड फ्लोर कंट्री, गुरूग्राम-122005, हरियाणा, गुरूग्राम, हरियाणा-122005
(3) श्री अजरा जमाल
पुत्र श्री खुर्शीद जमाल, निवासी मकान नंबर डब्ल्यू1सी, वेलिंगटन एस्टेट, डीएलएफ सिटी फेज-5, गुरूग्राम-122002, हरियाणा,
अन्य पता प्रतिवादी सं. 1 से 3 तक का दूसरा पता :-
निवासी बी-00-0094, एंथिया फ्लोर्स, वाइल्ड फ्लोर कंट्री, गुरूग्राम-122005, हरियाणा,

सम्मन

जबकि, ओए/637/2020 माननीय पीठ अधिकारी/रजिस्ट्रार के समक्ष 17-04-2023 को पेश किया गया था।
जबकि, यह माननीय न्यायाधिकरण रू. 1,22,54,195/- की ऋण वसूली के लिए आपके विरूद्ध दाखिल किए गए (ओए) के संबंध में, अधिनियम की धारा 19(4) के तहत, उक्त आवेदन पर सम्मन/नोटिस जारी करने का अनुग्रह कर रहा है (दस्तावेजों इत्यादि की प्रतियों सहित आवेदन संलग्न है)।
अधिनियम की धारा 19 की उप-धारा (4) के तहत आप प्रतिवादी(यों) को निम्न निर्देश भी दिया जाता है :-
i) सम्मन की तामील के तीस दिन के भीतर कारण बताएं कि प्रार्थित राहत क्यों मंजूर नहीं की जाए ;
ii) मूल आवेदन के क्रमांक 3क के तहत आवेदक द्वारा विनिर्दिष्ट सम्पत्तियों तथा आस्तियों के अतिरिक्त सम्पत्तियों अथवा आस्तियों का विवरण, प्रस्तुत करें ;
iii) आप को, सम्पत्ति की कुर्की के लिए आवेदन की सुनवाई तथा आवेदन के निस्तारण के दौरान, प्रत्याभूत आस्तियों अथवा मूल आवेदन के क्रमांक 3क के तहत विनिर्दिष्ट सम्पत्तियों तथा आस्तियों के संबंध में संव्यवहार अथवा निपटान करने की मनाही की जाती है ;
iv) आप किसी भी आस्ति जिस पर कोई प्रतिभूति हित सृजित किया गया है तथा/अथवा मूल आवेदन के क्रमांक 3क के तहत आवेदक द्वारा विनिर्दिष्ट अथवा खुलासा की गई सम्पत्तियों तथा आस्तियों का अंतरण बिक्री, पट्टा अथवा अन्य प्रकार से, आपके व्यवसाय के साधारण कोर्स को छोड़कर, न्यायाधिकरण की पूर्व अनुमति के बिना, नहीं करेंगे ;
v) आप व्यवसाय के साधारण कोर्स में प्रत्याभूत आस्तियों अथवा अन्य आस्तियों तथा सम्पत्तियों की बिक्री से प्राप्त होने वाली राशि का हिसाब रखने तथा ऐसी बिक्री प्राप्तियां इन आस्तियों पर प्रतिभूति हित धारक बैंक अथवा वित्तीय संस्थाओं में अनुरक्षित खाते में जमा करने हेतु जिम्मेदार होंगे।
आपको लिखित बयान दाखिल करने, उसकी प्रति आवदेक को मुहैया कराने तथा दिनांक 14-09-2023 को पूर्वा. 10.30 बजे रजिस्ट्रार के समक्ष पेश हाने का भी निर्देश दिया जाता है, जिसमें असफल रहने पर आवेदन की सुनवाई और निर्णय आपकी अनुपस्थिति में किया जाएगा।
मेरे हस्ताक्षर और इस न्यायाधिकरण की मोहर लगाकर 29-04-2023 को दिया गया।
सम्मन जारी करने हेतु प्राधिकृत अधिकारी के हस्ताक्षर

प्रपत्र सं. 3
[विनियम-15 (1) (क) /16 (3) देखें]
ऋण वसूली न्यायाधिकरण
चंडीगढ़ (डीआरटी 2)
प्रथम तल एससीओ 33-34-35, सेक्टर-17 ए, चंडीगढ़ (तृतीय एवं चतुर्थ तल पर भी अतिरिक्त स्पेस आबंटित)
वाद सं. : ओ.ए./1435/2022
ऋण वसूली न्यायाधिकरण (प्रक्रिया) नियमावली, 1993 के नियम 5 के उप-नियम (2क) के साथ पठित अधिनियम की धारा 19 की उप-धारा (4) के तहत सम्मन
ईएक्सएच. नंबर : 18808
आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड
बनाम
शिवम गुजराल

सेवा में,
(1) शिवम गुजराल
डी/डब्ल्यू/एस/ओ-जगमोहन कुमार पुत्र श्री जगमोहन कुमार, निवासी मकान नंबर 420, सेक्टर-16, जिला पंचकुला, हरियाणा-134109. पैन नंबर एडब्ल्यूएनपीजी9059एच
दूसरा पता :- मकान नंबर 3020, सेक्टर 20-डी, चंडीगढ़-160020.
तीसरा पता :- सी/ओ शिवम स्टील, प्लॉट नंबर 411, इंडस्ट्रियल एरिया-I, पंचकुला, हरियाणा-134113, हरियाणा
अन्य पता :- मकान नंबर 3020, सेक्टर 20-डी, चंडीगढ़, चंडीगढ़
अन्य पता :- सी/ओ शिवम स्टील, प्लॉट नंबर 411, इंडस्ट्रियल एरिया-I, पंचकुला, हरियाणा
(2) राहुल गुजराल
पुत्र श्री जगमोहन कुमार, निवासी मकान नंबर 420, सेक्टर-16, जिला पंचकुला, हरियाणा
अन्य पता :- मकान नंबर 3020, सेक्टर 20-डी, चंडीगढ़, चंडीगढ़
(3) जगमोहन कुमार,
पुत्र स्व. श्री अमरनाथ मकान नंबर 420, सेक्टर-16, जिला पंचकुला, हरियाणा
(4) परवेश गुजराल
पत्नी श्री जगमोहन कुमार, मकान नंबर 420, सेक्टर-16, जिला पंचकुला, हरियाणा

सम्मन

जबकि, ओए/1435/2022 माननीय पीठ अधिकारी/रजिस्ट्रार के समक्ष 21-03-2023 को पेश किया गया था।
जबकि, यह माननीय न्यायाधिकरण रू. 74,94,431.09/- की ऋण वसूली के लिए आपके विरूद्ध दाखिल किए गए (ओए) के संबंध में, अधिनियम की धारा 19(4) के तहत, उक्त आवेदन पर सम्मन/नोटिस जारी करने का अनुग्रह कर रहा है (दस्तावेजों इत्यादि की प्रतियों सहित आवेदन संलग्न है)।
अधिनियम की धारा 19 की उप-धारा (4) के तहत आप प्रतिवादी(यों) को निम्न निर्देश भी दिया जाता है :-
i) सम्मन की तामील के तीस दिन के भीतर कारण बताएं कि प्रार्थित राहत क्यों मंजूर नहीं की जाए ;
ii) मूल आवेदन के क्रमांक 3क के तहत आवेदक द्वारा विनिर्दिष्ट सम्पत्तियों तथा आस्तियों के अतिरिक्त सम्पत्तियों अथवा आस्तियों का विवरण, प्रस्तुत करें ;
iii) आप को, सम्पत्ति की कुर्की के लिए आवेदन की सुनवाई तथा आवेदन के निस्तारण के दौरान, प्रत्याभूत आस्तियों अथवा मूल आवेदन के क्रमांक 3क के तहत विनिर्दिष्ट सम्पत्तियों तथा आस्तियों के संबंध में संव्यवहार अथवा निपटान करने की मनाही की जाती है ;
iv) आप किसी भी आस्ति जिस पर कोई प्रतिभूति हित सृजित किया गया है तथा/अथवा मूल आवेदन के क्रमांक 3क के तहत आवेदक द्वारा विनिर्दिष्ट अथवा खुलासा की गई सम्पत्तियों तथा आस्तियों का अंतरण बिक्री, पट्टा अथवा अन्य प्रकार से, आपके व्यवसाय के साधारण कोर्स को छोड़कर, न्यायाधिकरण की पूर्व अनुमति के बिना, नहीं करेंगे ;
v) आप व्यवसाय के साधारण कोर्स में प्रत्याभूत आस्तियों अथवा अन्य आस्तियों तथा सम्पत्तियों की बिक्री से प्राप्त होने वाली राशि का हिसाब रखने तथा ऐसी बिक्री प्राप्तियां इन आस्तियों पर प्रतिभूति हित धारक बैंक अथवा वित्तीय संस्थाओं में अनुरक्षित खाते में जमा करने हेतु जिम्मेदार होंगे।
आपको लिखित बयान दाखिल करने, उसकी प्रति आवदेक को मुहैया कराने तथा दिनांक 01-08-2023 को पूर्वा. 10.30 बजे रजिस्ट्रार के समक्ष पेश हाने का भी निर्देश दिया जाता है, जिसमें असफल रहने पर आवेदन की सुनवाई और निर्णय आपकी अनुपस्थिति में किया जाएगा।
मेरे हस्ताक्षर और इस न्यायाधिकरण की मोहर लगाकर 26-06-2023 को दिया गया।
सम्मन जारी करने हेतु प्राधिकृत अधिकारी के हस्ताक्षर

भौतिक कब्जे की सूचना

ICICI Bank
शाखा कार्यालय : आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड, शाल टॉवर, प्लॉट नंबर- 23, न्यू रोहतक रोड, करोल बाग, दिल्ली- 110005

जबकि
अधोहस्ताक्षरी ने वित्तीय परिसंपत्तियों के प्रतिभूतिकरण एवं पुनर्निर्माण तथा प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम, 2002 के अंतर्गत आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड के प्राधिकृत अधिकारी के रूप में तथा प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियमावली, 2002 के नियम 3 के साथ पठित धारा 13(12) के अधीन प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए नीचे वर्णित कर्ज़दारों को माँग सूचनाएँ निर्गमित की थीं, जिसमें उक्त सूचना की प्राप्ति की तिथि से 60 दिनों के अंदर सूचना में वर्णित राशि को प्रतिभुगतान करने को कहा गया था।
कर्ज़दार/सह-कर्ज़दार/ज़मानतदार राशि का प्रतिभुगतान करने में विफल रहे हैं, अतएव एतद् द्वारा कर्ज़दार तथा जनसाधारण को सूचित किया जाता है कि अधोहस्ताक्षरदाता द्वारा भौतिक अधिग्रहण किया गया है जो कि उक्त अधिनियम की धारा 13(4) के तहत नियम 8 में दर्शाया गया है। संपत्ति तथा अधिग्रहण की तिथि नीचे दर्शाई गई है। एतद् द्वारा विशेष रूप से कर्ज़दार एवं जनसाधारण को संपत्ति के संव्यवहार नहीं करने के लिए सचेत किया जाता है तथा संपत्ति के साथ कोई भी संव्यवहार इसमें वर्णित राशि तथा उस पर आगे ब्याज हेतु आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड के प्रभार के अधीन होगा।

| क्र. सं. | कर्ज़दार/ सह-कर्ज़दार का नाम/ ऋण खाता क्र. | संपत्ति का विवरण/ भौतिक कब्ज़े की तिथि | डिमांड नोटिस की तिथि/ डिमांड नोटिस में राशि (रु.) | शाखा का नाम |
|---|---|---|---|---|
| 1. | महालक्ष्मी एजेंसीज/ मोहित सिंघल/ सुमन सिंघल/ 695505600328 | प्लॉट नंबर-3एफ, 1/21, नेहरू नगर गाज़ियाबाद, उत्तर प्रदेश/ जुलाई 20, 2023 | फरवरी 23, 2022 रु.36,48,654.56/- | गाज़ियाबाद |

उपरोक्त दर्शाए गए कर्ज़दार/सह-कर्ज़दार एवं ज़मानतदारों को सूचित किया जाता है कि इस सूचना के प्रकाशन से 30 दिनों के अंदर राशि का भुगतान करें, अन्यथा 30 दिनों की समाप्ति के पश्चात् अधिग्रहित संपत्ति की नीलामी कर दी जाएगी जो पूर्णत: नियम 8 और 9 प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियमावली, 2002 के अंतर्गत है।
दिनांक : जुलाई 21, 2023
स्थान : गाज़ियाबाद
प्राधिकृत अधिकारी
आईसीआईसीआई बैंक लि.

कार्यालय, अधिशासी अभियन्ता
उत्तराखण्ड जल संस्थान,
ऊधमसिंह नगर

पत्रांक : 951/निविदा/2023-24
दिनांक: 20.07.2023

ई-निविदा सूचना

एतद्द्वारा उत्तराखण्ड जल संस्थान के अन्तर्गत वांछित श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदारों से निम्नलिखित कार्य हेतु निविदायें, **सिंगल-बिड** सिस्टम के माध्यम से आईटम दर के आधार पर निम्नानुसार आमंत्रित की जाती है। निविदा से सम्बन्धित सभी सूचना **www.uktenders.gov.in** पर दिनांक **26.07.2023** के सायं 5:00 बजे से उपलब्ध होगी।

| निविदा सं. | कार्य का विवरण | धरोहर धनराशि (रू0 में) | निविदा प्रपत्र का मूल्य+ जी.एस.टी. (रू.) | निविदा की वैधता | कार्य पूर्ण करने की अवधि | पंजीकृत ठेकेदार की श्रेणी |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 01 | रूद्रपुर नगरीय पेयजल योजना के अन्तर्गत आवास विकास वार्ड नं0 38 व 39 में वितरण प्रणाली का नवीनीकरण सम्बन्धी कार्य। | 2,78,000.00 | 4000+720 =4720.00 | 90 दिन | 9 माह | पाइप लेइंग व नलकूप केटेगरी में "C" एवं उच्चतर श्रेणी। |

शर्तें:-
1. धरोहर धनराशि एफ.डी.आर./एन.एस.सी. के रूप में किसी भी राष्ट्रीयकृत बैंक/डाकघर द्वारा निर्गत, जो अधिशासी अभियन्ता, उत्तराखण्ड जल संस्थान, ऊधमसिंह नगर के नाम से बंधक हों, निविदा के साथ जमा करानी होगी।
2. ई-निविदा दिनांक **26.07.2023** के सायं 5:00 बजे से डाउनलोड की जा सकेगी एवं दिनांक **08.08.2023** की सायं 5:00 बजे तक अपलोड की जा सकेगी तथा दिनांक **09.08.2023** को प्रात: 11:00 बजे बिड खोली जायेगी।
3. निविदा के साथ ऑनलाईन अपलोड की गई धरोहर धनराशि, निविदा प्रपत्र का मूल्य, शपथ पत्र, स्टाम्प पेपर्स आदि के Originals डोकूमेण्ट अधिशासी अभियन्ता, उत्तराखण्ड जल संस्थान, ऊधमसिंह नगर के कार्यालय में दिनांक **08.08.2023** के सायं 5:00 बजे तक अनिवार्य रूप से जमा कराये जाने होंगे।
4. उपरोक्त निविदा सूचना में यदि कोई संशोधन किया जाता है तो संशोधित निविदा सूचना सीधे वैबसाईट **www.uktenders.gov.in** पर ही अपलोड की जायेगी। संशोधित निविदा सूचना का प्रकाशन समाचार पत्र में नहीं किया जायेगा।
5. किसी भी निविदा को बिना कारण बताये निरस्त करने का अधिकार विभाग में निहित है।
6. शेष समस्त नियम एवं शर्ते निविदा प्रपत्र में देखी जा सकेगी।

"जल संचय-जीवन संचय"
(तरूण शर्मा)
अधिशासी अभियन्ता

सांकेतिक कब्ज़े की सूचना

ICICI Bank
शाखा कार्यालय : आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड, तीसरी मंज़िल, प्लॉट नंबर- 23, न्यू रोहतक रोड, करोल बाग, दिल्ली- 110005

जबकि
अधोहस्ताक्षरी ने वित्तीय परिसंपत्तियों के प्रतिभूतिकरण एवं पुनर्निर्माण तथा प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम, 2002 के अंतर्गत आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड के प्राधिकृत अधिकारी के रूप में तथा प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियमावली, 2002 के नियम 3 के साथ पठित धारा 13(12) के अधीन प्रदत्त शक्तियों का उपयोग करते हुए नीचे वर्णित कर्ज़दारों को माँग सूचनाएँ निर्गमित की थीं, जिसमें उक्त सूचना की प्राप्ति की तिथि से 60 दिनों के अंदर सूचना में वर्णित राशि का प्रतिभुगतान करने को कहा गया था।
कर्ज़दार/सह-कर्ज़दार/ज़मानतदार राशि का प्रतिभुगतान करने में विफल रहे हैं, अतएव एतद् द्वारा कर्ज़दार तथा जनसाधारण को सूचित किया जाता है कि अधोहस्ताक्षरदाता द्वारा सांकेतिक अधिग्रहण किया गया है जो कि उक्त अधिनियम की धारा 13(4) के तहत नियम 8 में दर्शाया गया है। संपत्ति तथा अधिग्रहण की तिथि नीचे दर्शाई गई है। एतद् द्वारा विशेष रूप से कर्ज़दार एवं जनसाधारण को संपत्ति के संव्यवहार नहीं करने के लिए सचेत किया जाता है तथा संपत्ति के साथ कोई भी संव्यवहार इसमें वर्णित राशि तथा उस पर आगे ब्याज हेतु आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड के प्रभार के अधीन होगा।

| क्र. सं. | कर्ज़दार/ सह-कर्ज़दार का नाम/ ऋण खाता क्र. | संपत्ति का विवरण/ सांकेतिक कब्ज़े की तिथि | डिमांड नोटिस की तिथि/ डिमांड नोटिस में राशि (रु.) | शाखा का नाम |
|---|---|---|---|---|
| 1. | महेंद्र कुमार गुप्ता/ दीपक गुप्ता/ LBDEL00003159992 | फ्लैट नंबर IVY- 102, पहली मंज़िल, विक्ट्री क्रॉसरोड्स, प्लॉट नंबर GH-01/C सेक्टर 143B, नोएडा/ जुलाई 19, 2023 | फरवरी 27, 2023 रु. 30,80,154/- | दिल्ली/ एनसीआर |

उपरोक्त दर्शाए गए कर्ज़दार/सह-कर्ज़दार एवं ज़मानतदारों को सूचित किया जाता है कि इस सूचना के प्रकाशन से 30 दिनों के अंदर राशि का भुगतान करें, अन्यथा 30 दिनों की समाप्ति के पश्चात् अधिग्रहित संपत्ति की नीलामी कर दी जाएगी जो पूर्णत: नियम 8 और 9 प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियमावली, 2002 के अंतर्गत है।
दिनांक : जुलाई 21, 2023
स्थान : दिल्ली/एनसीआर
प्राधिकृत अधिकारी
आईसीआईसीआई बैंक लि.

ICICI Bank
शाखा कार्यालय : आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड, शाल टॉवर, तीसरी मंज़िल, न्यू रोहतक रोड, करोल बाग, दिल्ली- 110005

सार्वजनिक सूचना - प्रत्याभूत आस्ति की बिक्री हेतु निविदा-सह-ई-नीलामी
[ नियम 8 (6) का परंतुक देखें ]
अचल संपत्तियों की बिक्री हेतु सूचना

वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण और पुनर्निर्माण तथा प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम, 2002 के साथ पठित प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियमावली, 2002 के नियम 8 (6) के परंतुक के तहत अचल आस्तियों की बिक्री के लिए ई-नीलामी बिक्री सूचना।
आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड द्वारा अचल आस्तियों की बिक्री हेतु यह ई-नीलामी बिक्री सूचना (दीवान हाउसिंग फाइनेंस लिमिटेड द्वारा आईसीआईसीआई बैंक को समनुदेशित अधोवर्णित समूह के संबंध में) डीएचएफएल तथा निम्नलिखित कर्ज़दार(रों) के बीच हुए ऋण अनुबंध के अनुसरण में मंजूर की गई आवास ऋण सुविधा के संबंध में वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण और पुनर्निर्माण तथा प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम, 2002 के साथ पठित प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियमावली, 2002 के नियम 8 (6) के परंतुक के तहत जारी की जा रही है। एतद्द्वारा सर्वसाधारण को तथा विशेष रूप से कर्ज़दार(रों) तथा गारंटर(रों) को सूचना दी जाती है कि प्रत्याभूत क्रेडिटर के पास बंधक रखी/प्रभारित निम्नवर्णित अचल संपत्ति जिसका भौतिक कब्ज़ा आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड के प्राधिकृत अधिकारी द्वारा प्राप्त किया जा चुका है, 'जैसी है जहाँ है', 'जैसी है जो भी है' तथा 'जो भी है वहाँ है' आधार पर नीचे दिए गए संक्षिप्त विवरण के अनुसार बेची जाएगी :

| क्र. सं. | कर्ज़दार (रों)/ सह-कर्ज़दारों/ गारंटरों का नाम/ ऋण खाता संख्या | प्रत्याभूत आस्ति का विवरण, ऋणभारों सहित यदि कोई | बकाया राशि (रु. में) | सुरक्षित मूल्य (रु. में) / धरोहर राशि जमा (रु. में) | संपत्ति निरीक्षण की तिथि एवं समय | ई-नीलामी की तिथि एवं समय |
|---|---|---|---|---|---|---|
| (ए) | (बी) | (सी) | (डी) | (ई) | (एफ) | (जी) |
| 1. | श्री दुर्गा प्रसाद तिवारी (कर्ज़दार), श्रीमती शोभा देवी (सह-कर्ज़दार) QZNOD00005016405 | संपत्ति संख्या सी-8ए, दूसरी मंजिल का पिछला भाग बिना छत के अधिकार के, ब्लॉक-सी, खसरा नंबर 333, गाँव बिंदापुर, सुभाष पार्क, उत्तम नगर, दिल्ली-110059। क्षेत्रफल : 360 वर्ग फुट। | रु. 20,67,452/- (जुलाई 06 2023 तक) | रु. 8,00,000/- / रु. 80,000/- | जुलाई 28, 2023 को शाम 04:00 बजे से शाम 05:00 बजे तक | अगस्त 18, 2023 को दो. 12:00 बजे से |

ऑनलाइन नीलामी हमारी ई-नीलामी संस्था **मेसर्स नेक्सजेन सॉल्यूशन्स प्राइवेट लिमिटेड की वेबसाइट (URL Link- https://disposalhub.com)** पर संचालित होगी। बंधकदाताओं/ सूचना प्रेषितकर्ताओं को **अगस्त 17, 2023** को **शाम 05.00** बजे से पूर्व तक कुल बकाया राशि उस पर आगे ब्याज सहित भुगतान करने का अंतिम अवसर दिया जाता है, जिसमें विफल रहने पर इस संरक्षित संपत्ति की बिक्री निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार की जाएगी।
संभावित बोलीकर्ता (बोलीकर्ताओं) को बयाना राशि (ईएमडी) डिमाण्ड ड्राफ्ट (डीडी) (सारणी ई संदर्भ) जो **आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड, शाल टॉवर, तीसरी मंज़िल, न्यू रोहतक रोड, करोल बाग, दिल्ली- 110005** में **अगस्त 17, 2023** तक **शाम 05.00** बजे से पूर्व जमा करना अनिवार्य है एवं इसके पश्चात् वे अपना प्रस्ताव उपरोक्त वर्णित वेबसाइट के माध्यम से ईएमडी के भुगतान साक्ष्य अर्थात बैंक डीडी पावती की स्कैन इमेज सहित **अगस्त 17, 2023** तक **शाम 05.00** बजे से पूर्व जमा करें। कृपया नोट करें कि संभावित बोलीकर्ता (बोलीकर्ताओं) वेबसाइट के माध्यम से उनके प्रस्ताव को जमा कराने में विफल रहने पर वे **आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड, शाल टॉवर, तीसरी मंज़िल, न्यू रोहतक रोड, करोल बाग, दिल्ली- 110005** में निविदा प्रलेखों की हस्ताक्षरित प्रति को **अगस्त 17, 2023** को **शाम 05.00** बजे से पूर्व तक जमा करवा सकते हैं। बयाना राशि का डिमाण्ड ड्राफ्ट/ पे ऑर्डर किसी भी राष्ट्रीयकृत/ शैड्यूल्ड बैंक द्वारा **आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड** के पक्ष में **दिल्ली** शाखा में भुगतान हेतु होना चाहिए।
संपत्ति अवलोकन, ई-नीलामी के नियम एवं शर्तों तथा निविदा प्रक्रिया के संदर्भ में स्पष्टीकरण हेतु कृपया **आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड** को फोन नंबर **8928935040/ 8584874809** पर संपर्क करें।
कृपया नोट करें कि मार्केटिंग एजेंसियाँ **1. मेसर्स नेक्सजेन सॉल्यूशन्स प्राइवेट लिमिटेड, 2. ओगीओ असेट मैनेजमेंट प्राइवेट लिमिटेड, 3. हेक्टा प्रॉपटेक प्राइवेट लिमिटेड** इस संपत्ति के बिक्री में सुगमता हेतु सलंग्न हैं।
प्राधिकृत अधिकारी बिना किसी कारण दर्शाए किसी एक अथवा अधिक निविदा अथवा बोली को निरस्त करने का अधिकार सुरक्षित रखते हैं।
बिक्री के विस्तृत नियमों एवं शर्तों हेतु कृपया वेबसाइट **www.icicibank.com/n4p4s** पर संपर्क करें।
तिथि : जुलाई 21, 2023
स्थान : दिल्ली/ एनसीआर
प्राधिकृत अधिकारी
आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड

सीएमवाईके प्रिंटेक लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक नरेन्द्र कुमार द्वारा 100के, मिलाप भवन, 8/ऐ, बहादुर शाह ज़फ़र मार्ग, नई दिल्ली-110002, दूरभाष: 011-40110455 से प्रकाशित तथा बीएफएल इन्फोटेक लिमिटेड सी-9 सेक्टर-3, नोएडा-201301 ( उ.प्र. ) से मुद्रित। कार्यकारी संपादक: नवीन उपाध्याय, स्थानीय सम्पादक: प्रदीप तिवारी। पाठकों को सुझाव दिया जाता है कि इस अखबार के किसी भी विज्ञापन पर प्रतिक्रिया करने से पहले पूरी तरह उसके बारे में दिए गए दावों, शर्तों और तथ्यों की जांच कर लें। पायनियर ग्रुप के मुद्रक, प्रकाशक, सम्पादक या उसका कोई भी कर्मचारी विज्ञापनदाता द्वारा उनके किसी उत्पाद तथा सेवा हेतु किए गए किसी दावे की सच्चाई का आश्वासन या उत्तरदायित्व नहीं लेता है। ऐसे विज्ञापनों के बाद किसी आर्थिक क्षति के लिए वे जिम्मेदार भी नहीं हैं। पत्रवार्ता ऑफिस- एफ-31, सेक्टर 6, नोएडा, गौतमबुद्धनगर-201301, उत्तर प्रदेश, दूरभाष- 120-4879900।

# बाढ़ के बाद डायरिया, दस्त व हैजा बढ़ने का खतरा

## सरकार ने जारी किया परामर्श, घर का पका खाने की दी सलाह, खुले में पेशाब- शौच नहीं करने को कहा



- लोगों से साफ सफाई पर दिया जोर



**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

बाढ़ के बाद दिल्ली में अब डायरिया, पेचिश, दस्त और हैजा जैसी बीमारियों के बढ़ने का खतरा मंडराने लगा है। बारिश के मौसम में इन बीमारियों के पैर पसारने की आशंका के मद्दे चेतावनी देते हुए परामर्श जारी किया है। जिसमें अन्य उपायों के साथ-साथ घर में पका ताजा भोजन करने की सलाह शामिल है।

इस एडवाइजरी में मॉनसून के मौसम में किए जाने और नहीं किए जाने वाले कामों के बारे में विस्तार से बताया गया है। जलजनित बीमारियां दूषित पानी, बर्फ या भोजन के कारण होती हैं। स्वास्थ्य विभाग के परामर्श के अनुसार, लोगों से घर में पका ताजा भोजन करने, व्यक्तिगत साफ-सफाई को बनाए रखने, शरीर में पानी की कमी से बचने के लिए ओआरएस घोल के प्रयोग तथा उल्टी, पीलिया या बुखार होने पर डॉक्टर से सलाह करने को कहा गया है। इसके अलावा बाजार में बिकने वाले बिना पके भोजन जैसे कटे हुए फल नहीं खाने को कहा गया है।

लोगों से खुले में पेशाब या शौच नहीं करने की भी सलाह दी गई है। अधिकारियों ने राजधानी दिल्ली के कुछ भागों में आई बाढ़ को देखते हुए पूर्व में लोगों को जलजनित एवं मच्छरों से होने वाली बीमारियों से बचाव करने की सलाह दी थी। इस दौरान दिल्ली सरकार के मंत्रियों ने अस्पतालों का दौरा किया था। इस दौरान यह बात सामने आई थी कि राजधानी में जलजनित बीमारियों पैर पसार रही है।

मालूम हो कि यमुना नदी का जलस्तर शुक्रवार सुबह खतरे के निशान से नीचे गिर गया। केंद्रीय जल आयोग के ताजा आंकड़े के अनुसार, पुराना रेलवे पुल पर यमुना का जलस्तर 205.25 मीटर दर्ज किया गया। शुक्रवार को दर्ज किए गए स्तर में मंगलवार शाम 7 बजे 205.35 मीटर से और गिरावट दर्ज की गई। पड़ोसी राज्य हरियाणा में पिछले दिनों बारिश के कारण सोमवार को नदी के जलस्तर में मामूली वृद्धि दर्ज की गई थी। यमुना में खतरे का निशान 205.33 मीटर पर है।

# खतरा टला नहीं, बढ़ सकता है यमुना का जलस्तर

- दिल्ली सरकार ने अधिकारियों को सतर्कता बरतने का दिया निर्देश

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

केंद्रीय जल आयोग द्वारा यमुना के जलस्तर में वृद्धि का पूर्वानुमान व्यक्त किए जाने के बाद दिल्ली सरकार ने अधिकारियों को बाढ़ संभावित क्षेत्रों पर नजर रखने तथा लोगों को सुरक्षित स्थानों पर पहुंचाने का इंतजाम करने का निर्देश दिया है। बृहस्पतिवार तड़के यमुना का जलस्तर खतरे के निशान 205.33 मीटर से नीचे चला गया था। शुक्रवार को जलस्तर 204.95 मीटर पर बना हुआ है। केंद्रीय जल आयोग द्वारा दिन में पहले जारी किए गए पूर्वानुमान के मुताबिक पुराने रेल पुल के नीचे जलस्तर शुक्रवार को रात 10 और 12 बजे के बीच 205.45 मीटर तक पहुंच जाने की आशंका है। जलस्तर बाद में और बढ़ सकता है। इस पूर्वानुमान के बाद दिल्ली सरकार ने अधिकारियों को अपने-अपने क्षेत्रों पर नजर रखने तथा बाढ़ संभावित क्षेत्रों में जरूरी कदम उठाने की सलाह दी है।

अधिकारियों को तटबंध के समीप रह रहे लोगों को चेतावनी जारी करने तथा उन्हें सुरक्षित स्थानों पर पहुंचाने का इंतजाम करने की सलाह भी दी गई है। यमुना का जलस्तर 13 जुलाई को 208.66 मीटर के सर्वकालिक उच्चतम स्तर पर पहुंचने के बाद धीरे-धीरे कम हो रहा है। आठ दिनों तक खतरे के निशान से ऊपर बहने के बाद मंगलवार को रात आठ बजे जलस्तर 205.33 मीटर (खतरे के निशान) के नीचे आ गया था।

बुधवार सुबह पांच बजे यह घटकर 205.22 मीटर तक चला गया था हालांकि बाद में यह फिर बढ़ने लगा और खतरे के निशान को पार कर गया। भारत मौसम विज्ञान विभाग ने 22 जुलाई तक उत्तराखंड और हिमाचल प्रदेश में छिटपुट स्थानों पर भारी से अति भारी वर्षा होने की चेतावनी दी है।

# राहत शिविरों में सुविधाएं देने के मामले में सुनवाई 24 को

- याचिका में राहत शिविरों में साफ-सफाई एवं भोजन के अभाव की शिकायत की गई है

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

उच्च न्यायालय ने शहर में बाढ़ राहत शिविरों में मुफ्त राशन, स्वास्थ्य सहायता एवं आवश्यक दवाएं उपलब्ध कराने के लिए तत्काल कदम उठाने का निर्देश देने की मांग करने वाली याचिका पर 24 जुलाई को सुनवाई करने के लिए शुक्रवार को सहमति जताई।

याचिका मुख्य न्यायाधीश सतीश चंद्र शर्मा और न्यायमूर्ति संजीव नरूला की पीठ के सामने तत्काल सुनवाई के लिए पेश की गई थी। मामले की सुनवाई सोमवार को होगी। याचिका में कहा गया है कि राष्ट्रीय राजधानी में हाल में आई बाढ़ में करीब 25 हजार लोग प्रभावित हुए हैं। इसमें राहत शिविरों में पर्याप्त स्वच्छता एवं भोजन सुविधाओं के अभाव की शिकायत की गई है। अजीम प्रेमजी विश्वविद्यालय में पूर्व सहायक प्रोफेसर डॉक्टर आकाश भट्टाचार्य ने कहा, बाढ़ से निपटना राज्य का विषय है, इस मामले में कदम उठाने की प्राथमिक जिम्मेदारी राज्यों पर है। वकील के आर शियास के माध्यम से दायर याचिका में कहा गया है कि अभूतपूर्व बाढ़ से वे सैकड़ों लोग बेघर हो गए हैं, जो यमुना के बाढ़ क्षेत्र में रहते हैं। इसमें कहा गया, खतरनाक स्थिति में, राजधानी की राज्य मशीनरी लोगों के जीवन और आजीविका की रक्षा करने में विफल रही। इस बाढ़ को अधिनियम के तहत आपदा के रूप में अधिसूचित करने के लिए राज्य सरकार को निर्देश देने की मांग की।

## आपसी झगड़े में दो गुटों में पथराव, दो घायल

**नई दिल्ली।** त्रिलोकपुरी इलाके में आपसी झगड़े के बाद दो गुटों ने एक दूसरे पर हमला किया तथा पथराव किया जिससे इसमें दो लोग घायल हो गए। मामले की जानकारी पुलिस ने दी।

पुलिस ने बताया कि उन्हें झगड़े की सूचना मिली और एक दल को मौके पर भेजा गया, जहां मुख्य आरक्षक अजय यादव ने बताया कि क्षेत्र में गश्त के दौरान उन्होंने दो समूहों को एक-दूसरे पर ईंट, पत्थर और बोतलें फेंकते देखा। उन्होंने बताया कि हेड कांस्टेबल अजय यादव ने दोनों गुटों को रोकने की कोशिश की लेकिन उनलोगों ने उन पर भी पत्थर फेंका। घटना में दो लोग घायल हो गए जिनकी पहचान नीतिन चौहान और अमित के तौर पर की गई है। पुलिस ने बताया कि पूछताछ से पता चला कि दोनों समूहों में पुरानी दुश्मनी है और मामला दर्ज कर लिया गया है।

# यौन शोषण मामला: बृजभूषण को हिरासत में लेने से कोई मकसद हल नहीं होगा

- जांच एजेंसी ने आशंका व्यक्त नहीं की है कि आरोपी अपने पद का दुरुपयोग या सबूतों के साथ छेड़छाड़ कर रहे कोशिश : कोर्ट

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

भारतीय कुश्ती महासंघ (डब्ल्यूएफआई) के निवर्तमान प्रमुख बृजभूषण शरण सिंह के खिलाफ यौन उत्पीड़न के आरोप गंभीर हैं लेकिन इस स्तर पर उन्हें हिरासत में लेने से कोई उद्देश्य पूरा नहीं होगा।

दिल्ली की एक अदालत के शुक्रवार को जारी आदेश में यह बात कही गई। अदालत ने बृहस्पतिवार को छह बार के भाजपा सांसद सिंह को नियमित जमानत दे दी और डब्ल्यूएफआई के निलंबित सहायक सचिव विनोद तोमर की जमानत याचिका भी मंजूर कर ली। अतिरिक्त मुख्य मेट्रोपॉलिटन मजिस्ट्रेट हरजीत सिंह जसपाल ने बृहस्पतिवार को पारित अपने नौ पन्नों के आदेश में ए टिप्पणियां कीं। आदेश शुक्रवार को उपलब्ध कराया गया।

आदेश में न्यायाधीश ने कहा, मौजूदा मामले में आरोप गंभीर हैं। मेरे विचार में, इसमें कोई संदेह नहीं है कि आरोपों की गंभीरता जमानत आवेदनों पर विचार करते समय प्रासंगिक विचारों में से एक है, लेकिन यह इसे तय करने का एकमात्र परीक्षण या कारक नहीं है। जब विचाराधीन कैदियों को अनिश्चित काल के लिए जेल में बंद रखा जाता है, तो संविधान के अनुच्छेद 21 (जीवन और व्यक्तिगत स्वतंत्रता का अधिकार) का उल्लंघन होता है। उन्होंने कहा, मौजूदा मामले में, मेरी सुविचारित राय में, इस स्तर पर, आरोपी व्यक्तियों को हिरासत में लेने से कोई उद्देश्य पूरा नहीं होगा।

# दिल्ली निजी सुरक्षा एजेंसियां नियम के मसौदे को मंजूरी




- इसका मकसद राष्ट्रीय राजधानी में निजी सुरक्षा एजेंसियों के संचालन को नियंत्रित करना है : एलजी

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

उपराज्यपाल विनय कुमार सक्सेना ने लंबे समय से लंबित दिल्ली निजी सुरक्षा एजेंसियां नियम, 2023 के मसौदे को मंजूरी दे दी है। इसका मकसद राष्ट्रीय राजधानी में निजी सुरक्षा एजेंसियों के संचालन को नियंत्रित करना है। अन्य चीजों के अलावा यह नियम निजी सुरक्षा कर्मियों और पर्यवेक्षकों के चरित्र के सत्यापन, कर्मियों के लिए निर्धारित प्रशिक्षण का प्रकार, शारीरिक मानक तथा अन्य शर्तों की प्रक्रिया को निर्धारित करता है।

उपराज्यपाल कार्यालय के एक अधिारी ने बताया कि नियम यह भी स्पष्ट करते हैं कि सभी प्रशिक्षण एजेंसियां प्रत्येक बैच के पूरा होने के 30 दिनों के अंदर नियंत्रण प्राधिकारी को बैचवार प्रशिक्षित सुरक्षा गार्ड, पर्यवेक्षकों का विवरण ऑनलाइन, ऑफलाइन मोड में अपने प्रशिक्षण प्रमाण पत्रों की प्रति के साथ प्रस्तुत करेंगी। यह नियम नियुक्त पर्यवेक्षकों की संख्या और उन्हें फोटो पहचान पत्र जारी करने से भी संबंधित हैं।

यह मसौदा नियम दिल्ली सरकार के गृह विभाग द्वारा भारत सरकार के गृह मंत्रालय द्वारा अधिसूचित मॉडल नियमों की तर्ज पर (अधिसूचना दिनांक 15 दिसंबर 2020 के अनुसार) और निजी सुरक्षा एजेंसियों (विनियमन) अधिनियम 2005 के तहत दिल्ली सरकार के कानून विभाग के परामर्श से तैयार किए गए थे।

गृह विभाग ने केंद्रीय गृह मंत्रालय द्वारा जारी निजी सुरक्षा एजेंसियां अधिनियम 2005 और एफडीआई नीति के प्रवर्तन के आलोक में एलजी की मंजूरी मांगते हुए कहा कि सार्वजनिक व्यवस्था और पुलिस राज्य के विषय हैं और आंतरिक सुरक्षा केंद्र सरकार की जिम्मेदारी है। शीर्ष अदालत 2014 के फैसले के आधार पर सचिवालय द्वारा इसे देखा गया, जिसके तहत निजी सुरक्षा एजेंसियां अधिनियम जो कि संघ सूची की प्रविष्टि 97 के तहत एक कानून है।

# इंद्रपुरी को नारायणा से जोड़ने वाले मार्ग पर बनेगा नया पुल

- महापौर ने रेलवे पुल के पुन: निर्माण को दी मंजूरी, जल्द शुरू होगा दोपहिया वाहनों का आवागमन

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

इंद्रपुरी को नारायणा से जोड़ने वाले ब्रिज को तोड़कर नया पुल बनाया जाएगा। जिसके बाद जल्द दोपहिया वाहनों का आवागमन शुरू होगा। जगह की कमी के कारण इंद्रपुरी रेलवे ब्रिज पर दोपहिया वाहनों का आवागमन संभव नहीं था।

ब्रिज के दोनों तरफ एमसीडी की जमीन थी इसलिए ब्रिज का काम रुका हुआ था। अब जब एमसीडी में आप की सरकार है तो ब्रिज का काम रेलवे को सौंप दिया गया है। बुद्ध नगर से इंद्रपुरी, इंद्रपुरी से नारायणा या नारायणा से इंद्रपुरी जाने वालों के लिए पूरा रास्ता बंद था। जल्द यह ब्रिज तोड़कर नया ब्रिज बनाया जाएगा जिससे लोगों को आने-जाने में आसानी होगी और उनका काफी खर्चा भी बचेगा। राजेंद्र नगर के विधायक एवं एमसीडी प्रभारी दुर्गेश पाठक ने शुक्रवार को



संवाददाता सम्मेलन में कहा कि यह ब्रिज नारायणा को इंद्रपुरी के साथ जोड़ता है। जिसको यह कहते हुए बंद कर दिया गया कि उस पर सिर्फ पैदल जा सकते हैं।

गाड़ियां इसके ऊपर से नहीं जा सकतीं हैं। चूंकि, उस ब्रिज के दोनों तरफ एमसीडी की जगह थी और जब तक एमसीडी जगह नहीं देती, तब तक वह ब्रिज नहीं बन सकता था। इस ब्रिज को लेकर प्लान तैयार किया गया। मेयर शैली ओबरॉय और सभी अधिकारियों ने मिलकर फाइल को साइन करके वह जमीन रेलवे के हवाले कर रहे हैं। उसके बाद रेलवे उस ब्रिज को तड़कर नया ब्रिज बनाने का काम जल्द शुरू कर देगा। इस ब्रिज के बनने से लाखों लोगों को फायदा मिलेगा क्योंकि बहुत सारे लोग जो बुद्ध नगर से इंद्रपुरी या इंद्रपुरी से नारायणा की या नारायणा से इंद्रपुरी जाते थे उनके लिए पूरा रास्ता बंद हो गया था। जिसके कारण लोगों को चार पांच किलोमीटर की दूरी तय करके आना पड़ता था। कभी ऑटो तो कभी बस करके जाना पड़ता था, जिसमें हर महीने लगभग 3-4 हजार रुपयों का खर्चा आ जाता था।

## मोहर्रम की तैयारियों को लेकर की समीक्षा

**नई दिल्ली।** खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति मंत्री इमरान हुसैन ने मोहर्रम की तैयारियों लेकर विभिन्न सम्बंधित विभागों के उच्च अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक की।

ताजिया जुलूस के दौरान पर्याप्त नागरिक सुविधाओं की व्यवस्था से लेकर कई मुद्दों पर विस्तार से बातचीत हुई। हुसैन ने अधिकारियों को ताजिया जुलूस के मद्देनजर नबी करीम पुलिस चौकी, कुतुब रोड, सदर बाजार, खारी बावली, लाल कुआं, हौज काजी और जामा मस्जिद से सटे सड़कों और गलियों में पर्याप्त साफ-सफाई करने के निर्देश दिया। पीडब्ल्यूडी के अधिकारियों को इन क्षेत्रों में सड़कों की मरम्मत और रखरखाव के लिए भी निर्देश किया।


# चाइनीज मांझे का इस्तेमाल करने के आरोप में 7 धरे

- आरोपियों के पास से दो सौ पतंगें, चाइनीज मांझे के 33 बंडल बरामद

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

राष्ट्रीय राजधानी में पुलिस ने पंतग उड़ाने के लिए प्रतिबंधित मांझे का इस्तेमाल करने के आरोप में सात लोगों को गिरफ्तार किया है और उनके पास से चाइनीज मांझे के 33 बंडल भी जब्त किए हैं।

एक पुलिस अधिकारी ने बताया कि चाइनीज मांझा बेचना और उसका उपयोग करना गैरकानूनी है। बाहरी दिल्ली जिले की पुलिस ने एक ट्वीट



में कहा, व्यक्तियों या जानवरों की जान जोखिम में डालने वाले मांझे का इस्तेमाल करने के आरोप में सात लोगों को गिरफ्तार किया है। आरोपियों के पास से दो सौ पतंगें और चाइनीज मांझे के 33 बंडल भी बरामद किए गए हैं।

चाइनीज मांझा बेचना और उसका इस्तेमाल करना दोनों ही अपराध है। पश्चिमी दिल्ली के पश्चिम विहार इलाके में गत बुधवार को अपने पिता के साथ मोटरसाइकिल पर जा रही सात साल की लड़की का चाइनीज मांझे से गला कट गया था और उसकी मौत हो गई थी।

राष्ट्रीय हरित अधिकरण ने 2017 में राष्ट्रीय राजधानी में चाइनीज मांझे पर प्रतिबंध लगा दिया था। वहीं, इसी साल फरवरी में दिल्ली उच्च न्यायालय ने दिल्ली पुलिस की अपराध शाखा को चाइनीज सिंथेटिक मांझे के निर्माण, बाजारों में उसकी बिक्री तथा खरीद और भंडारण की जांच करने का निर्देश दिया था। ज्ञात हो चाइनीज मांझे के चलते काफी सड़क दुर्घटनाएं हुई है।

## संक्षिप्त समाचार

### मतदाता सूची पुनरीक्षण के लिए सर्वे 21 अगस्त तक



**नई दिल्ली।** लोक सभा चुनाव के मद्देनजर इस बार का मतदाता सूची का विशेष पुनरीक्षण कार्यक्रम शुक्रवार से शुरू हो गया है। यह अंतिम अवसर होगा, जब नये मतदाताओं के नाम मतदाता सूची में जोड़ा जा सकेगा। इसके मद्देनजर बूथ स्तर के अधिकारी 21 जुलाई से 21 अगस्त तक घर-घर जाकर सर्वेक्षण करेंगे और पात्र मतदाताओं का नाम मतदाता सूची में शामिल करने के लिए नामांकन करेंगे। मुख्य निर्वाचन अधिकारी, डॉ. रणबीर सिंह की अध्यक्षता में शुक्रवार एक बैठक हुई जिसमें सभी मान्यता प्राप्त राजनीतिक दलों ने भाग लिया। उन्होंने मतदाता सूची में सभी प्रविष्टियों को सत्यापित करने के लिए बूथ स्तर के अधिकारियों (बी एल ओ) द्वारा 21 जुलाई से 21 अगस्त 2023 तक आगामी घर घर सर्वेक्षण के बारे में उन्हें जानकारी दी और गैर नामांकित पात्र नागरिकों, संभावित मतदाताओं के बारे में आने वाले बीएलओ को सही जानकारी प्रदान करने की आवश्यकता के बारे में नागरिकों के बीच बड़े पैमाने पर जागरूकता पैदा करने में उनका सहयोग मांगा।

### दवाओं के छिड़काव का हो इंतजाम: बिधूड़ी



**नई दिल्ली।** दिल्ली विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष रामवीर सिंह बिधूड़ी ने केजरीवाल सरकार को सचेत किया है कि वह बारिश और बाढ़ से निपटने में तो असफल रही है, अब बीमारियों से निपटने में लापरवाही से काम न ले। डेंगू और मलेरिया के मरीज लगातार ब? रहे हैं और आई फ्लू भी तेजी से फैल रहा है लेकिन सरकार अब तक हाथ पर हाथ रखकर ही बैठी हुई है। इलाकों में जमा पानी की निकासी, खड़े हुए पानी में दवा का छिड़काव और फॉगिंग जैसी जमीनी स्तर की कोई गतिविधि अभी दिखाई नहीं दे रही। उन्होंने कहा है कि अपनी नाकामी को दूसरों पर डालने की प्रवृति छोड़कर केजरीवाल सरकार जमीन पर कुछ ठोस काम करे। बिधूड़ी ने कहा कि राजधानी में आई फ्लू और डेंगू तेजी से फैलना शुरू हो गया है। खासतौर पर बच्चे इसकी चपेट में ज्यादा आ रहे हैं। दिल्ली नगर निगम की डेंगू रिपोर्ट के मुताबिक 15 जुलाई तक दिल्ली में डेंगू के 163 मामले सामने आ चुके हैं जबकि पिछले वर्ष इस तारीख तक संख्या 158 ही थी। आमतौर पर डेंगू के मरीज सितंबर में बढ़ते हैं लेकिन इस बार अभी से मरीजों की संख्या बढ़ने लगी है।

### छात्रों के सम्पूर्ण विकास के लिए कार्यशाला

**नई दिल्ली।** नई दिल्ली नगरपालिका परिषद (एनडीएमसी) ने स्कूलों के प्रमुखों के लिए शारीरिक दंड रोकने, बच्चों के साथ प्यार, सम्मान और गरिमा के साथ व्यवहार करने और नशे की रोकथाम के लिए स्कूल आधारित शिक्षा पर एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया। नई दिल्ली नगरपालिका परिषद के अध्यक्ष अमित यादव ने निदेशक (शिक्षा) आर.पी. सती, एनसीईआरटी से डॉ. रुचि शुक्ला, शिक्षा निदेशालय से वंदना आनंद, मनोवैज्ञानिक - सुश्री वीनू गौड़, सभी अटल आदर्श विद्यालय और नवयुग विद्यालयों के प्राचार्यों, उप-प्राचार्यों, प्रधानाध्यापक की उपस्थिति में कार्यशाला का उद्घाटन किया। कार्यशाला को संबोधित करते हुए अध्यक्ष-एनडीएमसी यादव ने कहा कि स्कूलों को न केवल अच्छे बुनियादी ढांचे, संकाय सदस्यों, सह-पाठ्यचर्या गतिविधियों की आवश्यकता है।

### कॉलेजियम से हो सकती है विभागाध्यक्षों की नियुक्ति

**नई दिल्ली।** अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान के प्रशासन ने फैसला किया है कि विभाग प्रमुखों की बारी-बारी से नियुक्ति की नीति के संबंध में कॉलेजियम प्रणाली लागू की जा सकती है। स्वास्थ्य राज्य मंत्री भारती प्रवीण पवार ने लोकसभा को बताया कि इस प्रस्ताव का अध्ययन करने के लिए संस्थान में एक समिति का गठन किया गया था। भारती प्रवीण पवार ने कहा, समिति की सिफारिशों पर विचार किया गया और निर्णय लिया गया कि कॉलेजियम प्रणाली लागू की जा सकती है। पवार ने कहा, सरकार ने केंद्र सरकार के अस्पतालों में विभाग प्रमुखों के लिए केंद्रीय स्वास्थ्य सेवा कैडर से डॉक्टरों के चयन के वास्ते नियुक्ति और मॉडल मानक संचालन प्रक्रिया के संबंध में 10 जनवरी, 2023 को स्वास्थ्य मंत्रालय के माध्यम से दिशानिर्देश जारी किए हैं।

# महात्मा गांधी स्मारक से पानी पूरी तरह निकाला गया

## 15 जुलाई से एजेंसियों की कोशिशों से राजघाट समाधि क्षेत्र में पूर्व स्थिति बहाल हो गई : एलजी

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

राजघाट स्थित महात्मा गांधी के स्मारक को परिसर में यमुना नदी के पानी से भर जाने के एक सप्ताह बाद जलजमाव से मुक्त कर दिया गया है।

स्मारक के मुख्य क्षेत्र से पानी पूरी तरह से बाहर निकाल दिया गया है और इसे सुखाकर साफ कर दिया गया है। मुख्य सचिव समेत दिल्ली सरकार के वरिष्ठ अधिकारी उपराज्यपाल के निर्देश पर लगातार काम की निगरानी कर रहे थे। पिछले हफ्ते, रिंग रोड पर पानी भर दिया और क्षेत्र में एक नाले के बैकफ्लो से स्मारक क्षेत्र में बाढ़ का पानी आने से स्थिति और खराब हो गई। बाढ़ का पानी निकालने का काम रविवार को शुरू हुआ और 10 पंपों की मदद से पानी निकाला गया।



राजघाट स्थित महात्मा गांधी के स्मारक को परिसर में साफ सफाई के बाद बापू को नमन करते उपराज्यपाल वीके सक्सेना।

उपराज्यपाल कार्यालय के अधिकारियों ने शुक्रवार को बताया कि दिल्ली के उपराज्यपाल विनय कुमार सक्सेना ने राजघाट का दौरा कर स्थिति का जायजा लिया था। इस दौरान उन्होंने स्मारक के लॉन और पैदलपथ से बाढ़ का पानी को निकालने के अभियान का निरीक्षण किया था। स्मारक के मुख्य क्षेत्र से पानी पूरी तरह निकाल दिया गया है। अब इस क्षेत्र को सुखाकर उसकी सफाई कर दी गई है। मुख्य सचिव समेत दिल्ली सरकार के वरिष्ठ अधिकारी उपराज्यपाल के निर्देश पर लगातार इस काम की निगरानी कर रहे थे। पिछले सप्ताह यमुना का पानी रिंग रोड पर भर गया था तथा इस क्षेत्र में नाले के उफनाने से स्थिति बहुत बिगड़ गई थी और राजघाट क्षेत्र भी जलमग्न हो गया था।

अधिकारियों ने बताया कि बाढ़ के पानी को निकालने का काम रविवार को शुरू हुआ था और दस पंप इस काम में लगाए गय थे। उपराज्यपाल ने शुक्रवार को ट्वीट कर कहा, 15 जुलाई से सभी संबंधित एजेंसियों के ईमानदार एवं सतत प्रयासों से राजघाट समाधि क्षेत्र में पूर्व स्थिति बहाल हो गई है। ठहरे हुए पानी को निकाल दिया गया है।

## मणिपुर की घटना के बाद खुद को भारतीय कहने पर शर्म आती है : गंभीर

**नई दिल्ली।** सांसद गौतम गंभीर ने मणिपुर में दो महिलाओं को निर्वस्त्र कर घुमाने की घटना को बेहद शर्मनाक करार देते हुए शुक्रवार को कहा कि उन्हें खुद को भारतीय कहने में शर्म महसूस होती है।

पूर्व क्रिकेटर एवं पूर्वी दिल्ली से भाजपा सांसद ने यहां एक कार्यक्रम के इतर पत्रकारों से कहा कि मणिपुर जैसी घटनाएं कोई सामान्य घटना नहीं है और यह राज्य के मुख्यमंत्री का कर्तव्य है कि वे ऐसा न होने दें। गंभीर ने कहा, यह बेहद शर्मनाक है। मुझे खुद को भारतीय कहने में शर्म आती है। चार मई का यह वीडियो बुधवार को सामने आने के बाद से मणिपुर के में तनाव व्याप्त हो गया है। इस वीडियो में दिख रहा है कि एक पक्ष के कुछ व्यक्ति एक समुदाय की दो महिलाओं को निर्वस्त्र कर घुमा रहे हैं।

# मणिपुर की घटना के विरोध में फूटा कांग्रेसियों का गुस्सा

## भाजपा सरकार के खिलाफ जमकर किया प्रदर्शन

पायनियर समाचार सेवा। गुरुग्राम

**मणिपुर** में महिलाओं के साथ हुई बर्बरता के विरोध में शुक्रवार को कांग्रेसी कार्यकर्ताओं ने विरोध प्रदर्शन किया। इस मौके पर भाजपा सरकार के खिलाफ प्रदर्शन करते हुए प्रधानमंत्री का पुतला फूंककर मणिपुर के मुख्यमंत्री और पुलिस प्रशासन के खिलाफ कार्रवाई करने की मांग की।

प्रदर्शन की अगुवाई करते हुए वरिष्ठ कांग्रेस नेता पंकज डावर, कांग्रेस सेवादल सह-अध्यक्ष इंदर सिंह सैनी, राष्ट्रीय सचिव सुनीता सहरावत समेत कांग्रेसी नेताओं ने कहा कि भाजपा की सरकार में बर्बरता की सभी हदें पार हो जाती हैं। जहां-जहां भाजपा की सरकार है, वहां महिलाएं बिल्कुल सुरक्षित नहीं है। मणिपुर में जो हुआ है उससे पूरा देश शर्मसार हो रहा है।

हैरानी की बात यह है कि सेंकड़ों घर जला दिए गए और सेंकड़ों लोगों की इस घटना में मौत हो चुकी है। महिलाओं के साथ रेप, हत्या तथा उन्हें नग्न करके सार्वजनिक रूप से उन पर अत्याचार करने के मामले बेहद ही डरावने हैं। हैरानी इस बात की भी है कि इतनी बड़ी घटना होने के बाद भी भाजपा की केंद्र सरकार 2 महीने से चुप है। कांग्रेसियों ने कहा कि इस घटना पर किसी तरह की राजनीति नहीं कर रहे हैं, लेकिन महिलाओं की सुरक्षा के लिए अगर आवाज नहीं उठाएंगे तो यह सरकार और भी कितनी जगहों पर बर्बरता पर कार्रवाई नहीं करेगी। इसका अंदाजा देश में महिला खिलाड़ियों के साथ हुई घटना, मध्यप्रदेश में दलित पर भाजपा कार्यकर्ता द्वारा मूत्र करने, उत्तर प्रदेश में इनके केंद्रीय मंत्री के बेटे द्वारा गाड़ी चढ़ाकर हत्या करने तथा और भी अन्य कई घटनाओं से भी लगाया जा सकता है। कांग्रेसी नेताओं ने कहा कि सिर्फ बात मणिपुर की नहीं है। हरियाणा की महिला खिलाड़ियों को किस तरह का न्याय मिला है, आज पूरा देश उसे देख रहा है।



मणिपुर की घटना के विरोध में पुतला फूंकते कांग्रेसी।

इस प्रदर्शन के दौरान कांग्रेस पूर्व जिलाध्यक्ष केएल यादव, महिला जिलाध्यक्ष शहरी पूजा शर्मा, ग्रामीण जिलाध्यक्ष निर्मल यादव, ओबीसी प्रदेश उपाध्यक्ष शेखर गुर्जर, ओबीसी जिलाध्यक्ष सन्नी यादव, युवा कांग्रेस महासचिव अमित कोचर, एडवोकेट संतोख सिंह, एडवोकेट सूबे सिंह यादव, एडवोकेट सुमन सहरावत, जयसिह हुड्डा, नरेश वशिष्ठ, पर्ल चौधरी, दीपक सैनी, गुरिंदरजीत सिंह, मनोज आहूजा, हरकेश बहोत, खेमचंद किराड़, बबलू प्रजापति, श्यामपाल, संजय भारद्वाज, रविराज उजिनीवाल, विधा देवी, महाराम, माया देवी, राजबाला, गंगा राम, राहुल गैरतपुर बास, नीरज गैरतपुर, सुनील यादव, सुल्तान सिंह आदि मौजूद रहे।

# आज के समय में 25 प्रतिशत युवाओं को आ रहा स्ट्रोक : डा. विपुल गुप्ता


गुरुग्राम में वर्ल्ड स्ट्रोक डे के पूर्व दिवस पर पत्रकारों से बात करते डा. विपुल गुप्ता।

पायनियर समाचार सेवा। गुरुग्राम

### मोटापा, शराब का सेवन, धूम्रपान है इसका बड़ा कारण

### मेडिटेशन, एक्सरसाइज, योगा करके हो सकते हैं सेहतमंद

**आज** के समय में 25 प्रतिशत युवाओं को स्ट्रोक आ रहा है। इसका बड़ा कारण मोटापा, शराब का सेवन, धूम्रपान है। इन आदतों को त्यागकर हम स्वस्थ जीवन जी सकते हैं। मेडिटेशन, एक्सरसाइज और योगा से हम स्वस्थ रह सकते हैं। यह बात आर्टेमिस अस्पताल में स्ट्रोक यूनिट के डायरेक्टर डॉक्टर विपुल गुप्ता ने शुक्रवार को वर्ल्ड ब्रेन-डे के अवसर पर कही।

उन्होंने कहा कि शनिवार 22 जुलाई को वर्ल्ड ब्रेन-डे है। इस बार की थीम-ब्रेन हेल्थ एंड डिसेबिलिटी: लीव नो वन बिहाइंड रखा गया है। ऐसे में जरूरी है कि हम इस दिवस पर अपने लिए कुछ ऐसे नियमों का पालन करने की शुरुआत करें जो हमारी सेहत के लिए लाभकारी हों। डा. विपुल ने कहा कि दिमाग से जुड़ी समस्याएं जैसे स्ट्रोक, एन्यूरिज्म और एवीएम किसी भी व्यक्ति या परिवार की जिंदगी खराब कर सकती हैं। इस तरह की परेशानियों में तुरंत मेडिकल हेल्प और स्पेशलाइज्ड केयर की जरूरत पड़ती है।

डॉ. गुप्ता ने कहा कि चेतावनी के संकेतों को पहचानना और समय पर इलाज कराना लाइफ सेविंग साबित होता है। स्ट्रोक के सामान्य संकेतों में फास्ट समेत चेहरे, हाथ या पैर में अचानक कमजोरी या सुन्नता आ जाना, बोलने या बातचीत को समझने में कठिनाई, गंभीर सिरदर्द, दृष्टि की समस्याएं, चक्कर आना या बैलेंस बिगड़ना, भ्रम या अचानक व्यवहार में बदलाव आना शामिल है। रोग की शुरुआती पहचान और फिर तुरंत इलाज की मदद से रिकवरी होने के चांस बढ़ जाते है। यहां तक कि 70 प्रतिशत स्ट्रोक को रोका जा सकता है। उन्होंने कहा कि पिछले कुछ सालों में तकनीक काफी एडवांस हुई है, जिसके चलते दिमाग की बीमारियों के इलाज में क्रांति आ गई है।

उन्होंने कहा कि अगर मरीज समय पर इलाज के लिए पहुंच जाए तो 80 फीसदी से ज्यादा लोग ठीक हो सकते हैं। वर्ल्ड ब्रेन-डे का मौका हमें दिमाग की बीमारियों के संकेतों को पहचानने और तुरंत मेडिकल हेल्प लेने के बारे में जानकारी सांझा करने, लोगों को अवेयर करने का एक बेहतर मौका देता है। वर्ल्ड ब्रेन डे के मौके पर डॉक्टर विपुल गुप्ता ने लोगों से सेहत के प्रति सतर्क और सावधान रहने के साथ एजुकेट होने की अपील की, ताकि वो लोग दिमाग से जुड़ी बीमारियों के लक्षण समझ सकें। उसी हिसाब से डॉक्टर को दिखा सकें।

# डोर-टू-डोर कचरा उठान वेस्ट डंपिंग स्थानों का प्रबंधन हो बेहतर: पीसी मीणा


गुरुग्राम नगर निगम में एकीकृत ठोस कचरा प्रबंधन परियोजना की समीक्षा बैठक लेते निगमायुक्त पीसी मीणा।

पायनियर समाचार सेवा। गुरुग्राम

### निगमायुक्त पीसी मीणा ने की एकीकृत ठोस कचरा प्रबंधन परियोजना की समीक्षा

**नगर** निगम गुरुग्राम के आयुक्त पीसी मीणा ने एकीकृत ठोस कचरा प्रबंधन परियोजना से जुड़े अधिकारियों से कहा कि वे इस कार्य में और अधिक तेजी लाएं। यह सुनिश्चित करें कि सभी एजेंसियां अपने निर्धारित लक्ष्यों को समय सीमा के भीतर पूरा करें। अगर कोई एजेंसी लापरवाही बरतती है, तो उसके खिलाफ नियमानुसार कार्रवाई की जाए।

शुक्रवार को अपने कार्यालय में एकीकृत ठोस कचरा प्रबंधन परियोजना की समीक्षा के दौरान उन्होंने कहा कि डोर-टू-डोर कचरा संग्रहण तथा सैकेंडरी वेस्ट डंपिंग स्थानों का प्रबंधन और अधिक बेहतर तरीके से किया जाना चाहिए। अधिकारी यह सुनिश्चित करें कि सभी सैकेंडरी वेस्ट डंपिंग स्थान अच्छे ढंग से कवर हों तथा वहां से नियमित रूप से कचरा उठान हो।

उन्होंने सैकेंडरी वेस्ट डंपिंग स्थानों पर सीसीटीवी कैमरे लगाने के निर्देश भी अधिकारियों को दिए, ताकि अव्यवस्थित वेस्ट डंपिंग पर अंकुश लगाया जा सके। इसके अलावा विकेन्द्रीकृत प्रोसेसिंग फैसिलिटी के भी बेहतर प्रबंधन पर निगमायुक्त ने जोर दिया। उन्होंने कहा कि इनकी निगरानी के लिए भी सीसीटीवी कैमरे लगाए जाने चाहिए।

लीगेसी वेस्ट निष्पादन की समीक्षा के दौरान अधिकारियों ने बताया कि अप्रैल 2023 से अब तक 7 लाख 35 हजार मिट्रिक टन लीगेसी वेस्ट का निष्पादन किया गया है। हालांकि बरसात के कारण निष्पादन प्रक्रिया में थोड़ी कमी आती है। सभी एजेंसियों को निर्देश दिए गए हैं कि वे अपनी पूरी क्षमता के साथ वेस्ट निष्पादन का कार्य करें। मौजूदा समय में 5 एजेंसियां कार्य कर रही हैं तथा 15 लाख मिट्रिक टन कचरे के निष्पादन के लिए अलग से टेंडर प्रक्रिया चल रही है।

# सट्टा खिलाने के आरोप में दो को किया गिरफ्तार

**सोहना।** अपराध शाखा 39 की टीम ने सोहना की एलडीको सोसायटी के फ्लैट में बैठकर ऑनलाइन सट्टा खिलाने के आरोप में दो युवकों को गिरफ्तार किया है। फ्लैट के अंदर से लैपटॉप, प्रिंयटर, बैट्री चार्जर, लैपटॉप चार्जर और मोबाइल फोन बरामद किए है। जिनमें ऑनलाइन खिलाया जाने वाला सट्टा की बनी यूजर आईडी आदि को पकडा है। गुरुवार की रात को अपराध शाखा 39 गुरुग्राम की टीम गश्त कर रही थी। तभी हलदार अभिलाष को सूचना मिली की सोहना की चूंगी नंबर एक के पास बनी एलडीको के फ्लैट नंबर एल-101 में मुकेश कुमार मूल निवासी जिला सरसा तथा हाल निवास एलडीको सोसायटी व सतबीर उर्फ संतू निवासी वार्ड-20 का गांव सांप की नंगली ऑनलाइन सट्टा खिलाने का काम करते है।

# प्रिंस हत्याकांड में गवाहों की हुई गवाही, अगली सुनवाई 14 को

**गुरुग्राम।** दूसरी कक्षा के छात्र प्रिंस हत्याकांड की अतिरिक्त जिला एवं सत्र न्यायाधीश तरुण सिंघल की अदालत में सुनवाई हुई। जिसमें सीबीआई ने चाकू बेचने वाले सोहना के दुकानदार पवन कुमार की गवाही कराई गई। पवन कुमार ने दी गवाही में बताया कि वारदात में जिस प्रकार के चाकू का इस्तेमाल किया गया था, उस प्रकार का चाकू उनकी दुकान में है। आरोपी ने चाकू उनकी दुकान से खरीदा था या नहीं, इसका उन्हें ध्यान नहीं है। अदालत में फॉरेंसिक साइंस के विज्ञानी आयुष्मान राय की गवाही भी कराई। उन्होंने मृतक प्रिंस के खून से तत्कालीन बस सहायक अशोक के खून का मिलान किया था, लेकिन दोनों के खून का मिलान नहीं हुआ। इस मामले में हरियाणा पुलिस ने बस सहायक अशोक को आरोपित मानते हुए गिरफ्तार कर लिया था। सीबीआई जांच में अशोक को निर्दोष पाया गया। विद्यालय के छात्र भोलू (बदला हुआ नाम) को इस मामले में आरोपी मानते हुए गिरफ्तार कर लिया गया था। अदालत ने अब इस मामले में सुनवाई के लिए आगामी 14 अगस्त की तारीख निश्चित कर दी है। सीबीआई ने 132 गवाहों की सूची अदालत में सौंपी हुई है, लेकिन अब तक 12 गवाहों की गवाही पूरी हो पाई है। अदालत में पीड़ित प्रिंस के अधिवक्ता व परिजन तथा आरोपी भोलू व उसके अधिवक्ता आदि भी मौजूद रहे। गौरतलब है कि एक निजी स्कूल में शिक्षा प्राप्त करने वाले दूसरी कक्षा के छात्र प्रिंस की गला रेत कर स्कूल परिसर स्थित शौचालय में हत्या कर दी गई थी। पुलिस ने इस मामले में स्कूल के ही बस कंडक्टर को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया था। जब इस मामले की जांच सीबीआई को सौंपी गई तो सीबीआई ने पुलिस की थ्योरी को बदलते हुए मामले की नई सिरे से जांच की थी। जिसमें स्कूल के 11 वीं कक्षा के छात्र भोलू को इस मामले में गिरफ्तार कर बाल सुधार गृह भेज दिया गया था। अब भोलू को सर्वोच्च न्यायालय ने जमानत दे दी है।

# तिरंगा सम्मान दिवस मनाने आज स्वतंत्रता सेनानी भवन आएं : शील मधुर

पायनियर समाचार सेवा। गुरुग्राम

**राष्ट्रीय** ध्वज के सम्मान के लिए पूर्व पुलिस महानिदेशक शील मधुर लंबे समय से जनजागरण करने के लिए जुटे हैं। 22 जुलाई के दिन को तिरंगा दिवस घोषित कराने के लिए वे राष्ट्रपति, प्रधानमंत्री से आग्रह कर रहे हैं। पूर्व डीजीपी शील मधुर ने कहा कि शनिवार 22 जुलाई को सिविल लाइन स्थित स्वतंत्रता सेनानी भवन में राष्ट्रीय ध्वज तिरंगा के सम्मान में कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है। इस दौरान ध्वज को पुष्पांजलि अर्पित कर सेल्यूट करके राष्ट्रीय ध्वज का जन्म दिवस मनाया जाएगा। उन्होंने बताया कि यह एक अभूतपूर्व ऐतिहासिक अवसर होगा, जब देश में संस्था सादर इंडिया द्वारा सार्वजनिक रूप में बड़े स्तर पर समारोह आयोजित किया जा रहा है। कोरोना काल के मद्देनजर भी उनके द्वारा छोटे स्तर पर वर्ष 2021 और 2022 में भी तिरंगा दिवस मनाया जा चुका है।


पूर्व डीजीपी शील मधुर।

शील मधुर ने बताया कि यह आयोजन एक राष्ट्रीय स्तर का है, जिसमें विशेष कर हरियाणा और एनसीआर क्षेत्र के देश प्रेमी इकट्ठे होकर राष्ट्रीय ध्वज दिवस मनाएंगे। पूर्व डीजीपी ने कहा कि उन्हें उम्मीद है कि सरकार जल्द ही राष्ट्रीय ध्वज दिवस की घोषणा करेगी। साथ ही उन्होंने देश प्रेमी नागरिकों से अपील भी की है कि तिरंगे के सम्मान में एक होकर ध्वज को नमन करें।

# गुरुग्राम में बनेगा भारत अंतरराष्ट्रीय सांस्कृतिक केंद्र, इसी माह शिलान्यास

**गुरुग्राम।** सांस्कृतिक संस्था इंटरनेशनल दिव्य परिवार सोसाइटी का भारत अंतरराष्ट्रीय सांस्कृतिक केंद्र गुरुग्राम में बनाया जाएगा। सेक्टर-9ए में स्थापित होने वाले इस केंद्र का शिलान्यास 29 जुलाई को होगा। इसके लिए 29 से 31 जुलाई तक तीन दिवसीय दिवसीय संस्कृति महोत्सव भी होगा।

केंद्र के महासचिव डाक्टर अमित जैन ने बताया कि भारत के पूर्व राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद, केंद्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी, हरियाणा के राज्यपाल बंडारू दत्तात्रेय, हिमाचल प्रदेश के राज्यपाल शिव प्रताप शुक्ला, बिहार के राज्यपाल राजेंद्र आर्लेकर, नागालैंड के उपमुख्यमंत्री टीआर जेलियांग, आयरलैंड के राजदूत ब्रेंडन वार्ड सहित अनेक विशिष्टजन इस समारोह का हिस्सा बनेंगे। जैन के अनुसार अंडमान निकोबार से लेकर जम्मू-कश्मीर तक के संस्कृति कर्मी इस आयोजन में अपने राज्यों से मिट्टी और जल लेकर शिलान्यास समारोह में भागीदारी करेंगे। संस्कृति महोत्सव के 3 दिनों में आयोजित 6 सत्रों में विभिन्न विषयों पर चर्चा होगी, जबकि 3 सत्र सांस्कृतिक कार्यक्रमों पर केंद्रित रहेंगे।


भारत अंतरराष्ट्रीय सांस्कृतिक केंद्र की स्थापना के कार्यक्रम का हरियाणा के राज्यपाल को निमंत्रण देते केंद्र के पदाधिकारी।

# राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली में आग की आपात स्थिति से लड़ने के लिए निकासी समाधान की आवश्यकता

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

**भारत** की राष्ट्रीय राजधानी, अत्यधिक आबादी वाली है और कई प्राकृतिक और मानव निर्मित आपदाओं से ग्रस्त है; अग्नि आपात्कालीन परिस्थितियां उनमें से एक हैं। हाल ही में गैलेक्सी प्लाजा बिल्डिंग की आग लगने की घटना में हमने देखा है कि कैसे तीसरी मंजिल से लोगों ने अपनी जान बचाने के लिए खिड़की से बाहर कूदने की कोशिश की। परन्तु हमारे बहादुर अग्निशमन कर्मियों ने 20 मिनट में आग पर काबू पा लिया था। इसके अतिरिक्त जून में हुई मुखर्जी नगर की एक अन्य घटना में लोगों को अपनी जान बचाने के लिए इमारत से भागने के लिए रस्सियों और तारों का इस्तेमाल करना पड़ा था।

आंकड़ों के मुताबिक, 2019 से 2020 के बीच आग से जुड़ी 17,231 घटनाएं हुईं, जिनमें 100 लोगों की जान चली गई, जबकि 843 घायल हो गए। 2022 में, दिल्ली अग्निशमन विभाग को आग से संबंधित 16,500 से अधिक कॉल प्राप्त हुईं, जिनमें 82 लोगों की मौत हो गई और 722 घायल हो गए थे। आग की ये घटनाएं दिखाती हैं निकासी समाधान के महत्व को जानने की कितनी आवश्यकता है। क्योंकि आग लगने की आपात स्थिति के दौरान लोगों को तेजी से सुरक्षित बहार निकालना सबसे बड़ा सवाल होता है अग्निशमन दल के सामने। हाल के घटनाओं की बात करे तो यह निश्चित है की ऊंची इमारतों में रहने वाले लोग आग लगने की स्थिति में बचाव की कोई निश्चितता नहीं होने के कारण अपनी जान जोखिम में डाल रहे हैं।



अग्नि सुरक्षा और निकासी विशेषज्ञ डॉ. दीपक मोंगा ने बताया, "अग्नि आपात स्थिति के दौरान, अग्निशामकों के लिए मुख्य चुनौती होती है ऊँची मंजिलों पे पहुंचना। वह लगभग 20 से 30 किलोग्राम अग्निशमन उपकरनो का वजन पीठ पे लेकर शीर्ष मंजिल तक पहुंचते है। यदि दिल्ली महाराष्ट्र की तरह अग्नि निकासी लिफ्ट पर कोई मानदंड या अधिनियम बनाती है, तो अग्निशमन दल व निवासियों का काफी रहत मिलेगी। यह लिफ्ट तेजी से और सुरक्षित निकासी प्रक्रिया में मदद करेगी।

अग्नि निकासी लिफ्ट को जैसी उन्नत तकनीकों के साथ डिज़ाइन किया गया है। यदि इमारत में आग लगती है, तो यह इमारत की अग्नि सुरक्षा प्रणाली टीम/सुरक्षा टीम, लिफ्ट ऑपरेटर और नजदीकी फायर ब्रिगेड कार्यालय को बड़े पैमाने पर संदेश भेजेगा। यह सभी उम्र और क्षमताओं के लोगों को तेजी से निकालता है। चाहे वह शिशु हो या दिव्यांग व्यक्ति, अग्नि निकासी लिफ्ट सभी के लिए है।"

उद्योग विशेषज्ञ डॉ. विक्रम मेहता ने कहा, "भारत की राजधानी को संपत्ति और जीवन के नुकसान से बचने के लिए निकासी समाधान पर निवारक उपाय करने की जरूरत है। शहर में ऊंची इमारतों और पुरानी इमारतों के लिए संकट कॉल से निपटने के लिए पर्याप्त निकासी उपकरण का आकलन करना और स्थापित करना अत्यंत महत्वपूर्ण हो गया है। इसलिए हमें पहले उनकी सुरक्षा के बारे में भी सोचना होगा। यदि दिल्ली में अग्नि निकासी लिफ्ट पर कोई मानक या अधिनियम आता है, तो इससे निवासियों और अग्निशामकों के लिए बहुत बड़ी मदत हो जाएगी।"

# नगर परिषद की स्वीपिंग मशीन सवालों के घेरे में

पायनियर समाचार सेवा। सोहना

**नगर** परिषद की स्वीपिंग मशीन पर सवालिया निशान लगने लगे है। परिषद पार्षद उक्त मशीन के रखरखाव पर खर्च होने वाली राशि से सफाई कर्मी रखने की मांग कर रहे है। परिषद अधिकारी ने पार्षदों को उच्चाधिकारियों से बात करके वापस भेजने का आश्वासन दिया है। नगर परिषद सीमा क्षेत्र में डोर टू डोर सफाई व्यवस्था से लेकर सार्वजनिक स्थानों पर सुबह के समय में लगने वाले कूड़े के ढेरों का समय पर उठाव न होने से नाराज पार्षद अब स्वीपिंग मशीन पर भी सवालिया निशान लगा रहे है। नगर परिषद के वार्ड-16 के पार्षद हरिश नंदा ने कहा कि स्वीपिंग मशीन पर सफाई के नाम पर माह करीब 50 हजार रुपये की राशि खर्च होती है। जबकि उक्त मशीन शहर के दो या तीन मार्ग पर ही सफाईकरती है। शहर के आबादी वाले मार्ग पर एक दिन भी सफाई नहीं कराई गई है। उक्त स्वीपिंग मशीन गुरुग्राम-अलवर राष्ट्रीय मार्ग, नागरिक अस्पताल मार्ग या फिर तावडू मार्ग पर ही सफाईकरने तक सीमित है। पार्षद सुनीता गर्ग का कहना है कि शहीर अंदर की सड़कों पर स्वीपिंग मशीन से सफाईनहीं कराई जाती है।

**सफाई कर्मी रखने की मांग :** वार्ड-7 के पार्षद प्रविन्द्र यादव का कहना है कि जिनती राशि स्वीपिंग मशीन पर हर माह खर्च की जाती है। उतनी राशि पर सफाईकर्मी रखने से सफाईव्यवस्था में सुधार आएगा। जिसे प्रत्येक वार्ड में सफाईकरने वाले कर्मचारियों की संख्या मे बढौत्तरी होगी। जबकि 10 जुलाई को सदन की हुई बैठक में मौजूद सभी पार्षदों ने भी स्वीपिंग मशीन को हटाएं जाने की मांग रखी थी।


सोहना में खड़ी नगर परिषद की स्वीपिंग मशीन।

**कार्यकारी अधिकारी ने दिया आश्वासन :** 10 जुलाई को नगर परिषद की नवनियुक्त कार्यकारी अधिकारी निशा शर्मा ने पहली बार बैठक लेते हुए नाराज पार्षदों से स्वीपिंग मशीन के रखने या न रखने के लिए उच्चाधिकारियों से बात करने और वापस भेजने का आश्वासन दिया था। यह सब पार्षद व अधिकारियों की आपसी समति से समस्या का समाधान करने का आश्वासन दिया था।

# कांदिमा मालदीव, गेम चेंजिंग एम.आई.सी.ई डेस्टिनेशन!

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

**चाहे** आप एक कॉर्पोरेट इंसेंटिव यात्रा/ट्रिप, कॉन्फ्रेंस मीट या एक टीम के रूप में एक साथ यात्रा करने के लिए एक क्वालिटी ब्रेक चाहते हों, यह कांदिमा मालदीव जाने के लिए साल का सबसे सही समय है। एक्साइटिंग लाइफस्टाइल ग्रुप के अनुभवों का एक रोमांचक मिश्रण, सप्ताह के सातों दिन मनोरंजन, बेहतर सुविधाएं और बहुत कुछ मालदीव के यह ट्रापिकल आईलैंड स्वर्ग में आपका इंतजार कर रहा है!

दुनिया भर से आने वाले गेस्ट के साथ, कांदिमा एक आइडियल डेस्टिनेशन है जो आश्चर्यजनक रूप से गर्मजोशी से भरे गेस्ट, सिरीयसली स्टाइलिश स्टूडियो और विला, फ्लेक्सिबल मीटिंग स्थान, व्यंजनों के शानदार विकल्प, मजेदार गतिविधियों की पेशकश करता है जो यात्रियों की अपेक्षाओं को फिर से रेडीफाइन करते हैं। आईलैंड रिसॉर्ट समुद्र तट के 3 किलोमीटर की दूरी पर स्थित है और आपकी टीम को ऊर्जावान बनाने के लिए अनंत संभावनाओं और बेहद मजेदार गतिविधियों के लिए जगह बनाने के लिए असीमित, खुली जगह है! तुरकोईस मालवीयल वाटर्स एक गेम-चेंजिंग लाइफस्टाइल रिजॉर्ट है, जहां डिस्केरनिंग बिजनेस यात्रियों को एक आरामदायक छुट्टी प्रदान करता है। आईलैंड डेस्टिनेशन: देश के सबसे प्राचीन क्षेत्रों में से एक, धालू एटोल में स्थित, कांदिमा, मालेविया सीप्लेन में वेलाना अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे से 35 मिनट दूरी पर छोटी सुंदर उड़ान यात्रा है, जिसके बाद धालू एटोल एयरपोर्ट से 20 मिनट की स्पीडबोट की सवारी होती है। 3 किमी लंबे इस आईलैंड में 264 स्टाइलिश डिजाइन किए गए स्टूडियो और विला, दस एक्ट्राआडिनरी डाइनिंग स्थल और हर उम्र और प्रकार के गेस्ट के लिए विभिन्न प्रकार की मनोरंजक गतिविधियाँ हैं। इसके बड़े प्राकृतिक लैगून और घने ट्रापिकल आईलैंड के वातावरण है जिसके अंदर अनगिनत खोज हैं, इसका जिक्र करना तो असंभव है। रिसॉर्ट आईलैंड खरीदी की बुकिंग भी होती है, जिसमें तकरीबन 700 गेस्ट का आयोजन किया जा सकता है!



मोस्ट अपबिट स्टे: आठ रिफ्रेशिंग अलग-अलग श्रेणियों के कमरे के साथ, कांदिमा में आवश्यकता के अनुसार आदर्श रहने के विकल्पों की एक रेंज है। स्काई और बीच स्टूडियो से लेकर सनसेट एक्वा पूल सूट तक, विला और स्टाइलिश स्टूडियो आरामदायक और स्मार्ट हैं। सभी कमरे के हिस्से, जिसमें इस आईलैंड के रिसॉर्ट के एंट्री लेवल के स्काई और बीच स्टूडियोज शामिल हैं, जिसमें चार वयस्कों को आसानी से ठहरा सकते हैं। अधिक स्थान की तलाश में रहने वालों के लिए, एक लाउंज क्षेत्र से जुड़े आठ 2-बेडरूम परिवार स्काई सुइट्स भी हैं। स्मार्ट हॉलिडे एक्सपीरियंस- कैंडिमा, टेक्नीकल-सेवी कमरे की फिटिंग, 24/7 सर्विस और किसी भी स्थान को वर्कस्टेशन में बदलने के लिए पर्याप्त जगह के साथ स्मार्ट हॉलिडे अनुभव प्रदान करता है। आइलैड रिजॉर्ट का मोबाइल ऐप जिसे के ऐप कहा जाता है, जिससे गेस्ट कांटेक्टलेस चेक-इन और चेक-आउट करते है, यह यात्रा कार्यक्रम देखने और रिज़ॉर्ट सुविधाओं के बारे में जानकारी, रेस्तरां बुक करने और बहुत कुछ करने की अनुमति देता है।

कांदिमा ने भी प्रथम बार पूर्णत: इमरसिव वर्चुअल प्लेटफॉर्म डी.आई.वी.ई. (डिजिटली इमरसिव वर्चुअल अनुभव) का शुभारंभ किया, जहाँ केक्रू इंटरैक्टिव डिजिटल विजिट और मार्गदर्शित समूह यात्राएँ प्रदान कर सकते हैं, जहाँ इवेंट प्लैनर्स और कॉर्पोरेट्स आईलैंड के कमरों और सुविधाओं को 360 दृश्यों में खोज सकते हैं, सवाल पूछ सकते हैं और तत्काल फीडबैक प्राप्त कर सकते हैं। व्यापार के लिए यहां( हियर फ़ोर बिज़नेस ) दी केक्रू आपके इच्छुक यात्रा योजना, छोटे पार्टियों से लेकर बड़े टीम बिल्डिंग गतिविधियों और फैशनेबल गाला डिनर या इवेंट्स जैसे किसी भी यात्रिक्रम को अनुकूलित किया जा सकता है।

# यमुना किनारे बाढ़ का पानी कम होने के बाद बिजली संकट बढ़ा

**पायनियर समाचार सेवा।** फरीदाबाद

**यमुना** तटबंध के अंदर बसी कॉलोनियों में बाढ़ के बाद अब बिजली संकट आ गया है। बिजली आपूर्ति ठप होने के बाद यहां के लोग अपने इनवर्टर की बैटरी चार्ज करवाकर गर्मी से बचने के लिए पंखे चला रहे हैं। कुछ लोगों को दक्षिण हरियाणा बिजली वितरण निगम ने यहां बिजली कनेक्शन भी जारी किए हुए हैं, फिर भी बिजली आपूर्ति ठप है। शिकायत करने के बाद भी बिजली विभाग की तरफ से बिजली आपूर्ति नहीं की जा रही है।

गांव बसंतपुर में यमुना तटबंध के अंदर छह कॉलोनियां बसी हुई हैं। यहां पर कुछ ही लोगों को बिजली कनेक्शन मिले हुए हैं, जबकि जिन हजारों लोगों को बिजली कनेक्शन नहीं मिले हैं, वे भी अपने घरों में बिजली उपकरण चला रहे हैं। बिजली निगम के मुताबिक, यहां बिजली चोरी होती है। यमुना में उफान आने पर तटबंध के अंदर बसी कॉलोनियों में बाढ़ आ गई थी। यहां एक युवक की करंट लगने से भी मौत हो गई थी। इसके बाद दक्षिण हरियाणा बिजली वितरण निगम ने इस इलाके की बिजली आपूर्ति बंद कर दी थी। इसके बाद इस इलाके में बिजली नहीं है।

**कनेक्शन के बाद भी बिजली नहीं** : शिव एंक्लेव पार्ट-तीन निवासी अभिजीत आनंद बताते हैं कि दक्षिण हरियाणा बिजली वितरण निगम ने उन्हें इस इलाके में बिजली कनेक्शन भी दिया हुआ है। वे बिजली बिल भी भरते हैं, लेकिन जब से बाढ़ आई है, तब से उनके इलाके की बिजली गुल हो गई है। बिना बिजली के लोग सो भी नहीं पा रहे हैं।



**पानी मोटर चलाने के लिए किराए पर ला रहे जनरेटर** : बिजली न आने पर यहां के लोग अपने घरों के टैंक में पानी भरवाने के लिए किराए पर जनरेटर ला रहे हैं। जनरेटर वाला 100-200 रुपये लेकर पानी की मोटर चलाकर टैंक भर रहा है। शिव एंक्लेव पार्ट-तीन निवासी मोना ने बताया कि मोहल्ले के लोग इकट्ठे होकर जनरेटर किराए पर ला रहे हैं। उनके पास बिजली कनेक्शन नहीं है। उधर, इस इलाके में रहने वाले लक्की ने बताया कि बिजली न आने पर पूरी कॉलोनी बेहाल है। अब दुकान पर जाकर इनवर्टर की बैटरी को चार्ज करवाकर काम चलाया जा रहा है।

**भूमिगत केबलों को काट दिया था बिजली निगम ने** : यमुना में बाढ़ आने के बाद 12 जुलाई को करंट लगने से एक युवक की मौत हो गई थी। इसके बाद बिजली निगम की टीम ने कॉलोनियों में जा रहीं भूमिगत बिजली केबलों को काट दिया था। इस्माइलपुर बिजली उपमंडल के एसडीओ हेमंत शर्मा ने बताया कि यमुना के तटबंध के अंदर बसी कॉलोनियों में बिजली चोरी हो रही है। बिजली निगम की ओर से यहां पर बिजली लाइन नहीं खिंची गई है।

> “**पूर्व** में लोगों ने किसी दूसरे वैध इलाके का नाम बताकर इस अवैध इलाके में बिजली कनेक्शन ले लिए थे, लेकिन इन कनेक्शन की संख्या 20 के आसपास ही है। यह अवैध इलाका है। यहां बिजली चोरी होती है। यहां पानी भरा हुआ है। करंट लगने की वजह से बिजली चालू नहीं की जा रही है। बिजली चालू करने के बारे में डीसी से बात की जा रही है। इसके बाद ही बिजली चालू होगी।
>
> **-नरेश कक्कड़, अधीक्षण अभियंता, दक्षिण हरियाणा बिजली वितरण निगम**

# हनीट्रेप गिरोह ने बुजुर्ग को फंसा अश्लील वीडियो बनाकर 22 लाख हड़पे

## पांच बीघा जमीन भी करा ली नाम, तीन महिलाओं समेत आठ पर केस

**पायनियर समाचार सेवा।** पलवल

**70 साल** के एक बुजुर्ग की अश्लील वीडियो बनाकर उसे हनी ट्रेप में फंसाकर उसकी पांच बीघा जमीन और 22 लाख 55 हजार रुपए हड़प लिए। बुजुर्ग की बेटी को पिता के साथ हुई वारदात का पता चला तो अपने पति को बताया। इसके बाद मामला पुलिस की जानकारी में लाया गया। बहीन थाना पुलिस ने बुजुर्ग के दामाद की शिकायत पर तीन महिलाओं सहित आठ के खिलाफ केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी है।



बहीन थाना प्रभारी सुरेंद्र सिंह के अनुसार जिला मथुरा (यूपी) लालपुर गांव निवासी सिकंदर ने दी शिकायत में कहा है कि उसकी शादी नांगलजाट गांव निवासी बृजलाल (70) की लड़की से हुई है। उसकी पत्नी ने उसे बताया कि तीन महिलाओं तथा कुछ लोगों ने उसके पापा को बलात्कार के झूठे केस में फंसाने की धमकी देकर नौ कनाल 13 मरला जमीन धोखे से अपने नाम करा ली है। 22 लाख 55 हजार रुपए भी हड़प लिये हैं।

शिकायत में कहा है कि ससुर बृजलाल अनपढ़ व मंदबुद्धि किस्म के हैं। आरोपी दो महिलाओं ने उसके ससुर को बहला फुसलाकर बुलाया और बैड पर गिरा कर अश्लील वीडियो बना ली। इसके बाद धमकी दी कि या तो 30 लाख रुपए दे नहीं तो वीडियो को पुलिस को देकर तुझे जेल भिजवा देंगे।

शिकायत में कहा है कि 18 मई को महिलाओं ने संजीत के द्वारा उसके ससुर को अपने घर बुलाया। जहां पहले से ही एक महिला व महेश, तरुण, चेतराम और योगेश मौजूद थे। आरोपियों ने उसके ससुर पर झूठे केस में फंसाने का दबाव बनाकर पांच बीघा जमीन अपने नाम करा ली। साथ ही 22 लाख 55 हजार रुपए उनके खाते से चेक द्वारा नकद निकलवा कर हड़प लिए।

शिकायत में सिकंदर ने आरोप लगाया है कि आरोपी महिलाओं ने कई लोगों के साथ मिलकर हनी ट्रेप में फंसाने की एक गैंग बनाई हुई है। गैंग ने जिले के विभिन्न थानों में आधा दर्जन से अधिक लोगों के खिलाफ झूठे मुकदमे दर्ज कर रुपए ऐंठे हैं। पुलिस इनके द्वारा कराए गए मुकदमों को एफआईआर नंबर देते हुए जांच करने की मांग की है। ताकि गैंग का पर्दाफाश हो, झूठे केसों में फंसाए गए लोगों को न्याय मिल सके और दोषियों को सख्त से सख्त सजा।

पुलिस की जांच में बृजपाल के साथ धोखाधड़ी से व झूठे बलात्कार के मुकदमें में फंसाने की धमकी देकर 22 लाख 55 हजार रुपए व 9 कनाल 13 मरला जमीन हड़पना सही पाया गया है। पुलिस ने केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

# दूसरे की नंबर प्लेट लगा चला रहा था गाड़ी, केस दर्ज

## बार-बार चालान आने से परेशान था मालिक, गाड़ी का फोटो दिखा तो आया पकड़ में



**पायनियर समाचार सेवा।** पलवल

**अपनी** गाड़ी पर दूसरी गाड़ी की फर्जी तरीके से नंबर प्लेट लगाकर चलाने का मामला सामने आया है। पुलिस ने गाड़ी मालिक की शिकायत पर फर्जी नंबर प्लेट लगाकर गाड़ी चला रहे व्यक्ति के खिलाफ धोखाधड़ी का केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी है।

कैंप थाना प्रभारी सत्यनारायण के अनुसार, कुसलीपुर गांव निवासी रामरतन ने दी शिकायत में कहा है कि उसके पास आयसर कैंटर है। वह स्वयं उसका मालिक है। आरोप है कि उसके इसी नंबर की फर्जी नंबर प्लेट तैयार कर लुलवाड़ी गांव निवासी देवेंद्र अपनी गाड़ी चला रहा था। उसके पास काफी समय में मोबाइल पर चालान कटने का मैसेज आता था, जबकि उस समय उसकी गाड़ी घर पर खड़ी होती थी।

वह मैसेज देखकर परेशान होता, ऐसा पिछले एक वर्ष से हो रहा था। शिकायत में कहा है कि मैसेज आने के बाद वह पुलिस को बताता था कि उसकी गाड़ी तो घर खड़ी हुई है, फिर चालान कैसे कट गया। पुलिस कहती थी कि गाड़ी यहां आई है, तभी तो चालान कटा है। पुलिस ने घर पर जाकर तो चालान नहीं काटा है। उसे बार-बार चालान भरना पड़ रहा था। इसी दौरान एक चालान नोएडा में बीटा थाना के पास कटा तो वो चालान ऑनलाइन होने के कारण उपरोक्त गाड़ी का फोटो आ गया। तब उसे पता चला कि किसी ने उसकी फर्जी नंबर प्लेट अपनी गाड़ी पर लगाई हुई है।

# संस्था ने मोबलीपुर में बाढ़ पीड़ितों को सामान वितरित किया



**पलवल।** रोटरी क्लब फरीदाबाद हैप्पीनेस द्वारा गांव मोबलीपुर (मुस्तफाबाद) में बाढ़ पीड़ितों को खाना व जरूरत का सामान वितरित किया गया। वहीं क्लब द्वारा बाढ़ पीड़ित महिलाओं को साईं धाम फरीदाबाद के संयुक्त तत्वावधान में सेनेटरी पैड 70 से 80 महिलाओं को मुफ्त वितरित किए गए।

रोटरी डिस्ट्रिक्ट-3011 से डिस्ट्रिक्ट चेयर एडमिन डॉ. अंजली जैन ने बाढ़ पीड़ित महिलाओं को सेनेटरी पैड का उपयोग व वूमेन हाइजीन के बारे में जानकारी दी। उन्होंने कहा महिलाओं व 14 वर्ष की लड़कियों को सेनेटरी पैड का इस्तेमाल करना चाहिए। जिससे भयंकर से भयंकर बीमारी व महामारी से बचा जा सकता है, जिसकी हम कभी कल्पना भी नहीं कर सकते। रोटरी डिस्ट्रिक्ट-3011 जनहित कार्यों के लिए हमेशा तत्पर रहता है, कहीं भी किसी को जरूरत हो, बढ़-चढ़कर दूसरों की मदद करता है। वहीं क्लब की प्रधान पूजा गुप्ता ने भी अपने विचार रखे। उन्होंने कहा कि महिलाओं व लड़कियों को साईं धाम फरीदाबाद की तरफ से एक साल के लिए सेनेटरी पैड बिल्कुल मुफ्त दिए जाएंगे। उन्होंने कहा रोटरी क्लब फरीदाबाद हैप्पीनेस जनहित सेवा के लिए हमेशा आगे रहता है।

# जीवन ज्योति स्कूल के अनुज साहू का साइंटिस्ट के लिए हुआ चयन

**पायनियर समाचार सेवा।** पलवल

**हाल** ही में घोषित राष्ट्रीय प्रवेश पृथक्करण परीक्षा में जीवन ज्योति स्कूल पलवल के बारहवीं कक्षा के छात्र अनुज साहू ने टैस्ट उत्तीर्ण कर साइंटिस्ट बनने के लिए अपना स्थान पक्का किया है। अब यह छात्र साइंटिस्ट बन देश की सेवा करेगा। जीवन ज्योति स्कूल में अनुज साहू व उनके अभिभावकों को मिठाई खिलकर बधाई दी।



स्कूल प्रबंधक वीरेंद्र गहलौत ने बताया कि राष्ट्रीय प्रवेश पृथक्करण परीक्षा भारत में प्रतिवर्ष होने वाली एक महाविद्यालय प्रवेश परीक्षा है। इस परीक्षा की मेरिट के आधार पर राष्ट्रीय विज्ञान शिक्षा एवं अनुसंधान संस्थान भुवनेश्वर तथा मौलिक विज्ञान प्रकर्ष केंद्र मुंबई में प्रवेश दिया जाता है। संपूर्ण भारत में दो ही संस्थान हैं, जो छात्रों को परीक्षा उत्तीर्ण करने के उपरांत मैरिट के आधार पर दाखिला देते हैं। मैरिट के आधार पर अनुज साहू का चयन भुवनेश्वर महाविद्यालय में हुआ है। अनुज साहू का परिवार हरियाणा के नूंह जिले से संबंध रखता है तथा अनुज के पिता स्वयं मुख्यमंत्री हरियाणा सरकार की फ्लाइंग दस्ते में कार्यरत हैं। अनुज की मम्मी गृहणी हैं। अनुज के परिवार में बड़ी बहन कोमल साहू तथा बडा भाई पंकज साहू भी जीवन ज्योति स्कूल के टॉपर छात्र रहे हैं तथा वह भी सिविल सर्विसिज की तैयारी कर रहे हैं। अनुज ने मार्च 2023 में सीबीएसई बोर्ड से अपनी बारहवीं की परीक्षा उत्तीर्ण की है। प्रबंधक ने अनुज साहू, उनके अभिभावकों तथा अध्यापकों की बधाई दी तथा अनुज साहू के उज्ज्वल भविष्य की कामना की व आगे बढ़ने की प्रेरणा दी।

# खेल प्रतियोगिता व नुक्कड़ सभा से नशे के खिलाफ जागरूक किया

**फरीदाबाद।** हरियाणा उदय कार्यक्रम के तहत थाना प्रबंधक सेक्टर-17 तथा उनकी की टीम द्वारा वाईएमसीए स्पोर्ट कांपलेक्स सेक्टर-17 में फुटबॉल मैच व नुक्कड़ सभा के माध्यम से आमजन को नशे के प्रति जागरूक किया। पुलिस प्रवक्ता सूबे सिंह ने बताया कि हरियाणा सरकार द्वारा चलाए गए हरियाणा उदय कार्यक्रम के अंतर्गत थाना सेक्टर-17 की टीम आमजन को जागरूक करने के लिए वाईएमसीए स्पोर्ट कांपलेक्स सेक्टर-17 में फुटबॉल मैच प्रतियोगिता एवरेस्ट टीम के कोच नासिर हुसैन व वाईएमसीए टीम के कोच राजेंद्र सिंह की टीमों के बीच कराई गई। इस मुहिम के दौरान युवाओं को समाज में नशे से होने वाले दुषप्रभाव के बारे में जागरुक किया गया। युवाओं को साइबर अपराध, डायल-112 की उपयोगिता के बारे में भी जानकारी दी गई। टीम द्वारा नशे के दुष्प्रभाव बताए।

# कॉलेजों में की जाएगी यातायात नियमों के प्रति जागरुकता प्रतियोगिता

## पुलिस अधिकारियों ने शिक्षण संस्थाओं के प्रतिनिधियों के साथ की बैठक

**पायनियर समाचार सेवा।** फरीदाबाद

**अमित** यशवर्धन पुलिस उपायुक्त यातायात ने लघु सचिवालय में जिले के सरकारी कॉलेज व प्राइवेट शिक्षा विभाग के प्रोफेसर के साथ एक सुनियोजित तरीके से प्रतियोगिता आयोजित कराने के लिए मीटिंग की। जिससे छात्रों को यातायात नियमों से जागरुक किया जा सके। इस मीटिंग में एसीपी ट्रैफिक विनोद कुमार व ट्रैफिक स्टाफ के साथ सतयुग दर्शन इंस्टीट्यूट ऑफ एजुकेशन से डॉ. अमृता कुमारी, मानव रचना इंटरनेशनल इंस्टीट्यूट एंड रिसर्च स्टूडियो से डॉ. गुरजीत कौर, केएल मेहता डीएन कॉलेज से डॉ. मधु सिंह, रेखा, अग्रवाल कॉलेज से डॉ. पवन गुप्ता, जीसी मोहना से पूजा शर्मा, जेसी बोस यूनिवर्सिटी से डॉ. ओपी मिश्रा, गवर्नमेंट गर्ल कॉलेज नाचोली से सुशील कुमार वर्मा, गवर्नमेंट कॉलेज फरीदाबाद से डॉ दुर्गेश, पंडित एनआर कॉलेज इत्यादि से अन्य प्रोफेसर ने मीटिंग में हिस्सा लिया। मीटिंग में बच्चों को सड़क सुरक्षा नियमों की जानकारी प्रदान करके फरीदाबाद को एक्सीडेंट फ्री बनाने पर विचार विमर्श किया गया। सड़क सुरक्षा प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता को आयोजित करने के लिए प्रत्येक कॉलेज में समन्वयक नियुक्त किया जाएगा। जिसकी देखरेख में प्रत्येक कॉलेज के छात्र छात्रा इस प्रतियोगिता में भाग लें। फरीदाबाद पुलिस द्वारा भी समय-समय पर स्कूलों में यातायात नियमों के प्रति जागरूकता प्रोग्राम आयोजित कराए जाते हैं। जिसके माध्यम से छात्र-छात्राओं को यातायात नियमों की पूर्ण जानकारी दी जाती है। उन्होंने बताया कि प्रतियोगिता के माध्यम से छात्रों को जागरूक करना आसान होता है और छात्रों को भी इससे नियमों को समझने में आसानी होती है। जिससे वह सड़क पर यात्रा करते समय उन बातों का ध्यान रखकर अपना बचाव कर सकते हैं।



# राष्ट्रीय बाल पुरस्कार के लिए एक सितंबर तक करें आवेदन

**पलवल।** उपायुक्त नेहा सिंह ने बताया कि भारतीय बाल कल्याण परिषद नई दिल्ली द्वारा अलौकिक वीरता का कार्य करने वाले बच्चों को राष्ट्रीय बाल पुरस्कार से सम्मानित करने के संबंध में दिशा-निर्देश प्राप्त हुए हैं।

उन्होंने बताया कि जिला पलवल में छह से 18 वर्ष की आयु वर्ग तक के लड़के व लड़कियों ने पिछले एक जलाई 2022 से 30 सितंबर 2023 तक अदम्य साहस का परिचय दिया हो, वह आवेदन करने के लिए पुराना जीटी रोड स्थित जिला बाल कल्याण परिषद में संपर्क कर सकते हैं। जिला बाल कल्याण अधिकारी सुरेखा डागर ने बताया कि अदम्य साहस का कार्य करने वाले बच्चों के नाम भारतीय बाल कल्याण परिषद नई दिल्ली को भेजे जाएंगे तथा राष्ट्रपति द्वारा इन बच्चों को पुरस्कृत किया जाएगा। राष्ट्रीय बाल पुरस्कार के लिए आवेदन करने की अंतिम तिथि एक सितंबर 2023 निर्धारित की गई है।

# अग्रवाल महाविद्यालय का छात्र शुभम बीसला बना विश्व चैंपियन



**फरीदाबाद।** अग्रवाल महाविद्यालय बल्लभगढ़ के निशानेबाज शुभम बीसला ने भारत का नेतृत्व करते हुए चंगवो कोरिया में आयोजित वर्ल्ड जूनियर चैंपियनशिप प्रतियोगिता मे 10 मीटर एयर पिस्टल टीम में रजत पदक तथा इंडिविजुअल में गोल्ड मेडल जीत कर सर्वश्रेष्ठ शूटर का खिताब प्राप्त किया। इस प्रतियोगिता का आयोजन 14 जुलाई से 25 जुलाई तक हुआ। इसमें लगभग 45 देशों की टीमों ने भाग लिया। अग्रवाल विद्या प्रचारिणी सभा के प्रधान देवेंद्र गुप्ता और महाविद्यालय प्राचार्य डॉ. कृष्णकांत गुप्ता ने विजेता छात्र शुभम बीसला को महाविद्यालय परिसर में आमंत्रित कर फूल व ढोल से जोरदार स्वागत किया एवं इस महान उपलब्धि के लिए बधाई दी व कहा कि शुभम आने वाले खिलाड़ियों के लिए प्रेरणा का स्त्रोत बनेंगे। प्राचार्य ने इस अविस्मरणीय जीत के लिए निरंतर मेहनत व लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए दृढ़ निश्चय को सफलता का मूल मंत्र बताया और कहा शुभम की इस उपलब्धि के लिए उनके कोच राकेश और दीपक को भी इसका श्रेय जाता है। साथ ही प्राचार्य ने महाविद्यालय के शारीरिक शिक्षा विभाग के प्राध्यापक डॉ. जगबीर सिंह, खेलकूद के संयोजक डॉ. केएल कौशिक, डॉ. मनोज शुक्ला, डॉ. नरेश कमरा, डॉ. जयपाल सिंह, डॉ. गीता गुप्ता को बधाई दी।

## संक्षिप्त समाचार

### कर्मचारियों ने मांगों को लेकर किया सांकेतिक प्रदर्शन



**पलवल।** हरियाणा गवर्नमेंट पीडब्लूडी मैकेनिकल वर्कर्स यूनियन के पब्लिक हेल्थ ब्रांच पलवल के कर्मचारियों ने कार्यकारी अभियंता के कार्यालय पर वेतन न मिलने पर सांकेतिक प्रदर्शन किया। जिसमें कार्यकारी अभियंता ने प्रदर्शन कर रहे कर्मचारियों को उच्च अधिकारियों से बात करके आश्वासन दिया कि दो दिन में आपके वेतन का भुगतान करवा दिया जायेगा। कर्मचारियों को संबोधित करते हुए मैकेनिकल वर्कर्स यूनियन के राज्य उपप्रधान राकेश तंवर, प्रांतीय प्रैस सचिव योगेश शर्मा, ब्रांच सचिव रामजीत राणा ने कहा कि अधिकारी की बातों का विश्वास करते हुए सभी कर्मचारी अपने काम पर लौटे। अगर 23 जुलाई तक कर्मचारियों के वेतन का भुगतान नहीं हुआ तो 24 जुलाई से कर्मचारी कार्यकारी अभियंता के कार्यालय पर फिर धरने देने पर मजबूर होंगे, जिसकी जिम्मेदारी विभागीय अधिकारियों की होगी। राकेश तंवर ने बताया कि कौशल रोजगार निगम के तहत पब्लिक हेल्थ में पिछले लंबे समय से कार्यरत कर्मचारियों की पोस्टो में भी बदलाव कर दिया गया है। जो कर्मचारी पिछले आठ-दस सालों से काम कर रहे हैं, उनका समय कम दिखाया गया है और अपने चहेते कर्मचारियों को ज्यादा समय दिखाया गया है, जिसमें कर्मचारियों के वेतन में भी अंतर आया है। योगेश शर्मा ने बताया कि प्रदेश में हरियाणा मिनिस्ट्रियल स्टाफ एसोसिएशन संबंधित सर्व कर्मचारी संघ हरियाणा के सभी विभागों के क्लर्कों कि हड़ताल 12 जुलाई से लगातार चली हुई है, लेकिन सरकार बात करने को तैयार नहीं। जिससे कौशल रोजगार निगम पर कार्यरत कर्मचारियों के वेतन रुकने सहित आम जनता के कार्य भी नहीं हो पा रहे हैं।

### गोविंदराम सर्वसम्मति से स्कूल प्रबंधन समिति प्रधान नियुक्त




**पलवल।** शहीद नायक राजेंद्र सिंह राजकीय मॉडल संस्कृति वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय हथीन में सांझी सभा कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें स्कूल प्रबंधन समिति की कार्यकारिणी का गठन किया गया। जिसमें सर्वसम्मति से गोविंदराम को प्रधान नियुक्त किया गया। इस मौके पर प्रिंसिपल कंवरभान यादव ने कहा कि बिना अभिभावकों के सहयोग के कोई भी संस्थान सफल नहीं हो सकती। अभिभावकों के सहयोग से ही विद्यालय में पढ़ाई के लिए उचित माहौल बन पाता है और सभी छात्रों का भविष्य उज्ज्वल होता है। उन्होंने कहा कि एसएमसी में 50 प्रतिशत महिलाओं की भागीदारी सुनिश्चित की गई है। नवनियुक्त प्रधान गोविंदराम ने कहा कि जो जिम्मेदारी उन्हें सौंपी है, उसका पूरी निष्ठा से वहन करेंगे। समिति में पूर्व शिक्षाविद बिजेंद्र शास्त्री, समाजसेवी सुभाष गोयल, अशोक कुमार, गजराज आर्य, हेमंत राजपूत, सोनूपाल, करणपाल, भारती राय, कविता, नैना, सविता, लक्ष्मी, रोशनी, रिहाना, वरिष्ठ प्रवक्ता राजेश देवी, वरिष्ठ अध्यापिका चंद्रिका, मेघा बेदी एबीआरसी व सीडब्ल्यूएसएन पेरेंट्स को सदस्य नियुक्त किया है। इस मौके पर उप-प्रधानाचार्या सत्यवती देवी, सुनील कुमार, तौफीक हुसैन, अंजुबाला, संदीप कुमार, हितेश कुमार, जयपाल, कौशल किशोर, संजीव कुमार व अभिभावक रविंद्र, गोपाल कृष्ण, योगेंद्र नंबरदार, लखन सहित अनेक अभिभावक मौजूद रहे।

### बिना सर्जरी के मरीज की छोटी आंत से निकाली कैंसर की गांठ



**फरीदाबाद।** सिंगरौली मध्य प्रदेश के रहने वाले 50 वर्षीय राकेश कुमार को कुछ महीनों से पेट दर्द और लगातार उल्टी की शिकायत थी। जिसके चलते एशियन अस्पताल में अपना इलाज कराने आए जांच के दौरान पता चला कि राकेश की छोटी आंत के शुरुआती हिस्से में दो सेंटीमीटर की एक गांठ है। जिसके चलते उन्हें पेट दर्द और उल्टी की समस्या हो रही है। डॉ. अमित मिगलानी एशियन अस्पताल के गैस्ट्रो विभाग के निदेशक ने बताया कि अमूमन ऐसे मरीजों में आंतों के ट्यूमर को निकालने के लिए पेट पर लंबा कट लगाकर ऑपरेशन करना पड़ता है। लेकिन एंडोस्कोपिक फुल-थिकनेस रिसेक्शन (एफटीआर) की नई तकनीक के जरिए बिना किसी ऑपरेशन के मरीज की गांठ मुंह के जरिए एंडोस्कोप डालकर ही निकाल दी। यह फरीदाबाद में किया जाने वाली पहली प्रक्रिया है। डॉ. अमित मिगलानी ने बताया कि यह गांठ एडोस्कोपिक प्रक्रिया के जरिये पूरी तरह निकल दी जाती है। इसलिए मरीज को कीमोथेरेपी या रेडिएशन लेने की जरुरत नहीं पड़ती। मरीज राकेश ने कहा कि वह अब पूरी तरह स्वस्थ्य हैं व डॉक्टर और उनकी टीम का धन्यवाद करते हैं।

### राज्य प्रधान ने आंदोलन में पहुंच कर्मियों का उत्साह बढ़ाया



**पलवल।** क्लेरिकल एसोसिएशन वैलफेयर सोसायटी द्वारा 35,400 के मूल वेतनमान की मांग को लेकर चल रहा लिपिकों की हड़ताल में आंदोलन के सूत्रधार राज्य प्रधान विक्रांत तंवर ने पहुंचकर उत्साह बढ़ाया। उनके साथ कोर कमेटी के अध्यक्ष नेत्रपाल, अमित कुमार भी मौजूद थे। विक्रांत तंवर ने कहा कि हमारी लड़ाई किसी व्यक्ति विशेष या किसी राजनैतिक पार्टी से नहीं है। हमारा विरोध हरियाणा सरकार से है, जिसने अनेक शांतिपूर्ण ज्ञापनों के बावजूद लिपिकों की कार्य समीक्षा के आधार पर 35,400 के वेतनमान संबंधी कोई सकारात्मक पहल नहीं की है। जब तक हमारा वेतनमान 19,900 से 35,400 नहीं किया जाता है, तब तक यह अनिश्चितकालीन आंदोलन चलता रहेगा। आंदोलन की अध्यक्षता हरियाणा रोडवेज के प्रधान भीम पोसवाल ने की। इस दौरान मंच पर सीएडब्ल्यूएस के जिला प्रधान उमेश सहरावत और जिला संयोजक विजय कश्यप, हेमसा के जिला प्रधान राजबहादुर रावत, बिजेंदर सिंह कुमिया, जोगेंद्र चौहान, टेकचंद, नेपाल, लोकेश सहरावत आदि के साथ अनेक लोग मौजूद थे।

### योग की टीम ने स्कूल में किया पौधारोपण




**पलवल।** जिला योगासन स्पोर्ट्स एसोसिएशन पलवल के तत्वावधान में योगाचार्य गुरमेषसिंह के सानिध्य में पर्यावरण बचाओ मुहिम महा अभियान के तहत सेंट सीआर सीनियर सेकेंडरी स्कूल अलीगढ़ रोड पलवल में पौधारोपण किया गया। कार्यक्रम स्कूल चेयरमैन व अध्यक्ष प्राइवेट स्कूल एसोसिएशन सतबीर पटेल की अध्यक्षता में किया गया। उनके आह्वान पर सभी छात्र छात्राओं ने आसपास गांव गांव में पर्यावरण बचाने की इस मुहिम को चलाने का संकल्प भी लिया। इस अभियान के अंतर्गत स्कूल में बरगद, गुलमोहर, पीपल, नीम, जामुन, अमरूद, अर्जुन, आंवला के पौधे लगाए।

पायनियर
नई दिल्ली, शनिवार, 22 जुलाई, 2023



## मानसून सत्र
### महत्वपूर्ण मुद्दे

**संसद** का मानसून सत्र हंगामेदार होने की आशंका है क्योंकि इसमें विपक्ष के दृष्टिकोण से अनेक विवादास्पद विधेयकों के साथ मणिपुर की स्थिति पर भी चर्चा होगी। संभवत: यह मोदी सरकार का अंतिम मानसून सत्र होगा क्योंकि अगले साल मई में आम चुनाव होने हैं। अनेक मुद्दों पर नरेन्द्र मोदी सरकार तथा हाल ही में 'एकजुट' हुए विपक्ष के बीच टकराव के एक और दौर का मंच सज गया है। 23 दिनों तक चलने वाले इस सत्र में 17 बैठकें होंगी। सत्र की शुरुआत पुराने संसद भवन में हुई है, हालांकि 11 अगस्त को समापन के समय इसके नए संसद भवन में होने की उम्मीद है। वर्तमान समय में चर्चा का सबसे बड़ा मुद्दा मणिपुर है जहां पिछले ढाई महीने से अशांति है और अब भी वहां हिंसा जारी है। विपक्ष अपने सारे प्रयास कर हिंसा पर नियंत्रण में विफलता के लिए सरकार को जिम्मेदार ठहराएगा। हालांकि, सरकार ने इस मुद्दे पर चर्चा स्वीकार की है तथा मणिपुर में धीरे-धीरे शांति स्थापित हो रही है। उल्लेखनीय है कि संसद सदस्यता से अयोग्य ठहराए गए कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी सत्र में नहीं होंगे। सरकार की इस सत्र में सात विधायकों को पास कराने के साथ ही 21 नए विधायनों का प्रारूप रखने की योजना है। इनमें डिजिटल व्यक्तिगत डेटा सुरक्षा विधेयक तथा दिल्ली राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र पर संशोधन विधेयक शामिल हैं। पहले समान नागरिक संहिता पर इस सत्र में विधेयक लाने के बारे में अफवाहें थीं, पर विधि आयोग द्वारा जनता के सुझाव प्राप्त करने की तिथि 28 जुलाई तक बढ़ाने के बाद अब इसकी संभावना नहीं है। संसद सत्र का सुचारु संचालन सुनिश्चित करने के लिए एक सर्वदलीय बैठक बुलाई गई है, पर इसकी संभावनायें बहुत कम हैं। प्रबल संभावना है कि विपक्ष सरकार को मूल्यवृद्धि, बेरोजगारी तथा राजनीतिक विरोधियों के खिलाफ केन्द्रीय एजेंसियों के कथित दुरुपयोग पर घेरने का प्रयास करेगा।



इस सत्र में विचार तथा मंजूरी के लिए अनेक महत्वपूर्ण विधेयक रखे जाएंगे। इनमें जैव विविधता संशोधन विधेयक 2022, जन विश्वास प्राविधान संशोधन विधेयक 2023, बहु-राज्य कोआपरेटिव सोसाइटी संशोधन विधेयक 2022, वापसी एवं संशोधन विधेयक 2022, मध्यस्थता विधेयक 2021, डिजिटल व्यक्तिगत डेटा सुरक्षा विधेयक 2023 तथा राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र दिल्ली सरकार संशोधन विधेयक, 2023-जीएनसीटी शामिल हैं। अंतिम दो विधेयकों पर तीखी बहस होने की उम्मीद है। जीएनसीटी विधेयक उस अध्यादेश के स्थान पर लाया जा रहा है जिससे दिल्ली में तैनात नौकरशाहों के संबंध में दिल्ली सरकार की शक्तियां कम होंगी। विपक्ष तथा आम आदमी पार्टी-आप का कहना है कि इस अध्यादेश ने सर्वोच्च न्यायालय के उस फैसले को प्रभावी रूप से निरर्थक कर दिया था जिसने सिविल सर्विस मामलों में दिल्ली सरकार को ज्यादा विधायी व प्रशासनिक शक्तियां दी थीं। दिल्ली अध्यादेश के मामले पर दोनों सदनों में तीखी बहस की संभावना है। महीनों से दिल्ली के मुख्यमंत्री तथा आप नेता अरविंद केजरीवाल राज्यसभा में इस अध्यादेश संबंधी विधेयक को अस्वीकार कराने के प्रयास कर रहे हैं। उनके काफी प्रयासों के बाद कांग्रेस ने दिल्ली सरकार के समर्थन की घोषणा की है क्योंकि उसके विचार से यह अध्यादेश 'निर्वाचित सरकार के संवैधानिक अधिकारों तथा उसके दायित्वों में कटौती करता है।' सरकार का कहना है कि दिल्ली के राष्ट्रीय राजधानी होने के कारण समुचित प्रशासनिक व्यवस्था सुनिश्चित करने के लिए यह विधेयक जरूरी है। ऐसे में संसद का मानसून सत्र हंगामेदार होने की सारी संभावनायें हैं।

# बाघ संरक्षण योजना का यथार्थ

बाघों की संख्या में वृद्धि से इसके संकेत नहीं मिलते हैं कि बाघ संरक्षण मोर्चे पर सब कुछ ठीक है। इस दिशा में और गंभीर प्रयासों की आवश्यकता है।





बीकेपी सिन्हा
अरविंद कुमार झा



**बाघ** पैंथेरा टाइग्रिस भारत की सर्वाधिक उल्लेखनीय व करिश्माई प्रजाति है जिसकी जंगलों में अच्छी उपस्थिति है। भारत में 53 बाघ अभयारण्य हैं जो 75,796 वर्ग किलोमीटर क्षेत्र में फैले हैं। यहां दुनिया के जंगलों में रहने वाले बाघों का कुल लगभग 70 प्रतिशत पाए जाते हैं। नेशनल टाइगर कंजर्वेशन अथारिटी-एनटीसीए द्वारा जारी 'स्टेटस आफ टाइगर, 2022' रिपोर्ट में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने महाभारत से संदर्भ देते हुए संदेश दिया है, 'निर्वनो वध्यते व्याघ्रौ, निरव्याघ्रम चंपलेत वनम'। इसका अर्थ है कि 'यदि कोई जंगल नहीं होंगे तो बाघ मार डाले जांएगे, यदि कोई बाघ नहीं होंगे तो जंगल नष्ट हो जाएंगे।' भारत में बाघों की कुल संख्या में वृद्धि हुई है जो 2018 में 2,967 से बढ़ कर 2022 में 3,167 हो गई। इनकी संख्या में शिवालिक पहाड़ियों व गंगा के मैदानों में 24.5 प्रतिशत, मध्य भारत के मैदानों व ईस्टर्न घाट में 12.4 प्रतिशत तथा पूर्वोत्तर की पहाड़ियों व ब्रह्मपुत्र के मैदानों में 11.4 प्रतिशत वृद्धि हुई, जबकि सुंदरवन व पश्चिमी घाट में इनकी संख्या में 12 प्रतिशत तथा 16 प्रतिशत कमी आई।

बाघों में परिस्थितियों के अनुकूल सामंजस्य बैठाने की उल्लेखनीय क्षमता होती है और इसी कारण वे मध्य प्रदेश तथा महाराष्ट्र राज्यों के नए क्षेत्रों में फैल गए हैं। यह विस्तार सकारात्मक प्रगति का संकेत देता है, लेकिन अनेक क्षेत्रों में संरक्षण का परिदृश्य चिन्ताजनक है। आंध्र प्रदेश के श्री वैंकटेश्वर नेशनल पार्क, तेलंगाना के कवाल बाघ अभयारण्य, ओडिशा के सतकोसिया तथा महाराष्ट्र के सह्याद्रि में ये लगभग विलुप्त हो गए हैं। बाघों की संख्या में और वृद्धि के लिए झारखंड, ओडिशा, छत्तीसगढ़, तेलंगाना और आंध्र प्रदेश में गंभीर संरक्षण प्रयासों की जरूरत है। ओडिशा के सिमलीपाल में बाघों की थोड़ी तथा जेनेटिक रूप से विशिष्ट संख्या के लिए प्राथमिकता पर संरक्षण तेज करने की जरूरत है।

पश्चिमी घाट के जैवविविधता-समृद्ध क्षेत्रों तथा उससे जुड़े क्षेत्रों में बाघों की संख्या में कमी आई है। केरल के वायनाड, कर्नाटक की बीआर पहाड़ियों तथा गोवा और कर्नाटक के सीमा क्षेत्रों में भी यही स्थिति है। उत्तर प्रदेश के श्रावस्ती तथा कर्नाटक के मूकांबिका व भद्रा क्षेत्रों में भी बाघों की संख्या में काफी कमी आई है। हालांकि, पेरियार में बाघों की संख्या स्थिर है, पर पेरियार के बाहर इनकी संख्या घटी है। कन्याकुमारी व श्रीविल्लीपुत्थूर में बाघों की स्थानीय संख्या समाप्त हो गई है। पूर्वोत्तर पहाड़ियों तथा ब्रह्मपुत्र में इनकी संख्या सुरक्षित है, पर मैंग्रूव वनों वाले सुंदरबन में इनकी संख्या घटी है। जंगलों में बाघों की उपस्थिति का होना फलते-फूलते परिस्थितिकीय तंत्र का प्रतीक है, अत: उनकी संख्या में कमी और विलुप्ति होना निश्चित रूप से अत्यधिक गंभीर चिन्ता का विषय है। राष्ट्रीय स्तर पर बाघों की संख्या में कुल वृद्धि का यह अर्थ नहीं है कि भारत में बाघ संरक्षण मोर्चे पर सबकुछ ठीक चल रहा है।

मध्य भारत में बाघों व मनुष्यों के बीच टकराव की सर्वाधिक घटनायें पिछले काफी समय से सामने आई हैं। पश्चिमी घाट क्षेत्र में विकास की तेज गति के कारण इनके पर्यावास का विनाश बढ़ा है तथा टकराव बढ़ा है। जंगलों पर कब्जे, भूमि प्रयोग में परिवर्तन तथा ढांचागत संरचनाओं के कारण निर्वनीकरण हुआ है, जंगल टुकड़ों में बंट गए हैं तथा अनेक क्षेत्रों में वन्यजीव कारीडोरों को नुकसान पहुंचा है। इससे वन्यजीवों का आवागमन प्रभावित हुआ है। इसके साथ ही बेलगाम चराई, लघु वनोपजों के लिए ज्यादा हार्वेस्टिंग, जंगलों में आग, अवैध शिकार, वनस्पतियों में कमी, प्लांटेशनों में विदेशी प्रजातियों की उपस्थिति तथा जलवायु परिवर्तन के प्रभावों से मानव-वन्यजीव टकराव की घटनायें व उनका प्रभाव बढ़ा है।

इन टकरावों के कारण मवेशी मरते हैं, मनुष्य मरते हैं तथा इसके बदले में कार्रवाई के चलते बाघों को जहर देने व शिकार की घटनायें बढ़ी हैं। इसके साथ ही बाघों के शरीरांगों का व्यापार स्थिति को अत्यन्त गंभीर बना रहा है। टकरावों के पीछे विशिष्ट क्षेत्रों की सामाजिक-आर्थिक, सामाजिक-सांस्कृतिक व सामाजिक-परिस्थितिकीय आयामों के साथ ही ऐसी घटनाओं के पहले व बाद में होने वाली राजनीति की प्रमुख भूमिका है। 2021-22 में बाघों द्वारा मारे गए मनुष्यों की संख्या 31 थी, जबकि मारे गए बाघों की संख्या 110 थी। इसके अलावा 13 बाघ पकड़े गए थे। हाल ही में कुछ विधिक उपकरणों ने बाघों को खतरा और बढ़ा दिया है। सामुदायिक अधिकारों की 'सीमा' परिभाषित न करने के कारण लघु वनोपजों तक मुक्त व असीम पहुंच वनाधिकार कानून, 2000-एफआरए के अंतर्गत दी गई है। इसके लिए जिला स्तरीय समितियां-डीएलसी गठित की गई हैं। इसके साथ ही जंगलों के भीतर कुछ बिखरे हुए क्षेत्रों में नियमित खेती के कारण मानव-वन्यजीव संपर्क व टकराव बढ़ा है। अनेक डीएलसी कानून की धारा 3-1-आई व 4-3 का उल्लंघन करती हैं। उन्होंने अवैध रूप से बाघ संरक्षित क्षेत्रों में ग्राम सभाओं को अधिकार दे दिए हैं। इनमें छत्तीसगढ़ में धमतारी जिले का 5,544 हेक्टर, महाराष्ट्र के नवगांव नागजीरा अभयाण्य में 781 हेक्टर, छत्तीसगढ़ के अचनाकुमार व सीतानदी के कोर व बफर क्षेत्रों के 10 गांवों में 12,527 हेक्टर तथा महाराष्ट्र व कर्नाटक के तनेसा व बिल्लीगिरी क्षेत्रों के काफी इलाके शामिल हैं। इसी प्रकार राष्ट्रीय पार्कों तथा अभयारण्यों-पीए में दिए गए अधिकार बाघों व उनके शिकारों की सख्या प्रभावित करते हैं। विडंबना है कि एफआरए द्वारा प्राविधान के बावजूद एक भी क्षेत्र को 'महत्वपूर्ण वन्यजीव पर्यावास' घोषित नहीं किया गया है।

मवेशियों की घुसपैठ तथा संरक्षित वनों में बांस काटने जैसे अपराधों को 'अपराध' की श्रेणी से बाहर करने के कारण परिस्थितिकी पर विपरीत प्रभाव पड़ता है तथा मानव-वन्यजीव टकराव बढ़े हैं। बांस को भारतीय वन कानून, 1927 में पेड़ की परिभाषा से बाहर किया गया है। वन संरक्षण विधेयक, 2023 में प्रस्तावित रियायतों व इनसे बाहर रखने से कवरेज का क्षेत्र बढ़ेगा जिसका प्रभाव मानव-बाघ टकराव बढ़ने के रूप में सामने आ सकता है। हम चयनित क्षेत्रों में बाघों की संख्या बढ़ने पर निर्भर नहीं रह सकते हैं। वर्तमान समय में बाघों की संख्या बढ़ाने तथा कम बाघ संख्या वाले क्षेत्रों में उनकी विलुप्ति रोकना जरूरी है। बाघों की विलुप्ति से पूरी परिस्थितिकी पर नकारात्मक असर पड़ता है। संरक्षण प्रयासों में परिस्थितिकी की बहाली तथा बाघों को सुनियोजित ढंग से कम घनत्व वाले क्षेत्रों में छोडड़ना महत्वपूर्ण है।


मानव-बाघ टकराव रोकने के लिए सुपरिभाषित रणनीतियों की जरूरत है। अनियोजित तरीके से बाघों को नए क्षेत्रों में छोड़ने तथा पर्यावास परिवर्तन से बचा जाना चाहिए क्योंकि इससे बाघों की संख्या भले बढ़ जाए, पर वे मानव-प्रभुत्व वाले क्षेत्रों में घुसपैठ करते हैं। पर्यावरण-हितैषी निर्माण तकनीकों, माइग्रेशन ढांचों, खनन के कम प्रभाव, खनन स्थलों की बहाली, आदि से इन क्षेत्रों में मानव-वन्यजीव टकराव कम होंगे। संरक्षित अभयारण्यों से वन्यजीव कारीडोरों को कारगर बनाए रखने के साथ सामुदायिक संरक्षण प्रयासों को बढ़ावा देना चाहिए। इससे बाघों में जीन प्रवाह बना रहेगा तथा उनका दीर्घकालीन जीवन सुनिश्चित होगा।

बाघों को ज्यादा तथा तुलनात्मक रूप से अनुल्लंघनीय स्पेस चाहिए। वनों व वन्यजीवों का दीर्घकालीन जीवन सुनिश्चित करने के लिए स्थानीय लोगों की स्थितियों में सुधार भी जरूरी है। यदि स्थानीय लोगों को समुचित परिस्थितियां मिलें तो वे बाघ संरक्षण में योगदान कर सकते हैं। पर्यावरण-पर्यटन स्थानीय लोगों को नियमित व समुचित आय का साधन बन सकता है। टूर-आपरेटरों व होटल मालिकों जैसे हितधारकों को भी बाघ संरक्षण प्रयासों में शामिल किया जा सकता है। इसके साथ ही महुआ फूल, बीजों, छालों, पत्तियों, आदि वनोपजों के संग्रह, मार्केटिंग तथा मूल्य संवर्धन प्रयासों को मजबूत किया जाना चाहिए। इनसे संरक्षण प्रयासों को बल मिलेगा। खेती की बिखरी हुई जोतों पर पेड़ लगाने तथा कार्बन फाइनेंसिंग को बढ़ावा देने से जनता तथा पर्यावास, दोनों को लाभ होगा।

उपयुक्त विधिक व वित्तीय समर्थन, मजबूत व संवेदनशील एजेंसियों, समयबद्ध मुआवजों तथा 'तुम्हारे बाघ ने मेरा मवेशी मारा' जैसी सोच से मुक्ति पा कर भारत बाघों और उनके द्वारा प्रतिनिधित्व की जाने वाली परिस्थितिकीय घरोहरों के लिए बेहतर भविष्य सुनिश्चित कर सकता है।

# प्रभावी ताकत बन सकते हैं भारत और फ्रांस

> भारत और फ्रांस मिलकर मिलकर हिंद-प्रशांत क्षेत्र में एक प्रभावी संतुलन शक्ति बन सकते हैं।



**कुमारदीप बनर्जी**
(लेखक, नीति विश्लेषक हैं)

**अ**मेरिका की अपनी राजकीय यात्रा के एक महीने से भी कम समय के बाद, प्रधान मंत्री नरेंद्र मोदी ने भारत के पश्चिम में एक और उच्च स्तर की यात्रा की। पिछले सप्ताह फ्रांस की यात्रा 21वीं सदी की वास्तविकताओं के अनुरूप बदलती भू-राजनीति की याद दिलाती है। यदि अमेरिका के शीर्ष नेतृत्व द्वारा आयोजित शाकाहारी भोजन के कई दौर, अमेरिकी कांग्रेस के संयुक्त सत्र को संबोधित करने का दूसरा मौका एक टीज़र था, तो फ्रांस ने पीएम को सर्वोच्च नागरिक और सैन्य सम्मान, ग्रैंड क्रॉस ऑफ द लीजन ऑफ ऑनर प्रदान करके खेल को आगे बढ़ाया, चैंप्स-एलिसीज़ पर मार्च करने वाले गौरवशाली भारतीय त्रि-सेवाओं को भी नहीं भूलना चाहिए। यह भारत को वैश्विक व्यवस्था में लगातार सही स्थान लेने की याद दिलाता है, विशेष रूप से, जब भारत-प्रशांत क्षेत्र की बात आती है, तो यह एक हद तक चीन की उपस्थिति से प्रेरित है, जिसके हिंद महासागर क्षेत्र और उससे परे आक्रामक युद्धाभ्यास नए गठबंधनों और साझेदारियों को मजबूर कर रहे हैं।

यह महत्वपूर्ण है कि भले ही भारत ने फ्रांस और अमेरिका के विपरीत अपनी इंडो-पैसिफिक रणनीति को स्पष्ट रूप से व्यक्त नहीं किया है, लेकिन पीएम की पेरिस यात्रा के दौरान एक संयुक्त बयान जारी किया गया था। नोट में उल्लेख किया गया है, हमारे देश एक स्वतंत्र, खुले, समावेशी, सुरक्षित और शांतिपूर्ण इंडो पैसिफिक क्षेत्र में विश्वास करते हैं। हमारा सहयोग हमारे अपने आर्थिक और सुरक्षा हितों को सुरक्षित करना चाहता है; वैश्विक कॉमन्स तक समान और नि:शुल्क पहुंच सुनिश्चित करना; क्षेत्र में समृद्धि की साझेदारियाँ बनाएँ; अंतर्राष्ट्रीय कानून के शासन को आगे बढ़ाना; और, क्षेत्र में और



उससे परे अन्य लोगों के साथ काम करते हुए, संप्रभुता और क्षेत्रीय अखंडता के सम्मान के साथ क्षेत्र में एक संतुलित और स्थिर व्यवस्था का निर्माण करें।

25 साल पुराने भारत-फ्रांस संबंधों के लिए प्रमुख गोंद को उजागर करने के लिए, पीएम मोदी की परिकल्पना(क्षेत्र में सभी के लिए सुरक्षा और विकास)) और राष्ट्रपति मैक्रॉन की सुरक्षा और सहयोग के दृष्टिकोण के बारे में एक उल्लेख किया गया था। फ्रांस ने हमेशा रणनीतिक स्वायत्तता के आधार पर भारत के साथ भागीदारी की है। यह भारत के लिए अच्छा है, क्योंकि यह द्विपक्षीय सहयोग के लिए शर्तों को लागू नहीं करता है। यह असुविधाजनक 'हम बनाम वे' कथा को दूर करता है, एक स्वस्थ के लिए सांस लेने की जगह प्रदान करता है। जान लेने के लिए दोस्ती। यह कि भारत-फ्रांस संबंध समय की कसौटी पर खरा उतरा है, जैसे कि फ्रांस ने परमाणु परीक्षणों के बाद भारत पर प्रतिबंध नहीं लगाया, या यूक्रेन पर गैर-प्रतिबद्ध रुख के लिए भारत की आलोचना नहीं की, यह अच्छी तरह से प्रलेखित है।

वर्तमान रोडमैप विशाल भारत-प्रशांत क्षेत्र में स्थित साझेदार देशों के एक बड़े समूह को एक साझा छतरी के नीचे लाने के लिए साझेदारी का विस्तार करता है। संयुक्त बयान में कहा गया है, %%हम अफ्रीका, हिंद महासागर क्षेत्र, दक्षिण एशिया, दक्षिण पूर्व एशिया और प्रशांत क्षेत्र सहित क्षेत्र के देशों में विकास सहयोग बढ़ाने के लिए मिलकर काम करना जारी रखेंगे। हम ऑस्ट्रेलिया और यूएई के साथ अपनी बहुपक्षीय व्यवस्थाओं को मजबूत करेंगे और क्षेत्र में नई व्यवस्थाएं बनाएंगे। हम हिंद महासागर रिम एसोसिएशन, हिंद महासागर नौसेना संगोष्ठी, हिंद महासागर आयोग, जिबूती आचार संहिता, एडीएमएम+ और एआरएफ जैसे क्षेत्रीय मंचों पर अपने सहयोग को मजबूत करेंगे।

भारत और फ्रांस पहले से ही ऑस्ट्रेलिया और यूएई के साथ एक त्रिपक्षीय मंच पर काम कर रहे हैं, और इस क्षेत्र में प्रभावित देशों के व्यापक समूह के लिए समुद्री सहयोग, सुरक्षा, जलवायु परिवर्तन आदि के सबसे महत्वपूर्ण क्षेत्रों का विस्तार करने की योजना बना रहे हैं। हालांकि ये देश भारत की तुलना में आर्थिक रूप से या क्षेत्र के लिहाज से उतने बड़े नहीं हैं, लेकिन विस्तारित इंडो-पैसिफिक विस्तार में रणनीतिक स्थान रखते हैं, जिसे भारत अमेरिका के पूर्वी तट से लेकर अफ्रीकी पश्चिमी तट तक के रूप में परिभाषित करता है। यह क्षेत्र कुछ सबसे भारी यातायात वाले समुद्री मार्गों को भी नियंत्रित/आयोजित करता है, जिसके माध्यम से दुनिया भर में अरबों डॉलर के माल का व्यापार किया जाता है। चीन हिंद महासागर क्षेत्र में तेजी से आक्रामक हो रहा है, धीरे-धीरे इन छोटे द्वीप देशों में से कुछ में जबरदस्ती (अक्सर) रणनीतिक सैन्य अड्डे बना रहा है, जिससे कई देशों की क्षेत्रीय संप्रभुता को खतरा है।

भारत और फ्रांस के बीच अगले 25 वर्षों के दृष्टिकोण के साथ एक संयुक्त सहयोगात्मक दृष्टिकोण एक प्रभावी संतुलन शक्ति के रूप में कार्य करने के लिए शुभ संकेत है।

## आप की बात

### पेयजल संकट

**जलवायु परिवर्तन** के कारण कार्बन उत्सर्जन तो बढ़ ही रहा है। इससे धरती दिन पर दिन गर्म हो रही है, हिमखंड पिघल रहे हैं तथा समुद्र का जलस्तर बढ़ रहा है। इससे कई शहर डूबने के कगार में आ गए हैं। इसी के साथ ही दुनिया के कई भाग जलाभाव के कारण मरणासन्न हो रहे हैं। खेती किसानी तो चौपट हो ही गई है, पीने के लिए भी पानी बहुत ही मुश्किल से मिल पा रहा है। दक्षिण अमेरिकी देश उरुग्वे की राजधानी मोंटेवीडियो और उसके आसपास के लाखों लोगों के लिए पानी की आपूर्ति गंभीर रूप से निम्न स्तर पर पहुंच गई। कमी इसलिए हुई क्योंकि क्षेत्र की सेवा करने वाले दो मुख्य मीठे पानी के जलाशय लगभग सूख गए हैं। जब सरकार सारी कोशिश करके हार गयी तो उसने जल आपूर्ति के दौरान पीने के पानी में समुद्र का नमकीन जल मिलाने का फैसला लिया ताकि किसी भी तरह जल का आपूर्ति को बनाया रखा जा सके। मगर इसके कारण स्थानीय लोगों में, खासकर बच्चों में कई तरह के बीमारी के लक्षण दिखने लगे हैं। इस्राइल ने समुद्र के पानी को पीने योग्य बनाने में उल्लेखनीय सफलता प्राप्त की है। आवश्यकता इस बात की है कि सारी दुनिया के वैज्ञानिक, इंजीनियर व सरकारें इस्राइल का अनुकरण करें।

– **जंग बहादुर सिंह,** जमशेदपुर

### देश की राजनीति

**देश** में विपक्षी गठबंधन की 26 तथा सत्तारूढ़ राजग की 38, यानी कुल मिलाकर 64 पार्टियां विभिन्न रूपों में मतदाताओं के सामने आएगी। इस प्रकार लगता है कि हमारा देश दलों का दलदल बनकर रह गया है। जिन पार्टियों का एक भी सांसद नहीं है उन्हें भी प्रमुख पार्टियां अपने साथ जोड़ने में लगी हुई है। क्योंकि उनके साथ भी किसी प्रदेश के किसी क्षेत्र की किसी जाति या समुदाय के लोग जुड़े माने जाते हैं। देश में राजनीतिक दलों की इतनी अधिक संख्या होने के अनेक कारण हैं। लेकिन समय आ गया है कि देश में दो दलीय चुनाव पद्धति और लोकसभा विधानसभा के चुनाव एक साथ करवाए जाने का नियम तत्काल लागू किया जाए। किस गठबंधन में कितना दाम है इसका फैसला तो जनता ही सुनाएगी, मगर इतना तय है कि जैसे जैसे हम विकास की ओर बढ़ रहे हैं वैसे वैसे नैतिक मूल्यों का पतन होता जा रहा है। मुफ्त की रेवड़ियां, बिजली, लैपटॉप और स्कूटी तक मुफ्त में बांटने वाले दल यदि सत्ता में आएंगे तो जनता का धन देश के विकास के बजाय मुफ्त में बांटने में ही चला जाएगा। भारत को 2047 तक विकसित देश बनाने के लिए राजनीतिक सुधार जरूरी है।

– **सुभाष बुड़ावन वाला,** रतलाम

### आईडी में गड़बड़ी

**अधिकारियों** की गलती के कारण प्रदेश भर में महिलाओं की समग्र आईडी में गड़बड़ी की बड़ी शिकायतें मिल रही है। यह समस्या व्यापक है। किसी आईडी में पति का नाम गलत है तो किसी में किसी और का नाम दर्ज है। इसी तरह से नाम की स्पेलिंग में भी कई कई मिस्टेक है। ऐसे में स्कूल में बच्चों के एडमिशन से लेकर जाति प्रमाणपत्र तक तथा निवास प्रमाणपत्र से लेकर अन्य कई तरह के शासकीय कागजात बनाने में महिलाओं को आज काफी दिक्कतें आ रही है। संभवत: प्रदेश भर में ऐसी शिकायतों की संख्या 10 हजार से भी अधिक है। हमारे प्रधानमंत्री का सपना है कि देश भर की महिलाएं आगे बढ़े और किसी भी तरह से पुरुषों से पीछे न रहें, बल्कि उनके कंधे से कंधा मिलाकर देश की प्रगति में योगदान दें। क्या इस तरह की छोटी-छोटी गलतियां उन्हें आगे बढ़ने से नहीं रुकती हैं? वास्तव में सरकारें आईडी बनाने जैसे काम सबसे कम पैसे में काम करने वाली एजेंसियों को आउटसोर्स कर देती हैं और उनके काम की गुणवत्ता पर ध्यान नहीं देती हैं। इससे सबसे ज्यादा परेशानी महिलाओं को होती है।

–**मनमोहन राजावत,** शाजापुर

### विपक्षी मोर्चा

**इंडियन** नेशनल डेवलपमेंटल इन्क्लुजिव अलायंस याने 26 दलों का इण्डिया मोर्चा विधानसभाओं व लोकसभा में एनडीए याने नेशनल डेमोक्रेटिक अलायंस से मुकाबले करने हेतु एकजुट हो रहा है। पटना के बाद बेंगलुरु में इनकी मीटिंग हो चुकी है और अब मुम्बई में मीटिंग की तैयारी चल रही है। किन्तु बेंगलुरु में हुई मीटिंग में ही मोर्चे के नाम इण्डिया पर ही कुछ मतभेद होने लगे हैं। नीतीश कुमार ही कह रहे हैं कि इण्डिया देश का नाम है तब मोर्चे का नाम देश से ऊपर रखना ठीक नहीं है। जब मोर्चे के नाम पर ही मतभेद सामने आने लगे हैं तब प्रधानमंत्री बनने के नाम पर भी मतभेद आना स्वाभाविक है। मोर्चे में शामिल 26 पार्टियों में अपनी-अपनी पार्टियों के सुप्रीमो हैं। कौन नहीं चाहेगा कि मैं प्रधानमंत्री बनूं? इस तरह टुकड़े-टुकड़े पार्टियों का कुनबा केंद्र की सत्ता में बैठी मजबूत पार्टी का कैसे मुकबला कर पायेगा इसमें आम से लेकर खास तक को संदेह बना हुआ है। इस मोर्चे की दिशा क्या होगी ये तो भविष्य ही बताएगा। कोशिश करने में क्या बुराई है, पर जीत-हार का फैसला तो जनता करेगी।

– **शकुंतला महेश नेनावा,** इंदौर

**पाठक अपनी प्रतिक्रिया ई-मेल से**
**responsemail.hindipioneer@gmail.com**
**पर भी भेज सकते है।**

# टेबलेट से लैस होंगे परिषदीय विद्यालयों के सभी शिक्षक

## अब शीघ्र शुरू होगा ऑपरेशन कायाकल्प 2.0

● पायलट प्रोजेक्ट के रूप में हर जिले में बनेंगे एक मुख्यमंत्री अभ्युदय कम्पोजिट स्कूल

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ



**मुख्यमंत्री** योगी आदित्यनाथ ने शुक्रवार को एक उच्चस्तरीय बैठक में बेसिक शिक्षा विभाग में संचालित योजनाओं की प्रगति और भावी कार्ययोजना की समीक्षा की और आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री के मार्गदर्शन में विगत 06 वर्ष में प्रदेश में शिक्षा के क्षेत्र में आमूलचूल परिवर्तन करने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम उठाये गये हैं, जिनके अच्छे परिणाम मिले हैं। विगत 06 वर्षों में प्रदेश में बेसिक शिक्षा परिषद तथा माध्यमिक शिक्षा परिषद के विद्यालयों में 01 लाख 64 हजार से अधिक शिक्षकों की भर्ती की गयी है। अकेले 11 हजार करोड़ रुपये परिषदीय विद्यालयों के इंफ्रास्ट्रक्चर को मजबूत करने में खर्च किये गए हैं। बेसिक शिक्षा परिषद के विद्यालयों में विद्यार्थियों की संख्या बढ़ रही है। विगत 06 वर्षों में लगभग 03 वर्ष कोरोना महामारी का सामना करने में व्यतीत हुए। इस दौरानए बेसिक शिक्षा परिषद के विद्यालयों में लगभग 55 से 60 लाख नये बच्चों का नामांकन हुआ। बेसिक शिक्षा परिषद के विद्यालयों में विद्यार्थियों की संख्या लगभग 01 करोड़ 34 लाख से बढ़कर आज 01 करोड़ 91 लाख से अधिक हो गयी है। इस संख्या को और बढ़ाने के साथ ही ड्रॉप आउट को नियंत्रित किये जाने की आवश्यकता है। इसके लिए अभिभावकों से संवाद तथा तकनीक का प्रयोग किया जाना चाहिए। मुख्यमंत्री ने कहा कि डिजिटल लर्निंग को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से प्राथमिक व उच्च प्राथमिक विद्यालयों में संसाधनों की उपलब्धता आवश्यक है। ऐसे में प्राथमिक व उच्च प्राथमिक विद्यालयों के 2.36 लाख शिक्षकों को टेबलेट उपलब्ध कराया जाए। यह कार्य आगामी सितंबर माह तक पूर्ण हो जाये। शिक्षकों की ट्रेनिंग भी कराई जाए। टेबलेट ने शासकीय कार्यक्रमोंध्योजनाओं के बारे में जागरूकता सामग्री प्रीलोडेड होनी चाहिए। खरीद प्रक्रिया पूर्ण पारदर्शी हो। परिषदीय विद्यालयों में इंफ्रास्ट्रक्चर डेवलपमेंट के लिए ऑपरेशन कायाकल्प के पहले चरण में किए गए प्रयासों में आशातीत सफलता मिली है। अब हमें इंफ्रास्ट्रक्चर के साथ-साथ शैक्षिक गुणवत्ता, पठन-पाठन का माहौल, तकनीकी दक्षताए डिजिटल लर्निंग, वोकेशनल शिक्षा की ओर बढ़ना होगा। विद्यालयों में एट ग्रेड लर्निंग की अवधारणा के साथ कक्षा-कक्षों का संचालन कराया जाना चाहिए। इसके लिए ऑपरेशन कायाकल्प के दूसरे चरण की शुरुआत की तैयारी करें।

हर विद्यालय में साफ-सफाई, शौचालय की अच्छी व्यवस्था हो। कहीं भी शिक्षकों का अभाव न हो। शिक्षक.छात्र का अनुपात मानक के अनुरूप हो। विद्यालयों में कक्षाओं की संख्या बढ़ाई जाए। अभ्युदय कंपोजिट विद्यालयों को प्रारंभिक तौर पर पायलट प्रोजेक्ट के रूप में लिया जाए। सभी जिलों में एक.एक विद्यालय कम्पोजिट विद्यालय के रूप में विकसित किया जाए। यह सुनिश्चित किया जाए कि जर्जर भवन वाले परिषदीय विद्यालयों का संचालन कतई न हो।

पठन-पाठन वहीं हो जहां विद्यालय भवन व्यवस्थित हो। यदि कहीं जर्जर भवन हो तो उसे तत्काल ध्वस्त कराएंए वहां के बच्चों को समीपवर्ती अन्य विद्यालयों में शिफ्ट करें। प्रोजेक्ट अलंकार के तहत माध्यमिक विद्यालयों के जीर्णोद्धार कार्य को तेजी से आगे बढ़ाएं। शासकीय के साथ-साथ वित्तपोषित अशासकीय विद्यालयों में संबंधित प्रबंध तंत्र के सहयोग से जीर्णोद्धार का कार्य कराया जाना चाहिए।

## गोरखपुर को कल 114 करोड़ रुपए के विकास कार्यों की सौगात देंगे मुख्यमंत्री

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**मुख्यमंत्री** योगी आदित्यनाथ रविवार को गोरखपुर को 114 करोड़ रुपये के नए विकास कार्यों की सौगात देने जा रहे हैं। भाटी विहार कॉलोनी में शाम करीब चार बजे से प्रस्तावित समारोह में सीएम योगी मिनी स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स, 63 परिषदीय विद्यालयों के कायाकल्प समेत 89 विकास परियोजनाओं का शिलान्यास करेंगे। शिलान्यास की इन परियोजनाओं में 74.95 करोड़ रुपये की लागत वाली गोरखपुर विकास प्राधिकरण (जीडीए) की आठ, 26.92 करोड़ रुपये की लागत वाली नगर निगम की 24 तथा 12.12 करोड़ रुपये की लागत वाली जिला नगरीय विकास अभिकरण (डूडा) की 57 परियोजनाएं शामिल हैं।

मुख्यमंत्री द्वारा शिलान्यास किए जाने के बाद जीडीए जिन विकास कार्यों को कराएगा उनमें सबसे अहम गोरखनाथ मंदिर के आगे भाटी विहार कॉलोनी में मिनी स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स का निर्माण है। विधानमंडल क्षेत्र विकास निधि से बनने वाले इस वॉटर स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स को बनाने के लिए 6 करोड़ 17 लाख 80 हजार रुपये की लागत स्वीकृत की गई है। करीब दो एकड़ में बनने वाला यह कॉम्प्लेक्स खेल व खिलाड़ियों को प्रोत्साहित करने के लिए उपहार है। जीडीए के उपाध्यक्ष महेंद्र सिंह तंवर के मुताबिक मिनी स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स में एथलीटों के लिए सिंथेटिक ट्रैक, बास्केटबाल कोर्ट, इंडोर बैडमिंटन कोर्ट, लॉन टेनिस कोर्ट, वॉलीबॉल कोर्ट तथा टेबिल टेनिस कोर्ट, शूटिंग रेंज बनाया जाएगा। क्रिकेट खिलाड़ियों के अभ्यास के लिए नेट की भी सुविधा मिलेगी। यहां भाला फेंक, गोला फेंक, लंबी कूद, ऊंची कूद के लिए भी अभ्यास कराया जाएगा। कॉम्प्लेक्स के मल्टी परपज हाल में स्क्वैश, जिम, जूडो, वेट लिफ्टिंग के अभ्यास की व्यवस्था कराई जाएगी।'मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ रविवार को रामगढ़ताल के किनारे पैडलेगंज से आरकेबीके होते हुए सहारा स्टेट तक टू लेन ताल रिंग रोड का भी शिलान्यास करेंगे। जीडीए की ओर से बनवाई जाने वाली इस रिंग रोड पर 44 करोड़ 13 लाख रुपये की लागत आएगी। जीडीए 11 करोड़ 24 लाख 78 हजार रुपये की लागत से 63 परिषदीय प्राथमिक विद्यालयों का भी कायाकल्प कराएगा। नगर निगम की शिलान्यास वाली 24 विकास परियोजनाओं में सड़क, नाली, कूड़ा ट्रांसफ र स्टेशन निर्माण तथा डस्ट मैनेजमेंट कार्यों के साथ 10 करोड़ रुपये की लागत से एकला बंधे पर लिगेसी वेस्ट (पुराना कचरा) के निस्तारण का कार्य भी सम्मिलित है। जबकि डूडा की शिलान्यास वाली परियोजनाएं सड़क व नाली निर्माण से संबंधित हैं।

## मणिपुर की दुर्भाग्यपूर्ण घटना पर सभी को गंभीर होना जरूरी



**लखनऊ।** मणिपुर में एक समुदाय के लोगों की भीड़ द्वारा दूसरे समुदाय की दो महिलाओं को निर्वस्त्र कर घुमाने का वीडियो सामने आने के बाद केन्द्र विपक्ष के निशाने पर आ गया है। इस बीच सत्ता पक्ष और विपक्षी गठबंधन से दूरी बनाने की घोषणा कर चुकीं बसपा प्रमुख मायावती ने शुक्रवार को कहा कि घटना लेकर जो राजनीति हो रही है वह भी अनुचित और चिंतनीय है। मायावती ने मणिपुर में भीड़ द्वारा दो महिलाओं को निर्वस्त्र कर घुमाने के मामले को अत्यंत दुखद और शर्मनाक करार देते हुए कहा कि घटना को लेकर अब जो राजनीति की जा रही है वह भी अनुचित और चिंतनीय है। बसपा प्रमुख ने अपने ट्वीट में कहा कि मणिपुर महिलाओं के साथ भीड़ द्वारा जो दरिंदगी की गई, वह अत्यंत दु:खद, शर्मनाक और दिल को दहलाने वाली घटना है। राज्य व केन्द्र की सरकार को भी ऐसे आपराधिक तत्वों को इतनी सख्त सज़ा दिलवानी चाहिए कि इस प्रकार के जघन्य अपराध की आगे कहीं भी पुनरावृत्ति ना हो सके। अपने सिलसिलेवार ट्वीट में मायावती ने कहा कि लेकिन को लेकर अब जो राजनीति की जा रही है वह भी अनुचित। संसद में इस पर जरूर सार्थक चर्चा होनी चाहिए। इस घटना का मा. उच्चतम न्यायालय ने भी खुद संज्ञान लिया है, जिसे दबाया नहीं जा सकता है। अर्थात् मणिपुर की दुर्भाग्यपूर्ण घटना पर सभी को गंभीर होना जरूरी।

## पुलिस की आवासीय सुविधाओं व संसाधनों के लिए 4 करोड़ 91 लाख की धनराशि स्वीकृत

● निर्माण कार्य निर्धारित मानक व गुणवत्ता के साथ निर्धारित अवधि में कराना अनिवार्यः संजय प्रसाद

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**प्रदेश** के जनपदों में तैनात पुलिस कर्मियों के लिए आवासीय भवनों, हास्टल, बैरक एवं विवेचना कक्ष आदि के निर्माण की स्वीकृति प्रदान करते हुए जनपद श्रावस्ती के महिला थाना में 48 क्षमता के हॉस्टल, बैरक एवं विवेचना कक्ष के निर्माण के लिए 1 करोड़ 92 लाख रुपए से अधिक व पीएसी हेतु उपकरणों एवं संसाधनों के क्रयार्थ 2 करोड़ 99 लाख रुपए से अधिक की धनराशि की स्वीकृति प्रदान कर दी है।

प्रमुख सचिव गृह संजय प्रसाद ने बताया कि पुलिस आधुनिकीकरण के तहत श्रावस्ती के महिला थाना में 48 क्षमता के हॉस्टल, बैरक एवं विवेचना कक्ष के निर्माण हेतु 1 करोड़ 92 लाख रुपए से अधिक व पीएसी हेतु उपकरणों एवं संसाधनों के क्रयार्थ 2 करोड़ 99 लाख रुपए से अधिक की धनराशि के आदेश निर्गत कर दिए गए हैं।

संजय प्रसाद ने बताया कि मुख्यमंत्री के निर्देशानुसार स्वीकृत भवनों का निर्माण कार्य निर्धारित मानक एवं पूर्ण गुणवत्ता के साथ कराने के निर्देश दिए गए हैं। उन्होंने यह निर्देश भी दिए हैं कि निर्माण कार्य निर्धारित समयावधि के अन्दर पूर्ण कराया जाए ताकि यथाशीघ्र निर्माण कार्य पूर्ण हो जाने के फलस्वरूप निर्मित भवनो का बेहतर उपयोग हो सके। उन्होंने कड़े निर्देश दिए हैं कि निर्माण कार्य में गुणवत्ता आदि की कमी पाए जाने पर संबंधित दोषी कर्मियों को बख्शा नही जाएगा।

## प्रथम चरण में सौर ऊर्जा की रोशनी से रौशन होंगे रायबरेली के सभी माध्यमिक स्कूल

● सीएम योगी की मौजूदगी में इंडियन ऑयल, गेल इंडिया और यूपी नेडा के बीच हुआ एमओयू

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ



**मुख्यमंत्री** योगी आदित्यनाथ ने कहा कि बढ़ती ऊर्जा की जरूरत को पूरा करने में सौर ऊर्जा सबसे बेहतर विकल्प है। प्रदेश को वन ट्रिलियन डॉलर की अर्थव्यवस्था बनाने में सौर ऊर्जा की भूमिका महत्वपूर्ण होगी। उन्होंने कहा कि स्कूलों में सौर ऊर्जा के उपयोग से बच्चों में जागरूकता आएगी। साथ ही साथ प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के 500 गीगावाट ग्रीन एनर्जी के प्रयोग में लाए जाने के सपने को भी बढ़ावा मिलेगा। सीएम योगी ने यह बात शुक्रवार अपने सरकारी आवास पर आयोजित एक समझौता ज्ञापन (एमओयू) हस्ताक्षर कार्यक्रम में कही।

यह एमओयू इंडियन ऑयल, गेल इंडिया और यूपी नेडा के बीच हुआ। इससे रायबरेली के सभी माध्यमिक स्कूलों को सौर ऊर्जा की रोशनी से रौशन होंगे। योजना के पहले चरण में रायबरेली के 200 के करीब माध्यमिक स्कूलों में सौर ऊर्जा संयंत्र लगवाये जा रहे हैं। रायबरेली के सभी माध्यमिक स्कूलों में सोलर प्लान्ट्स का इन्सटालेशन हो जाने के बाद लखनऊ, सीतापुरए बाराबंकी, लखीमपुर खीरी, हरदोई और प्रतापगढ़ के भी सभी माध्यमिक स्कूलों को सौर.उर्जा से आच्छादित होंगे। कार्यक्रम में भाजपा एमएलसी अवनीश कुमार सिंह ने कहा कि मुख्यमंत्री योगी की प्रेरणा से स्कूलों को सौर ऊर्जा की रोशनी से रौशन करने की योजना संभव हो पाई है। सभी संयंत्र नेट मीटरिंग से जुड़े होंगे जिससे माध्यमिक स्कूल हर साल अपनी जरूरत की बिजली इस्तेमाल के बाद बाकी बिजली सौर ऊर्जा ग्रिड में देकर आय भी प्राप्त कर सकेंगे। उन्होंने बताया कि योजना का सारा खर्चा विधायक निधि और कम्पनियों के सीएसआर से निकाला जायेगा।

## विभिन्न जिलों में नवस्थापित तीन पुलिस चौकियों के लिए 44 पदों का सृजन

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**मुख्यमंत्री** योगी आदित्यनाथ के निर्देशों के अनुपालन म नवस्थापित 3 पुलिस चौकियों यथा जनपद हमीरपुर मे नवीन पुलिस चौकी बरहरा, जनपद रायबरेली में नवीन पुलिस चौकी गुमावां बार्डर एवं जनपद जौनपुर में नवीन पुलिस चौकी मानीकला के लिए कुल 44 पदो के सृजन के आदेश निर्गत कर दिए गए हैं। प्रमुख सचिव गृह संजय प्रसाद ने बताया कि प्रदेश के जनपद हमीरपुर में नवीन पुलिस चौकी बरहरा व जनपद जौनपुर में नवीन पुलिस चौकी मानीकला के लिए उपनिरीक्षक का एक-एक, मुख्य आरक्षी के दो-दो, आरक्षी के 14-14 एवं जनपद रायबरेली में नवीन पुलिस चौकी गुमावां बार्डर के लिए उपनिरीक्षक का एक-एक, मुख्य आरक्षी के एक-एक, आरक्षी के आठ-आठ पदों का सृजन किया गया है। प्रदेश सरकार द्वारा यह निर्णय इस क्षेत्र में बेहतर शांति व्यवस्था को और अधिक सुदृढ़ करने, अपराधों पर और अधिक प्रभावी तरीके से अंकुश लगाए जाने, महिलाओं एवं जन-सामान्य को और अधिक सुरक्षित वातावरण प्रदान करने के उद्देश्य से लिया गया है।

## मणिपुर हिसा के खिलाफ कांग्रेस का प्रदर्शन, सीएम वीरेन सिंह का पुतला फूंका

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ




**मणिपुर** में दो माह से अधिक समय से फैली हिंसा, महिलाओं एवं बच्चियों के साथ किए गए अमानवीय कृत्य, दुष्कर्म, हत्या आदि पर अभी तक केन्द्र सरकार द्वारा कोई कार्यवाही न किए जाने के विरोध में कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने शुक्रवार को प्रदर्शन किया। दोषियों के खिलाफ सख्त कार्यवाही करने एवं मणिपुर सरकार को तत्काल बर्खास्त करने की मांग करते हुए उप्र युवा कांग्रेस, एनएसयूआई, जिला-शहर कांग्रेस कमेटी लखनऊ द्वारा मणिपुर के मुख्यमंत्री एन बीरेन सिंह का पुतला दहन किया गया। सभी कांग्रेसजन विरोध मार्च कर जीपीओ स्थित गांधी प्रतिमा की ओर जा रहे थे किन्तु भारी पुलिस बल द्वारा बैरिकेडिंग लगाकर बलपूर्वक रोका गया जहां काफी देर तक धक्का-मुक्की हुई। सभी कांग्रेसजन धरने पर बैठे और देर शाम धरना समाप्त किया गया।

प्रदेश कांग्रेस प्रवक्ता विशाल सिंह राजपूत ने बताया कि जिस प्रकार मणिपुर में महिलाओं के साथ नृशंस और क्रूरतम कृत्य किया गया, यह किसी भी सभ्य समाज को शर्मसार करने वाला है। इस घटना से देश ही नहीं अपितु सम्पूर्ण विश्व में भारत की छवि को गहरा आघात पहुंचा है। विश्व के अधिकांश देश भारत की लोकतांत्रिक व्यवस्था और संस्कृति को लेकर निंदा कर रहे हैं। ऐसे में मणिपुर की राज्य सरकार को तुरन्त बर्खास्त कर देना चाहिए और हिंसा पर काबू पाने और शांति बहाली के लिए समुचित कदम उठाए जाने चाहिए। जिस प्रकार मणिपुर में महिलाओं और बच्चियों के साथ सार्वजनिक रूप से दुष्कर्म और हत्या की हृदयविदारक घटनाएं सामने आ रही हैं वह दुर्भाग्यपूर्ण हैं। मणिपुर में भाजपा की डबल इंजन सरकार को एक पल भी बने रहने का नैतिक अधिकार नहीं बचा है। ज्ञापन के माध्यम से मांग की गयी है कि मणिपुर सरकार को तत्काल प्रभाव से बर्खास्त किया जाए। मणिपुर में राष्ट्रपति शासन तुरन्त लागू किया जाए। केन्द्र सरकार द्वारा मणिपुर की जनता को पूर्ण रूप से सहयोग दिया जाए। जिस प्रकार की स्थिति बन गयी है ऐसे में सर्वदलीय बैठक बुलाकर स्थितियों को काबू में लाये जाने की ठोस योजना बनाकर कार्यवाही की जाए।

## उत्तर प्रदेश की कानून व्यवस्था ध्वस्तः अखिलेश

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ



**सपा** अध्यक्ष अखिलेश यादव ने कहा है कि उत्तर प्रदेश की कानून व्यवस्था ध्वस्त है। लूट, चेन स्नेचिंग, अन्याय, अत्याचार से महिलाएं, बेटियां और आमजन परेशान है। महिलाओं से दुष्कर्म के मामले में उत्तर प्रदेश ने रिकॉर्ड बना रखा है। प्रदेश की बेलगाम पुलिस अपराधों को रोक पाने में विफल है। पुलिस गरीबों के साथ अन्याय कर रही है। भाजपा सरकार के 6 साल में कानून व्यवस्था में लगातार गिरावट आई है।

यादव ने कहा कि भाजपा सरकार दावा करती है कि महिलाएं रात में बेखौफ होकर गहने पहन कर निकल सकती है लेकिन बेखौफ लूटेरे लगातार महिलाओं को दिन दहाड़े लूट रहे हैं। गोरखपुर के गिरधरगंज में दस लाख की लूट हो गयी। गोरखपुर मुख्यमंत्री का गृह जनपद है। वहां अपराधों पर जब नियंत्रण नहीं तो बाकी जगहों का क्या हाल होगा? कानपुर में महीने भर में चेन स्नेचिंग की दस से ज्यादा लूट की घटनाओं से हालात का अंदाजा लगाया जा सकता है। बांदा के नरैनी में स्कूल में घुसकर महिला शिक्षामित्र के साथ छेड़छाड़ की गई। विरोध करने में जान से मारने की धमकी भी थी। बरेली के बिथरी चैनपुर में बदमाशों ने सर्राफ की आंख में मिर्च का पाउडर झोंक कर स्कूटी लूट ली। सपा अध्यक्ष ने कहा कि राजधानी लखनऊ में लूट की कई घटनाएं हो चुकी है। अकेले राजधानी लखनऊ में ही एक दिन में आधा दर्जन से ज्यादा घटनाएं दर्ज हुई। पिछली 11 जुलाई की रात एक सर्राफा को लूट लिया गया। लखनऊ के गुडम्बा थाने की पुलिस ने चोरी की धारा लगाकर मामला दबा दिया। ठाकुरगंज में दो बदमाशों ने कार से 50 हजार रुपए उड़ा दिए। काकोरी के कठिंगरा गांव में पुलिस से हाथापाई कर दीवान की वर्दी फाड़ दी गई। खदरा में युवती से छेड़छाड़ की घटना हुई। चिनहट के मटियारी में ताला तोड़कर एक मकान से लाखों के जेवर चोरी हो गए।

यादव ने कहा कि भाजपा राज में सत्ता संरक्षण में अपराधी घटनाओं को अंजाम दे रहे हैं। पुलिस मूक दर्शक बनी रहती है। पुलिस गरीबों और निरीह लोगों को धमकाती है और झूठे मुकदमों में फं साती है। ऐसी भ्रष्ट भाजपा सरकार को अब जनता ज्यादा बर्दाश्त करने वाली नहीं है। भाजपा की उल्टी गिनती शुरू हो गई है।

## यूपी के 14 नगरों में 351 नगर वाटिकाएं विकसित

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश को हरा-भरा बनाने के लिए योगी सरकार ने 14 नगरों में 351 नगर वाटिकाएं विकसित की हैं। वहीं पौधरोपण अभियान 2023 के तहत कई अन्य शहरों में भी योगी सरकार नंदन वन विकसित कर रही है। इसके विकसित होने के बाद आमजन प्रकृति की व्यवहारिक शिक्षा, योग, ट्रैकिंग, पक्षी अवलोकन व फ टोग्राफी के माध्यम से मनोरंजन एवं वन स्नान (फ रॉस्ट बॉथिंग) का आनंद ले सकेंगे। प्रदेश को हरा.भरा बनाने के लिए योगी सरकार ने 2023 में 35 करोड़ पौधरोपण का लक्ष्य रखा है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ शनिवार को इस अभियान का आगाज करेंगे। शहरों को प्रदूषण मुक्त रखने के लिए योगी सरकार ने अधिक से अधिक पौधे लगाने का लक्ष्य रखा है। प्रदूषण मुक्त वातावरण उपलब्ध करवाने व हरे-भरे वातावरण में कुछ क्षण विश्राम करने के लिए शहरों में हरियाली वृद्धि हेतु उपलब्ध रिक्त भूमि पर अधिक से अधिक पौध रोपित करने के साथ ही नंदन वन की स्थापना की जा रही है। हरियाली पुनर्स्थापित करने, हरा भरा वातावरण सृजित करने एवं वायु प्रदूषण को न्यूनतम करने के लिए शहरी क्षेत्रों में नगर वनए नगर वाटिका व नन्दन वन विकसित किए जा रहे हैं। पौधरोपण अभियान-2023 के अन्तर्गत प्रदेश में विकसित किए जा रहे नगर वाटिका व नन्दन वन में शहर निवासी प्राकृतिक वातावरण के मध्य प्रकृति की व्यवहारिक शिक्षा, योग, ट्रैकिंग, पक्षी अवलोकन व फोटोग्राफी के माध्यम से मनोरंजन एवं वन स्नान (फॉरेस्ट बॉथिंग) का आनन्द ले सकेंगे। शहरी क्षेत्र में हरीतिमा संवर्धन वृक्षों व जैव विविधता के प्रति जागरूकता उत्पन्न करनेए क्षेत्र विशेष की महत्वपूर्ण वानस्पतिक प्रजातियों का संरक्षण, शहरवासियों को स्वच्छ व स्वस्थ पर्यावरण उपलब्ध कराने के मुख्य उद्देश्यों को प्राप्त करने के लिए नगर-निगम, नगर पालिका परिषदए नगर पालिका एवं शहरी स्थानीय निकायों के अन्तर्गत व 5 किलोमीटर परिधि में वन विभाग द्वारा 351 नगर वन व नगर वाटिका विकसित की गयी है।

## 100 करोड़ से सुधरेगी प्रदेश की सेहत

### आयुष्मान भारत-पीएम जन आरोग्य योजना के लिए मिली राज्यांश की वित्तीय स्वीकृत

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**निर्धन** और जरूरतमंद लोगों के स्वास्थ्य के प्रति सजग योगी सरकार इस दिशा में संवेदनशीलता के साथ आगे बढ़ रही है। लोगों के स्वास्थ्य को लेकर कहीं फंड की कमी न हो, इसका विशेष ध्यान रखा जा रहा है। इसी क्रम में योगी सरकार ने चिकित्सा विभाग (परिवार कल्याण) के अंतर्गत आयुष्मान भारत नेशनल हेल्थ प्रोटेक्शन मिशन (परिवर्तित नाम-आयुष्मान भारत-प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना) के सुगम संचालन के लिए राज्यांश के रूप में 100 करोड़ रुपए की अग्रिम धनराशि की प्रशासनिक एवं वित्तीय स्वीकृति प्रदान की है। इस धनराशि को 31 मार्च 2024 तक विभिन्न मदों में खर्च किए जाने के दिशा निर्देश जारी किए गए हैं।

योगी सरकार ने सामाजिक सुरक्षा तथा कल्याण, अन्य सामाजिक सुरक्षा तथा कल्याण कार्यक्रम, अन्य बीमा योजनाएं तथा आयुष्मान भारत-नेशनल हेल्थ प्रोटेक्शन मिशन के 42 मानक मदों में खर्च के अंतर्गत प्राविधानित धनराशि के सापेक्ष विभिन्न शर्तों एवं प्रतिबंधों के साथ इसकी वित्तीय स्वीकृति दी है। इसके तहत वित्तीय नियम संग्रह में दी गई व्यवस्था के अनुसार जो सरकारी कर्मचारी व अधिकारी धन को आहरित करेगा, वही उसके समायोजन के लिए भी जिम्मेदार होगा तथा यदि कोई क्षति होती है तो उसके लिए भी संबंधित सरकारी कर्मचारी व अधिकारी जिम्मेदार होगा। इसके साथ ही ये भी निर्देश दिया गया है कि महानिदेशक, परिवार कल्याण इस धनराशि के साथ ही पूर्व में दी गई समस्त अग्रिम धनराशि का समायोजन 31 मार्च, 2024 तक अवश्य कर लेंगे तथा समायोजन सुनिश्चित कराते हुए शासन को भी अवगत कराएंगे। किसी भी अन्य अग्रिम भुगतान के लिए शासन की सहमति प्राप्त की जानी होगी। धनराशि के व्यय में सुसंगत वित्तीय नियमों का अनुपालन सुनिश्चित किया जाएगा तथा उसका व्यय उसी प्रयोजन में किया जाएगा जिसके लिए इसका प्राविधान किया गया है। धनराशि संस्था को निर्गत किए जाने के दिन से उनके द्वारा वास्तविक उपयोग किए जाने तक अर्जित ब्याज को राजकोष में जमा कराया जाएगा।

उल्लेखनीय है कि भारत सरकार की ओर से शुरू की गई इस योजना में केंद्र के साथ ही राज्य भी अपनी ओर से धनराशि प्रदान करते हैं। उत्तर प्रदेश में विगत 6 वर्ष में आयुष्मान भारत-प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना का सफलतापूर्वक क्रियान्वयन किया गया है। इसके साथ ही यूपी में मुख्यमंत्री जन आरोग्य योजना की भी शुरुआत की गई है। आयुष्मान भारत-प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना एवं मुख्यमंत्री जन आरोग्य योजना के माध्यम से 6 वर्ष में करीब 9 करोड़ लाभार्थियों को प्रति लाभार्थी 5 लाख रुपए तक निशुल्क चिकित्सा का लाभ दिया जा रहा है। इसके अलावा प्रदेश सरकार की ओर से मेडिकल सेक्टर में अनेक कार्यक्रम चलाए जा रहे हैं जिनका लाभ लोगों को मिल रहा है।

## आज 30 करोड़ पौधे लगाकर प्रदेश को हरा-भरा बनाएगी योगी सरकार

### विभिन्न जिलों में पौधरोपण अभियान में शामिल होंगे योगी सरकार के मंत्री

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ



**प्रकृति** व परमात्मा की असीम कृपा वाले उत्तर प्रदेश को हरा-भरा बनाए रखने के लिए योगी सरकार 35 करोड़ पौधे लगाएगी। इसमें से 30 करोड़ पौधे शनिवार व शेष 5 करोड़ पौधे स्वतंत्रता दिवस को लगेंगे। योगी सरकार ने प्रदेश के हरित क्षेत्र को 9 से बढ़ाकर 2026-27 तक 15 फीसदी तक ले जाने का भी लक्ष्य रखा है। इसके लिए जनसहयोग भी जरूरी है। योगी सरकार के मंत्री भी शनिवार को विभिन्न जनपदों में पौधरोपण करेंगे।

योगी सरकार सभी के सहयोग से इस लक्ष्य को प्राप्त करेगी। 35 करोड़ पौधे के लिए वन, पर्यावरण व जलवायु परिवर्तन की ओर से 14 करोड़, ग्राम्य विकास विभाग को 12.59 करोड़, कृषि को 2.50 करोड़, उद्यान विभाग 1.55 करोड़, पंचायती राज को 1.28 करोड़, राजस्व को 1.06 करोड़, नगर विकास को 35 लाख, उच्च शिक्षा को 18 लाख, रेशम को 14 लाख, लोक निर्माण, रेलवे व जलशक्ति को 13-13 लाख, बेसिक शिक्षा को 12 लाख, स्वास्थ्य विभाग को 11 लाख, उद्योग को 9 लाख, औद्योगिक विकास व माध्यमिक शिक्षा विभाग को आठ-आठ लाख, गृह-पशुपालन को सात-सात लाख, ऊर्जा व सहकारिता को छह-छह लाख, आवास विकास, रक्षा व प्राविधिक शिक्षा को पांच-पांच लाख, श्रम व परिवहन विभाग को तीन-तीन लाख पौधरोपण का लक्ष्य दिया गया है। अभियान के तहत सभी 18 मंडलों में भी पौधे लगाए जाएंगे। सबका लक्ष्य निर्धारित कर दिया गया है। सबसे अधिक पौधे लगाने का लक्ष्य लखनऊ मंडल को दिया गया है।

लखनऊ मंडल में चार करोड़ पौधे लगाए जाएंगे। कानपुर मंडल में 3.13 करोड़, चित्रकूट में 2.76 करोड़, झांसी में 2.58 करोड़, मिर्जापुर में 2.27 करोड़, अयोध्या में 2.20 करोड़, देवीपाटन में 1.95 करोड़, प्रयागराज में 1.89 करोड़, बरेली में 1.87 करोड़, वाराणसी में 1.78 करोड़, मुरादाबाद में 1.76 करोड़, आगरा में 1.74 करोड़, गोरखपुर में 1.43 करोड़, आजमगढ़ में 1.34 करोड़, अलीगढ़ में 1.20 करोड़, मेरठ मंडल में 1.14 करोड़, बस्ती में 1.08 करोड़ व सहारनपुर मंडल में 88 लाख पौधे लगेंगे। पौधरोपण स्थलों की जियो टैगिंग भी होगी। वहीं मंडलों में वन विभाग की तरफ से 12.60 करोड़ व अन्य विभाग मिलकर लगभग 22.40 करोड़ पौधे लगाएंगे।

सघन वृक्षारोपण कार्यक्रम

# शुद्ध आक्सीजन की प्राप्ति के लिए पेड़ों को लगाएः सुरेश कुमार खन्ना



**शाहजहांपुर।** नगर निगम के सघन वृक्षारोपण कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि शिरकत करने पहुंचे उत्तर प्रदेश सरकार के वित्त एवं संसदीय कार्य मंत्री सुरेश कुमार खन्ना ने कहा सघन वृक्षारोपण से भविष्य में छाया तथा शुद्ध आक्सीजन की प्राप्ति होगी इसलिए पेड़ों को लगाए और उनकी देखभाल करे इसको अपने जीवन में अच्छी आदत की तरफ अपना ले तो यह आपको और आपकी आने वाली नस्लों के सिर्फलाभकारी ही होगा, इस ब्लैक स्पॉट एरिया को ब्यूटी स्पॉट एरिया में विकसित करने से आमजन को सुविधा ही होगी।

जिला अस्पताल के पास स्थित ब्लैक स्पॉट एरिया को ब्यूटी स्पॉट एरिया में विकसित किये जाने के उद्देश्य से नगर निगम ने सघन वृक्षारोपण कार्यक्रम में मुख्य अतिथि वित्त एवं संसदीय कार्य मंत्री सुरेश कुमार खन्ना ने पौधों को रोपित कर नगर निगम के कर्णचारियों को पेड़-पौधों की उचित देखभाल के लिए नियमित पानी देने एवं सफाई किये जाने का फरमान सुनाया इस मौके पर कार्यक्रम में शिरकत कर रही स्कूलों के बच्चों ने पेड़ो को लगाया। इस अवसर पर नगर आयुक्त शंतोष शरण ने कहा कि इस बस्थल को पार्क के रूप में विकसित किया जायेगा और सघन वृक्षारोपण के तहत जामुन, कछनार, नीम, पीपल, आंवला आदि प्रजातियों के पौधों को रोपित किया गया है। महापौर अर्चना वर्मा, राज्य सफाई कर्मचारी आयोग के अध्यक्ष सुरेंद्रनाथ वाल्मीकि, नगर आयुक्त महोदय संतोष कुमार शर्मा प्रभारीय वनाधिकारी प्रखर गुप्ता, अपर नगर आयुक्त एस.के. सिंह, महाप्रबंधक जल सौरभ श्रीवास्तव, सहायक अभियंता जलकल प्रेमचंद्र आर्य, ब्लॉक प्रमुख रामराम वर्मा, पार्षद मनीष गुप्ता, स्वच्छता प्रभारी अल्पना श्रीवास्तव, पूजा पांडेय, रेयान इंटरनेशनल स्कूल की प्रधानाचार्य उषा अग्रवाल एवं स्कूल के बच्चों एवं आमजन द्वारा सक्रिय प्रतिभाग करते हुए वृद्ध स्तर पर उक्त विकसित स्थल पर विभिन्न प्रजातियों के पौधों को रोपित किया गया।

## गर्भवती महिला की गलत इंजेक्शन लगने से मौत

**शाहजहांपुर।** गर्भवती महिला की गलत इंजेक्शन लगने से मौत हो गई। महिला के पेट में दर्द उठने पर परिजन प्राइवेट अस्पताल लेकर गए थे। इंजेक्शन लगा दिया । दस मिनट बाद ही महिला ने दम तोड़ दिया। डॉक्टर खुद महिला को बरेली के अस्पताल लेकर गया था। वहां अस्पताल के बाहर शव छोड़कर डॉक्टर भाग गया। परिवार की सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। थाना कटरा क्षेत्र के ताहरगंज निवासी ब्रज किशोर कश्यप की 28 साल की पत्नी शशि देवी चार महीने की गर्भवती थी। बुधवार की रात अचानक महिला के पेट में दर्द उठा। परिवार ने उनको कटरा क्षेत्र में स्थित एक प्राइवेट अस्पताल भर्ती कराया था।गुरुवार की रात डॉक्टर ने महिला को इंजेक्शन लगाने के लिए कहा। इस पर परिवार ने गर्भवती होने के कारण इंजेक्शन लगाने से मना कर दिया था। लेकिन डॉक्टर ने फिर भी इंजेक्शन लगा दिया। दस मिनट बाद ही महिला ने दम तोड़ दिया।उसके बाद डॉक्टर खुद मरीज को बरेली के एक अस्पताल लेकर गया। परिवार भी साथ गया था लेकिन जब डॉक्टर को अहसास हुआ कि महिला की मौत हो चुकी है। तब घबराया डॉक्टर महिला के शव को बरेली के अस्पताल के बाहर छोड़कर भाग गया। परिवार महिला के शव को थाने लेकर आए।यहां उन्होंने डॉक्टर के खिलाफ थाने में तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। बता दें कि महिला की शादी दस साल पहले हुई थी। उसका एक छह साल का बेटा है। महिला की मौत के बाद परिवार ने रो-रोकर बुरा हाल है। महिला की मौत के बाद परिवार ने डॉक्टर पर गलत इंजेक्शन लगाने का आरोप लगाया है। शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। जांच की जा रही है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट का इंतजार किया जा रहा है।

# डीएम की अध्यक्षता में निर्माण कार्यों की समीक्षा बैठक सभी कार्य पूरी गुणवत्ता से निर्धारित समयावधि में हो



**शाहजहांपुर।** डीएम उमेश प्रताप सिंह की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में निर्माण कार्यों की समीक्षा बैठक संपन्न हुई। डीएम ने जनपद में संचालित 50 लाख से अधिक लागत के निर्माण कार्यों की समीक्षा करते हुए निर्देश दिए कि सभी निर्माण कार्यों को पूरी गुणवत्ता के साथ निर्धारित समयावधि में पूर्ण किया जाए। पूर्ण कार्यों को नियमानुसार 15 दिनों में हैंड ओवर कराए जाने की कार्यवाही सुनिश्चित करने हेतु भी डीएम ने निर्देशित किया। नगर निगम भवन के धीमे निर्माण कार्य पर कार्यदायी संस्था सीएण्डडीएस के प्रतिनिधि को कड़ी फटकार लगाते हुये डीएम ने कार्य में तेजी लाने के निर्देश दिये। मल्टीपरपज सीड स्टोर खुटार के कार्य पूर्ण करते हुये हस्तगत कराये जाने के निर्देश भी डीएम ने दिए। तहसील तिलहर में आवासीय भवनों के निर्माण कार्य की गुणवत्ता की जांच एसडीएम तिलहर एवं लोक निर्माण विभाग के एसडीओ की संयुक्त टीम द्वारा कराते हुये हस्तानान्तरण की कार्यवाही करने हेतु निर्देशित किया। डीएम ने नगर पंचायत कार्यालय बंडा के परिसर की लेवलिंग कराते हुए कार्य को शीघ्र पूर्ण किए जाने हेतु भी निर्देश दिए। कस्तूरबां गांधी आवासीय विद्यालय, कटरा के निर्माणाधीन हॉस्टल की जांच के दौरान पायी गयी कमियों को शीघ्र ठीक कराये जाने के निर्देश डीएम ने दिये। सिमराबीराग गो सदन की बाउण्ड्रीवाल बनाये जाने हेतु सम्बन्धित अधिकारी को निर्देशित किया। डीएम ने समस्त कार्यदायी संस्थाओ को निर्देशित किया कि परियोजनाओं का निर्माण कराने में निर्माण कार्य की गुणवत्ता एवं उसकी समयबद्धता सुनिश्चित करते हुये समय से परियोजनायें संबंधित प्रशासकीय विभागों को हस्तगत कराना सुनिश्चित करें, किसी भी प्रकार से लापरवाही न बरते अन्यथा की स्थिति में संबंधित के विरूद्ध कड़ी कार्यवाही की जायेगी। जिला अर्थ एवं सांख्यिकी अधिकारी बाबू लाल, मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी डा. जय प्रकाश सहित सम्बन्धित अधिकारी एवं कार्यदायी संस्थाओं के प्रतिनिधि मौजूद रहे।

# रोड सेफ्टी के लिए सेफ लाइफ फाउंडेशन ने दिया फस्ट रिसपांडर का प्रशिक्षण



**लखीमपुर खीरी।** मुख्य सचिव, उप्र शासन द्वारा दिये गये निर्देशों के अनुपालन में 31 जुलाई तक सड़क सुरक्षा पखवाड़ा मनाया जा रहा है। पखवाड़ा के पंचम् दिवस शुक्रवार को उप्र शासन द्वारा प्रस्तावित कार्यक्रम के अनुसार समस्त 75 जनपदों को जोड़ते हुए बस, ट्रक, टैम्पो, टैक्सी, आटो एवं ई.रिक्शा चालकों एवं आवेदकों, वाहन स्वामियों को एनजीओ सेफ लाइफ फाउन्डेशन के सहयोग से दोपहर 12 बजे परिवहन कार्यालय के रोड़ सेफ्टी अवेयरनेस हाल में फस्ट रिसपांडर का प्रशिक्षण दिया। एक प्रश्नकाल का आयोजन कियाए जिसमें उपस्थित वाहन चालकों द्वारा पूँछे गये प्रश्नों का उत्तर देते हुए सड़क सुरक्षा के नियमों की पूर्ण रूप से जानकारी उपलब्ध कराई। बस, ट्रक, टैम्पो, टैक्सी, ऑटो एवं ई.रिक्शा चालकों एवं आवेदकों, वाहन स्वामियों आदि लगभग 200 लोगो को प्रशिक्षण दिया गया। एआरटीओ आलोक कुमार, सम्भागीय निरीक्षक (प्रविधिक) पंकज तथा कार्यालय के कर्मचारी आदि उपस्थित हुए। सड़क सुरक्षा से सम्बन्धित जनमानस में पेम्फ्लेट्स, स्टीकर्स व हैंडबिल वितरित किए। एआरटीओ आलोक कुमार सिंह ने सड़क सुरक्षा का संकल्प दिलाते हुए कहा कि दो पहिया वाहन चलाते समय हमेशा हेलमेट पहनेंगे। चार पहिया वाहन चलाते समय हमेशा सीट बेल्ट पहनेंगे। तेज रफ्तार से वाहन नहीं चलायेंगे।

# दो हजार पौधों से हरा भरा होगा मेडिकल कॉलेज और एमसीएच विंग

- मेडिकल कॉलेज को मिला दो हजार पौधों का लक्ष्य, अधीक्षक डॉ एसी श्रीवास्तव ने किया शुभारंभ



**लखीमपुर खीरी।** पर्यावरण के प्रति आम जनमानस को सजग करने और पर्यावरण को बेहतर करने के उद्देश्य से शासन द्वारा पौधरोपण का आदेश सभी विभागों को दिया गया है। इसमें मेडिकल कॉलेज को 2000 पौधे रोपित करने का लक्ष्य मिला हैए जिसमें एमसीएच विंग ओयल को अपने प्रांगण में 500 पौधों के रोपण का लक्ष्य दिया गया है। इसी लक्ष्य के सापेक्ष शुक्रवार को एमसीएच विंग अधीक्षक डॉ एसी श्रीवास्तव द्वारा पौधरोपण कर इस अभियान की शुरुआत की गई। इस दौरान उन्होंने बताया कि एमसीएच विंग प्रांगण में 500 पौधों का रोपण किया जाना है। जिसकी शुरुआत शुक्रवार से हो गई है और पूरे प्रांगण में फलदारए औषधि युक्त पौधों के रोपण की प्रक्रिया शुरू कर दी गई है। शासन की मंशा के अनुरूप पूरे प्रांगण 500 पौधों का जो लक्ष्य शासन से मिला है उसे कल तक रोपित कर दिया जाएगा। अन्य डेढ़ हजार पौधे मेडिकल कॉलेज की देवकली स्थित बिल्डिंग प्रांगण में लगाए जा रहे हैं।

साथ ही उन्होंने कहा कि पर्यावरण के प्रति आम जनमानस को भी जागरूक रहना चाहिए। सभी को कम से कम एक पौधा अपने घर आंगन में जरूर लगाना चाहिए। जिससे पर्यावरण में उनका योगदान सुनिश्चित हो सके। उन्होंने कहा कि वर्तमान समय में पर्यावरण में अधिक प्रदूषण होने के कारण क्लाइमेट चेंज ऐसे हालात बन रहे हैं। इसे देखते हुए आज हमें ना सिर्फ पौधे लगाने की जरूरत हैए बल्कि उन्हें सही देखभाल कर इस लायक बनाने की आवश्यकता है कि वह हमारे पर्यावरण को संतुलित कर सकें। इसी के साथ उन्होंने जल संरक्षण और पर्यावरण प्रदूषण को लेकर भी लोगों को जागरूक करते हुए कहा कि आज पर्यावरण संतुलन के लिए यह आवश्यक हो चुका है कि हम पर्यावरण से जुड़े हर पहलू पर ध्यान देकर उसे संतुलित करने में अपना योगदान दें। उनके साथ फार्मासिस्ट अमरेंद्र, काउंसलर देवनंदन श्रीवास्तव सहित अन्य विभागीय अधिकारी कर्मचारी उपस्थित रहे।

## सर्किट हाउस चौराहा पर दुकान में चोरी, चोरों ने सीसीटीवी का डाटा किया डिलीट

**बरेली।** बरेली के थाना कोतवाली क्षेत्र में एक प्रोविजन स्टोर में चोरों ने ताले तोड़कर दुकान से हजारों का सामान चुरा कर ले गए कमलजीत सिंह पुत्र स्वर्गीय बहादुर सिंह की रविंद्र प्रोविजन स्टोर के नाम से सर्किट हाउस चौराहे पर दुकान है 20 जुलाई की रात को कमलजीत सिंह और उनके बेटा साहिल ने 11.00 बजे ठीक-ठाक सही तरीके से दुकान का ताला बंद करके अपने घर गए 21 जुलाई की सुबह 8.00 बजे जब दुकान पर उनका बेटा गुरुनूर उर्फ साहिल पहुंचा तो उसने देखा कि आगे के शटर का ताला खोलकर शटर ऊपर उठाया तो दुकान का सारा सामान बिखरा पड़ा था गल्ला खुला पड़ा था जिसमें से 20 से 25 हजार रुपये चोरों ने निकाल लिए लगभग 30 से 40 हजार का सामान चोरी करके ले गए जब दुकान के पिछले हिस्से में जाकर देखा तो पीछे का सटर काटकर तोड़ दिया गया था इसी रास्ते से चोर अंदर घुसे उनकी दुकान में कैमरे लगे हैं।

## क्विक न्यूज

### प्रमुख सचिव परिवहन ने पौधारोपण हेतु की गयी तैयारियों की करी समीक्षा, विभागवार ली जानकारी

**बरेली।** प्रमुख सचिव परिवहन विभाग एल. वेंकटेश्वर लू की अध्यक्षता में 22 जुलाई को आयोजित होने वाले वृहद पौधारोपण अभियान को लेकर की गयी तैयारियों की कलेक्ट्रेट सभागार में समीक्षा करी। प्रमुख सचिव परिवहन विभाग एल. वेंकटेश्वर लू ने पौधारोपण हेतु विभागवार लक्ष्यों की समीक्षा करते हुये कृत कार्यवाही व विगत वर्ष किये गये पौधारोपण में कितने पौधे जीवित हैं उसकी भी जानकारी सम्बंधित विभागों के अधिकारियों से ली तथा आमजन को पौधारोपण करने हेतु किस प्रकार से जोड़ा जा रहा है। इसकी भी जानकारी ली।जिलाधिकारी श्री शिवाकान्त द्विवेदी ने अवगत कराया कि जनपद में 42.72 लाख वृक्षारोपण का लक्ष्य है, जिसके लिए पूर्व से तैयारियां की गई हैं जिसमें गड्ढा खुदान, पौधों का उठान तथा बड़ी संख्या में पौधारोपण व जीयो टैगिंग भी करवायी गयी है। 22 जुलाई का मुख्य आयोजन आई0वी0आर0आई व लीलौर झील पर किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि आमजन को वृक्षारोपण अभियान से जोड़ने हेतु प्रयास किये जा रहे हैं, जिसके अन्तर्गत कृषि वृक्ष धन योजना के माध्यम से कृषकों को वृक्ष लगाने हेतु दिये गये हैं। छात्रध्छात्राओं को दो-दो पौधे गोद दिये जा रहे हैं जो पौधों का संरक्षण करेंगे। भले ही उसका क्लास बदल जाए, पौधे पर बच्चों के नाम की तख्ती लगवायी जा रही है, जिससे कि बच्चे उस पौधे की देख भाल कर जीवित रखें और कभी स्कूल आये तो उस पौधे को देखकर उत्साहित हो। उन्होंने बताया कि ग्राम्य विकास विभाग द्वारा खुली बैठकें की गयी हैं, जिसके माध्यम से अधिक से अधिक संख्या में ग्रामीणों को पौधारोपण हेतु जागरूक किया गया है। बैठक में डीएम शिवाकान्त द्विवेदी, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक प्रभाकर चौधरी, मुख्य विकास अधिकारी जग प्रवेश, नगर आयुक्त निधि गुप्ता वत्स, एडीएम नगर डॉ. आर.डी. पाण्डेय, वनाधिकारी समीर कुमार, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी संजय सिंह, एआरटीओ सहित अन्य सम्बंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

### कार ने तांगा बुग्गी व साइकिल सवार को टक्कर मारी, हादसे में एक की मौत एक गंभीर रूप से घायल

**शाहजहांपुर।** जनपद के थाना जलालाबाद के मदनापुर रोड के गांव बघापुर मोड़ पर एक सड़क हादसा मे कार चालक ने पहले तांगा बुग्गी फिर साइकिल सवार को टक्कर मार दी। हादसे में एक की मौत हो गयी है जबकि एक गंभीर रूप से घायल हो गया है। बरेली की तरफसे आ रही एक कार ने तांगा बुग्गी में टक्कर मार दी। जिससे रेत भरी तांगा बुग्गी चकनाचूर हो गई। उसके बाद कार तांगा बुग्गी के पीछे चल रहे साइकिल सवार से टकरा गई। जिससे गांव मालूपुर निवासी वारिस अली पुत्र शफीयार उम्र 53 साल की घटनास्थल पर ही मौत हो गई। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। जबकि घायल को उपचार के लिए जिला अस्पताल रेफर कर दिया। घटनास्थल पर राहगीरों की भारी भीड़ जमा हो गई। मिली जानकारी के अनुसार, वारिस अली गांव मालूपुर में अपने मकान का निर्माण करा रहे थे। उसके लिए सुबह जलालाबाद नदी की रेत लेने गए थे। नदी की रेत लेने के लिए उन्होंने गांव कसारी निवासी बृजेश से तांगा बुग्गी तय किया था। तांगा बुग्गी से रेत लेकर गांव जा रहे थे। तभी गांव बघापुर मोड़ पर बरेली की तरफसे आ रहे कार मालिक रमेश ने पहले बुग्गी में टक्कर मारी जिससे बुग्गी टूट गई और उसके बाद उसके पीछे चल रहे गांव मालूपुर निवासी वारिस अली जो कि साइकिल से जा रहे थे टक्कर मार दी। जिससे वारिस अली खाई में कूड़े के ढेर में गिर गया और उनकी घटनास्थल पर मौत हो गई।पुलिस ने मौके पर पहुंचकर शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। कार चालक को पकड़ लिया और पुलिस के हवाले कर दिया।

### विकास भवन सभागार में आयोजित हुई समीक्षा बैठक

**सीतापुर।** सीतापुर के विकास भवन सभागार में विकास कार्यों की समीक्षा बैठक आयोजित की गई। इसकी अध्यक्षता डीएम अनुज सिंह ने की। बैठक में डीएम ने निर्देश दिया कि लाभार्थी परक योजनाओं का अधिक से अधिक लाभ पात्रों को मिले इसे सुनिश्चित किया जाए। जुलाई की रैकिंग में सबसे खराब प्रदर्शन करने वाले 10 अधिकारियों को चिन्हित कर कार्रवाई की जाएगी। बैठक में डीएम ने नहरों के सिल्ट सफाई कार्य की जांच ड्रोन के माध्यम से कराने का निर्देश दिया। सीडीओ अक्षत वर्मा और सीएमओ डा. हरिपाल सिंह सहित संबंधित विभागों के अधिकारीगण मौजूद रहे।

### नाली में मानकों की अनदेखी को लेकर भाकियू ने किया विरोध

**सीतापुर।** सीतापुर के सिधौली क्षेत्र अंतर्गत दखिन गांव के मजरा जंगपुर में पीडब्ल्यूडी द्वारा बनवाई गई सीसी रोड के किनारे निर्माणाधीन नाली में मानकों की अनदेखी को लेकर विरोध हो गया। भाकियू टिकैत गुट के प्रदेश सचिव रामप्रकाश सिंह के नेतृत्व में कार्यकर्ता विरोध पर बैठ गए। सूचना मिलने पर ठेकेदार विवेक सिंह ने निर्माणाधीन नाली को तुड़वाकर मानक युक्त निर्माण कराने का आश्वासन दिया।

## कृषि विभाग द्वारा आयोजित हुआ किसान मेला

**सीतापुर।** सीतापुर के कसमंडा ब्लाक सभागार में कृषि विभाग द्वारा किसान मेले का आयोजन किया गया। इस दौरान सिधौली क्षेत्र के एसएमएस अनुभव त्रिवेदी ने मोटे अनाजों की खेती का महत्व बताया तथा जिन किसानों ने इसमें रूचि दिखाई, उन्हें मोटे अनाजों की मिनी किट निशुल्क वितरित किए। कृषि विज्ञान केंद्र अंबरपुर के डा. वीके सिंह ने किसानों को वैज्ञानिक खेती के बारे में बताया।

## परेड ग्राउंड पर आयोजित हुई साप्ताहिक परेड

**सीतापुर।** सीतापुर पुलिस लाइन के परेड ग्राउंड पर शुक्रवार को सासाहिक परेड आयोजित की गई। एसपी घुले सुशील चंद्रभान ने परेड का निरीक्षण कर सलामी ली। इस दौरान विभिन्न प्रकार के शस्त्रों के रखरखाव में बरती जाने वाली सावधानियों के बारे में बताया गया। एसपी ने पुलिस लाइन स्थित परिवहन शाखा और बैरकों आदि का निरीक्षण कर सफाई व्यवस्था बेहतर रखने पर जोर दिया।

# जल संरक्षण जागरूकता के उद्देश्य से पूरे प्रदेश में भूगर्भ जल सप्ताह का आयोजन

**बरेली।** जल संरक्षण एवं जल संवर्धन जागरूकता के उद्देश्य से पूरे प्रदेश में 16 से 22 जुलाई तक भूगर्भ जल ससाह का आयोजन किया गया है। बरेली में भी इस जागरूकता कार्यक्रम के अंतर्गत सामाजिक संस्थाओं एवं मंडलीय भूगर्भ जल विभाग द्वारा लगातार कार्यक्रम किए जा रहे हैं. भूगर्भ जल ससाह का आरंभ भूगर्भ जल विभाग कार्यालय में रणधीर प्रसाद गौड़ की अध्यक्षता में कवि गोष्ठी से हुआ मुख्य अतिथि रमेश गौतम एवं विशिष्ट अतिथि बरेली के जल पुरुष विकल्प संस्था के अध्यक्ष राज नारायण थे, कवियों ने जल संरक्षण के संबंध में अपनी नई रचनाओं का पाठ किया. 17 जुलाई को प्रदेश स्तर के जल कार्यकर्ताओं एवं वरिष्ठ विभागीय अधिकारियों की ऑनलाइन मीटिंग हुई जिसमें हर विभाग में इस संबंध में चल रही गतिविधियों की जानकारी साझा की गई. 18 तारीख को भूगर्भ जल विभाग द्वारा विभिन्न स्थानों पर सेल्फी प्वाइंट लगाएगा जिसका उद्घाटन सीडीओ ने अपनी सेल्फी लेकर किया। मंडलीय भूगर्भ जल अधिकारी गणेश सिंह नेगी ने प्रचार वाहन को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया जो जो जिले के सार्वजनिक स्थानों एवं विद्यालयों में जाकर स्टीकर पंपलेट और भाषणों के माध्यम से जागरूकता फैला रहा है। इसी संदर्भ में आज 20 जुलाई को जिले के ऐतिहासिक स्थल लीलोर झील एवम खांगना श्याम गांव के पास भूगर्भ जल विभाग, डब्ल्यू डब्ल्यू एफ एवं अन्य सामाजिक संस्था द्वारा जन जागरूकता कार्यक्रम किया गया जिसमे एस के सूरी एवं उमेश चंद्र को गांव वालो द्वारा बताया गया कि लीलोर झील एवम खांगना श्याम तालाब में झील की सफाई एवम डिसिल्टिंग का कार्य कराया गया है जिससे जलस्तर में 5 फुट तक सुधार हुआ है। इस कार्यक्रम का समापन 22 जुलाई को विकल्प संस्था द्वारा श्रमदान से खोदे गए तालाब क्रांति सरोवर के निकट विकसित हो रहे।

# विधायक के हस्तक्षेप से सभासदों और अधिशासी अधिकारी के बीच चल रहा विवाद हुआ खत्म

- आसुओं के सैलाब से सभागार हुआ पानी



**मोहम्मदी.खीरी।** नगर पालिका सभासदो और अधिशासी अधिकारी की तीन दिनो से चल रही रस्साकशी आज विधायक लोकेंद्र प्रताप सिंह और उपजिलाधिकारी के हस्तक्षेप से समाप्त हुआ दोनों पक्षों ने नगर पालिका सभागार में अपनी-अपनी बात रखी अधिशासी अधिकारी बदायूं की रहने वाली हैं जिन की भाषा शैली खड़ी है मूल कारण शिष्टाचार और भाषा शैली सभासद और अधिशासी अधिकारी के बीच तनातनी का कारण बना परंतु नगर पालिका सभागार में दोनों पक्षों के बीच सुलह समझौता हो गया, जिससे कर्मचारियों ने भी राहत की सांस ली। अधिशासी अधिकारी आंसुओं के सैलाब से हुआ सभागार पानी पानी, चेयरमैन बोले अधिशासी अधिकारी मेरी छोटी बहन, विधायक लोकेंद्र प्रताप सिंह ने अधिशासी अधिकारी से अपनी भाषा शैली में परिवर्तन करने की दी सलाह, दोनो एक दूसरे के पूरक, उप जिलाधिकारी ने कहा सभासद और अधिशासी अधिकारी तालमेल बनाकर चले शिष्टाचार जरूरी एक साथ चलने का दिया गुरु मंत्र एतभी होगा विकास, अधिशासी अधिकारी बोली मै एक महिला हूए मेरा भी हो सम्मान, मोहम्मदी नगर पालिका परिषद मे 3 दिन से अधिशासी अधिकारी और सभासदो के बीच चल रहा गतिरोध विधायक लोकेंद्र प्रताप सिंह उप जिलाधिकारी डॉ अवनीश सिंह चेयरमैन संदीप मल्होत्रा अधिशासी अधिकारी गुंजन गुप्ता और सभासदों के बीच गतिरोध हुआ सभासदों ने मेजर थपथपा कर गतिरोध समाप्त होने का किया स्वागतएनगर पालिका का गेट खुलाए दोनों पक्षों में खुशी का माहौल।

# महिलाओं और बालिकाओं की सुरक्षा व जागरुकता हेतु गोष्ठी का आयोजन




**लखीमपुर खीरी।** पुलिस अधीक्षक गणेश प्रसाद साहा के निर्देशन व अपर पुलिस अधीक्षक के निकट पर्यवेक्षण में मिशन शक्ति के तहत कम्युनिटी पुलिसिंग एवं महिला सशक्तिकरण अभियान के अंतर्गत महिलाओं/बालिकाओं के विरुद्ध घटित होने वाले अपराधों एवं उनके उत्पीड़न की रोकथाम हेतु चलाये जा रहे अभियान के क्रम में खीरी के समस्त थानों की महिला बीट आरक्षियों एवं एंटी रोमियो टीम द्वारा थाना क्षेत्र के विभिन्न ग्रामों, कस्बों, बस अड्डा, सार्वजनिक स्थानों, प्रमुख चौराहों, प्रमुख बाजारों, मन्दिर, शिवालयों, शापिंग मॉल आदि के आस.पास गश्त/चेकिंग करते हुए महिलाओं व बालिकाओं को आत्मसुरक्षा के लिये जागरुक किया जा रहा है तथा उनकी सुरक्षा के सम्बंध में वार्ता कर संदिग्धों की चेकिंग कर आवश्यक हिदायत जा रही है। साथ ही समस्त थानों द्वारा अपने.अपने थाना क्षेत्र अन्तर्गत गांव, कस्बों एवं सार्वजनिक स्थानों, मिशन शक्ति कक्ष पर बालिकाओं/महिलाओं की गोष्ठी करके उच्चाधिकारियों के नम्बर व नारी सुरक्षा/मिशन शक्ति अभियान के तहत विभिन्न हेल्प लाइन नम्बर वीमेन पावर लाइन 1090, महिला हेल्पलाइन 181, मुख्यमंत्री हेल्पलाइन 1076, पुलिस आपातकालीन सेवा 112, चाइल्ड हेल्पलाइन 1098, स्वास्थ्य सेवा 102, एम्बुलेंस सेवा 108 व साइबर हेल्पलाइन 1930 तथा थानों के सीयूजी नम्बर आदि के बारें में विस्तृत जानकारी प्रदान की जा रही है। इस अवसर पर बिना कारण घूमने वाले लड़कों/शोहदों की चेकिंग की जा रही है तथा सख्त हिदायत दी जा रही है। आज 21.07.2023 को थाना मैलानी, थाना फरधान, थाना भीरा, थाना खीरी, थाना हैदराबाद, थाना पसगवां, कोतवाली सदर सहित विभिन्न थानों द्वारा क्षेत्र में महिलाओं/बालिकाओं की गोष्ठी करके उन्हें राज्य सरकार द्वारा निर्गत मिशन शक्ति अभियान से संबंधित आदेश.निर्देश से अवगत कराया गया तथा साइबर क्राइम के बारे में जागरूक किया गया।

## पुलिस ने 6 फरार वारंटी को गिरफ्तार कर जेल भेजा

**फतेहगंज पश्चिमी।** थाना पुलिस ने वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक द्वारा अपराध की रोकथाम व अपराधियों की गिरफ्तारी करने हेतु चलाये जा रहे अभियान के अनुपालन में पुलिस अधीक्षक ग्रामीण के निर्देशन में क्षेत्राधिकारी मीरगंज,बरेली के पर्यवेक्षण में थाना फ्तेहगंज पश्चिमी पुलिस द्वारा लम्बे समय से फरार चल रहे 06 गैर जमानती वारंटी अभियुक्त मुख्तयार पुत्र गड्डे खां नि0 ग्राम ठिरिया खेतल इशाकत अली पुत्र मोहब्बत शाह निवासी ग्राम ठिरिया खेतल अहमद हुसैन पुत्र मुनीर बक्स निवासी ग्राम सफरी जाबिर पुत्र कल्लू निवासी ग्राम सौरहा समसुल पुत्र रहीश अहमद निवासी ग्राम सोरहा भयराज पुत्र रतनलाल निवासी ग्राम सौरहा की गोटिया थाना फ्तेहगंज पश्चिमी को गिरफ्तार किया गया। जिनके विरुद्ध अग्रिम विधिक कार्यवाही कर संबंधित माननीय न्यायालय बरेली के समक्ष पेश किया जा रहा है। थाना प्रभारी निरीक्षक के निर्देशन में उ.नि. वीरेन्द्र सिंह, ब्रहमपाल सिंह हे.का. दिनेश कुमार, अंशुल तोमर, कपिल कुमार आदि थाना पुलिस साथ रहें।

# आज रोपे जाएंगे अस्सी लाख 38 हजार 712 पौधे

- नोडल ने ली अफसरों की बैठक, परखी तैयारियां



**लखीमपुर खीरी।** खीरी में वित्तीय वर्ष 2023-24 के तहत वर्षा ऋतु में जनपद के लिए निर्धारित लक्ष्य के सापेक्ष शत प्रतिशत पौधरोपण के उद्देश्य से वृक्षारोपण जन अभियान 2023 के तहत जनपदीय नोडल अधिकारी, वरिष्ठ आईएएस, आयुक्त.वाणिज्य कर मिनिस्ती एस की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में जिला वृक्षारोपण समिति की बैठक हुई। प्रभागीय वनाधिकारी (दक्षिण खीरी वन प्रभाग) संजय विश्वास ने बताया कि 2023-24 में शासन द्वारा जनपद को 95 लाख, 20 हज़ार, 28 पौधे रोपित किये जाने का लक्ष्य आवंटित किया गया है।

बैठक में डीएफ्ओ ने अभियान की रूपरेखा बताई। उन्होंने लक्ष्य क्षेत्र चयन, गड्ढा खुदाई, नर्सरी में पौधे की तैयारी पौध आपूर्ति क्रियान्वयन, नर्सरी वार उपलब्ध पौध का विवरण, वृक्षारोपण में प्रयुक्त प्रजातियां, कंट्रोल रूम एवं वार रूम की स्थापना एवं क्रियाशीलता, प्लांटेशन मॉनिटरिंग सिस्टम, आयुषवन, ग्रामवन, नंदनवन की स्थापना पर विस्तृत जानकारी दी।

नोडल ने विभागवार अफसरों से एक.एक कर पौधरोपण अभियान के संबंध में तैयारियां जानी। निर्देश दिए कि सभी अधिकारी.कर्मचारी स्वयं भी एक एक पौध जरूर लगाएं। जिला स्तरीय अधिकारी लीडरशिप लेकर सुबह से शाम तक अलर्ट रहकर पौधरोपण के लक्ष्य को पूरा कराएं। अभियान में जनप्रतिनिधियों के साथ साथ आमजन की सहभागिता सुनिश्चित कराएं। डीआईओएस और बीएसए को निर्देश दिए कि अभियान के दौरान बच्चों के बीच निबंध, पोस्टर, स्लोगन आदि प्रतियोगिताएं कराई जाए। श्रेष्ठ बच्चों को सम्मानित किया जाए। वन विभाग से समन्वय कर सफलतापूर्वक पौधरोपण कराना सुनिश्चित करें। डीपीओ को निर्देश दिया कि गर्भवती महिलाओं एवं कुपोषित बच्चों के आवासीय परिसर में सहजन का पौध कराया जाय।

नोडल अधिकारी ने कहा कि जन अभियान.2023 के साक्षी बनें। पौधरोपण की फोटो जरूर अपलोड करें। अभियान के तहत पौधरोपण के लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए जनमानस की सहभागिता के लिए वेब पेज विकसित किया गया। इसके माध्यम से रोपित किए पौधों की फोटो अपलोड की जा सकती है। शतप्रतिशत वृक्षारोपण किया जाना जरूरी है और इसी के चलते सभी तैयारियां समय रहते पूर्ण कर ली जायें। डीएफओ संजय विश्वाल ने बताया कि 22 जुलाई को रोपित किए जाने वाले पौधों का लक्ष्य की जानकारी देते हुए बताया कि वन विभाग (दक्षिण खीरी, उत्तर खीरी) 2098020, पर्यावरण 227988, ग्राम्य विकास 3536347, राजस्व 297229, पंचायतीराज 360559, औद्योगिक विकास व उद्योग 26176, नगर विकास 40531, लोनि 20266, जल शक्ति (सिंचाई विभाग) 21110, रेशम 37998, कृषि 706763, पशुपालन 14355, सहकारिता 15723, विद्युत 10994, शिक्षा विभाग रू. माध्यमिक शिक्षा 21110, बेसिक शिक्षा 34620, प्राविधिक शिक्षा 9288, उच्च शिक्षा 34620, श्रम 3040, स्वास्थ्य 20266, परिवहन 2871, रक्षा 50664, उद्यान 4382244, पुलिस विभाग से 4382244 पोध रोपित किए जाएंगे।

# मऊ ब्लाक का औचक निरीक्षण कर डीएम ने लिया व्यवस्थाओं का जायज़ा

● पूर्व व वर्तमान लेखाकार से स्पष्टीकरण मांगने के दिये निर्देश



**संवाददाता।** चित्रकूट

**जिलाधिकारी** अभिषेक आनन्द ने विकास खंड मऊ का औचक निरीक्षण किया एवं बैठक कर अधिकारियों कर्मचारियों द्वारा किए जा रहे कार्यों की समीक्षा की। इस दौरान डीएम ने जनसुनवाई, आई जीआरएस, हैंडपंप रिबोर, आवास रजिस्टर, कायाकल्प, स्थापना कार्य, का समीक्षा एवं लेखाकार कक्ष, सहायक विकास अधिकारी (पंचायत) कक्ष, सभागार कक्ष का निरीक्षण किए।

निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने खंड विकास अधिकारी को निर्देशित किए की जनसुनवाई में आए लाभार्थियों के रजिस्टर को अपडेट रखें एवं एक कालम अभ्युक्ति का भी बनाएं। उन्होंने खंड विकास अधिकारी को निर्देशित किए कि आइजीआरस देखने वाले को कहे कि लाभार्थी से बात कर फीडबैक भी लिखें। उन्होंने खंड विकास अधिकारी को निर्देशित किया कि आप समय से बैठकर जनसुनवाई करें एवं जनसुनवाई में आने वाले आवेदन पत्रों को रजिस्टर में भी दर्ज कराएं एवं हैंडपंप के संबंध में कहा कि हैंडपंप कहा पर है एवं कहां पर नहीं इसका भी रजिस्टर बनाएं व अपडेट करें।

क्षेत्र पंचायत से जो भी कार्य कराए जा रहे हैं उसके रजिस्टर पर अंकन न पाए जाने पर नाराजगी व्यक्त करते हुए विकासखंड में तैनात पूर्व लेखाकार एवं वर्तमान लेखाकार अतुल कांत खरे को कारण बताओ नोटिस दिए जाने का निर्देश जिला विकास अधिकारी को दिए'।

इसके अलावा जिलाधिकारी ने ने निर्माणाधीन सर्किट हाउस देवांगना घाटी, पर्यटन सुविधा केंद्र छिवलहा, रूर्वन उद्यमिता प्रशिक्षण विकास केंद्र मऊ का भी औचक निरीक्षण कर आवश्यक निर्देश दिए।

# चलती बोलेरो में शराब पिला महिला को गड्ढे में फेंका



**संवाददाता।** चित्रकूट

**जिले** में एक महिला बेहोशी की दशा में पड़ी मिली। ग्रामीणों से सूचना मिलने पर मौके पर पहुंची पुलिस ने महिला को बेहोशी दशा में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया। होश आने पर महिला ने दी तहरीर में तीन लोगों पर छेड़खानी और हत्या के प्रयास का मामला दर्ज कराया है।

ये मामला है मऊ थाना क्षेत्र के एक गांव का। बताया गया कि 28 वर्षीय महिला को परचित कामता प्रसाद ने मिलने को रामुपुरवा बुलाया था। महिला के पहुंचने पर कामता प्रसाद दो अज्ञात साथियों के साथ बोलेरो में बैठाकर मऊ कस्बे के नीबी रोड से शराब ठेका से तीनों ने शराब पी। महिला को भी जबरन शराब पिलाई। महिला बेहोशी दशा में हो गई तो महिला को बरगढ़ घाटी में कुछ घंटे रुकने के बाद उसे बेहोशी दशा में चितवारा गांव में सड़क किनारे पानी भरे गड्ढे में चलती बोलेरो से फेंककर फरार हो गए। ग्रामीणों ने देखा तो पुलिस को सूचना दी। आरोपी कामता प्रसाद और दो अज्ञात के खिलाफ छेड़खानी व हत्या के प्रयास का मामला दर्जकर पुलिस ने दो को हिरासत में ले लिया। महिला का डॉक्टरी परीक्षण के बाद 164 के बयान पर धाराओं में बढ़ोत्तरी कर कार्रवाई की जाएगी।

# बीएसए का औचक निरीक्षण स्कूल के बच्चों पर पड़ा भारी

● धूप में खड़े होने को विवश होने के कारण बच्चे हुए बीमार

● नाराज़ अभिभावकों ने डीएम ने शिकायत करने की कही बात

● बीएसए ने अवैध कक्षा संचालन के आरोप में स्कूल प्रबंधन पर ठोंकी पेनाल्टी

**संवाददाता।** उरई, जालौन

**प्राइमरी** और जूनियर स्तर तक की निजी शिक्षण संस्थानों का औचक निरीक्षण करना आज शुक्रवार को उसे वक्त बेसिक शिक्षा अधिकारी के लिए मुसीबत बन गया जब एक विद्यालय के निरीक्षण के उपरांत कई बच्चे बीमार पड़ गए जिन्हें आनन-फानन में जिला चिकित्सालय में भर्ती कराया गया मामले को लेकर शिक्षकों का कहना है कि बेसिक शिक्षा अधिकारी ने जबरन उन बच्चों को धूप में खड़ा रहने के लिए विवश किया तो वहीं बीएसए ने तो स्कूल प्रबंधन को दोषी करार देते हुए उन्हें न सिर्फ नोटिस भेजा बल्कि कक्षा 6 से 8 तक की अवैध कक्षा संचालन के मामले में 25 हजार की पेनाल्टी ठोक दी।

बीएसए बगैर कागजी तथ्यों की जानकारी किये ही करमेर रोड स्थित नटराज इंटरनेशनल स्कूल का निरीक्षण करने जा धमके जहां पर उन्होंने सबसे पहले तो क्लास रूमों में पहुंचकर बच्चों को कड़कती धूप में खड़ा करवा दिया जिससे कई बच्चे तो अचेत भी हो गये जिन्हें आनन फानन में जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया। हैरानी की बात तो यह है कि बीएसए द्वारा बच्चों से यह भी कहा गया कि आप सभी का भविष्य बर्बाद हो गया यह बात सुनते ही बच्चे रोने लगे। जबकि हकीकत यह है कि उक्त प्राइवेट विद्यालय की कक्षा 5 तक कक्षायें संचालित करने की मान्यता भी बीएसए कार्यालय से मिली हुयी है।

उन्होंने सबसे पहले तो मान्यता के कागजात मांगे लेकिन विद्यालय के संचालक मौके पर मौजूद न होने की वजह से उन्हें कागजात उपलब्ध नहीं कराये गये तो वह सीधे क्लास रूमों में पहुंचे जहां पढ़ने वाले बच्चों को निकालकर धूप में खड़ा करवाना शुरू कर दिया।

जब उक्त संबंध में बीएसए चंद्रप्रकाश से दूरभाष पर जानकारी चाही गयी तो उन्होंने बताया कि वह शिकायत मिलने पर नटराज शिक्षण संस्थान में निरीक्षण करने पहुंचे थे। उन्होंने यह भी बताया कि विद्यालय की कक्षा 5 तक मान्यता है। लेकिन वहां कक्षायें 8 तक संचालित हो रही थी।

अभिभावकों का कहना था कि जिस तरह का व्यवहार बीएसए ने बच्चों से किया वह मानवीय संवेदनाओं को झकझोरने वाला है। वह सभी डीएम से मिलकर शिकायत करेंगे व उसके साक्ष्य भी सौंपेंगे। मान्यता प्राप्त प्राइवेट शिक्षण संस्थान की यदि कोई शिकायत थी तो उसकी सच्चाई बीएसए अपने विभागीय पोर्टल पर कार्यालय में ही बैठकर कर सकते थे जिससे उन्हें सही तथ्यों की जानकारी हो जाती है।

# राजकीय विद्यालयों में छात्र-छात्राओं का पंजीकरण प्रतिशत बढ़ाया जाये: डीएम

● ग्राम चौपाल में डीएम ने किया ग्रामीणों की समस्याओं का निस्तारण

**कानपुर देहात।** जिलाधिकारी नेहा जैन की अध्यक्षता में परीक्षा वर्ष 2023 में 90 प्रतिशत व उससे अधिक अंक प्राप्त करने वाले एवं परीक्षाफल 100 प्रतिशत प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों के विद्यालयों के प्रधानाचार्य का सम्मान समारोह एवं प्रोजेक्ट अलंकार योजना की समीक्षा बैठक मॉ मुक्तेश्वरी देवी सभागार कक्ष में आयोजित हुई।

इस अवसर पर सम्बोधित करते हुए जिलाधिकारी ने कहा कि हमें शहरी बच्चों के साथ-साथ ग्रामीण बच्चों को विशेष ध्यान देने की आवश्यकता है। प्राय: देखा जाता है कि शहरी क्षेत्र के बच्चे, ग्रामीण क्षेत्र के बच्चों की तुलना में अधिक प्रतिभाशाली होते है। उन्होंने कहा कि ग्रामीण बच्चों में हमें वाद-विवाद प्रतियोगिता सहित अन्य प्रतियोगिताओं के माध्यम से उनके कौशल को उभारने के कार्य पर विशेष ध्यान देने की आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि अशासकीय विद्यालय, शासकीय विद्यालय की तुलना में अच्छा कार्य कर रहे है। शासकीय विद्यालय के प्रधानाचार्य व अध्यापकों को अशासकीय विद्यालयों से सीख लेने की आवश्यकता है।

ग्रामीण जनों की समस्याओं के निस्तारण एवं संभावित बाढ़ के दृष्टिगत राहत कैंप का आयोजन जिलाधिकारी नेहा जैन की अध्यक्षता में राजपुर विकासखंड क्षेत्र के प्राथमिक विद्यालय गौहानी बांगर में किया गया।

ग्राम चौपाल में विभिन्न विभागों जिसमें शिक्षा, स्वास्थ्य, पूर्ति, समाज कल्याण आदि विभागों द्वारा प्रतिभाग किया गया, जिसमें ग्रामीणजनों की पेंशन, राशन, आयुष्मान कार्ड, आवास, शौचालय आदि की समस्याओं का निस्तारण किया गया। ग्राम चौपाल में ग्रामीण जनों द्वारा शौचालय, पानी, विद्युत, आवास, भूमि आदि से संबंधित शिकायतों से डीएम को अवगत कराया गया।

# ठग शैलेन्द्र सिंह मामले में छोटे भाई की अंतरिम जमानत अर्जी खारिज

**फतेहपुर।** हाईप्रोफाइल ठग शैलेन्द्र सिंह उर्फ राजू यादव से संबंधित दो मामलों में ज़िला न्यायाधीश की अदालत ने उसके छोटे भाई संदीप सिंह उर्फ विकास यादव (मर्चेंट नेवी इंजीनियर) की अंतरिम जमानत याचिका खारिज कर दी है। बताते चलें कि इस मामले में शैलेन्द्र एवं असुतोष सिंह पहले से जेल में हैं और अब संदीप के खिलाफ़ पहले से जारी गैर जमानती वारंट के चलते उसकी गिरफ्तारी की संभावनाएं और ज्यादा बढ़ गई हैं। इस मामले में प्राप्त हुई एक अन्य जानकारी के अनुसार शैलेन्द्र सिंह उर्फ़ राजू यादव द्वारा गैंगस्टर के मामले में उच्च न्यायालय में ज़मानत के लिए अपील की है। बृहस्पतिवार के दिन बेल नम्बर 85757/23 में कोर्ट नम्बर 75 न्यायमूर्ति साधना रानी ने सुनवाई की तारीख आगे बढ़ा दिया है।

गौरतलब है कि मुक़दमा अपराध संख्या 701/22 एवं 724/22 वादी कृमश: शिवम शिवहरे एवं रोहित पाल में छ: छ: आरोपित थे जिनमें दौरान विवेचना दो नाम निकाल दिए गए। अवशेष तीन लोगों के खिलाफ अदालत में आरोप पत्र दाखिल हो चुके हैं, सिर्फ संदीप सिंह के खिलाफ़ अभी चार्ज शीट दाखिल नहीं हो पाई है, जो गुरूवार को अंतरिम जमानत की अर्जी खारिज हो जानें के बाद जल्द ही दाखिल हो सकती है। वहीं संदीप सिंह की गिरफ्तारी का खतरा बढ़ गया है।

# पुलिस ने पांच चोरों को किया गिरफ्तार मोबाइलों समेत घरेलू सामान भी बरामद



**संवाददाता।** फर्रुखाबाद

**थाना** कादरी गेट पुलिस ने 14 मोबाइल के साथ तीन चोरों को गिरफ्तार किया है। पुलिस लाइन सभागार में अपर पुलिस अधीक्षक डा संजय सिंह ने प्रेस वार्ता के दौरान यह बात कही।उन्होंने कहा कि कुन्दन उर्फ पिनिया पुत्र शिवरतन निवासी लकूला , शिवम् उर्फसलमान पुत्र भूरा निवासी गिहार बस्ती लकूला,गौरव पुत्र रामू निवासी गिहार बस्ती लकूला के पास से क्रमश 14 मोबाइल तीनों चोरों के पास से बरामद किए गए।

इन मोबाइलों में सैमसंग, रियलमी, बीबो, टेक्नो स्पार्क, रियलमी मोबाइल शामिल हैं। उन्होंने बताया कि कुन्दन उर्फ पिनिया पर सात केस, शिवम उर्फ सलमान पर दो केस और गौरव पर छह केस पहले से दर्ज है। इन मोबाइलों को उनके असली मालिको को बुलाकर वापस दिया जायेगा। सभी तीनो अभियुक्तों को चालान करके जेल भेजा जा रहा है। इस मौके पर कादरी गेट थानाध्यक्ष विनोद कुमार शुक्ला, उपनिरीक्षक अमित कुमार शर्मा सहित आठ सदस्यो ने मोबाइल व चोर को पकड़ने में प्रमुख भूमिका निभाई।

वहीं पुलिस ने दो चोरों को मय माल के साथ गिरफ्तार किया है। पुलिस लाइन सभागार में अपर पुलिस अधीक्षक डा संजय सिंह ने प्रेस वार्ता के दौरान यह जानकारी दी।

उन्होंने बताया कि थाना कादरी गेट के थानाध्यक्ष विनोद कुमार शुक्ला एवम् उनकी टीम ने कादरी गेट लकूला से पीतम पुत्र अलवर उम्र 20 वर्ष और एक बाल अपचारी को गिरफ्तार किया है उनके पास से एक सिलाई मशीन, एक एसी और आउटडोर हीटिंग क्वाइल भी बरामद किया है। अभियुक्तों ने बताया कि हमने कबाड़ बीनने के बहाने इस प्रकार की चोरी की है।

## क्विक न्यूज

### विधायक पुत्र ने की रेलवे गेटमैन की पिटाई

**फर्रुखाबाद।** आरपीएफथाना क्षेत्र में आज वगूपुर स्टेशन समीपवर्ती एक वन्द रेलवे क्रॉसिंग गेट को न खोलने के विवाद में आज गुरुवार को एक भाजपा विधायक के पुत्र एवं सुरक्षा कर्मी ने रेलवे गेटमैन की पिटाई करते हुए रेलवे संपत्ति को नुकसान पहुंचाया। पूर्वोत्तर रेलवे फर्रुखाबाद जंक्शन स्टेशन आरपीएफ थाना प्रभारी निरीक्षक वीरेंद्र कुमार ने घटनास्थल की जांच पड़ताल करके वापस लौटने पर बताया कि फर्रुखाबाद से एक मालगाड़ी कासगंज के लिए आज तड़के 5:30 पर बगूपुर स्टेशन से गुजरने वाले थी। तो रेलवे क्रॉसिंग गेट नंबर 199 के गेटमैन सत्येंद्र ने गेट बंद कर रखा था। इसी बीच अलीगंज के भाजपा विधायक का पुत्र सूरज अपनी स्कॉर्पियो लेकर अपने सुरक्षा कर्मियों के साथ बंद रेलवे क्रॉसिंग गेट पर पहुंचा और वन्द गेट खोलने के लिए गेटमैन सतेंद्र से विवाद करने लगा, जव गेटमैंने ने गेट नहीं खोला तो विधायक पुत्र एवं सुरक्षाकर्मी ने रेलवे संपत्ति को नुकसान पहुंचाते हुए गेटमैन की पिटाई कर दी।

### 51 फीट ऊंची विशाल हनुमान जी की प्रतिमा का अनावरण



**चित्रकूट।** निर्मोही अखाड़ा द्वारा संचालित हनुमान धारा की गौशाला में 51 फीट ऊंची विशाल हनुमान जी महाराज की प्रतिमा का अनावरण 22 जुलाई को सुबह 11 बजे से अखिल भारतीय अखाड़ा परिषद के राष्ट्रीय महासचिव स्वामी राजेंद्र दास जी महाराज के कर कमलों से होगा। यह जानकारी देते हुए अखाड़ा के कार्यकारी महंत दीनदयाल दास जी महाराज ने बताया कि इतनी विशाल हनुमानजी की प्रतिमा अभी चित्रकूट परिक्षेत्र में कहीं नहीं है, यह सब भक्तों के सहयोग से अवसर मिला कि चित्रकूट में हनुमान जी की 51 फिट ऊंची सबसे विशाल प्रतिमा स्थापित की जा रही है। कार्यक्रम में देश के कोने कोने से विभिन्न आश्रमों के संत महंतों के अलावा जनप्रतिनिधि समाजसेवी हनुमान भक्त शामिल होंगे।

# पेज एक का शेष

## मणिपुर में...

और नगारियन हिल में दो बार क्रूरतापूर्वक बलात्कार किया गया; पोरोम्पैट में दो नर्सिंग छात्राओं की पिटाई के बाद सड़क पर मरने के लिए छोड़ दिया गया, लेकिन वे चमत्कारिक रूप से बच गईं; इम्फाल शहर के मध्य में मानसिक रूप से विक्षिप्त एक कुकी-जो महिला की निर्मम हत्या, जैसी घटनाएं महिलाओं और मानवता के खिलाफ अमानवीय और बर्बर अपराध है। विधायक एलएम खौटे ने ट्विटर पर बयान साझा करते हुए डेविड थीक के सिर काटने के क्रूर मामले को भी उजागर किया और इसे 'अत्यंत बर्बरता के अपराध' का मामला बताया। इस बीच, सीएनएन-न्यूज-18 के अनुसार, मणिपुर के दो आदिवासी संगठनों ने दावा किया कि उन्होंने 12 जून को कुकी महिलाओं के साथ हुई भयानक क्रूरता के बारे में राष्ट्रीय महिला आयोग (एनसीडब्ल्यू) को लिखा था, जिसका एक वीडियो अब वायरल हो गया है, लेकिन उन्हें कोई प्रतिक्रिया नहीं मिली। नॉर्थ अमेरिकन मणिपुर ट्राइबल एसोसिएशन (एनएएमटीए) और भारत और अमेरिका स्थित कुकी एकेडमिक्स ने महिलाओं के निर्वस्त्र वीडियो के वायरल होने से 37 दिन पहले आयोग को पत्र लिखा था। एक प्रेस बयान में, एनसीडब्ल्यू ने शिकायत प्राप्त होने की बात स्वीकार की और कहा 'मणिपुर के बाहर के व्यक्तियों से एक और शिकायत प्राप्त हुई थी, जिनमें से एक भारत के बाहर से थी। इस संबंध में, आयोग (एनसीडब्ल्यू) से दिनांक 19/06/2023 का डी.ओ पत्र आवश्यक कार्रवाई करने के लिए तुरंत सीएस को भेजा गया था। हालांकि, पहले ही इस मुद्दे से निपटने में देरी को लेकर सवाल बरकरार है। 20 जुलाई को जब हिंसा का वीडियो वायरल हुआ तो एनसीडब्ल्यू ने ट्वीट किया कि उसने घटना का स्वत: संज्ञान लिया है और डीजीपी से जवाब मांगा है। एनसीडब्ल्यू मणिपुर घटना की निंदा करता है। स्वत: संज्ञान लेते हुए। मणिपुर के डीजीपी को तुरंत उचित कार्रवाई करने के लिए कहा गया है। समूह द्वारा लिखे गए पत्र में बलात्कार और यौन उत्पीड़न के कई उदाहरणों का उल्लेख किया गया है, जिसमें राष्ट्रीय महिला आयोग से बलात्कार, अपहरण, सार्वजनिक हत्या, आत्मदाह और हत्या सहित यौन हिंसा के क्रूर और अमानवीय कृत्यों के जरिये आदिवासी महिलाओं के उत्पीड़न का तत्काल आकलन करने का आग्रह किया गया है। पत्र में कथित यौन हिंसा की पांच अन्य घटनाओं को भी सूचीबद्ध किया गया है जिनके लिए एनसीडब्ल्यू से स्वत: संज्ञान लेने की आवश्यकता है। उसको मुताबिक, 3 मई को रात करीब 9 बजे इम्फाल में मणिपुर यूनिवर्सिटी कैंपस पर भीड़ ने धावा बोल दिया। उन्होंने कुकी-ज़ोमी समुदायों के छात्रों, कर्मचारियों का पता लगाने लगे। इस दौरान लाठियां और चाकू लहराए गए। महिला छात्रों को जबरन छात्रावासों से बाहर निकाला गया और भीड़ द्वारा उनके साथ दुर्व्यवहार किया गया। एक शोध छात्रा छात्रावास के बाथरूम में छिपी रही, तड़के करीब 3.15 पर असम राइफल्स के जवानों ने उसे वहां सुरक्षित निकाला। 4 मई को, इम्फाल में नाइटिंगेल नर्स इंस्टीट्यूट की छात्रा 22 वर्षीय एग्नेस नेइखोहाट और उसकी दोस्त को लगभग 40 लोगों की भीड़ ने परेशान किया और उन पर हमला किया। समूह के मुताबिक 5 मई को, कांगपोकपी जिले के एच खोपीबुंग गांव की रहने वाली बीस वर्षीय दो युवतियों के साथ इंफाल के कोनुंग ममांग इलाके में बलात्कार किया गया और उनकी हत्या कर दी गई। बदमाशों ने महिलाओं का मुंह बंद कर दिया, उन्हें घसीटा और 2 घंटे तक एक बंद कमरे में कैद रखा। उनके नियोक्ता उन्हें नहीं बचा सके। जब शाम लगभग 7 बजे कमरा खोला गया, वहां खून फैला हुआ था। पीड़ितों ने नृशंस हमलों के कारण दम तोड़ दिया था। उनके शव अभी इम्फाल में जेएनआईएमएस (जवाहरलाल नेहरू इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल साइंसेज) के मुर्दाघर में हैं। बिगड़ते हालात के चलते पीड़ितों के माता-पिता अंतिम संस्कार के लिए शवों को नहीं ला पा रहे हैं।

## चारों आरोपी...

में दावा किया गया कि भीड़ ने एक व्यक्ति की हत्या कर दी जिसने चार मई को कुछ लोगों को अपनी बहन से दुष्कर्म करने से रोकने की कोशिश की थी। इसके बाद दोनों महिलाओं को निर्वस्त्र कर घुमाया गया और दूसरे लोगों के सामने ही उनका यौन उत्पीड़न किया गया।

## दूसरे दिन...

से कहा कि नारे लगाने से समस्या का समाधान नहीं होगा, बल्कि यह चर्चा और संवाद से ही होगा। विपक्षी दलों के सदस्यों के नारेबाजी जारी रखने के बीच बिरला ने रक्षा मंत्री को अपनी बात रखने को कहा। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने कहा कि मणिपुर की घटना पर सरकार संसद में चर्चा के लिए तैयार है, लेकिन विपक्ष गंभीर नहीं दिखाई पड़ता है। उन्होंने कहा, मणिपुर की घटना निश्चित रूप से बहुत ही गंभीर है और प्रधानमंत्री जी ने दोषियों के खिलाफ कठोर से कठोर कार्रवाई के लिए कहा है। सदन के उपनेता ने कहा, हम चाहते हैं कि इस पर सदन में चर्चा हो, लेकिन यहां कुछ ऐसे राजनीतिक दल हैं जो ऐसी स्थिति पैदा करना चाहते हैं कि मणिपुर की घटना पर सदन में चर्चा न हो। उन्होंने कहा, हम चाहते हैं कि मणिपुर की घटना पर संसद में चर्चा हो। मैंने खुद सर्वदलीय बैठक में यह बात कही थी। आज फिर मैं दोहराता हूं कि हम चाहते हैं कि मणिपुर की घटना पर सदन में चर्चा होनी चाहिए। बाद में संसदीय कार्य मंत्री प्रह्लाद जोशी ने कहा, सरकार चर्चा के लिए तैयार है। हमने बार-बार कहा है। आज राजनाथ सिंह जी ने भी कहा है। राज्यसभा में मणिपुर हिंसा, दिल्ली के सेवा मामले पर अध्यादेश के अदालत में विचाराधीन होने के बावजूद सरकार द्वारा उसके स्थान पर विधेयक लाए जाने और सदन की कार्यवाही से कुछ अंशों को हटा देने के मुद्दों पर विपक्षी सदस्यों ने हंगामा किया। एक बार के स्थगन के बाद अपराह्न ढाई बजे जैसे ही दोबारा उच्च सदन की बैठक शुरु हुई सभापति जगदीप धनखड़ ने दिल्ली के उपराज्यपाल को शक्तियां प्रदान करने के प्रावधान वाले राष्ट्रीय राजधानी राज्यक्षेत्र शासन (संशोधन) विधेयक का जिक्र किया। इसी समय संजय सिंह सहित आम आदमी पार्टी (आप) के सदस्यों ने इसका विरोध किया और इस कदम को गैर संवैधानिक बताया। आप सदस्य संजय सिंह ने कहा कि इस विधेयक पर सदन में चर्चा नहीं की जा सकती। भारत राष्ट्र समिति के के. केशव राव ने व्यवस्था का प्रश्न उठाते हुए कहा कि मामला अदालत के विचाराधीन है, ऐसे में इस विधेयक पर चर्चा नहीं हो सकती। उन्होंने इस बारे में सभापति से जानकारी भी मांगी कि क्या ऐसा हो सकता है? सभापति ने इस पर कहा कि यह भ्रम है कि इस मुद्दे पर चर्चा नहीं हो सकती। उन्होंने कहा कि इस सदन को किसी भी मुद्दे पर चर्चा कराने का अधिकार है। इस दौरान विरोध कर रहे आप नेताओं से धनखड़ ने कहा, मैं नियमों के अनुसार सभी को समय देता हूं। यह उच्च सदन है। हमारे आचरण को लोग देख रहे हैं। हमें अपने आचरण में अनुकरणीय होना होगा ताकि हमारी सराहना की जा सके।

## ज्ञानवापी-श्रृंगारगौरी...

सर्वेक्षण (एएसआई) को ज्ञानवापी मस्जिद परिसर का सर्वेक्षण करने का निर्देश देने की मांग की गई थी। मुस्लिम पक्ष के अधिवक्ता मो. तौहीद खान ने कहा कि वे आदेश के खिलाफ ऊपरी अदालत में जाएंगे। उन्होंने कहा, यह स्वीकार्य नहीं है और हम इसके खिलाफ ऊपरी अदालत में जाएंगे। इस सर्वेक्षण से मस्जिद को नुकसान हो सकता है। हिंदू पक्ष के अधिवक्ता विष्णु शंकर जैन ने पहले तर्क दिया था कि काशी विश्वनाथ मंदिर-ज्ञानवापी मस्जिद विवाद को पूरे मस्जिद परिसर की पुरातात्विक जांच से ही हल किया जा सकता है। उन्होंने कहा था कि ज्ञानवापी परिसर के तीन गुंबदों, परिसर की पश्चिमी दीवार और पूरे परिसर की आधुनिक तरीके से जांच करने पर स्थिति स्पष्ट हो सकती है। पिछले मई में, मुस्लिम पक्ष ने एक याचिका पर अपनी आपत्ति दर्ज की थी, जिसमें पूरे ज्ञानवापी मस्जिद परिसर का सर्वेक्षण करने के लिए एएसआई को निर्देश देने की मांग की गई थी। ज्ञातव्य है गत 16 मई को वाराणसी की जिला अदालत ने काशी विश्वनाथ मंदिर के बगल में स्थित ज्ञानवापी मस्जिद के पूरे परिसर का भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण (एएसआई) से सर्वेक्षण कराने का आग्रह करने वाली याचिका सुनवाई के लिए मंजूर कर ली थी। विष्णु शंकर जैन ने बताया था, हमने वजुखाने को छोड़ कर सम्पूर्ण ज्ञानवापी परिसर की पुरातात्विक और वैज्ञानिक तरीके से जांच करने की मांग अदालत के समक्ष रखी थी। अदालत ने मांग को स्वीकार करते हुए सर्वेक्षण की अनुमति दी है। गौरतलब अगस्त 2021 में पांच महिलाओं ने स्थानीय अदालत में एक याचिका दायर की थी जिसमें मस्जिद परिसर के अंदर स्थित मां श्रृंगार गौरी स्थल पर नियमित पूजा के अधिकार की मांग की गई थी। अप्रैल 2022 में दिवानी न्यायाधीश (सीनियर डिवीजन) की अदालत ने ज्ञानवापी मस्जिद परिसर के सर्वेक्षण का आदेश दिया था। मुस्लिम पक्ष के विरोध के बीच सर्वेक्षण अंतत: मई 2022 में पूरा हुआ था। इसी दौरान हिंदू पक्ष ने मस्जिद परिसर के अंदर वजू के लिए बने तालाब में शिवलिंग मिलने का दावा किया था, वहीं मुस्लिम पक्ष ने इसे फव्वारा बताया था।

## सर्वोच्च न्यायालय...

सुनवाई कर रही थी, जिसमें मथुरा की एक अदालत में इस विवाद से जुड़े सभी लंबित मामलों को अपने पास स्थानांतरित कर लिया था। न्यायमूर्ति कौल ने कहा, मामले की प्रकृति को देखते हुए, क्या यह बेहतर नहीं होगा कि उच्च न्यायालय मामले की सुनवाई करे? गंभीरता से विचार करते हुए, अगर इसकी सुनवाई उच्च स्तर पर की जाती है... मामले के लंबित होने से किसी न किसी पक्ष को परेशानी होती है। न्यायमूर्ति कौल ने मौखिक टिप्पणी में कहा कि कार्यवाही की बहुलता और इसका लंबा खिंचना किसी के भी हित में नहीं है। उन्होंने कहा कि बेहतर होगा, अगर यह मामला उच्च न्यायालय स्तर पर ही सुलझ जाए। उसके बाद, पीठ ने अपने आदेश में कहा, हम उच्च न्यायालय के रजिस्ट्रार से यह पूछना उचित समझते हैं कि वे कौन से मामले हैं जिन्हें विवादित आदेश के तहत एक साथ करने का अनुरोध किया गया है। पीठ ने कहा, ऐसा प्रतीत होता है कि जारी निर्देश में बहुत कम सामान्यता है। तीन सप्ताह के बाद सूचीबद्ध करें। मथुरा की अदालत के समक्ष दायर मुकदमे में, हिंदू सेना प्रमुख विष्णु गुप्ता और अन्य के माध्यम से बाल कृष्ण ने सिविल न्यायाधीश सीनियर डिवीजन (तीन) की अदालत में याचिका दायर कर शाही मस्जिद ईदगाह को स्थानांतरित करने का अनुरोध किया है। उनका दावा है कि ईदगाह का निर्माण श्रीकृष्ण जन्मभूमि ट्रस्ट की 13.37 एकड़ भूमि के एक हिस्से पर किया गया है। उच्च न्यायालय ने 26 मई को निर्देश दिया था कि श्रीकृष्ण जन्मभूमि-शाही ईदगाह विवाद से संबंधित सभी मामले जो मथुरा की एक अदालत के समक्ष लंबित हैं, उन्हें उच्च न्यायालय में स्थानांतरित कर दिया जाए।

## राहुल गांधी...

लिए चार अगस्त की तारीख तय करते हुए जेठमलानी और गुजरात सरकार के वकील से लिखित दलीलों के साथ अपने जवाब दाखिल करने को कहा। राहुल ने 15 जुलाई को दाखिल याचिका में कहा था कि अगर सात जुलाई को पारित आदेश पर रोक नहीं लगाई जाती है, तो इससे बोलने, अभिव्यक्ति, विचार व्यक्त करने और बयान देने की स्वतंत्रता का दम घुट जाएगा। राहुल को 24 मार्च को लोकसभा सदस्य के रूप में अयोग्य घोषित कर दिया गया था, जब गुजरात की एक अदालत ने मोदी उपनाम को लेकर की गई विवादित टिप्पणी से जुड़े आपराधिक मानहानि मामले में उन्हें दोषी ठहराते हुए दो साल की कैद की सजा सुनाई थी। गुजरात उच्च न्यायालय ने मामले में दोषसिद्धि पर रोक लगाने का राहुल का अनुरोध यह कहते हुए ठुकरा दिया था कि राजनीति में शुचिता समय की मांग है। राहुल की दोषसिद्धि पर रोक से उनकी लोकसभा सदस्यता की बहाली का मार्ग प्रशस्त हो सकता था, लेकिन उन्हें सत्र अदालत और गुजरात उच्च न्यायालय से कोई राहत नहीं मिली। कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष ने अपनी याचिका में कहा था, बेहद सम्मानजनक तरीके से यह दलील दी जाती है कि अगर उच्च न्यायालय के फैसले पर रोक नहीं लगाई गई तो इससे बोलने, अभिव्यक्ति, विचार व्यक्त करने और बयान देने की आजादी का दम घुट जाएगा। उन्होंने कहा था, यह कदम लोकतांत्रिक संस्थानों को व्यवस्थित तरीके से, बार-बार कमजोर करेगा और इसके परिणामस्वरूप लोकतंत्र का दम घुट जाएगा, जो भारत के राजनीतिक माहौल और भविष्य के लिए गंभीर रूप से हानिकारक होगा।

## बगैर अनुमति...

और उसे तिहाड़ जेल परिसर से बाहर ले जाए जाने की इजाजत नहीं दी जा सकती। शीर्ष अदालत ने सीबीआई की अपील पर 24 अप्रैल को एक नोटिस जारी किया था जिसके बाद मलिक ने 26 मई को उच्चतम न्यायालय के रजिस्ट्रार को पत्र लिखा था और अपने मामले की पैरवी के लिए व्यक्तिगत तौर पर उपस्थित रहने की मंजूरी का अनुरोध किया था। मामले में एक सहायक रजिस्ट्रार ने 18 जुलाई को मलिक के अनुरोध पर गौर किया और कहा कि शीर्ष अदालत आवश्यक आदेश पारित करेगी। तिहाड़ जेल के अधिकारियों ने प्रत्यक्ष तौर पर इसे गलत समझा कि मलिक को अपने मामले की पैरवी के लिए उच्चतम न्यायालय में पेश किया जाना है। मेहता ने जब मलिक की अदालत कक्ष में मौजूदगी पर प्रश्न किया तो पीठ ने कहा कि उसने मलिक को कोई अनुमति नहीं दी या व्यक्तिगत तौर पर अपने मामले की जिरह की अनुमति देने वाला कोई आदेश परित नहीं किया। न्यायमूर्ति कांत ने कहा कि न्यायमूर्ति दत्ता ने सुनवाई से खुद को अलग कर लिया है और अब इसे उचित पीठ के समक्ष सूचीबद्ध करने के लिए प्रधान न्यायाधीश न्यायमूर्ति डी वाई चंद्रचूड़ के समक्ष रखा जाएगा। न्यायमूर्ति दत्ता ने सुनवाई से खुद को अलग करने का कोई कारण नहीं बताया है। मेहता ने कहा, यह एक गंभीर सुरक्षा मुद्दा है। उसे (मलिक) जेल अधिकारियों के लापरवाही भरे रवैए के कारण अदालत में लाया गया है और भविष्य में ऐसा न हो, यह सुनिश्चित करने के लिए आवश्यक कदम उठाए जाएंगे। वह राष्ट्र के लिए खतरा है। वह दूसरों के लिए एक बड़ा सुरक्षा खतरा है। उन्होंने कहा कि मलिक को कुछ आदेश की गलत व्याख्या के कारण अदालत में लाया गया। सीबीआई की ओर से भी पेश अतिरिक्त सॉलिसिटर जनरल एसवी राजू ने कहा कि अदालत स्पष्ट कर सकती है और यह सुनिश्चित करने के लिए आवश्यक आदेश पारित कर सकती है कि ऐसी घटना दोबारा न हो। न्यायमूर्ति कांत ने कहा कि किसी आरोपी द्वारा व्यक्तिगत रूप से बहस करना अब कोई समस्या नहीं है क्योंकि शीर्ष अदालत इन दिनों वर्चुअल सुनवाई की अनुमति दे रही है। इस पर मेहता ने कहा कि सीबीआई मलिक को वीडियो कॉन्फ्रेंस के माध्यम से बहस करने की अनुमति देने के लिए तैयार थी लेकिन वह वर्चुअल रूप से पेश होने से इनकार कर रहा है। मेहता ने रुबैया सईद अपहरण मामले में गवाहों से जिरह के लिए मलिक को जम्मू लाने के निचली अदालत के आदेश के खिलाफ अपनी अपील में सीबीआई के तर्क का उल्लेख किया और कहा कि सीआरपीसी की धारा 268 के तहत राज्य सरकार कुछ लोगों को जेल की सीमा से स्थानांतरित नहीं करने का निर्देश दे सकती है। इसके बाद पीठ ने मेहता से अपनी दलीलें अन्य पीठ के समक्ष पेश करने को कहा जो न्यायमूर्ति दत्ता के हटने के बाद गठित होगी। इसने मामले को चार सप्ताह के बाद सूचीबद्ध किया। शीर्ष अदालत के एक सहायक रजिस्ट्रार ने 18 जुलाई को कहा था कि मलिक का पत्र और हलफनामा आवश्यक आदेशों के लिए संबंधित पीठ के समक्ष रखा जा सकता है। सहायक रजिस्ट्रार के फैसले को संभवत: मलिक की अदालत के समक्ष व्यक्तिगत उपस्थिति की अनुमति के रूप में गलत समझा गया, जबकि अदालत द्वारा ऐसी कोई अनुमति नहीं दी गई थी।

## मुख्यमंत्री गहलोत...

गहलोत ने आज सायं काल में राज्यपाल कलराज मिश्र को राज्य मंत्री राजेन्द्र सिंह गुढ़ा को बर्खास्त करने की अनुशंसा की। इसमें कहा गया है कि राज्यपाल ने मुख्यमंत्री गहलोत की इस अनुशंसा को तत्काल प्रभाव से स्वीकार कर लिया है। इससे पहले एक आधिकारिक सूत्र ने पीटीआई-भाषा को बताया, राजेंद्र गुढ़ा को राज्य मंत्री के पद से हटा दिया गया है। गुढ़ा ने महिला सुरक्षा और उनके खिलाफ अत्याचार के मुद्दे पर अपनी ही सरकार पर सवाल उठाया। राजस्थान विधानसभा में राजस्थान न्यूनतम आय गारंटी विधेयक 2023 पर चर्चा के दौरान कांग्रेस विधायकों ने मणिपुर में हिंसा के मुद्दे पर तख्तियां लहराईं। गुढ़ा ने अपनी ही सरकार पर सवाल उठाते हुए कहा राजस्थान में, ए सच्चाई है कि हम महिलाओं की सुरक्षा में असफल हो गए, और राजस्थान में जिस तरह से अत्याचार बढ़े हैं महिलाओं के ऊपर, मणिपुर के बजाय हमें अपने गिरेबान में झांकना चाहिए। नेता प्रतिपक्ष राजेंद्र राठौड़ ने कहा कि महिलाओं के खिलाफ अपराध के मामले में राजस्थान पहले नंबर पर है। राठौड़ ने बाद में ट्वीट में कहा, राजस्थान में बहन-बेटियों के ऊपर हो रहे अत्याचारों व दुष्कर्म की असलियत स्वयं सरकार के मंत्री राजेन्द्र गुढ़ा बता रहे हैं। संविधान के अनुच्छेद 164(2) के अनुसार मंत्रिमंडल सामूहिक उत्तरदायित्व के आधार पर काम करता है और मंत्री का बयान पूरे मंत्रिमंडल यानी सरकार का माना जाता है। गुढ़ा के पास सैनिक कल्याण (स्वतंत्र प्रभार), होम गार्ड एवं नागरिक सुरक्षा (स्वतंत्र प्रभार), पंचायती राज एवं ग्रामीण विकास विभाग था।

## मुंबई में...

कांग्रेस, तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी), द्रविड़ मुनेत्र कषगम (द्रमुक), आम आदमी पार्टी (आप), जनता दल(यूनाइटेड), राष्ट्रीय जनता दल (राजद), झारखंड मुक्ति मोर्चा (झामुमो), राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (शरद पवार), शिवसेना (यूबीटी), समाजवादी पार्टी (सपा), नेशनल कांफ्रेंस (नेकां), पीपुल्स डेमोक्रेटिक पार्टी (पीडीपी), मार्क्सवादी कम्युनिस्ट पार्टी (माकपा), भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी (भाकपा), राष्ट्रीय लोकदल (रालोद), एमडीएमके, केएमडीके, वीसीके, आरएसपी, सीपीआई-एमएल (लिबरेशन), फॉरवर्ड ब्लॉक, आईयूएमएल, केरल कांग्रेस (जोसेफ), केरल कांग्रेस (मणि), अपना दल (कमेरावादी) और मनिथानेया मक्कल काची (एमएमके) शामिल हैं।

# जापान, अमेरिका ने उत्तर कोरिया की निंदा की

● मिसाइल परीक्षण के लिए दक्षिण कोरिया भी नाराज

भाषा। तोक्यो



जापान, अमेरिका और दक्षिण कोरिया के वरिष्ठ अधिकारियों ने हाल में आईसीबीएम श्रेणी की बैलिस्टिक मिसाइल का परीक्षण करने के लिए उत्तर कोरिया की निंदा की और उसके खिलाफ प्रतिबंधों को मजबूत करने के वास्ते त्रिपक्षीय सहयोग बढ़ाने का संकल्प लिया। तीनों देशों के अधिकारियों ने उत्तर कोरिया के साथ संवाद की आवश्यकता पर भी जोर दिया। उन्होंने पिछले सप्ताह उत्तर कोरिया के आईसीबीएम परीक्षण के बाद जापान के मध्य कारुइजावा शहर में बृहस्पतिवार को मुलाकात की। उत्तर कोरिया के लिए अमेरिका के विशेष प्रतिनिधि सुंग किम ने कहा कि उनका देश उस अमेरिकी सैनिक के बारे में सूचनाएं जुटाने के लिए कड़ी मेहनत कर रहा है , जो इस महीने की शुरुआत में सीमा पार कर उत्तर कोरिया भाग गया था। किम ने कहा कि अमेरिका उसकी सुरक्षा और स्वदेश वापसी सुनिश्चित करना चाह रहा है। ट्रैविस किंग (23) ने सियोल में पिछले साल अक्टूबर में एक अज्ञात व्यक्ति पर हमला करने और एक पुलिस वाहन को नुकसान पहुंचाने के मामले में दक्षिण कोरियाई जेल में लगभग दो महीने की सजा काट ली थी। किंग को 10 जुलाई को रिहा कर दिया गया था और उसे सोमवार को टेक्सास के फोर्ट ब्लिस में अपने घर जाना था, जहां उसे अतिरिक्त सैन्य कार्वाई और सेवा से बर्खास्तगी का सामना करना पड़ सकता था। वह टेक्सास जाने के बजाय पर्यटकों के एक समूह के साथ मंगलवार सुबह दक्षिण और उत्तर कोरिया को विभाजित करने वाले असैन्यकृत क्षेत्र की यात्रा पर निकला तथा उत्तर कोरियाई सीमा में घुस गया। जापान के विशेष प्रतिनिधि ताकिहीरो फुनाकोशी ने कहा कि जापान के प्रधानमंत्री फुमियो किशिदा उत्तर कोरिया द्वारा जापानी नागरिकों के अपहरण के दशकों पुरान मसले को हल करने के लिए बिना किसी पूर्व शर्त के उत्तर कोरियाई नेता किम जोंग-उन से मुलाकात करना चाहते हैं। कोरियाई प्रायद्वीप में शांति एवं सुरक्षा मामलों के लिए दक्षिण कोरिया के विशेष प्रतिनिधि किम गुन ने कहा कि तीनों अधिकारियों ने उत्तर कोरिया को परमाणु निरस्त्रीकरण के रास्ते पर वापस लाने तथा चीन की सकारात्मक भूमिका को बढ़ावा देने के लिए करीबी संवाद को मजबूत करने के तरीकों पर चर्चा की और उत्तर कोरिया के साथ संवाद करने का साझा इरादा जताया।

## जहाज जब्त करने के ईरान के प्रयासों से निपटने के लिए खाड़ी क्षेत्र में और युद्धपोत भेज रहा अमेरिका

**वाशिंगटन।** खाड़ी क्षेत्र में वाणिज्यिक जहाजों को जब्त करने के ईरान के प्रयासों से निपटने के लिए अमेरिका क्षेत्र में सुरक्षा बढ़ाने के वास्ते अतिरिक्त युद्धपोत और हजारों नौसैनिक भेज रहा है। अमेरिकी अधिकारियों के मुताबिक, रक्षा मंत्री लॉयड ऑस्टिन ने खाड़ी क्षेत्र में यूएसएस बाटन नौसैनिक तत्परता समूह और 26वीं समुद्री अभियान इकाई की तैनाती संबंधी प्रस्ताव को बृहस्पतिवार को मंजूरी दे दी। नौसैनिक तत्परता समूह में बाटन सहित तीन युद्धपोत शामिल हैं। समुद्री अभियान इकाई लगभग 2,500 नौसैनिकों से लैस होती है। यूएस सेंट्रल कमांड ने एक बयान में कहा कि यह तैनाती क्षेत्र में और अधिक लचीलापन और समुद्री क्षमता प्रदान करेगी। बयान में क्षेत्र में तैनात किए जाने वाले जंगी जहाजों और नौसैनिकों के बारे में नहीं बताया गया है, लेकिन अमेरिकी अधिकारियों ने नाम न छापने की शर्त पर वहां भेजे जाने वाले युद्धपोतों और समुद्री अभियान इकाई की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि नौसैनिक तत्परता समूह में बाटन के अलावा दो अन्य जंगी जहाज-यूएसएस मेसा वर्दे और यूएसएस कार्टर हॉल शामिल हैं। यह समूह इस महीने की शुरुआत में वर्जीनिया के नॉरफोक से रवाना हुआ। फिलहाल यह स्पष्ट नहीं है कि तीनों जहाज खाड़ी क्षेत्र की तरफ ही रवाना हुए या नहीं। अमेरिका इससे पहले क्षेत्र में यूएसएस थॉमस हडनर युद्धपोत और एफ-35 एवं एफ-16 लड़ाकू विमान भेज चुका है। ईरानी गतिविधियों की प्रतिक्रिया में क्षेत्र में कई ए-10 लड़ाकू विमान भी पिछले कई दिनों से मौजूद है।

## पाक: सिंध में तीन हिन्दू बहनों का अपहरण कर धर्म परिवर्तन कराया, मुस्लिम पुरुषों से जबरन विवाह

**कराची।** पाकिस्तान के सिंध प्रांत में रहने वाले एक हिन्दू उद्यमी की तीन बेटियों का अपहरण कर उनका जबरन धर्म परिवर्तन कराया गया और फिर उनका विवाह मुसलमान पुरुषों के साथ करा दिया गया। देश में अल्पसंख्यकों के अधिकारों के लिए काम करने वाली एक शीर्ष संस्था ने यह जानकारी दी। पाकिस्तान के दारवार इत्तेहाद के प्रमुख शिव काच्छी ने बताया कि घटना सिंध प्रांत के धारकी इलाके में हुई। उन्होंने बताया कि हिन्दू उद्यमी लीलाराम की बेटियों- चांदनी, रोशनी और परमेश कुमारी का पहले अपहरण किया गया और फिर जबरन उनसे इस्लाम कबूल कराया गया। उन्होंने कहा, यह धर्म परिवर्तन पीर जावेद अहमद कादरी ने कराया और फिर उन लड़कियों का विवाह मुसलमान पुरुषों के साथ करा दिया गया। काच्छी ने बताया कि उनके संगठन के मंच से बार-बार अपील और अनुरोध करने के बावजूद हिन्दू लड़कियों का जबरन धर्म परिवर्तन लगातार जारी है और पुलिस तथा प्रशासन दोषियों को पकड़ नहीं रही।

## क्विक न्यूज

### अमेजन, गूगल समेत अन्य प्रौद्योगिकी कंपनियां एआई को लेकर व्हाइट हाउस द्वारा तय नियमों पर सहमत

**वाशिंगटन।** कृत्रिम मेधा (एआई) प्रौद्योगिकी के विकास के क्षेत्र में अग्रणी अमेजन, गूगल, मेटा, माइक्रोसॉफ्ट और अन्य कंपनियों ने राष्ट्रपति जो बाइडन के प्रशासन द्वारा समर्थित एआई सुरक्षा उपायों को अपनाने पर सहमत जताई है। व्हाइट हाउस ने शुक्रवार को कहा कि उसने सात अमेरिकी कंपनियों से स्वैच्छिक आश्वासन हासिल किया है, जिसका उद्देश्य यह सुनिश्चित करना है कि पेश किए जाने से पहले उनके एआई उत्पाद पूरी तरह सुरक्षित हैं। कंपनियों ने जिन प्रतिबद्धताओं पर सहमति जताई है उनमें वाणिज्यिक एआई तंत्र के कामकाज की तीसरे पक्ष से निगरानी का आह्वान किया गया है, हालांकि विस्तार से इस बात का उल्लेख नही किया गया है कि कौन प्रौद्योगिकी का ऑडिट करेगा या कंपनियों को जवाबदेह ठहराएगा। एआई टूल्स , मानव-जैसा लिख सकते है और नई छवियां बनाने के साथ ही अन्य तरह की गतिविधियां कर सकते हैं, जिसके मद्देनजर एआई टूल्स में व्यावसायिक निवेश में वृद्धि ने लोगों को धोखा देने और गलत सूचना फैलाने की इसकी क्षमता के साथ-साथ अन्य खतरों के बारे में चिंता पैदा की है। व्हाइट हाउस ने एक बयान में कहा कि चैटजीपीटी के निर्माता ओपनएआई और स्टार्टअप एंथ्रोपिक और इन्फ्लेक्शन के साथ ही चार तकनीकी दिग्गज कंपनियों ने जैव सुरक्षा और साइबर सुरक्षा जैसे प्रमुख जोखिमों से बचाव के लिए स्वतंत्र विशेषज्ञों द्वारा आंशिक रूप से किए गए सुरक्षा परीक्षण पर प्रतिबद्धता जताई है।

### हॉलीवुड कलाकारों और पटकथा लेखकों की हड़ताल का दूसरा हफ्ता शुरू

**लॉस एंजिलिस।** हॉलीवुड कलाकारों और पटकथा लेखकों की संयुक्त हड़ताल का दूसरा हफ्ता शुरू हो गया है और इसके खत्म होने के कोई आसार नजर नही आ रहे है। टीना फे, केविन बेकन और उनकी पत्नी कायरा सेडगविक, रोसारियो डॉवसन, डेविड डचोवनी और अन्य सितारे बीते एक हफ्ते के दौरान स्ट्रीमिंग कंपनियों अमेज़न, मैक्स और नेटफ्लिक्स के स्टूडियो व कॉर्पोरेट कार्यालयो के बाहर जारी धरना प्रदर्शन में श्रमिक वर्ग के कलाकारो और लेखकों के साथ एकजुटता प्रदर्शित कर रहे है। प्रदर्शनकारी बेहतर वेतन, बकाया भुगतान और कृत्रिम बुद्धिमत्ता के उपयोग से सुरक्षा जैसे मुद्दों को लेकर प्रदर्शन कर रहे है। मोटे तौर पर 65 हजार कलाकार और 11,500 पटकथा लेखक हड़ताल पर है।

### रक्सौल-काठमांडू रेलवे लाइन आशाजनक और व्यवहार्य : सर्वेक्षण रिपोर्ट

**काठमांडू।** भारत के रक्सौल शहर को नेपाल की राजधानी काठमांडू से जोड़ने के लिए प्रस्तावित सीमा पार रेलवे लाइन निर्माण के लिहाज से आशाजनक और व्यवहार्य है। अधिकारियो ने तीन अरब डॉलर की लागत वाली इस परियोजना की अंतिम स्थान सर्वेक्षण रिपोर्ट के आधार पर बृहस्पतिवार को यह जानकारी दी। अधिकारियो ने बताया कि भारत ने बिहार में रक्सौल शहर और काठमांडू के बीच प्रस्तावित रेलवे लाइन की अंतिम स्थान सर्वेक्षण रिपोर्ट समीक्षा एवं विचार के लिए नेपाली प्राधिकारियो को सौंपी है। नेपाल के अवसंरचना एवं परिवहन मंत्रालय के सूचना अधिकारी बिनोद कुमार खड़का ने कहा कि भारत के कोंकण रेलवे कॉरपोरेशन लिमिटेड द्वारा तैयार यह रिपोर्ट उनके मंत्रालय को पिछले हफ्ते उपलब्ध कराई गई। खड़का के मुताबिक, मंत्रालय अभी इस रिपोर्ट का अध्ययन कर रहा है। उन्होने कहा, इसी के साथ हमे इस बात पर मंथन करना है कि इस परियोजना को कैसे क्रियान्वित किया जाए। अंतिम स्थान सर्वेक्षण से पता चला है कि यह परियोजना निर्माण के लिहाज से आशाजनक और व्यवहार्य है।

### भारतीय तटरक्षकों और समुद्री पुलिस की कार्रवाई से जहाजों में लूटपाट के मामलों में कमी: अधिकारी

**सिंगापुर।** भारतीय तटरक्षको और समुद्री पुलिस ने समुद्र तटो के आसपास सामान बेचने वालो की जांच करके उन्हें जहाजो से चोरी की गई वस्तुएं न खरीदने की चेतावनी दी है, जिसके परिणामस्वरूप भारतीय जलक्षेत्र में जहाजों में लूटपाट के मामलों में कमी आई है। स्थानीय समुद्री एजेंसी के एक शीर्ष अधिकारी ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। एशिया में जहाजो में समुद्री डकैती और सशस्त्र लूटपाट से निपटने पर क्षेत्रीय सहयोग समझौता (आरईसीएएपी) सूचना आदान-प्रदान केंद्र ने शुक्रवार को जारी अपनी अर्ध-वार्षिक रिपोर्ट में कहा कि इस वर्ष की पहली छमाही (जनवरी-जून 2023) के दौरान भारतीय जलक्षेत्र में केवल दो घटनाओ की जानकारी मिली जबकि पिछले साल ऐसी तीन घटनाएं हुई थीं। इससे पहले इस तरह की 10-12 घटनाएं सामने आती थीं, इस लिहाज से ऐसी घटनाओं में नाटकीय गिरावट आई है। रिपोर्ट मे कहा गया है कि इस साल की पहली छमाही में जो दो घटनाएं हुईं, वे खड़े हुए जहाजो पर हुईं।

### ट्रंप के खिलाफ गोपनीय दस्तावेज मामले में सुनवाई अगले वर्ष मई माह से

**वाशिंगटन।** फ्लोरिडा के एक संघीय न्यायाधीश ने अमेरिका के पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के खिलाफ गोपनीय दस्तावेज मामले की सुनवाई के लिए 20 मई 2024 की तारीख मुकर्र की है। ट्रंप पर आरोप है कि उन्होंने सैकड़ो गोपनीय दस्तावेजों को अवैध तरीके से अपने पास रखा था।

### इंडोनेशिया के पशु बाजार में कुत्ते, बिल्ली के मांस की बिक्री बंद

**टोमोहोन।** इंडोनेशिया के सुलावेसी द्वीप के प्राधिकारियो ने क्षेत्र के एक कुख्यात पशु बाजार में कुत्ते-बिल्ली के वध और उनके मांस की बिक्री पर प्रतिबंध लगाने की शुक्रवार को घोषणा की। प्राधिकारियों ने स्थानीय कार्यकर्ताओं और वैश्विक हस्तियों द्वारा क्षेत्र में कुत्ते-बिल्ली के मांस की बिक्री पर रोक लगाने के लिए वर्षों से चलाए जा रहे अभियान के बीच यह कदम उठाया।

### सुनवाई के दौरान जज फोन पर कर रही थीं सोशल मीडिया का इस्तेमाल, जांच का आदेश

**वाशिंगटन।** अमेरिका के ओक्लाहामा में हत्या के एक मामले की सुनवाई के दौरान अपने सेलफोन पर सोशल मीडिया का इस्तेमाल करने वाली महिला न्यायाधीश का वीडियो व्यापक रूप से प्रसारित होने के बाद घटना की जांच के आदेश दिए गए है। अखबार द ओक्लाहोमन में प्रकाशित खबर में यह जानकारी दी गई है। खबर के मुताबिक, वीडियो में लिंकन काउंटी की डिस्ट्रिक्ट जज ट्रेसी सोडरस्टॉर्म एक युवक द्वारा अपनी प्रेमिका के ढाई साल के बच्चे की हत्या मामले की सुनवाई मे ज्यूरी के चयन, शुरुआती दलीलों और गवाही के दौरान सेलफोन पर मैसेज टाइप करते नजर आ रही है।

### अमेरिका के जाति-विरोधी कदम हिंदुओं को प्रताड़ित करते हैं

**वाशिंगटन।** जाति आधारित भेदभाव के खिलाफ अमेरिका मे उठाए गए हालिया विधाई कदम देश मे भारतीय-अमेरिकी समुदाय के लोगो को प्रताड़ित करने और उनका मनोबल गिराने का प्रयास है। जाति पर अपने तरह के पहले सम्मेलन कास्टकॉन में शामिल प्रतिभागियो ने यह आरोप लगाया। कैलिफोर्निया के फ्रेमॉन्ट शहर मे पिछले रविवार को आयोजित कास्टकॉन मे सिलिकॉन वैली सहित अन्य हिस्सो से बड़ी संख्या में आए भारतीय-अमेरिकियों ने हिस्सा लिया। उन्होने कैलिफोर्निया सहित अन्य अमेरिकी प्रांतो मे जाति के संबंध मे उठाए गए विधाई कदमों पर चर्चा की। प्रतिभागियो ने आरोप लगाया कि कानून को पहचान स्थापित करने के आक्रामक उपाय के तौर पर इस्तेमाल कर अप्रवासी आबादी को राज्य स्तर पर लक्षित किया जा रहा है।

### ब्रिक्स समावेशी विश्व के निर्माण के लिए अस्तित्व में आया : दक्षिण अफ्रीकी राजदूत

**जोहानिसबर्ग।** दक्षिण अफ्रीका के राजनयिक अनिल सूकलाल का कहना है कि ब्राजील, रूस, भारत, चीन और दक्षिण अफ्रीका के संगठन ब्रिक्स का गठन मौजूद वैश्विक परिदृश्य में असमानताओं को दूर करने के लिए किया गया था। रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन के निजी रूप से जोहानिसबर्ग मे ब्रिक्स शिखर सम्मेलन मे शामिल नही होने के बारे मे बुधवार को राष्ट्रपति सिरिल रामफोसा की घोषणा के बाद दक्षिण अफ्रीकी अंतरराष्ट्रीय संबंध एवं सहयोग विभाग मे एम्बैस्डर एट लार्ज : एशिया एवं ब्रिक्स सूकलाल ने रेडियो स्टेशन 702 पर अपना संबोधन दिया। शिखर सम्मेलन मे रूस का प्रतिनिधित्व विदेश मंत्री सर्गेई लावरोव करेंगे। हालांकि पुतिन ब्रिक्स शिखर सम्मेलन मे वीडियो कॉन्फ्रेंस के माध्यम से अपना संबोधन देंगे, जो 22 और 24 अगस्त के बीच होगा।

# उपचुनाव में दो सीटों पर हारी पीएम सुनक की पार्टी, एक पर दर्ज की जीत

भाषा। लंदन



**ब्रिटेन में तीन** सीटों पर हुए उपचुनाव में प्रधानमंत्री ऋषि सुनक की कंजरवेटिव पार्टी का प्रदर्शन उम्मीद के मुताबिक नहीं रहा जो पूर्व प्रधानमंत्री बोरिस जॉनसन के इस्तीफे से खाली हुई उक्सब्रिज और साउथ रुइस्लिप सीट अपने पास रखने में तो कामयाब रही, लेकिन दो अन्य सीटों पर उसे करारी हार मिली। बृहस्पतिवार को हुए उपचुनाव को अर्थव्यवस्था संभालने के मामले में सुनक के प्रदर्शन और अगले साल की दूसरी छमाही में प्रस्तावित आम चुनाव में पार्टी का नेतृत्व करने की उनकी संभावनाओं के रिपोर्ट कार्ड के तौर पर देखा जा रहा था। इसके नतीजे सामने आने के बाद सुनक पिछले 55 साल में एक ही दिन में तीन उपचुनाव हारने वाले पहले ब्रिटिश प्रधानमंत्री बनने से बच गए। उक्सब्रिज और साउथ रुइस्लिप में हुए उपचुनाव में कंजरवेटिव पार्टी के उम्मीदवार स्टीव टकवेल ने मामूली अंतर से जीत दर्ज की। यह सीट कोविड-19 की रोकथाम के लिए लागू लॉकडाउन के दौरान 10 डाउनिंग स्ट्रीट (ब्रिटेन का प्रधानमंत्री आवास) में पार्टियों के आयोजन को लेकर जांच का सामना कर रहे जॉनसन के पिछले महीने इस्तीफा देने के कारण खाली हुई थी।नतीजों की घोषणा के बाद शुक्रवार को सुबह उक्सब्रिज पहुंचे सुनक ने कहा कि क्षेत्र में जीत दिखाती है कि अगले आम चुनाव को लेकर कुछ भी तय नहीं है।

# भारत, अमेरिका व्यापक व गहन द्विपक्षीय मादक पदार्थ नीति के खाके पर काम करेंगे

**वाशिंगटन।** भारत और अमेरिका बृहस्पतिवार को 21वीं सदी के लिए एक व्यापक और गहन द्विपक्षीय मादक पदार्थ नीति का खाका तैयार करने की दिशा में काम करने पर सहमत हुए। राष्ट्रपति जो बाइडन के प्रशासन ने दोनों देशों के अधिकारियों के बीच इस संबंध में बातचीत होने के बाद यह जानकारी दी। राष्ट्रीय मादक द्रव्य नियंत्रण नीति कार्यालय के निदेशक डॉ. राहुल गुप्ता ने यहां अमेरिका-भारत स्वापक रोधी कार्यसमूह (सीएनडब्ल्यूजी) की चौथी वार्षिक बैठक के समापन के बाद एक साक्षात्कार में पीटीआई-भाषा को बताया, पिछले कुछ दिनों में हमने वास्तव में तीन स्तंभों पर काम किया है। पहला मादक पदार्थों के खिलाफ और अवैध नशीले पदार्थों के तस्करों और उत्पादकों के नेटवर्क को बाधित करना। डॉ. गुप्ता ने कहा, दूसरा मादक पदार्थों की मांग और इसके नुकसान को कम करना। इसमें न केवल यह देखना शामिल है कि हम नशे से पीड़ित लोगों की मदद कैसे करते हैं, बल्कि नशे की लत को कैसे रोकते हैं। इस पर भी काम किया जाएगा। डॉ. गुप्ता इस भूमिका में सेवा देने वाले पहले चिकित्सक हैं। भारतीय प्रर्निनिधिमंडल का नेतृत्व स्वापक नियंत्रण ब्यूरो (एनसीबी) के महानिदेशक (डीजी) सत्य नारायण प्रधान ने किया। डॉ. गुप्ता के अनुसार, तीसरा स्तंभ से औषधि आपूर्ति श्रृंखला और दवा उद्योग के विकास को सुनिश्चित करना है।

# नेताओं को शासन और नेतृत्व पर ध्यान देने की जरूरत : गार्सेटी

**वाशिंगटन।** दुनिया के दो बड़े लोकतांत्रित देश अमेरिका और भारत में अगले वर्ष चुनाव होने वाले हैं, ऐसे में राजनेता से राजनयिक बने एरिक गार्सेटी का मानना है कि नेताओं को नेतृत्व और शासन पर ध्यान देने की जरूरत है, तभी चुनाव उनके हक में होगा। भारत में अमेरिकी राजदूत एरिक गार्सेटी ने पीटीआई-भाषा से कहा, मुझे चुनाव पसंद हैं। ऐसा शायद इसीलिए है, क्योंकि मैं कई चुनावों का हिस्सा रहा हूं। चुनाव वह क्षण है, जिसमें जनता को उम्मीदवारों की बातें सुनकर अपने हित में निर्णय लेने का मौका मिलता है। गार्सेटी जी-20 शिखर सम्मेलन को लेकर अमेरिकी राष्ट्रपति की भारत यात्रा से पहले जो बाइडन प्रशासन के अधिकारियों से विचार-विमर्श के लिए अभी अमेरिका में हैं। भारत और अमेरिका दोनों देशों में चुनाव होने वाले हैं। भारत में जहां संसदीय चुनाव अगले साल अप्रैल-मई में प्रस्तावित हैं। वहीं, अमेरिका में राष्ट्रपति चुनाव अगले साल जनवरी में होने हैं। गार्सेटी सत्तारूढ़ डेमोक्रेटिक पार्टी के उभरते सितारे माने जाते हैं। वह 2013 में लॉस एंजिलिस के मेयर निर्वाचित हुए थे और 2017 में फिर से इसी पद के लिए चुने गए थे। भारत में अमेरिका के शीर्ष राजनयिक के तौर पर नियुक्त किए जाने के महज साढ़े तीन महीने के भीतर उन्होंने भारत में कई राज्यों का दौरा किया। उनके ट्विटर अकाउंट से पता चलता है कि वह भारत की विविध संस्कृति और व्यंजन को कितना पसंद करते हैं। गार्सेटी ने कहा, भारतीय लोकतंत्र की जीवंतता मुझे पसंद है। लोकतंत्र की राह मुश्किल है। वे हमेशा दोषमुक्त नहीं होते, लेकिन लोकतंत्र के लिए हमें लड़ाई जारी रखनी चाहिए। किसी भी नेता को मेरी यही सलाह है कि राजनेता नहीं, बल्कि नेता बनें। शासन और चुनाव अपने आप आपके हक में होगा। एक सवाल के जवाब में गार्सेटी ने कहा कि अमेरिकियों को भारत के बारे में बेहतर समझ होने लगी है।

# स्वीडन में कुरान की बेअदबी को लेकर मुस्लिम देशों में लोगों ने प्रदर्शन किया

भाषा। बगदाद



**स्वीडन में** कुरान की एक प्रति की बेअदबी पर नाराजगी व्यक्त करते हुए शुक्रवार को मुस्लिम बहुल राष्ट्रों में हजारों लोग सड़कों पर उतरे और विरोध-प्रदर्शन किया। इससे एक दिन पहले प्रदर्शनकारियों ने इराक स्थित स्वीडन दूतावास में तोड़फोड़ की थी। बृहस्पतिवार को दूतावास में तोड़फोड़ और हंगामे के विपरीत इराक, लेबनान और ईरान में जुमे की नमाज के बाद हुए विरोध-प्रदर्शन शांतिपूर्वक रहे। स्वीडन की समाचार एजेंसी टीटी के मुताबिक, हंगामे से पहले दूतावास के कर्मचारियों को हटा दिया गया था। इसके मुताबिक, सुरक्षा कारणों से उन्हें स्टॉकहोम में स्थानांतरित कर दिया गया था। शुक्रवार को भीषण गर्मी के बीच विरोध-प्रदर्शन के लिए हजारों लोग बगदाद के सद्र शहर में एकत्र हुए, जो प्रभावशाली इराकी शिया मौलवी और राजनीतिक नेता मुक्तदा अल-सद्र का गढ़ है। इनके कुछ अनुयाई स्वीडिश दूतावास पर हमले में शामिल थे। प्रदर्शनकारियों ने कुरान की प्रति लहराई, स्वीडन के ध्वज को जलाया और नारेबाजी की। इराकी प्रधानमंत्री मोहम्मद शिया अल-सुदानी ने प्रदर्शनकारियों और सुरक्षा बलों से यह सुनिश्चित करने का आह्वान किया था कि प्रदर्शन शांतिपूर्ण रहें। बेरूत के दक्षिणी उपनगरों में ईरान समर्थित मिलिशिया और राजनीतिक दल हिजबुल्लाह द्वारा बुलाए गए विरोध प्रदर्शन में हजारों लोगों ने हिस्सा लिया। कुछ लोगों ने स्वीडन के झंडे जलाए। हिजबुल्लाह नेता हसन नसरल्लाह ने बृहस्पतिवार रात एक वीडियो संबोधन में मुसलमानों से आह्वान किया कि वे अपनी सरकारों से स्वीडन के राजदूतों को निष्कासित करने की मांग करें। इराक ने पहले ही स्वीडन के साथ राजनयिक संबंध तोड़ दिए हैं ईरान में हजारों लोगों ने तेहरान और देशभर के अन्य शहरों में मार्च कर स्वीडन की घटना पर रोष जताया।

# पिता में मानसिक बीमारी हो तो समय से पहले बढ़ सकता है जन्म का खतरा

## नये शोध में खुलासा

भाषा। सोलना (स्वीडन)

### 15 लाख बच्चे का डेटा शामिल

हमने 1997 और 2016 के बीच स्वीडन मे पैदा हुए 15 लाख शिशुओ का डेटा शामिल किया। हमने राष्ट्रीय रोगी रजिस्टर से माता-पिता के मानसिक स्वास्थ्य के बारे मे जानकारी प्राप्त की, जो स्वीडन मे नैदानिक विशेषज्ञो द्वारा किए गए सभी मनोरोग निदानो का रिकॉर्ड रखता है। हमने मेडिकल जन्म रजिस्टर से हफ्तो मे गर्भधारण की लंबाई (गर्भकालीन आयु) का पता लगाया, जहां सभी स्वीडिश जन्म दर्ज किए जाते है। लगभग 15% शिशुओं के माता-पिता मे से कम से कम एक को मानसिक स्वास्थ्य विकार था। मानसिक बीमारी से पीड़ित माता-पिता के बच्चो की गर्भकालीन आयु कम होती है। उन बच्चो की तुलना मे जिनके माता-पिता मे से किसी को भी कोई मानसिक बीमारी नही थी, जिन शिशुओं के पिता को मानसिक बीमारी थी, लेकिन मां को नही, उनमें समय से पहले जन्म लेने का जोखिम 12% बढ़ गया था, जबकि अगर केवल मां को मानसिक बीमारी थी, तो जोखिम 31% बढ़ गया था।

**शोध के** अनुसार, मानसिक बीमारी से पीड़ित माताओं में समय से पहले बच्चे को जन्म देने की संभावना अधिक होती है। लेकिन समय से पहले जन्म का जोखिम पिता के मानसिक स्वास्थ्य से भी प्रभावित हो सकता है। पीएलओएस मेडिसिन जर्नल में प्रकाशित हमारे नए अध्ययन में, हमने पाया कि पिता की मानसिक बीमारी से समय से पहले जन्म का खतरा बढ़ जाता है और जब माता-पिता दोनों प्रभावित होते हैं तो जोखिम और भी अधिक हो जाता है।समय से पहले जन्म का तात्पर्य गर्भावस्था के 37 सप्ताह से पहले प्रसव से है, और यह बच्चे के स्वास्थ्य पर नकारात्मक परिणामों के अधिक जोखिम से जुड़ा होता है। उदाहरण के लिए, समय से पहले जन्म लेने वाले शिशुओं में ऑटिज्म स्पेक्ट्रम विकार जैसी न्यूरोडेवलपमेंटल स्थितियों की दर अधिक होती है। बच्चे का जन्म जितनी जल्दी होगा, जटिलताओं का खतरा उतना ही अधिक होगा। बढ़ते सबूतों से पता चलता है कि प्रतिकूल स्वास्थ्य परिणामों का जोखिम न केवल समय से पहले जन्म लेने वाले शिशुओं के लिए बढ़ जाता है, बल्कि जल्दी अवधि (गर्भावस्था के 37 से 38 सप्ताह) में पैदा होने वाले शिशुओं के लिए भी बढ़ जाता है। कुल मिलाकर देखें तो, बिना मानसिक बीमारी वाले माता-पिता के लिए, 17 में से एक बच्चा समय से पहले पैदा हुआ था। पिताओं में निदान से 16 में से एक को, माताओं में 14 में से एक को, और माता-पिता दोनों में से 12 बच्चों में से एक को खतरा बढ़ जाता है। हमने गर्भावस्था पूर्ण होने की प्रारंभिक अवधि में जन्म लेने वाले शिशुओं के लिए जोखिम का एक समान पैटर्न देखा। हमने जिन सभी मानसिक स्वास्थ्य स्थितियों पर गौर किया।उनमें तनाव से संबंधित विकार, जैसे कि पोस्ट-ट्रॉमेटिक स्ट्रेस डिसऑर्डर, समय से पहले जन्म के उच्चतम जोखिम से जुड़े थे। यदि पिता को कोई तनाव-संबंधी विकार है, तो जोखिम 23% बढ़ जाता है, यदि माँ तनाव-संबंधी विकार से पीड़ित है।

# रूस ने यूक्रेन में अनाज गोदाम पर मिसाइल दागी

भाषा। कीव

**यूक्रेन** की हवाई रक्षा प्रणाली की जद में आए बगैर और कम ऊंचाई से गुजरते हुए रूस की क्रूज मिसाइलों ने शुक्रवार सुबह ओडेशा क्षेत्र में अनाज गोदाम को निशाना बनाया। यूक्रेन के अधिकारियों ने यह जानकारी दी। इससे पहले, रूसी सेना ने क्षेत्र में काला सागर बंदरगाह के बुनियादी ढांचे पर लगातार तीन दिन तक बमबारी की। दक्षिणी ओडेशा क्षेत्र के गवर्नर ओहेल किपर ने बताया कि दो मिसाइल गोदाम से टकराई, जिसके कारण वहां आग लग गई और जब श्रमिक आग बुझाने का प्रयास कर रहे थे, उसी वक्त एक और मिसाइल वहां गिरी। उन्होंने बताया कि हमले में खेत और अग्निशमन उपकरण नष्ट हो गए। किपर ने कहा कि हमले में दो लोग घायल हुए हैं, जबकि 100 मीट्रिक टन मटर और 20 मीट्रिक टन जौ नष्ट हो गया। रूस ने बृहस्पतिवार को लगातार तीसरी रात यूक्रेन के दक्षिणी शहरों पर ड्रोन और मिसाइलों से हमले किए। युद्धकालीन समझौते की समाप्ति पर विवाद के बाद दक्षिण बंदरगाह शहर ओडेसा एक बार फिर रूस के निशाने पर है।


**सार्वजनिक सूचना**

आम जनता को एतद्द्वारा सूचित किया जाता है कि श्रीमती स्वाति सांखला पत्नी श्री कृष्ण कुमार ने मौजा: मखदूम, तहसील और जिला: मथुरा, उत्तर प्रदेश में स्थित प्लॉट नंबर 43, एरिया परिमाप 50.16 वर्ग गज, 41.93 वर्ग मीटर, खसरा नं. 365 का हिस्सा, बिक्री विलेख दिनांक 13.12.2022 के आधार पर मालिक है। सभी व्यक्तियों को एतद्द्वारा सूचित किया जाता है कि श्रीमती स्वाति सांखला पत्नी श्री कृष्ण कुमार सत्या माइक्रो हाउसिंग फाइनेंस प्राइवेट लिमिटेड से ऋण ले रहे हैं। श्रीमती स्वाति सांखला पत्नी श्री कृष्ण कुमार ने बिक्री विलेख दिनांक 22.10.2012 को खो दिया है और उन्होंने इसका उपयोग किसी बैंक/एनबीएफसी/कंपनी या व्यक्तियों से ऋण लेने के लिए नहीं किया है। यह केवल आम जनता की जानकारी के लिए है।

श्रीमती प्रसून लता, अधिवक्ता
एसजी एसोसिएट्स (लॉ फर्म)
एफएफ 18, लोटस पॉन्ड प्लाजा, वैभव खंड, इंदिरापुरम
गाजियाबाद 201014, ईमेल: sgassociatespl@gmail.com
फोन: 7011172764, 8130200837

**PUBLIC NOTICE**

Notice is hereby given by the undersigned to the public in general that my client Aditya Birla Finance Ltd., having branch office at 17,First Floor, Vijay Building, Barakhamba Road, Connaught Place, Delhi is in the process of advancing a loan to **M/s. Mangla Tent And Disposal House/Mrs. Chamma** against mortgage of Plot of land (admeasuring 118 + 118 sq. yds.), out of Khasra No. 1449 (12-11), Wakya Mauja Palwal (Shyam Nagar), within Municipal limits, Palwal. Mrs. Chamma has represented that a Transfer Deed pertaining to the said property being registered as document no. 6825 on 07.10.2016 has been lost. If found by anybody or otherwise, anybody having any rights, claims, charge on the aforesaid property may contact the undersigned within **7 days** from the date of publication of this notice, failing which no claims shall be entertained.

**KP MENON & CO. (Advocates & Solicitors)**
A-302, A-315 & 316, 3rd Floor, RG Complex, Motia Khan, Pahar Ganj, New Delhi.-55. M.: 9990-5700-88

**NAME CHANGE**

I, Anil Kumar Shrivastva S/o Mr. Chanderdev Prasad R/o 70/71 B, Gopal Nagar Extension, PH-I, Najafgarh, New Delhi-110043, have changed the name of my minor Son Ansh Kumar Shrivastva aged 15 years and he shall hereafter be known as Riyansh Kumar Shrivastva.
It is certified that I have complied with other legal requirements in this connection.

**Public Notice**

This is to inform General Public that Mr. Jagdeep Bhandari is the owner of the Ground Floor of Property Bearing No. 115 vide Relinquishment Deed dated 15.11.2019 executed by Mrs. Preeti Sareen, Mrs. Alka Gandhi in his favour Registered as Doc No-12470 and Ground Floor of Property Bearing No. 116 Vide Conveyance Deed dated 05.01.2002 executed by POI Through DDA Registered as Doc. No.-20471. The above-mentioned Mr. Jagdeep Bhandari is the owner of Ground Floor (Without Roof Rights) of both Properties Bearing No. 115 & 116 Land Area measuring 25.90 Sq. Mtrs. of both property in Block & Pocket A-3, situated in the Layout Plan of Rohini Residential Scheme, Rohini Sector-16, New Delhi-110089. Now, Mr. Jagdeep Bhandari intends to sell of both the above said properties to Mr. Arun Sharma & Mrs. Meghna Sharma and further Mr. Arun Sharma & Mrs. Meghna Sharma has agreed to create mortgage in respect of the said Ground Floor of Both Properties in favour of our client RBL Bank. In case anyone has any objection, the same may be raised within 15 days of this publication to Mr. Muneesh Dhawan/ Mr. Sudhir Jain (Advocates), Law Veritas North, Unit no 907, 9th Floor, GD-ITL Tower, (B-08), Netaji Subhash Place, Delhi-110034 or contact at 9066707172/9818228636 (M).

**सार्वजनिक सूचना**

ICICI Bank
शाखा कार्यालय : आईसीआईसीआई बैंक लि., तृतीय तल, प्लॉट नंबर 23, न्यू रोहतक रोड, करोल बाग, दिल्ली-110005

आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड द्वारा वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण और पुनर्निर्माण तथा प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम, 2002 की धारा 13(2) के तहत यह सूचना (दीवान हाउसिंग फाइनेंस लिमिटेड द्वारा आईसीआईसीआई बैंक को समनुदेशित अधोवर्णित समूह के संबंध में) डीएचएफएल तथा निम्नलिखित कर्जदार(रों) के बीच हुए ऋण अनुबंध के अनुसरण में मंजूर की गई आवास ऋण सुविधा के संबंध में प्रतिभूति के प्रवर्तन के विषय में जारी की जा रही है। उक्त कर्जदार/रों ने उनके द्वारा प्रतिभूत लेनदार से प्राप्त की गई ऋण सुविधाओं के मूलधन और ब्याज के भुगतान में चूक की है और ये ऋण अनार्जक आस्तियों (एनपीए) के रूप में श्रेणीबद्ध किए गए हैं। उनको उनके अंतिम ज्ञात पतों पर प्रेषित सूचना भेजी गई थी, जो बिना सुपुर्दगी वापस प्राप्त की जा चुकी है और इसलिए एतद्द्वारा उनको इस सार्वजनिक सूचना द्वारा अधिसूचित किया जा रहा है।

| क्र. सं. | कर्जदार/सह-कर्जदार/ गारंटर का नाम/ऋण खाता संख्या (डीएचएफएल ओल्ड एलएएन एवं आईसीआईसीआई न्यू एलएएन) एवं पता | प्रत्याभूत आस्ति/ प्रवर्तित की जाने वाली आस्ति का सम्पत्ति पता | प्रेषित सूचना की तिथि/सूचना की तिथि तक बकाया राशि | एनपीए तिथि |
|---|---|---|---|---|
| 1. | मोहम्मद हारूट, नुजहत परवीन, बी 37, तृतीय तल, पुराना नंबर 248, गली नंबर 1, कृष्णा नगर, ईस्ट आजाद नगर, दिल्ली-110051 ऋण संख्या 13100001992 खाता :- क्यूजैडएनओडी00005012640 | सम्पत्ति सं. 46/2-ए-1, तृतीय तल (छत के अधिकार सहित), खसरा नंबर 634/2, गली नंबर 16, ईस्ट आजाद नगर, पहले मोहल्ला दलहाई, ग्राम चंद्रावली उर्फ शाहदरा, इलाका शाहदरा, दिल्ली-110051 | 16-05-2023 रू. 26,59,919/- | 09-01-2023 |
| 2. | सुनील कुमार मिश्रा, विजय लक्ष्मी, बी 544, गली नंबर 33, महावीर एन्क्लेव पार्ट-2, दिल्ली-110059 ऋण संख्या 27300000313, खाता :- क्यूजैडडीडब्ल्यूए00005038497 | सम्पत्ति सं. बी-1/169, द्वितीय तल (बैक साइड), महावीर एन्क्लेव-3, खसरा नंबर 111/10/1, ग्राम पालम, दिल्ली-110023 | 16-05-2023 रू. 16,55,588/- | 08-02-2022 |
| 3. | अभिषेक कुमार, महेश, बी 50, केशो राम, पार्ले, नई दिल्ली-415124 ऋण संख्या 09600001526, खाता :- क्यूजैडडीईएल00005016038 | सम्पत्ति सं. 52-बी, द्वितीय तल, खसरा नंबर 593, ग्राम बिंदापुर, ब्लॉक बी, बिंदापुर एक्सटेंशन, केशो राम पार्क, उत्तम नगर, दिल्ली-110059 | 16-05-2023 रू. 35,46,199.99/- | 31-07-2020 |
| 4. | संतोष कुमार सिंह, ब्यूटी सिंह, आरजैड सी 10, प्रथम तल, विष्णु गार्डन, दिल्ली-110018 ऋण संख्या 22600001408, खाता :- क्यूजैडडीईएल00005022237 | सम्पत्ति सं. एफ-159-ए, प्रथम तल, ब्लॉक एफ, प्लॉट नंबर 159, गली नंबर 2, केएच. नंबर 31/19, ग्राम ख्याला, विष्णु गार्डन, दिल्ली-110018 | 31-05-2023 रू. 24,97,296/- | 31-01-2020 |
| 5. | राकेश कुमार, सरिता अग्रवाल, 80 ब्लॉक बीएफएच वेस्ट, शालीमार बाग, नॉर्थ वेस्ट, दिल्ली-110088 ऋण संख्या यूबीएलजेपी00005070127 खाता :- क्यूजैडएलजेपी00004998234 | प्लॉट नंबर बी-60, खसरा नंबर 877 का भाग, प्रथम तल, बैक साइड, गली नंबर 11, ग्राम नवादा, सेवक पार्क, ब्लॉक बी, उत्तम नगर, | 06-05-2023 रू. 3,23,784.66/- | 28-02-2023 |

सूचना प्रदान करने हेतु वैकल्पिक कदम उठाए जा रहे हैं। उपरोक्त कर्जदार/रों तथा/अथवा उनके गारंटरों (जैसा लागू है) को बकाया राशि का भुगतान इस सूचना के प्रकाशन की तिथि से 60 दिन के भीतर करने की सलाह दी जाती है, अन्यथा आगे वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण और पुनर्निर्माण तथा प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम, 2002, के प्रावधानों के अनुसार आगे कदम उठाए जाएंगे।

तिथि : 21 जुलाई, 2023
स्थान : दिल्ली/एनसीआर

प्राधिकृत अधिकारी
आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड

पायनियर
नई दिल्ली, शनिवार, 22 जुलाई, 2023



# महाराष्ट्र में भूस्खलन से मृतक संख्या 22 हुई

● 86 ग्रामीण अब भी लापता

भाषा। मुंबई



**महाराष्ट्र के** रायगढ़ जिले के भूस्खलन प्रभावित इरशालवाड़ी गांव में खोज और बचाव दलों ने शुक्रवार को मलबे से छह और शव बरामद किए। इसके बाद मृतकों की संख्या बढ़कर 22 हो गई है जबकि 86 लोग लापता हैं। एक अधिकारी ने यह जानकारी दी। मृतकों में नौ पुरुष, इतनी ही महिलाएं और चार बच्चे शामिल हैं। बुधवार रात आई इस आपदा में एक ही परिवार के नौ सदस्यों की मौत हो गई। वहीं, मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे ने शुक्रवार को विधानसभा में कहा कि सरकार ने राज्य के सभी भूस्खलन संभावित क्षेत्रों से लोगों को सुरक्षित स्थानों पर स्थानांतरित करने का निर्णय लिया है। राष्ट्रीय आपदा मोचन बल (एनडीआरएफ) के एक अधिकारी ने बताया कि एनडीआरएफ और अन्य सरकारी एजेंसियों ने भारी बारिश के कारण आज शाम करीब छह बजे बचाव अभियान रोक दिया। उन्होंने बताया कि एनडीआरएफ की चार टीम शनिवार सुबह फिर से अभियान शुरू करेंगी। शुक्रवार को जिन छह लोगों के शव निकाले गए, उनमें से तीन पुरुष और तीन महिलाएं हैं। कुल 21 मृतकों में चार बच्चे शामिल हैं, जिनकी उम्र छह महीने से चार साल के बीच है। इस घटना में तीन साल के लड़के और उसकी छह महीने की बहन समेत पारधी परिवार के नौ सदस्यों की मौत हो गई। घटना में तीन पशुओं की भी मौत हो गई, जबकि 21 पशुओं को बचा लिया गया। रायगढ़ जिला आपदा प्रबंधन कार्यालय के अनुसार, गांव के 229 निवासियों में से 22 की मृत्यु हो गई है, दस घायल हुए हैं, 111 को सुरक्षित स्थानों पर पहुंचाया गया है और 86 व्यक्तियों का अभी तक पता नहीं चल पाया है। हालांकि, उनमें से कुछ लोग एक शादी में शामिल होने के लिए गांव से बाहर गए हैं, जबकि कुछ घटना के समय धान की रोपाई के काम से बाहर हैं। 19 जुलाई की रात करीब साढ़े 10 बजे मुंबई से लगभग 80 किमी दूर तटीय रायगढ़ जिले की खालापुर तहसील में एक पहाड़ी पर स्थित आदिवासी गांव में भूस्खलन हुआ। गांव के 48 में से कम से कम 17 घर पूरी तरह या आंशिक रूप से मलबे में दब गए। अधिकारी ने कहा कि एनडीआरएफ के दलों ने बीती रात अभियान रोक दिया था और आज बारिश के बीच सुबह करीब छह बजे उन्होंने पहाड़ी इलाके में स्थित भूस्खलन स्थल पर फिर से खोज व बचाव अभियान शुरू किया। स्थानीय ग्रामीण और मलबे के अंदर फंसे लोगों के रिश्तेदार बचाव दलों की सहायता कर रहे हैं। उन्होंने कहा, चूंकि सुदूर गांव में पक्की सड़क नहीं है, इसलिए मिट्टी खोदने वाले यंत्रों और खुदाई करने वालों को आसानी से नहीं ले जाया जा सकता। एनडीआरएफ कर्मियों को खराब मौसम के कारण बृहस्पतिवार शाम भूस्खलन स्थल पर खोज व बचाव अभियान रोकना पड़ा था। इरशालवाड़ी गांव में भूस्खलन में मृतकों की संख्या बढ़ने के बीच मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे ने शुक्रवार को विधानसभा में कहा कि सरकार ने राज्य के सभी भूस्खलन संभावित क्षेत्रों से लोगों को सुरक्षित स्थानों पर स्थानांतरित करने का निर्णय लिया है। शिंदे ने विधानसभा में दिए बयान में कहा कि रायगड जिले का इरशालवाड़ी गांव भूस्खलन संभावित क्षेत्रों की सूची में शामिल नहीं था।

## इस साल जून तक 87,000 से अधिक भारतीयों ने नागरिकता छोड़ी दी : विदेश मंत्री

भाषा। नई दिल्ली

**विदेश मंत्री एस** जयशंकर ने शुक्रवार को कहा कि इस साल जून तक 87,026 भारतीयों ने अपनी नागरिकता छोड़ दी। जयशंकर ने एक सवाल के लिखित जवाब में लोकसभा को यह जानकारी दीं उन्होंने कहा कि इसके साथ ही, 2011 से अब तक 17.50 लाख से अधिक लोग अपनी भारतीय नागरिकता छोड़ चुके हैं। उन्होंने कहा कि 2022 में 2,25,620 भारतीयों ने अपनी नागरिकता छोड़ दी जबकि 2021 में उनकी संख्या।,63,370 और 2020 में 85,256 थी। उससे पहले 2019 में।,44,017 भारतीयों ने अपनी नागरिकता छोड़ी।जयशंकर ने कहा, "पिछले दो दशक में वैश्विक कार्यस्थल की तलाश करने वाले भारतीय नागरिकों की संख्या अहम रही है। उनमें से कई भारतीयों ने व्यक्तिगत सुविधा को ध्यान में रखते हुए विदेशी नागरिकता लेने का विकल्प चुना है"उन्होंने कहा कि विदेशों में भारतीय समुदाय राष्ट्र के लिए एक संपत्ति हैं और सरकार ने प्रवासी भारतीयों के साथ अपने संबंधों में व्यापक बदलाव किया है।

## न्यायाधीश प्रोटोकॉल का इस्तेमाल दूसरों को असुविधा पहुंचाने के लिए न करें : सीजेआई चंद्रचूड़

भाषा। नई दिल्ली



**भारत के** प्रधान न्यायाधीश (सीजेआई) डी वाई चंद्रचूड़ ने सभी उच्च न्यायालयों के मुख्य न्यायाधीशों को लिखे एक पत्र में कहा है कि न्यायाधीशों को प्रोटोकॉल सुविधाओं का इस्तेमाल इस तरीके से नहीं करना चाहिए कि दूसरों को असुविधा हो या न्यायपालिका को लोगों की आलोचनाओं का सामना करना पड़े। सीजेआई ने अपने पत्र में हाल की एक घटना पर नाखुशी जताई, जिसमें इलाहाबाद उच्च न्यायालय के एक न्यायाधीश ने ट्रेन की एक यात्रा के दौरान उनकी आवश्यकताओं को पूरा न करने के लिए रेलवे प्राधिकारियों से जवाब मांगा था। उन्होंने 19 जुलाई को लिखे पत्र में कहा, उच्च न्यायालय के न्यायाधीश के पास रेलवे कर्मियों पर अनुशासनात्मक कार्वाई करने का अधिकार नहीं है। इसलिए, उच्च न्यायालय के किसी अधिकारी के पास रेलवे कर्मियों से स्पष्टीकरण देने के लिए कहने का अधिकार नहीं है। उच्च न्यायालय के एक अधिकारी द्वारा रेलवे के महाप्रबंधक को लिखे पत्र ने न्यायपालिका के भीतर और बाहर उचित चिंता को जन्म दिया है। न्यायाधीशों के पास उपलब्ध प्रोटोकॉल सुविधाओं का इस्तेमाल उन्हें समाज से अलग करने वाले विशेषाधिकार पर दावा जताने या फिर ताकत दिखाने या अधिकार जताने के लिए नहीं किया जाना चाहिए। हाल में इलाहाबाद उच्च न्यायालय के एक न्यायाधीश ने दिल्ली से प्रयागराज की उनकी ट्रेन यात्रा के दौरान कथित तौर पर उनकी आवश्यकताएं पूरी न करने के लिए रेलवे अधिकारियों से स्पष्टीकरण मांगा था।

## क्विक न्यूज

### लुधियाना में अवैध कॉल सेंटर का भंडाफोड़, 30 गिरफ्तार

चंडीगढ़,। पंजाब की लुधियाना पुलिस ने शुक्रवार को एक अवैध कॉल सेंटर का भंडाफोड़ कर विदेशियों सहित विभिन्न लोगों को धोखा देने के आरोप में 30 लोगों को गिरफ्तार किया। अधिकारियों ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। पंजाब के पुलिस महानिदेशक गौरव यादव ने एक ट्वीट में कहा, एक बड़ी सफलता में, लुधियाना पुलिस ने अवैध रूप से चल रहे एक अंतरराष्ट्रीय कॉल सेंटर का भंडाफोड़ किया और एक गिरोह के 30 लोगों को गिरफ्तार किया, जिन्होंने खुद को बहुराष्ट्रीय कंपनियों के तकनीकी सेवा प्रदाता के रूप में पेश किया और नागरिकों, मुख्य रूप से विदेशियों से मोटी रकम की ठगी की। यादव ने कहा कि गिरोह के गिरफ्तार सदस्य मेघालय, उत्तर प्रदेश, गुजरात, हिमाचल प्रदेश, नगालैंड, दिल्ली और पंजाब से है। लुधियाना के पुलिस आयुक्त मनदीप सिंह ने कहा कि गिरफ्तार किए गए लोगों में दो महिलाएं भी शामिल है। उन्होंने कहा कि आरोपियों के कब्जे से 34 मोबाइल फोन और।,17,000 रुपए नकद के साथ कई इलेक्ट्रोनिक उपकरण भी बरामद किए गए। पुलिस ने कहा कि गिरोह के सदस्य दुनिया भर के लोगों को फोन करते थे और खुद को शीर्ष कंपनियों के ग्राहक सहायता अधिकारियों के रूप में पेश करते थे। फिर वे ग्राहकों को एक ईमेल भेजते थे जिसमें एक फोन नंबर लिखा होता था। सिंह ने कहा, जब कोई अनजान ग्राहक उस नंबर पर कॉल करता, तो जालसाज उन्हें बताते कि उनका मोबाइल फोन हैक हो गया है और उनकी सभी बैंकिंग जानकारी खतरे में है और वे उनसे अपनी बैंक जानकारी साझा करने के लिए कहते।

### साहसी लोगों के लिए सशस्त्र बल बेहतरीन करियर वकल्प : वायुसेना प्रमुख

**हैदराबाद।** वायु सेना प्रमुख एयर चीफ मार्शल वी.आर. चौधरी ने शुक्रवार को कहा कि भारतीय सशस्त्र बल युवाओं के लिए एक बहुत अच्छा करियर विकल्प प्रदान करते है, क्योंकि इसमें साहसिक कार्य, नौकरी से संतुष्टि और जीवन की बेहतर गुणवत्ता सुनिश्चित की जाती है। एयर चीफ मार्शल वी.आर. चौधरी ने बेगमपेट में हैदराबाद पब्लिक स्कूल के शताब्दी अलंकरण समारोह में यह बात कही। उन्होंने कहा, मैं आपको बताना चाहूंगा कि यदि आप साहस, अनुशासन, नौकरी से संतुष्टि, जीवन की उत्कृष्ट गुणवत्ता और करियर में अच्छी प्रगति चाहते है, तो भारतीय सशस्त्र बल भी आपके लिए एक बहुत अच्छा विकल्प है। ... भारतीय वायु सेना में शामिल हों और गौरव के साथ आकाश को छुएं। उन्होंने कहा कि भारतीय सशस्त्र बल साहस, अनुशासन और समर्पण की नीव पर बने है। लेकिन, इससे परे, हम ऐसे संस्थान भी है जो उत्कृष्टता की खोज पर आगे बढ़ते है।

### मानसून के मौसम में कई अभियान

**नई दिल्ली।** क्रोमा ने अपने ग्राहकों के साथ बारिश के आगमन का जश्न मनाने के लिए मानसून अभियान - गुड लाइफ फेस्ट शुरू किया है। घरेलू उपकरणों की विशाल रेन्ज पर आकर्षक ऑफ़र और छूट देकर मानसून के मौसम को सभी के लिए आरामदायक और आनंददायक बनाना इस कैम्पेन का उद्देश्य है। सेल में वॉशिंग मशीन, वॉटर प्यूरीफायर, एयर फ्रायर, ओटीजी, माइक्रोवेव, केटल और कई अन्य घरेलू उपकरणों पर 50ब तक की भारी छूट मिल रही है। क्रोमा ने अपने गुड लाइफ फेस्ट में उन घरेलू उपकरणों को शामिल किया है जो मानसून के लिए जरूरी है या जिन्हें अपग्रेड करना आवश्यक हैं। इन विशेष ऑफर्स के अलावा, क्रोमा अपने उत्पादों पर दे रहा है 30प्रतिशत तक की आकर्षक छूट, जिसमें कन्वेक्शन माइक्रोवेव, ओटीजी और कई अन्य उत्पाद शामिल हैं।क्रोमा में गुड लाइफ फेस्ट एक बेहतरीन अवसर है। अपने नजदीकी क्रोमा स्टोर या क्रोमा वेबसाइट पर जाएं और मानसून कैम्पेन में डिस्काउंटेड उत्पादों की विशाल रेंज से जी भरकर खरीदारी करें।

### करंट हादसे में मारे गए पुलिस उपनिरीक्षक एक दिन पहले ही चमोली थाने में तैनात किए गए थे

**गोपेश्वर (उत्तराखंड)।** चमोली में करंट हादसे का शिकार हुए उप निरीक्षक प्रदीप रावत केवल एक दिन पहले ही चमोली थाने में अस्थाई रूप से वहां का कामकाज देखने के लिए तैनात किए गए थे। चमोली सर्किल के क्षेत्राधिकारी प्रमोद शाह ने बताया कि हादसे के दिन चमोली थाने के कोतवाल कुलदीप रावत को नैनीताल स्थित उत्तराखंड उच्च न्यायालय जाना था इसलिए प्रदीप रावत को उनकी अनुपस्थिति में कामकाज देखने के लिए पीपलकोटी से चमोली तैनात किया गया था। प्रदीप रावत पीपलकोटी पुलिस चौकी के प्रभारी थे। नमामि गंगे के तहत बने मल शोधन संयंत्र में करंट से एक व्यक्ति की मौत की सूचना पर बुधवार को उसका पंचनामा करने के लिए रावत मौके पर पहुंचे और उसी स्थान पर दोबारा दौड़े करंट की चपेट में आकर 14 अन्य के साथ उनकी मौत हो गई। रुद्रप्रयाग जिले की उखीमठ तहसील में उनके पैतृक गांव उतिण्ड में माहौल बेहद गमगीन है। रावत की हाजिरजवाबी और व्यवहारकुशलता का यहां हर कोई कायल था और इनकी मौत की खबर ने लोगों को झकझोर दिया है।

### विपक्षी गठबंधन घोर मतभेदों वाले लोगों का समूह भर हैः वित्त मंत्री

गुवाहाटी। केन्द्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने शुक्रवार को कहा कि भले ही विपक्ष ने अपने गठबंधन के लिए कोई भी नाम सोच लिया हो, लेकिन वह घोर आपसी मतभेदो वाले लोगो का समूह भर है और उनका एकसूत्रीय एजेंडा प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के लिए अपशब्द कहने का है। सीतारमण ने कहा कि विपक्षी दलो में केवल एक बात समान है कि वे प्रधानमंत्री के खिलाफ लगातार अपशब्दो का इस्तेमाल करते है और उनके प्रति नफरत रखते है तथा सोचते है कि इसके लिए जनता उन्हे पुरस्कृत करेगी। वित्त मंत्री ने कहा, विपक्ष का एकमात्र एजेंडा प्रधानमंत्री का विरोध करना, उनकी आलोचना करना और उन्हें अपशब्द कहना प्रतीत होता है। मुझे नही लगता कि भारत की जनता इस प्रकार की एकता चाहती है। उन्होंने कहा कि अगर विपक्ष का एकसूत्रीय एजेंडा वोट की खातिर प्रधानमंत्री के खिलाफ अपशब्दों का इस्तेमाल करना भर है तो वह गलत साबित होगा। सीतारमण ने कहा, पिछले दस वर्षों में भारत के लोगो ने देखा है कि गांवों में किस प्रकार से सुधार हुए है, पहुंचने के साधन बेहतर हुए है, आम लोगो तक किस प्रकार से मूलभूत सुविधाएं पहुंची हैं, किस प्रकार से देश तेजी से आगे बढ़ रहा है और प्रत्एक नागरिक इस सशक्त होती गाथा का हिस्सा बनना चाहता है।

### निवेशकों की मोदी से गुहार, 28 प्रतिशत जीएसटी से ऑनलाइन गेमिंग में डूब जाएंगे 2.5 अरब डॉलर

नई दिल्ली। जीएसटी परिषद के ऑनलाइन गेमिंग उद्योग पर 28 फीसदी कर लगाने के फैसले से ऑनलाइन गेमिंग मे निवेशकों के 2.5 अरब अमेरिकी डॉलर डूब जाएंगे। देश-विदेश के 30 निवेशकों के एक समूह ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को लिखे एक संयुक्त पत्र मे यह बात कही। पीक एक्सवी कैपिटल, टाइगर ग्लोबल, डीएसटी ग्लोबल, बेनेट, कोलमैन एंड कंपनी लिमिटेड, अल्फा वेव ग्लोबल, क्रिस कैपिटल, लुमिकाई सहित प्रमुख निवेशकों ने 21 जुलाई को लिखे एक पत्र में जीएसटी परिषद के फैसले पर प्रधानमंत्री के हस्तक्षेप का आग्रह किया है। पत्र में यह भी कहा गया है कि ऑनलाइन गेमिंग मे निवेश अगले 3-4 वर्षों में चार अरब अमेरिकी डॉलर तक पहुंचने की उम्मीद है, लेकिन इस पर 28 प्रतिशत जीएसटी लागू करने से यह बुरी तरह प्रभावित होगा। इसमे कहा गया है, पूरी दुनिया की तुलना में मौजूदा जीएसटी प्रस्ताव गेमिंग क्षेत्र के लिए सबसे कठिन कर व्यवस्था लागू करेगा, जिससे इस क्षेत्र में निवेश की गई 2.5 अरब अमेरिकी डॉलर की पूंजी के डूबने का खतरा बन गया है। निवेशकों ने कहा कि जीएसटी परिषद के फैसले से उन्हे झटका लगा है और निराशा हुई है। इससे भारतीय तकनीकी परिवेश या किसी अन्य उभरते क्षेत्र को लेकर भरोसा काफी हद तक कम हो जाएगा।

## कार्यबल को कौशल संपन्न बनाए जाने की जरूरत : मोदी



भाषा। इंदौर (मध्य प्रदेश)

**प्रौद्योगिकी को** रोजगार का मुख्य कारक करार देते हुए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शुक्रवार को कहा कि उन्नत तकनीक और प्रक्रियाओं के इस्तेमाल से कार्यबल को कौशलसंपन्न बनाया जाना वक्त की जरूरत है।मोदी ने जी20 समूह के देशों के श्रम और रोजगार मंत्रियों की इंदौर में आयोजित बैठक में वीडियो संदेश के जरिए कहा, हमें उन्नत तकनीक और प्रक्रियाओं का इस्तेमाल करते हुए अपने कार्यबल को कौशलसंपन्न बनाए जाने की जरूरत है। सतत कौशल विकास ही भविष्य के कार्य बल का मूल मंत्र है। उन्होंने कहा कि चौथी औद्योगिक क्रांति के मौजूदा दौर में तकनीक रोजगार का मुख्य कारक बन गई है और आगे भी बनी रहेगी। मोदी ने कहा कि नई तकनीकों के कारण गुजरे समय में हुए बदलावों के दौरान भारत को तकनीक से जुड़े रोजगार बड़े पैमाने पर सृजित करने का अनुभव है।

उन्होंने बताया कि भारत में प्रधानमंत्री कौशल विकास योजना के तहत अब तक 1.25 करोड़ से ज्यादा युवाओं को प्रशिक्षित किया गया है। प्रधानमंत्री ने कहा कि देश ने कृत्रिम मेधा (एआई), रोबोटिक्स, इंटरनेट ऑफ थिंग्स और ड्रोन के क्षेत्रों पर विशेष ध्यान केंद्रित किया है। मोदी ने कहा कि लगातार भ्रमण करने वाला कार्य बल भविष्य की हकीकत बनने जा रहा है, लिहाजा विकास को वैश्विक स्वरूप देते हुए कौशल को सच्चे मायनों में साझा किया जाना वक्त की मांग है। उन्होंने जोर देकर कहा कि जी20 समूह को इस सिलसिले में अगुवाई करनी चाहिए।

## दिल्ली में दो अक्टूबर को प्रदर्शन करेगी टीएमसीः अभिषेक बनर्जी

भाषा। कोलकाता

**तृणमूल** कांग्रेस (टीएमसी) के वरिष्ठ नेता अभिषेक बनर्जी ने शुक्रवार को कहा कि पार्टी महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना (मनरेगा) सहित अन्य योजनाओं के तहत पश्चिम बंगाल के हिस्से की राशि रोके जाने को लेकर भाजपा नीत केंद्र सरकार के खिलाफ दो अक्टूबर को गांधी जयंती के अवसर पर दिल्ली में व्यापक प्रदर्शन करेगी। टीएमसी के राष्ट्रीय महासचिव ने कहा कि पूरे देश में यह नारा गूंज रहा है कि 2024 में भाजपा सत्ता से बाहर हो जाएगी और नवगठित विपक्षी गठबंधन इंडिया केंद्र में अगली सरकार बनाएगा। कोलकाता में शहीद दिवस पर आयोजित रैली को संबोधित करते हुए अभिषेक ने आरोप लगाया, केंद्र ने बदले की राजनीति के तहत बंगाल की राशि रोक दी है। जैसा कि मैंने पहले भी कहा था, हम मनरेगा के तहत बंगाल के हिस्से की राशि रोके जाने को लेकर भाजपा नीत केंद्र सरकार के खिलाफ दिल्ली में व्यापक प्रदर्शन करेंगे। हम दो अक्टूबर को कृषि भवन के बाहर प्रदर्शन करेंगे। अभिषेक ने केंद्र सरकार के कथित सौतेले व्यवहार के खिलाफ विरोध जताने के लिए टीएमसी कार्यकर्ताओं से पांच अगस्त को पश्चिम बंगाल के हर हिस्से में प्रत्एक भाजपा नेता के घर का घेराव करने को कहा। उन्होंने कहा, राज्य के विकास के लिए काम करने के बजाय भाजपा की बंगाल इकाई के नेता केंद्र के साथ मिलकर साजिश रच रहे हैं और उससे प्रदेश के गरीब लोगों के हक की राशि रोकने के लिए कह रहे हैं। पांच अगस्त को हम राज्य में प्रत्एक भाजपा नेता के घर का घेराव करेंगे। किसी बुजुर्ग या बीमार व्यक्ति की आवाजाही बाधित न करें, लेकिन भाजपा नेताओं को न तो बाहर निकलने दें और न ही अंदर जाने दें। पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री और टीएमसी प्रमुख ममता बनर्जी ने दिल्ली में प्रदर्शन करने के अभिषेक के आह्वान का समर्थन किया। उन्होंने कहा, भाजपा नेताओं के घरों के बाहर विरोध-प्रदर्शन प्रखंड (ब्लॉक) स्तर पर आयोजित किया जाना चाहिए, वह भी घरों से 100 मीटर की दूरी पर, ताकि वे अपने ही घर में प्रवेश करने या बाहर निकलने में बाधा डालने का आरोप न लगा सकें। मार्च में, ममता ने मनरेगा और अन्य कल्याणकारी योजनाओं के तहत पश्चिम बंगाल के हिस्से की राशि जारी नहीं करने के केंद्र सरकार के कथित कदम के खिलाफ दो दिवसीय प्रदर्शन किया था। विपक्षी गठबंधन के बारे में अभिषेक ने कहा कि वह दिन दूर नहीं, जब भाजपा सत्ता से बाहर हो जाएगी।

## इस साल देश में मुसलमानों की आबादी 19.75 करोड़ रहने का अनुमान

भाषा। नई दिल्ली

**देश में** 2023 में मुसलमानों की संभावित जनसंख्या 19.75 करोड़ होगी। सरकार ने लोकसभा को यह जानकारी दी। केंद्रीय अल्पसंख्यक कार्य मंत्री स्मृति ईरानी ने लोकसभा में तृणमूल कांग्रेस सदस्य माला रॉय के प्रश्न के लिखित उत्तर में कहा कि जनगणना 2011 के अनुसार देश में मुसलमानों की जनसंख्या 17.22 करोड़ है जो देश की कुल आबादी का 14.2 प्रतिशत है। उन्होंने कहा, राष्ट्रीय जनसंख्या आयोग के तहत जनसंख्या पूर्वानुमान के लिए गठित तकनीकी समूह की जुलाई 2020 की रिपोर्ट के अनुसार 2023 में देश की संभावित आबादी 138.82 करोड़ है। जनगणना 2011 की तरह 14.2 प्रतिशत के उक्त अनुपात को लागू करते हुए 2023 में मुसलमानों की संभावित आबादी 19.75 करोड़ रहने का अनुमान है।

## ममता के आवास में घुसने की कोशिश के आरोप में व्यक्ति गिरफ्तार

भाषा। कोलकाता

**पश्चिम बंगाल** की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी के कालीघाट स्थित आवास में घुसने की कोशिश के आरोप में पुलिस ने शुक्रवार को एक व्यक्ति को गिरफ्तार कर लिया।उसकी कार में हथियार भी मिले हैं। पुलिस के एक अधिकारी ने इसकी जानकारी दी। कोलकाता के पुलिस आयुक्त विनीत गोयल ने बताया कि व्यक्ति ने काला कोट पहन रखा था और उसकी पहचान नूर आलम के तौर पर हुई है। आलम की कार पर पुलिस का स्टीकर लगा था और उसे हरीश चटर्जी स्ट्रीट स्थित ममता बनर्जी के आवास में घुसने की कोशिश करने के आरोप में गिरफ्तार किया गया। घटना के वक्त ममता अपने आवास पर ही थीं। गोयल ने कहा, (आरोपी) व्यक्ति ने हथियार, एक खुखरी, गांजा और सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) एवं



अन्य विभिन्न एजेंसियों के कई पहचान पत्र रखे थे। वह मुख्यमंत्री से मिलना चाहता था। व्यक्ति जब हरीश चटर्जी स्ट्रीट स्थित मुख्यमंत्री के आवास में घुसने की कोशिश कर रहा था तब हमारे अधिकारियों ने उसे रोका। मुख्यमंत्री को जेड-श्रेणी की सुरक्षा प्राप्त है ऐसे में इस तरह की घटना एक गंभीर मुद्दा है। हम यह पता लगाने की कोशिश कर रहे हैं कि उसकी वास्तविक मंशा क्या थी। गोयल ने बताया कि आरोपी बेतुकी बातें कर रहा है। आयुक्त ने बताया, वह कह रहा है कि वह आनंदपुर से है, फिर उसने दावा किया कि वह पश्चिम मेदिनीपुर से है। हम इस सच्चाई का पता लगा रहे हैं। एक अन्य अधिकारी ने बताया कि कोलकाता पुलिस विशेष कार्यबल (एसटीएफ), विशेष शाखा से कर्मी और स्थानीय थाने से अधिकारी कालीघाट थाने में उससे पूछताछ कर रहे हैं। आरोपी की कार जब्त कर ली गई है। घटना कोलकाता के मध्य में शहीद दिवस रैली स्थल के लिए तृणमूल कांग्रेस प्रमुख के कालीघाट स्थित आवास से रवाना होने से कुछ घंटे पहले हुई। पश्चिम बंगाल विधानसभा में विपक्ष के नेता भारतीयजनता पार्टी (भाजपा) के शुभेंदु अधिकारी ने बनर्जी की सुरक्षा व्यवस्था पर सवाल उठाया और कालीघाट के थाना प्रभारी निरीक्षक के साथ-साथ गोयल को तत्काल हटाने की मांग की।

## विवेक अग्निहोत्री ने द कश्मीर फाइल्स अनरिपोर्टेड का ट्रेलर जारी किया

**श्रीनगर।** फिल्मकार विवेक अग्निहोत्री ने अपनी आगामी सीरीज द कश्मीर फाइल्स अनरिपोर्टेड का शुक्रवार को यहां ट्रेलर जारी किया। अग्निहोत्री ने कहा कि इस सीरीज में उनकी 2022 की फिल्म द कश्मीर फाइल्स के लिए किया गया शोध, पुरानी वीडियो फुटेज और साक्षात्कार शामिल हैं। यह सीरीज सात भागों में डिजिटल मंच ज़ी5 पर रिलीज की जाएगी। ज़ी5 ने एक बयान में कहा, यह सीरीज ऐसे ऐतिहासिक, जातीय और भू-राजनीतिक विवरणों पर प्रकाश डालती है, जिसमें उन घटनाओं, गलतियों, अपराधों और परिस्थितियों का वर्णन किया गया है, जिनके कारण 1990 के दशक में कश्मीरी पंडितों का नरसंहार और बड़े पैमाने पर पलायन हुआ था। सीरीज के निर्माताओं के मुताबिक, इसमें इतिहासकारों, विशेषज्ञों, वास्तविक पीड़ितों और उनके परिवारों के साथ की गई बातचीत शामिल है।

## कोर्ट ने सेंथिल की याचिका पर ईडी से जवाब मांगा

पीएमएलए मामला

भाषा। नई दिल्ली

**उच्चतम** न्यायालय ने धन शोधन के एक मामले में तमिलनाडु के मंत्री वी. सेंथिल बालाजी की गिरफ्तारी को बरकरार रखने के मद्रास उच्च न्यायालय के 14 जुलाई के आदेश को चुनौती देने वाली उनकी तथा उनकी पत्नी मेगाला की याचिकाओं पर शुक्रवार को प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) से जवाब मांगा। न्यायमूर्ति ए एस बोपन्ना और न्यायमूर्ति एम सुंदरेश की पीठ ने याचिकाओं पर ईडी को नोटिस जारी किया और मामले पर अगली सुनवाई के लिए 26 जुलाई की तारीख तय की। मंत्री और उनकी पत्नी ने उच्च न्यायालय के आदेश को चुनौती देते हुए शीर्ष न्यायालय में दो अलग-अलग याचिकाएं दायर की हैं। बालाजी की गिरफ्तारी को बरकरार रखने के अलावा उच्च न्यायालय ने धन शोधन मामले में एक सत्र अदालत द्वारा उन्हें न्यायिक हिरासत में भेजने के फैसले को भी वैध करार दिया था। धन शोधन का यह मामला राज्य परिवहन विभाग में नौकरी के बदले नकदी के कथित घोटाले से निकला है। यह कथित घोटाला उस समय का है जब बालाजी परिवहन मंत्री थे।बालाजी की पत्नी की बंदी प्रत्यक्षीकरण याचिका पर सुनवाई के लिए उच्च न्यायालय द्वारा न्यायमूर्ति सी वी कार्तिकेयन को तीसरे न्यायाधीश के रूप में नामित किया गया था। न्यायमूर्ति कार्तिकेयन खंडपीठ द्वारा दिए गए फैसले के बाद, न्यायमूर्ति डी भरत चक्रवर्ती के निष्कर्षों से सहमत हुए थे। न्यायमूर्ति चक्रवर्ती ने बालाजी की गिरफ्तारी को बरकरार रखा था। तीसरे न्यायाधीश ने माना कि आरोपी को जांच विफल करने का कोई अधिकार नहीं है।

## आईएसआईएस से संबंध होने के आरोपी छात्र के दस्तावेजों की जांच कर रहा एएमयू प्रशासन

भाषा। अलीगढ़ (उप्र)

**अलीगढ़ मुस्लिम** विश्वविद्यालय प्रशासन वैश्विक आतंकवादी संगठन (आईएसआईएस) का सदस्य होने के आरोप में एनआईए द्वारा गिरफ्तार किए गए 19 वर्षीय छात्र फैज़ान अंसारी उर्फ फैज़ के सभी दस्तावेजों की जांच करा रहा है। विश्वविद्यालय प्रशासन के एक अधिकारी ने यह जानकारी दी। एएमयू के प्रॉक्टर मोहम्मद वसीम ने शुक्रवार को पीटीआई-भाषा को बताया कि एएमयू के अधिकारियों द्वारा फैजान अंसारी के पूरे रिकॉर्ड की जांच की जा रही है तथा गर्मी की छुट्टियों के बाद विश्वविद्यालय का नियमित कामकाज शुरू होने पर उसके बारे में और ज्यादा जानकारी मिल जाएगी।प्रॉक्टर के अनुसार, फैजान अंसारी को 2022 में विश्वविद्यालय में स्नातक में प्रवेश मिला था और उसने विश्वविद्यालय के छात्रावास में आवास के लिए भी आवेदन किया था, लेकिन छात्रावास में जगह न होने की वजह से वह परिसर में नहीं रहता था। वह किराए के आवास में रह रहा था। उन्होंने बताया कि विश्वविद्यालय यह पता लगाने के लिए रिकॉर्ड की जांच कर रहा है कि फैजान जून में वार्षिक परीक्षाओं में शामिल हुआ था या नहीं। अधिकारियों ने कहा कि वह इस साल की शुरुआत में पहले सेमेस्टर की परीक्षा में शामिल हुआ था। एनआईए के एक अधिकारी ने बृहस्पतिवार को बताया था कि छात्र के झारखंड स्थित मकान तथा उत्तर प्रदेश में किराए के मकान की तलाशी लेने के बाद उसे गिरफ्तार कर लिया गया। अधिकारी ने कहा था कि देश में चल रहे आईएसआईएस के मॉड्यूल के खिलाफ जारी कार्वाई के क्रम में छात्र फैजान अंसारी उर्फ फैज को गिरफ्तार किया गया।

## उच्चतम न्यायालय ने इस साल अब तक करीब 26,000 मामलों का निस्तारण किया

भाषा। नई दिल्ली

**सरकार** ने शुक्रवार को कहा कि उच्चतम न्यायालय ने इस साल अब तक करीब 26,000 मामलों का



निस्तारण किया है, वहीं 25 उच्च न्यायालयों ने 5.23 लाख से अधिक मामलों में निर्णय सुनाया है। विधि मंत्री अर्जुन राम मेघवाल ने शुक्रवार को लोकसभा में एक प्रश्न के लिखित उत्तर में यह जानकारी दी। उन्होंने बृहस्पतिवार को राज्यसभा में एक प्रश्न के लिखित उत्तर में बताया था कि देश की विभिन्न अदालतों में लंबित मामलों की संख्या पांच करोड़ के पार चली गई है। मेघवाल ने आज उच्चतम न्यायालय की एकीकृत मामला प्रबंधन सूचना प्रणाली के आंकड़ों का उल्लेख करते हुए कहा कि शीर्ष अदालत ने इस साल 15 जुलाई तक 25,959 मामलों पर निर्णय सुनाया है। उन्होंने राष्ट्रीय न्यायिक डेटा ग्रिड (एनजेडीजी) के आंकड़ों का हवाला देते हुए कहा कि देश में 25 उच्च न्यायालयों ने इस साल 17 जुलाई तक 5,23,338 मामलों का निस्तारण किया। उन्होंने कहा, संबंधित अदालतों द्वारा विभिन्न प्रकार के मामलों के निस्तारण के लिए कोई समयसीमा निर्धारित नहीं की गई है। अदालतों में मामलों के निस्तारण में सरकार की कोई सीधी भूमिका नहीं है।

### अदालतों में 6.36 लाख से अधिक लंबित मामलों में पक्ष है सरकार

**नई दिल्ली।** केंद्र सरकार अदालतों में लंबित 6.36 लाख से अधिक मामलों में एक पक्ष है और अकेले वित्त मंत्रालय 1.79 लाख से अधिक मुकदमों में वादी है। सरकार ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। विधि मंत्री अर्जुन राम मेघवाल ने अदालतों में लंबित उन मामलों की संख्या के बारे में पूछे गए प्रश्न पर जवाब दिया जिसमें सरकार को पक्ष बनाया गया है। उन्होंने बताया कि ऐसे कुल लंबित मामलों की संख्या 6,36,605 है। मेघवाल ने बताया कि वित्त मंत्रालय 1.79 लाख से अधिक लंबित मामलों में पक्ष है। रक्षा मंत्रालय 87,000 से अधिक मामलों में पक्ष है, वहीं शिक्षा मंत्रालय 17,000 से अधिक मामलों में वादी है।मुकदमों पर खर्च के एक प्रश्न पर विधि मंत्री ने बताया कि वित्त वर्ष 2022-23 में 54.35 करोड़ रुपए खर्च किए गए, वहीं 2021-22 में 48.37 करोड़ रुपए खर्च किए गए।

# कोहली ने जड़ा 29वां टेस्ट शतक

## ● वेस्टइंडीज से दूसरा टेस्ट- भारत बड़े स्कोर की ओर

**भाषा।** पोर्ट ऑफ स्पेन




**अपने 500वें** अंतरराष्ट्रीय मैच को यादगार बनाते हुए विराट कोहली ने टेस्ट करियर का 29वां शतक लगाया जिससे भारत ने वेस्टइंडीज के खिलाफ दूसरे टेस्ट मैच के दूसरे दिन शुक्रवार को यहां लंच तक छह विकेट पर 373 रन बना लिए। पिछले टेस्ट में शतक से चूकने वाले कोहली ने 206 गेंद की पारी में 121 रन बनाए। अंतरराष्ट्रीय करियर के अपने 76वें शतकीय पारी के दौरान उन्होंने रविंद्र जडेजा (61) के साथ पांचवें विकेट के लिए 159 रन की साझेदारी कर भारत की मजबूत वापसी कराई। कोहली रन आउट हुए जबकि जडेजा को केमार रोच (दो विकेट पर 86 रन) की गेंद पर विकेट के पीछे जोशुआ डा सिल्वा ने लपका।लंच के विश्राम के समय इशान किशन (18) और रविचंद्रन अश्विन (छह) पर क्रीज पर मौजूद है। दिन का पहला सत्र पूरी तरह कोहली के नाम रहा। वेस्टइंडीज के गेंदबाजों के खिलाफ रन बनाने में उन्हें कोई परेशानी नहीं हुई। उन्होंने अपनी पारी के दौरान 11 चौके लगाए जबकि 77 रन दौड़ कर लिए। दिन की शुरुआत 87 रन से करने वाले कोहली ने रोच की गेंद पर चौके के साथ अपना शतक पूरा किया। विदेशी धरती पर 2018 (पर्थ में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ) के बाद कोहली का यह पहला शतक है। कोहली का वेस्टइंडीज के खिलाफ यह 12वां शतक है और इस टीम के खिलाफ सबसे ज्यादा शतक लगाने के मामले में वह जाक कैलिस के साथ संयुक्त रूप से दूसरे स्थान पर है। वेस्टइंडीज के खिलाफ सबसे ज्यादा शतक का रिकॉर्ड पूर्व महान खिलाड़ी सुनील गावस्कर (13) के नाम हैं। क्वींस पार्क ओवल की पिच डोमिनिका में खेले गए पहले टेस्ट की तुलना में अब तक बल्लेबाजों के लिए अधिक मददगार रही है। कुछ गेंद रूक कर आ रही थी और वेस्टइंडीज के गेंदबाज कोहली खिलाफ ऑफ स्टंप के आस-पास मुश्किल गेंदबाजी कर रहे थे। कोहली ने मैच की शानदार समझ दिखाते हुए आक्रामक शॉट खेलने की जगह एक और दो रन दौड़ कर लेने पर ज्यादा ध्यान दिया। उन्होंने 45 बार एक और 13 बार दो रन दौड़ कर लिए। उन्होंने 11 में से नौ चौके ऑफ साइड की तरफ लगाए। दूसरे छोर से जडेजा ने भी उनका शानदार साथ दिया। उन्होंने कोहली का शतक पूरा होने के थोड़ी देर के बाद टेस्ट करियर का अपना 19वां अर्धशतक पूरा किया।ऑफ स्पिनर गेंदबाज रहकीम कोर्नवाल की गैरमौजूदगी का भारत को फायदा हुआ। वामहस्त स्पिनर जोमेल वारिकन सही लाइन लेंथ से गेंदबाजी करने के बावजूद पिच से ज्यादा मदद हासिल नहीं कर सके।

## टेस्ट टीम में बने रहने के लिए रहाणे को लगातार रन बनाना होगा: जाफर

**मुंबई।** भारत के पूर्व सलामी बल्लेबाज वसीम जाफर का मानना है कि मौजूदा उप-कप्तान अजिंक्य रहाणे को टेस्ट टीम में बने रहने के लिए लगातार रन बनाने होंगे। तीस वर्षीय रहाणे ने इस साल आईपीएल में शानदार प्रदर्शन के दम पर भारतीय टेस्ट टीम में वापसी की और इस साल की शुरुआत में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ विश्व टेस्ट चैंपियनशिप फाइनल में मजबूत छाप छोड़ी। वह हालांकि वेस्टइंडीज दौरे पर अपनी दोनों पारियों में प्रभाव छोड़ने में नाकाम रहे, जिससे एक बार फिर उनकी निरंतरता पर सवाल खड़े हो गए है। भारत के लिए 31 टेस्ट खेलने वाले जाफर ने कहा, रहाणे को अपने खेल में निरंतरता दिखानी होगी, जो उनकी समस्या रही है। उसने भले ही 80-90 टेस्ट (84) खेले हो लेकिन उसके साथ निरंतरता एक मुद्दा रही है। उसे इससे उबरना होगा क्योंकि रोहित शर्मा के जाने के बाद भारत के लिए वह कप्तानी का अच्छा विकल्प है।

# विश्वकप की ट्राफी दो दिन शहर में




**लखनऊ।** राजधानी में वर्ल्ड कप क्रिकेट की ट्राफी 22 व 23 को आम जनता के बीच होगी। आज इकाना स्टेडियम में इस ट्रॉफी की प्रतिकृति का अनवरण किया गया। इस अवसर पर इकाना के निदेशक उदय सिन्हा, यूपीसीए के युद्धवीर सिंह समेत कई अधिकारी शामिल रहे। उदय सिन्हा ने कहा कि आगामी अकटूबर में होने वाले विश्व कप के लिए स्टेडियम तैयार है। यह ट्राफी लुलु माल में प्रात: 10 से रात्रि 10 बजे तक आम लोगों के लिए रखी जाएगी।

## रोहित और मैं लगातार हालात के बारे में बात करते रहते हैं : जायसवाल

**पोर्ट आफ स्पेन।** वेस्टइंडीज के खिलाफ टेस्ट श्रृंखला में पदार्पण के साथ पारी की शुरूआत करके शानदार प्रदर्शन करने वाले यशस्वी जायसवाल ने इसका श्रेय कप्तान रोहित शर्मा के साथ क्रीज पर लगातार बात करते रहने को दिया है। रोहित भैया के साथ बल्लेबाजी करना अच्छा लगता है।हम लगातार हालात के बारे में बात करते रहते हैं और आगे कैसे खेलना है , हम क्या कर सकते हैं वगैरह। उनके साथ बल्लेबाजी करना शानदार है। जायसवाल ने कहा कि उनकी सफलता का राज यह है कि वह हर किसी के अनुभव से सीखते हैं लेकिन करते वही है जो उन्हें रास आता है। राहुल द्रविड़, विराट कोहली और बल्लेबाजी कोच विक्रम राठौड से मिली सलाह के बारे में पूछने पर उन्होंने कहा , हर किसी का चीजों को बताने का अपना तरीका है और अपना अनुभव है। मैं सभी की सुनता हूं और जो मेरे खेल के अनुकूल होता है, वह करता हूं। अनुभवी खिलाड़ी जब बोलते हैं तो सीखने के लिए बहुत कुछ होता है। मैं उसे सुनता हूं और अपने खेल के अनुरूप उसे अपनाने की कोशिश करता हूं। उनके अनुभव से छोटी छोटी बातें सीखना बहुत अच्छा लगता है। यह पूछने पर कि सब कुछ पाने के लिए काफी संघर्ष झेलने के कारण क्या हर प्रारूप में उनके भीतर रन बनाने की भूख है , जायसवाल ने कहा हां।

## बांग्लादेश के खिलाफ आखिरी मैच में फाकस भारतीय शीर्षक्रम पर

**मीरपुर।** बांग्लादेश के खिलाफ शनिवार को तीसरे और आखिरी महिला एक दिवसीय क्रिकेट मैच में श्रृंखला जीतने के इरादे से उतरने वाली भारतीय टीम के शीर्षक्रम के बल्लेबाजो से बेहतर प्रदर्शन की उम्मीद होगी। खराब शुरूआत के बाद भारत ने बुधवार को दूसरा मैच 108 रन से जीतकर वापसी की। बांग्लादेश के हाथों उसे पहले मैच में पहली बार पराजय का सामना करना पड़ा था। तीसरे मैच मे भारत की नजरें न सिर्फ जीत पर होगी बल्कि अपनी गलतियो को सुधारने और पिच के बारे में और जानने पर भी रहेंगी चूंकि अगले साल बांग्लादेश मे ही विश्व कप होना है। पहले मैच मे भारतीय टीम 113 रन पर ढेर हो गई थी। दूसरे वनडे में हालांकि कप्तान हरमनप्रीत कौर और जेमिमा रौड्रिग्स ने अर्धशतक जमाए। शीर्षक्रम का फॉर्म हालांकि अभी भी भारत की चिंता का सबब है। स्टार सलामी बल्लेबाज स्मृति मंधाना का टी20 का खराब फॉर्म वनडे में भी जारी है।वह दो वनडे मे सिर्फ 47 रन बना सकी। वही सलामी बल्लेबाज प्रिया पूनिया वापसी में नाकाम रही जबकि वनडे मे उन्हे शेफाली वर्मा की जगह शामिल किया गया था। उन्होंने दो मैचो मे 10 और सात रन बनाए। विकेटकीपर यस्तिका भाटिया से भी बेहतर प्रदर्शन की उम्मीद है। जेमिमा ने हालांकि कैरियर की सर्वश्रेष्ठ 86 रन की पारी खेलकर फॉर्म मे वापसी की।

### मुख्य कोच के नहीं होने पर मंधाना ने कहा, कभी कभार यह फायदेमंद होता है

**मीरपुर।** पिछले छह महीनो से मुख्य कोच के बिना खेल रही भारतीय महिला क्रिकेट टीम की उप कप्तान स्मृति मंधाना ने इसके अच्छे पहलू को देखने पर तरजीह देते हुए कहा कि कोचिंग स्टाफ मे अलग अलग सदस्यों से गुर सीखना फायदेमंद होगा। पिछले साल दिसंबर में रमेश पोवार को बर्खास्त किए जाने के बाद से महिला क्रिकेट टीम बिना मुख्य कोच के खेल रही है।

## केएससीए टी20 के लिए खिलाड़ियों की नीलामी में शामिल होंगे अग्रवाल, पडीक्क्ल और पांडे

**बेंगलुरु।** कर्नाटक के बड़े खिलाड़ी जैसे मयंक अग्रवाल, देवदत्त पडीक्क्ल और मनीष पांडे उन 700 क्रिकेटरो में शामिल है जिनमे से छह टीमें महाराजा ट्राफी केएससीए टी20 से पहले शनिवार को यहां होने वाली नीलामी मे खिलाड़ियों को चुनेंगी। इस साल का टूर्नामेंट 14 से 30 अगस्त तक एक ही स्थल एम चिन्नास्वामी स्टेडियम मे खेला जाएगा। मेंगलुरु ड्रैगन्स और शिवामोग्गा लायंस दो टीमो को टूर्नामेंट में शामिल किया गया है जिससे प्रतिभागी टीमो की संख्या छह तक पहुंच गई है। इसमें गत चैम्पियन गुलबर्गा मिस्टिक्स, उप विजेता बेंगलुरु ब्लास्टर्स, मैसुरू वारियर्स और हुबली टाइगर्स पहले से खेल रही थी।

## वापसी के लिए नई गेंद का प्रभावी इस्तेमाल करेंगे : बेंजामिन

**पोर्ट आफ स्पेन।** पहले दिन के अपने प्रदर्शन से संतुष्ट मेजबान वेस्टइंडीज को उम्मीद है कि भारत के खिलाफ दूसरे टेस्ट के दूसरे दिन उसे शुरूआती सफलताएं मिलेंगी। वेस्टइंडीज के सहायक कोच केन्नी बेंजामिन ने बृहस्पतिवार को पहले दिन के खेल के बाद कहा , हमें निराशा हुई थी जब लंच तक एक भी विकेट नही गिरा था लेकिन उसके बाद हमने चार विकेट लिए। उम्मीद है कि कल नई गेंद से अच्छी शुरूआत करके कुछ विकेट चटका सकेंगे।

## पाक के मुख्य चयनकर्ता बनने की दौड़ में मो. हफीज आगे

**कराची।** पाकिस्तान के पूर्व कप्तान और आल राउंडर मोहम्मद हफीज राष्ट्रीय टीम के मुख्य चयनकर्ता बनने की दौड़ में सबसे आगे चल रहे है। श्रीलंका के मौजूदा दौरे के समाप्त होने के बाद उन्हें मुख्य चयनकर्ता नियुक्त किया जा सकता है। सूत्रों की मानें तो हफीज पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड की क्रिकेट प्रबंधन समिति के नए चेयरमैन जका अशरफ ने उन्हें मुख्य चयनकर्ता नियुक्त करना चाहते है, यह पद जून से खाली पड़ा है। सूत्र ने पीटीआई से कहा, जका ने पूर्व कप्तान राशिद लतीफ और हफीज से मुलाकात की और उनसे मुख्य चनकर्ता बनने के बारे मे बात की। राशिद इस पद पर काबिज होने के इच्छुक नही थे लेकिन हफीज ने इस पद के लिए अपनी उपलब्धता जाहिर की थी।

## जय द्वारा एशिया कप कार्यक्रम की घोषणा से पीसीबी नाराज

**कराची।** पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड ने बीसीसीआई सचिव और एशियाई क्रिकेट परिषद के अध्यक्ष जय शाह द्वारा आगामी एशिया कप का कार्यक्रम इस सप्ताह लाहौर मे आधिकारिकसमारोह से पहले जारी किए जाने पर नाराजगी जताई है। पीसीबी ने बुधवार को एशिया कप की ट्रॉफी के अनावरण और कार्यक्रम की घोषणा के लिए लाहौर में एक समारोह का आयोजन किया था। इसमें पाकिस्तान के पूर्व क्रिकेटरो और जाका अशरफ की अध्यक्षता वाली क्रिकेट प्रबंधन समिति के सदस्यो को शिरकत करनी थी। समारोह से आधा घंटा पहले ही जय शाह ने सोशल मीडिया पर कार्यक्रम का ऐलान कर दिया।

## आस्ट्रेलियाई टीम के प्रदर्शन पर भड़के इयान हीली

**मेलबर्न।** पूर्व विकेटकीपर इयान हीली ने ओल्ड ट्रैफर्ड मे चौथे एशेज टेस्ट मे निराशाजनक प्रदर्शन के लिए आस्ट्रेलियाई कप्तान पैट कमिंस को आड़े हाथों लिया है। उन्होने कहा , यह गर्व करने लायक दिन नही है। आस्ट्रेलिया के पहली पारी के 317 रन के जवाब मे इंग्लैड ने चार विकेट पर 384 रन बना लिए है। हीली ने सेन रेडियो से कहा , यह दिन गर्व करने लायक नही था। हम दबाव नही बना सके। कमिंस का बेहद खराब प्रदर्शन रहा। उसने दो कैच टपकाए। उसकी गेंदबाजी भी धारदार नही थी। इंग्लैड के बल्लेबाज हम पर हावी हो गए। ट्रेविस हेड के लिए स्लॉग स्वीप बचाने को हमारे पास फील्डर ही नही था। हर तेज गेंदबाज के लिए सीमारेखा पर फील्डर था।

## भारतीय पुरुष टीम ने विश्व जूनियर चैंपियनशिप में रजत पदक जीता

**नई दिल्ली।** समीर, राजकंवर सिंह संधू और महेश आनंदकुमार की भारतीय तिकड़ी ने शुक्रवार को कोरिया के चांगवोन में अंतरराष्ट्रीय निशानेबाजी खेल महासंघ (आईएसएसएफ) विश्व जूनियर चैंपियनशिप में पुरुषों की 25 मीटर रैपिड फायर पिस्टल टीम स्पर्धा में रजत पदक जीता। प्रतियोगिता के छठे दिन भारतीय निशानेबाजों ने कुल 1730 अंक हासिल किए और चीन (1747 अंक) के बाद दूसरे स्थान पर रहा। चीन ने इस स्कोर के साथ मौजूदा जूनियर विश्व रिकॉर्ड की बराबरी कर ली। महेश व्यक्तिगत 25 मीटर रैपिड फायर पिस्टल स्पर्धा के फाइनल में भी पहुंचे लेकिन छठे स्थान से आगे नहीं बढ़ सके।

## अदिति और पजारी की टीम ने ग्रेट लेक्स आमंत्रण टूर्नामेंट में कट हासिल किया

**मिडलैंड (अमेरिका)।** भारतीय गोल्फर अदिति अशोक और उनकी जोड़ीदार पजारी अन्नारुक्वर्ण ने एलपीजीए के एकमात्र टीम टूर्नामेंट ग्रेट लेक्स आमंत्रण में कट में प्रवेश किया। अदिति और पजारी दोनों ने मिलकर 70-66 के कार्ड खेले जिससे वे संयुक्त 29वें स्थान पर चल रही है। शीर्ष 34 टीमें कट में जगह बनाएंगी। अदिति का एलपीजीए में अच्छा सत्र रहा है जिसमें वह एक बार उप विजेता रही और एलईटी में भी एक बार जीत दर्ज करने में सफल रही थी।

## व्हीलचेयर बैडमिंटन खिलाड़ियों को चयन से बाहर करने के खिलाफ याचिका

**नई दिल्ली।** दिल्ली उच्च न्यायालय ने एशियाई पैरा खेलों के लिए चयन ट्रायल से कथित रूप से व्हीलचेयर खिलाड़ियों को बाहर करने के खिलाफ याचिका पर शुक्रवार को भारतीय बैडमिंटन संघ (बीएआई) और भारतीय पैरालंपिक समिति (पीसीआई) से जवाब मांगा है। न्यायमूर्ति सुब्रमण्यम प्रसाद ने इन दो खेल संस्थाओं और केंद्र को अल्फिया जेम्स की याचिका पर नोटिस जारी किया और उनसे जवाब देने को कहा है।

## भुवनेश्वर में एफआईएच प्रो लीग अभियान की शुरूआत करेंगी भारतीय हॉकी टीमें

**नई दिल्ली।** भारतीय महिला हॉकी टीम एफआईएच प्रो लीग 2023-2024 सत्र के अपने अभियान का आगाज भुवनेश्वर में चीन के खिलाफ करेगी जबकि पुरुष टीम का सामना स्पेन से होगा। अंतरराष्ट्रीय हॉकी महासंघ ने बृहस्पतिवार को पांचवे प्रो लीग के कार्यक्रम की घोषणा की। भारतीय खिलाड़ियों का मानना है कि इस टूर्नामेंट से उन्हें पेरिस ओलंपिक की तैयारी में मदद मिलेगी।

## महिला विश्व कप : स्पेन ने कोस्टा रिका को 3-0 से हराया

**वेलिंगटन (न्यूजीलैंड)।** स्पेन ने पहले हाफ में चार मिनट के अंदर तीन गोल करके महिला फुटबॉल विश्व कप मुकाबले में कोस्टा रिका पर 3-0 से जीत हासिल की। स्पेन की दो बार की बलोन डि ओर विजेता एलेक्सिस पुतेलास 77वें मिनट में मैदान में उतरी लेकिन तब तक टीम की जीत सुनिश्चित हो चुकी थी।

## ला सेला ओपन में दीक्षा संयुक्त दसवें स्थान पर

**डेनिया (स्पेन)।** भारत की दीक्षा डागर ने अपना शानदार फॉर्म कायम रखते हुए दो अंडर 71 के स्कोर के साथ स्पेन में ला सेला ओपन गोल्फ में संयुक्त 10वां स्थान हासिल कर लिया। इस सत्र में चेक लेडीज ओपन जीतने वाली दीक्षा शीर्ष पर काबिज आस्ट्रिया की क्रिस्टीन वोल्फ से तीन शॉट पीछे है।

# बुमराह एनसीए में खेलेंगे अभ्यास मैच

## पंत ने नेट पर बल्लेबाजी शुरू की

**भाषा।** बेंगलुरु





**तेज गेंदबाज** जसप्रीत बुमराह का आयरलैंड टी20 अंतरराष्ट्रीय दौरे के लिए भारतीय टीम में चयन राष्ट्रीय क्रिकेट अकादमी (एनसीए) द्वारा आयोजित कुछ अभ्यास मैचों के दौरान उनके फिटनेस आकलन पर निर्भर होगा। भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) ने शुक्रवार को इसकी सूचना दी। बुमराह पिछले 10 से भी ज्यादा महीनों से क्रिकेट से बाहर हैं, उनकी पीठ के निचले हिस्से के स्ट्रेस फ्रेक्चर की सर्जरी हुई थी और वह लंबे समय से एनसीए में रिहैबिलिटेशन कर रहे हैं जिसमें उनके साथ तेज गेंदबाज प्रसिद्ध कृष्णा भी शामिल हैं जिन्हें भी यही चोट लगी है। बीसीसीआई सचिव जय शाह ने एक वज्ञप्ति में सूचित किया कि ऋषभ पंत ने अपनी ट्रेनिंग (बल्लेबाजी और विकेटकीपर) शुरु कर दी है जबकि केएल राहुल और श्रेयस अय्यर को अभी पूरी तरह फिट होने में समय लगेगा। केएल राहुल हैमस्ट्रिंग और श्रेयस अय्यर पीठ के निचले हिस्से की सर्जरी से उबर रहे हैं। शाह ने विज्ञप्ति में कहा, दोनों तेज गेंदबाज (बुमराह और कृष्णा) अपने रिहैबिलिटेशन के अंतिम चरण में हैं और नेट पर पूरे जोश से गेंदबाजी कर रहे हैं। दोनों अब कुछ अभ्यास मैच खेलेंगे जिनका आयोजन एनसीए करेगा। इसके अनुसार, बीसीसीआई की चिकित्सा टीम उनकी प्रगति से खुश है और अभ्यास मैचों के बाद उनकी फिटनेस का आकलन करने के बाद अंतिम फैसला करेगी। भारतीय टीम प्रबंधन और एनसीए की चिकित्सा टीम पहले बुमराह की फिटनेस 20 ओवर के मैच में और फिर उन्हें एशिया कप में खेलते देखना चाहती है ताकि वह वनडे विश्व कप के लिए तैयार हो सके, जिसमें उनकी मौजूदगी बहुत जरूरी है। यह सिर्फ विभिन्न प्रारूपों में चार या 10 ओवर तक गेंदबाजी करने के बारे में नहीं है बल्कि 50 ओवरों के लिए मैदान पर बने रहना और चौके-छक्के बचाने के लिए क्षेत्ररक्षण करना भी जरूरी है। इसके लिए बुमराह को चयनकर्ताओं के समक्ष अपनी पूर्ण फिटनेस साबित करनी होगी। राहुल और अय्यर ने नेट पर बल्लेबाजी करना शुरू कर दिया है। विज्ञप्ति के अनुसार, उन्होंने (राहुल और अय्यर) नेट पर बल्लेबाजी शुरु कर दी है और इस समय स्ट्रेंथ और फिटनेस ड्रिल्स कर रहे हैं। बीसीसीआई की चिकित्सा टीम आने वाले दिनों में इस ट्रेनिंग में और इजाफा कर देगी। बीसीसीआई अपडेट में सबसे अहम पंत का नेट पर वापस लौटने की खबर है जो पिछले साल दिसंबर में कार दुर्घटना के सात महीने बाद वापसी कर रहे हैं। पंत की घुटने की सर्जरी हुई थी। शाह ने विज्ञप्ति में कहा, उसने (पंत) अपने रिहैबिलिटेशन में शानदार प्रगति की है और उन्होंने नेट पर बल्लेबाजी और विकेटकीपिंग शुरु कर दी है। वह अपने लिए बनाए गए फिटनेस कार्यक्रम का अनुकरण कर रहा है।

# भारत ए ने बांग्लादेश ए को हराया

## ● एमर्जिंग एशिया कप फाइनल में पाकिस्तान ए से होगा सामना

**भाषा।** कोलंबो

**भारत ए ने** शुक्रवार को यहां सेमीफाइनल में बांग्लादेश ए को 51 रन से हराकर एमर्जिंग एशिया कप के फाइनल में प्रवेश किया जिसमें यश धुल की टीम का सामना पाकिस्तान ए से होगा। बांग्लादेश ने भारतीय टीम को बल्लेबाजी का न्योता देने के बाद 211 रन के स्कोर पर समेट दिया जिसमें कप्तान धुल ने 85 गेंद में 66 रन की अर्धशतकीय पारी खेली। लेकिन भारतीय स्पिनरों ने पिच का फायदा उठाते हुए बांग्लादेश ए को महज 160 रन के अंदर समेटकर जीत हासिल की। बाएं हाथ के स्पिनर निशांत सिंधू ने 20 रन देकर पांच विकेट झटके जिससे बांग्लादेश का पतन शुरु हुआ। दिल्ली के युवा बल्लेबाज धुल 19वें ओवर में क्रीज पर उतरे जब स्कोर दो विकेट पर 75 रन था। फिर इस खिलाड़ी ने संयमित बल्लेबाजी कर टीम को 200 रन के स्कोर तक पहुंचाने में अहम भूमिका निभाई। धुल ने बांग्लादेश के गेंदबाजों का डटकर सामना किया जबकि टीम के अन्य बल्लेबाज आक्रामक होने के प्रयास में पवेलियन पहुंच गए। इससे भारतीय पारी की जिम्मेदारी धुल के कंधों पर थी। धुल ने डटकर दबाव का सामना किया और मैच में कुल 30 ओवर तक बल्लेबाजी की। वह 50वें ओवर में आउट होने वाले अंतिम खिलाड़ी रहे। धुल और मानव सुथार ने आठवें विकेट के लिए 41 रन जोड़े जिससे भारत 200 रन के करीब पहुंचा और फिर इसे पार कर लिया। लेकिन यह स्कोर काफी कम लग रहा था और बांग्लादेश के बल्लेबाजों ने भी तेज तर्रार शुरुआत की। उन्होंने छह रन प्रति ओवर से रन जुटाए जिससे सलामी बल्लेबाज तंजीद हसन (56 गेंद में 51 रन) और मोहम्मद नईम (40 गेंद में 38 रन) ने भारतीय गेंदबाजों के खिलाफ अच्छी तेजी से रन जुटाए।

# बेयरस्टो शतक से चूके, इंग्लैंड के पहली पारी में 592 रन

## ● एशेज:आस्ट्रेलिया ने जल्द एक विकेट गंवाया

**भाषा।** मैनचेस्टर (इंग्लैंड)



**विकेटकीपर** बल्लेबाज जॉनी बेयरस्टो (नाबाद 99 रन) अपने जोड़ीदार के रन आउट होने के कारण शतक से महज एक रन से चूक गए जिससे इंग्लैंड ने शुक्रवार को यहां चौथे टेस्ट के तीसरे दिन पहली पारी 592 रन पर समाप्त कर आस्ट्रेलिया के खिलाफ 275 रन की बढ़त हासिल की। चाय के ब्रेक तक आस्ट्रेलिया ने दूसरी पारी में एक विकेट गंवाकर 39 रन बना लिए थे जिससे वह इंग्लैंड से 236 रन से पीछे चल रही है। आस्ट्रेलिया की पहली पारी 317 रन पर सिमट गई थी। आस्ट्रेलियाई सलामी बल्लेबाज उस्मान ख्वाजा (18 रन) तेज गेंदबाज मार्क वुड की गेंद पर बल्ला छुआकर बेयरस्टो को मैच का चौथा कैच दे बैठे। डेविड वॉर्नर 17 और मार्नस लाबुशेन चार रन बनाकर खेल रहे थे। इंग्लैंड ने सुबह चार विकेट पर 384 रन से आगे खेलना शुरु किया तब उसकी बढ़त 67 रन की थी। टीम ने पारी के अंत तक दबदबा बनाए रखा जिसमें बेयरस्टो और जेम्स एंडरसन ने 10वें विकेट के लिए 66 रन की साझेदारी निभाई। इसमें से एंडरसन ने केवल पांच रन बनाए और कैमरन ग्रीन (64 रन देकर दो विकेट) की गेंद पर पगबाधा आउट हो गए। इससे बेयरस्टो 99 रन (10 चौके और चार छक्के) पर नाबाद रहे जिसके लिए उन्होंने 81 गेंद खेली। इंग्लैंड ने लंच तक आठ विकेट पर 506 रन बनाकर 189 रन की बढ़त बना ली थी। इंग्लैंड को एशेज श्रृंखला को जीवंत रखने के लिए इस टेस्ट में जीत दर्ज करना जरूरी है। आस्ट्रेलियाई कप्तान पैट कमिंस (129 रन देकर एक विकेट) ने शुक्रवार को पहला विकेट अपने समकक्ष बेन स्टोक्स (51 रन) के रूप में लिया जिससे इंग्लैंड का स्कोर पांच विकेट पर 437 रन हो गया, तब टीम की बढ़त 120 रन की हो गई थी।

# सात्विक-चिराग की जोड़ी सेमीफाइनल में

## ● कोरिया ओपन

**भाषा।** एओसु (कोरिया)



**भारतीय खिलाड़ी** सात्विकसाईराज रंकीरेड्डी और चिराग शेट्टी की स्टार पुरुष युगल जोड़ी ने शुक्रवार को यहां जापान के ताकुरो होकी और युगो कोबायाशी को सीधे गेम में हराकर कोरिया ओपन सुपर 500 टूर्नामेंट के सेमीफाइनल में प्रवेश किया। तीसरी वरीय भारतीय जोड़ी ने महज 40 मिनट में जीत हासिल की। दुनिया की तीसरे नंबर की जोड़ी ने पांचवीं वरीयता प्राप्त जोड़ी को 21-14 21-17 से शिकस्त दी। सात्विक और चिराग का सामना अब चीन के वेई केंग लियांग और चांग वांग की दूसरी वरीय जोड़ी से होगा जो पुरुष युगल में 2021 विश्व चैम्पियन हैं। पीवी सिंधू, एचएस प्रणय और किदाम्बी श्रीकांत और अन्य भारतीय पहले ही टूर्नामेंट से बाहर हो चुके हैं। पिछले महीने इंडोनेशिया ओपन सुपर 1000 टूर्नामेंट जीतने के बाद अपना पहला टूर्नामेंट खेल रही भारतीय जोड़ी को पहले छह अंक तक कड़ी टक्कर मिली। लेकिन लगातार चार अंक जीतकर सात्विक-चिराग ने बढ़त बना ली। इसके बाद सात्विक और चिराग ने पहला गेम आसानी से अपने नाम कर लिया। भारतीय जोड़ी ने दूसरे गेम में धीमी शुरुआत की जिससे वे 3-6 से पीछे चल रहे थे लेकिन उन्होंने समय पर वापसी करते हुए लगातार छह अंक हासिल कर 14-9 से बढ़त बना ली। जापान की जोड़ी भी आसानी से गेम गंवाने के मूड में नहीं थी, उन्होंने आक्रामक खेल दिखाया और उन्हें प्रतिद्वंद्वी टीम की अनफोर्स्ड गलतियों से मदद भी मिली जिससे स्कोर 16-16 हो गया। सात्विक और चिराग ने अपने खेल में तेजी लाते हुए जीत हासिल की और अंतिम चार चरण में प्रवेश किया।

## एशियाई खेलों के लिए ट्रायल का आयोजन बंद दरवाजों के पीछे

**नई दिल्ली।** भारतीय ओलंपिक समिति (आईओए) द्वारा नियुक्त तदर्थ समिति ने शुक्रवार को यहां इंदिरा गांधी स्टेडियम में कुछ पहलवानों के माता-पिता की पैनल के सदस्यों के साथ तीखी बहस के बाद एशियाई खेलों की कुश्ती ट्रायल बंद दरवाजों के पीछे आयोजित करने का फैसला किया है। ओलंपिक पदक विजेता बजरंग पूनिया (65 किग्रा) और विश्व पदक विजेता विनेश फोगाट (53 किग्रा) को दी गई छूट के मुद्दे पर कुछ पहलवानों और उनके अभिभावकों की तदर्थ समिति के सदस्यों के साथ नोकझोंक हुई। पहलवानों और उनके अभिभावकों ने इसके विरोध में ट्रायल का बहिष्कार करने की धमकी दी। पहलवानों के परिवार परीक्षण स्थल पर पहुंचे और तदर्थ पैनल के साथ बहस करते हुए आरोप लगाया कि उनका निर्णय अनुचित और अन्यायपूर्ण था।

# डब्ल्यूएफआई के चुनाव 12 अगस्त को

## महाराष्ट्र अयोग्य घोषित

**नई दिल्ली।** भारतीय कुश्ती महासंघ (डब्ल्यूएफआई) के बहुप्रतीक्षित चुनाव 12 अगस्त को कराए जाएंगे जिसमें महाराष्ट्र राज्य चुनाव प्रक्रिया का हिस्सा नहीं होगा क्योंकि निर्वाचन अधिकारी न्यायमूर्ति एमएम कुमार ने दोनों प्रतिद्वंद्वी गुटों को भागीदारी के लिए अयोग्य करार दिया। यह घोषणा शुक्रवार को की गई। तदर्थ समिति ने इससे पहले छह जुलाई को चुनाव निर्धारित किए थे, लेकिन महाराष्ट्र, हरियाणा, तेलंगाना, राजस्थान और हिमाचल प्रदेश के संबंधित राज्य निकायों द्वारा सुनवाई के लिए संपर्क करने के बाद उसे 11 जुलाई को चुनाव पुनर्निर्धारित करने के लिए मजबूर होना पड़ा। गुवाहाटी उच्च न्यायालय ने असम कुश्ती संघ (एडब्ल्यूए) की याचिका के बाद चुनावों पर रोक लगा दी थी जिसके कारण ए चुनाव 11 जुलाई को भी नहीं हो सका था। एडब्ल्यूए ने चुनाव प्रक्रिया में प्रतिनिधित्व के अधिकार का आग्रह किया था। उच्चतम न्यायालय ने डब्ल्यूएफआई के चुनाव पर गुवाहाटी उच्च न्यायालय की ओर से लगाई गई रोक हटाते हुए संबंधित चुनाव का मार्ग मंगलवार को प्रशस्त कर दिया था। निर्वाचक मंडल में अब 24 राज्य निकायों से मतदान के अधिकार वाले 48 सदस्य होंगे। पदों के लिए नामांकन एक अगस्त को दाखिल किए जाएंगे। नामांकन की जांच दो अगस्त को की जाएगी और उम्मीदवारों की अंतिम सूची सात अगस्त को प्रकाशित की जाएगी। अगर चुनाव की आवश्यकता हुई तो मतदान 12 अगस्त को आयोजित किया जाएगा। खेल मंत्रालय ने डब्ल्यूएफआई के अध्यक्ष बृजभूषण शरण सिंह द्वारा महिला पहलवानों के यौन उत्पीड़न के आरोपों की जांच के लिए एक समिति नियुक्त करने के बाद डब्ल्यूएफआई को तत्काल प्रभाव से अपनी सभी गतिविधियों को निलंबित करने का आदेश दिया था।

### विनेश, बजरंग को एशियाड ट्रायल में छूट पर आज फैसला देगा अदालत

**नई दिल्ली।** दिल्ली उच्च न्यायालय ने शुक्रवार को कहा कि पहलवान विनेश फोगाट और बजरंग पूनिया को एशियाई खेलो के लिए चयन ट्रायल से मिली छूट को चुनौती देने वाली याचिका पर 22 जुलाई को फैसला सुनाया जाएगा। न्यायाधीश सुब्रहमण्यम प्रसाद ने अंडर 20 विश्व चैम्पियन अंतिम पंघाल और अंडर 23 एशियाई चैम्पियन सुजीत कलकल की याचिका पर शुक्रवार को फैसला सुरक्षित रखा। उन्होंने कार्यवाही के दौरान कहा , अदालत का काम यह पता लगाना नही है कि कौन बेहतर है। हमारा काम यह सुनिश्चित करना है कि प्रक्रिया का पालन हुआ या नही।